पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, गुरुवार, 1 मई 2025 । वर्ष – 67 । अंक –15 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 06072/59



■ राजनैतिक हिसाब-किताब फिर कभी, अभी एकजुटता दिखाने की जरूरत
■ क्या मोदी पाकिस्तान के खिलाफ अमेरिका की दोस्ती का इस्तेमाल कर... पृष्ठ 6
■ रावलपिंडी में इलाज के लिए भटक रहे मरीज, सरकारी डॉक्टर्स की हड़ताल जारी पृष्ठ 7
हम आईपीएल में जरा भी ढील गवारा नहीं कर सकते : हार्दिक पृष्ठ 8

### मोदी मंत्रिमंडल का बड़ा फैसला

# जाति जनगणना कराएगी केंद्र सरकार



- किसानों को लेकर भी ऐलान, गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य 355 रुपए किया
- केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी फैसलों की जानकारी
- कहा, कांग्रेस सरकारों ने जाति जनगणना का विरोध किया
- मूल जनगणना के साथ ही कराई जाएगी जाति जनगणना

**नई दिल्ली,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली में बुधवार को मोदी मंत्रिमंडल की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट बैठक की ब्रीफिंग करते हुए बताया कि सरकार ने जाति जनगणना कराने का फैसला किया है। इसके साथ ही मीटिंग में किसानों के लिए भी बड़े फैसले किए गए हैं।

**शिलॉन्ग से सिलचर कॉरिडोर को मंजूरी**

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि शिलॉन्ग से सिलचर कॉरिडोर को मंजूरी दी गई है। सरकार ने मेघालय से असम तक नए हाइवे को मंजूरी दी है, जो 166.8 किलोमीटर लंबा 4 लाइन हाईवे होगा। सिलचर से शिलांग और शिलांग से सिलचर एक बहुत बड़ी परियोजना हाई स्पीड कॉरिडोर हाईवे जो मेघालय और असम को जोड़ता है उसे मंजूरी मिली है। इसकी अनुमानित लागत 22,864 करोड़ रुपए है।



जाति आधारित जनगणना को कांग्रेस और इंडिया गठबंधन ने सिर्फ अपने लाभ तक के लिए सीमित रखा : अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने जाति जनगणना का विरोध किया है। उन्होंने कहा, 1947 के बाद से जाति जनगणना नहीं हुई है। कांग्रेस ने जाति जनगणना की जगह जाति सर्वे कराया। यूपीए सरकार में कई राज्यों ने राजनीतिक दृष्टि से जाति सर्वे किया है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, जाति की जनगणना मूल जनगणना में ही सम्मिलित होना चाहिए। पीएम मोदी के नेतृत्व में राजनीतिक मामलों की कैबिनेट ने फैसला किया है कि जाति की जनगणना को आने वाली जनगणना में सम्मिलित करके किया जाए। उन्होंने कहा कि जाति आधारित जनगणना को कांग्रेस और इंडिया गठबंधन ने सिर्फ अपने लाभ तक के लिए सीमित रखा है। मोदी सरकार ने गन्ना किसानों को भी बड़ी सौगात दी है। गन्ने का एफआरपी बढ़ाया गया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, चीनी सीजन 2025-26 के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य 355 रुपए प्रति क्विंटल तय किया गया है। यह बेंचमार्क मूल्य है, जिसके नीचे इसे नहीं खरीदा जा सकता है।

**पहली जनगणना 1872, आखिरी 2011 में हुई** – भारत में हर दस साल में जनगणना होती है। पहली जनगणना 1872 में हुई थी। 1947 में आजादी मिलने के बाद पहली जनगणना 1951 में हुई थी और आखिरी जनगणना 2011 में हुई थी। आंकड़ों के मुताबिक, 2011 में भारत की कुल जनसंख्या 121 करोड़ थी, जबकि लिंगानुपात 940 महिलाएं प्रति 1000 पुरुष और साक्षरता दर 74.04 फीसदी था।

### राहुल ने सरकार के फैसले का किया स्वागत

## हमने जाति जनगणना के लिए पूरे देश में अभियान चलाया



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार की ओर से देश में जाति जनगणना कराने के फैसले का स्वागत किया। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, जाति जनगणना को डिजाइन करने में हमारा सरकार को समर्थन है। इसके लिए बेहतर ब्लू प्रिंट की जरूरत है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि जाति जनगणना को लेकर हमने सिर्फ दबाव ही नहीं डाला, बल्कि पूरे देश में व्यापक कैंपेन भी चलाया है, जिसके बाद ये हो पाया है। उन्होंने कहा, पहले तो नरेंद्र मोदी कहते थे कि सिर्फ चार जातियां हैं, लेकिन अचानक से उन्होंने जातिगत जनगणना कराने की घोषणा कर दी। हम देश में जातिगत जनगणना के माध्यम से एक नए तरीके का विकास लाना चाहते हैं। हम इसका डिजाइन बनाकर देंगे। हमारे पास बिहार और तेलंगाना के दो उदाहरण हैं, जिसमें आसमान और जमीन का फर्क है। सरकार जाति जनगणना के तौर तरीके बताए। उन्होंने पूछा कि सरकार तारीख बताए कि कब जाति जनगणना होगी। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, संसद में हमने कहा था कि जातीय जनगणना करवाकर छोड़ेंगे। 50 फीसदी के जो दीवार है, उसे भी तोड़कर रखेंगे। पता नहीं ऐसा क्या हुआ अचानक 11 साल बाद जाति जनगणना की घोषणा कर दी। उन्होंने कहा कि हम बीजेपी पर इसका भी दबाव डालेंगे कि 50 फीसदी आरक्षण के कैप को भी तोड़ा जाए।

जातिगत जनगणना से भागीदारी का पता चलेगा– कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, चाहे ओबीसी हों, दलित हों या आदिवासी इनकी देश में कितनी भागीदारी है यह सिर्फ जातिगत जनगणना से पता चलेगा, लेकिन हमें और आगे जाना है। हमें पता लगाना है कि देश की संस्थाओं और पावर स्ट्रक्चर में इन लोगों की कितनी भागीदारी है।



**जातिवादी कहने वालों को करारा जवाब मिलाः लालू**

**पटना।** एक्स पर एक पोस्ट में राजद नेता लालू ने लिखा, जिसे हम समाजवादी जैसे आरक्षण, जातिगणना, समानता, बंधुत्व, धर्मनिरपेक्षता इत्यादि 30 साल पहले सोचते हैं उसे दूसरे लोग दशकों बाद फॉलो करते हैं। जातिगत जनगणना की मांग करने पर हमें जातिवादी कहने वालों को करारा जवाब मिला। अभी बहुत कुछ बाकी है। हम इन संघियों को अपने एजेंडे पर नचाते रहेंगे।

### साय कैबिनेट का बड़ा फैसला

# बीएड सहायक शिक्षकों का होगा समायोजन

## मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सुविधा योजना होगी शुरू



**रायपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तसीगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज मंत्रिपरिषद की अहम बैठक संपन्न हुई। यह बैठक आज सुबह 11.30 बजे से अटल नगर नवा रायपुर स्थित मंत्रालय यानी महानदी भवन में आयोजित की गई। यह बैठक कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श के साथ संपन्न हुई, जिसमें विभिन्न प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ राज्य के सुदूर अनुसूचित एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जहां यात्री परिवहन की सुविधा कम है, वहां आम जनता को सुलभ परिवहन सेवा उपलब्ध कराने के लिए ''मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सुविधा योजना'' शुरू करने का अहम निर्णय लिया गया है। इस योजना के तहत हल्के/मध्यम परिवहन मोटरयान 18 से 42 बैठक क्षमता (चालक को छोड़कर) के वाहन को अनुज्ञा पत्र और सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। नवीन ग्रामीण मार्गों के विनिर्धारण के लिए राज्य एवं जिला स्तर पर समिति का गठन किया जाएगा। अनुज्ञा का लाभ छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासियों को मिलेगा, जिसमें अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिलाओं तथा नक्सल प्रभावितों को प्राथमिकता दी जाएगी। लाभार्थियों का चयन निविदा प्रक्रिया से किया जाएगा। इस योजना के तहत संबंधित वाहन स्वामी को ग्रामीण मार्गों पर वाहनों के संचालन के लिए प्रथम परमिट निर्गमन की तिथि से तीन साल अधिकतम अवधि के लिए मासिक कर में पूर्णतः छूट दी जाएगी।

इस योजना के तहत संचालित विभिन्न श्रेणी के वाहनों को राज्य शासन द्वारा प्रथम वर्ष 26 रूपए प्रति किलोमीटर, द्वितीय वर्ष 24 रूपए प्रति किलोमीटर तथा तृतीय वर्ष 22 रूपए प्रति किलोमीटर विशेष वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इस योजना में दृष्टिहीन, बौद्धिक दिव्यांग, दोनों पैरों से चलने में असमर्थ दिव्यांग, 80 वर्ष और उससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिक, एड्स से पीड़ित व्यक्तियों को एक परिचारक के साथ किराया में पूरी छूट रहेगी, वहीं नक्सल प्रभावित व्यक्तियों को आधा किराया लगेगा। प्रदेश की तकनीकी शिक्षा को सशक्त बनाने और डिजिटल कौशल को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। जिसके तहत नवा रायपुर अटल नगर में स्टेट आफ आर्ट एनआईईएलआईटी की स्थापना के लिए राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान एनआईईएलआईटी को 10.023 एकड़ भूमि निःशुल्क आवंटित करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

राज्य में एनआईईएलआईटी केन्द्र की स्थापना से छत्तीसगढ़ में तकनीकी शिक्षा, डिजिटल कौशल विकास और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन आएगा। यह केन्द्र न केवल युवाओं को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा प्रदान ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

**देर रात आदेश जारी**

साय कैबिनेट में आज बर्खास्त बीएडधारी शिक्षकों के समायोजन के फैसले के बाद विभागीय आदेश भी जारी हो चुका है। स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय ने आदेश जारी करते हुए 5 अलग-अलग बिंदुओं दिशा निर्देश जारी किया है।

**सार संक्षेप**

### मुख्यमंत्री ने श्रमवीरों को दी मई दिवस की शुभकामनाएं

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस (मई दिवस) के अवसर पर प्रदेश के सभी श्रमवीरों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

### कोलकाताः होटल में आग लगने से 14 की मौत

**कोलकाता।** मध्य कोलकाता के बड़ाबाजार में फलपट्टी मछुआ के पास ऋतुराज होटल में आग लगने से 14 लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, मंगलवार रात ऋतुराज होटल में आग लग गई। अब तक 14 शव बरामद किए जा चुके हैं। वहीं कई लोगों को आपातकालीन टीमों ने बचा लिया है। मौके पर पहुंचे कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज कुमार वर्मा ने कहा, परिसर में घना धुआं भर गया और अधिकांश पीड़ितों की मौत दम घुटने से हुई।

### आतंकी हमले पर गुटेरेस ने की जयशंकर व शरीफ से बात

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भारत के विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री मुहम्मद शहबाज शरीफ से पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर अलग-अलग बात की है और दोनों देशों के बीच तनाव कम करने के लिए सहयोग का प्रस्ताव किया है।

### चिन्मय दास को राजद्रोह मामले में मिली जमानत

**ढाका।** बांग्लादेश के प्रमुख हिंदू नेता और पूर्व इस्कॉन पुजारी चिन्मय दास को राजद्रोह मामले में पांच महीने जेल में बिताने के बाद आज उच्च न्यायालय ने जमानत दे दी। न्यायमूर्ति मोहम्मद अताउर रहमान और न्यायमूर्ति मोहम्मद अली रजा की पीठ ने सम्मिलितो सनातनी जागरण जोत के प्रमुख दास द्वारा दायर जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद यह आदेश पारित किया।

### छत्तीसगढ़ में रह रहे पाकिस्तानी हिंदू अल्पसंख्यकों को मिलेगी राहत

## सीएए के तहत पा सकेंगे भारतीय नागरिकता : विजय शर्मा



**रायपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने देश में मौजूद पाकिस्तानी नागरिकों (अलग-अलग वीजा रखने वालों) को देश छोड़ने का निर्देश दिया गया था। इस बीच छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा ने एक महत्वपूर्ण बयान देते हुए कहा है कि राज्य में रह रहे पाकिस्तानी हिंदू अल्पसंख्यकों को नागरिकता संशोधन अधिनियम (ष्ट) के तहत भारत की नागरिकता दी जा सकेगी।

गृहमंत्री ने बताया कि जो पाकिस्तानी अल्पसंख्यक छत्तीसगढ़ में रह रहे हैं, उन्हें फिलहाल राज्य में रहने की अनुमति दी गई है और वे केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 के अंतर्गत नागरिकता के लिए आवेदन कर सकते हैं। शर्मा ने यह भी कहा कि सरकार इस मुद्दे को संवेदनशीलता और मानवीय दृष्टिकोण से देख रही है। हम इस प्रक्रिया में उनकी हर संभव मदद करेंगे।

**पाकिस्तानी हिंदुओं ने गृहमंत्री शर्मा से की थी मुलाक़ात.**

गौरतलब है कि पाकिस्तानी हिंदुओं के एक समूह ने बीते शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से मुलाकात कर अपनी परेशानियां बताईं और मदद की गुहार लगाई थी। इन पीड़ितों में सिंध के घोटकी ज़िले के खानपुर निवासी सुखदेव लुंद भी शामिल थे। उन्होंने बताया, हम लौटकर पाकिस्तान नहीं जाएंगे। ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

### भारतमाला परियोजना मुआवजा घोटाला

## दशमेश बिल्डर्स के दफ्तर पहुंची ईओडब्ल्यू की टीम, दस्तावेजों की जांच





आरोपी-उमा तिवारी आरोपी-केदार तिवारी आरोपी-हरमीत सिंह खनूजा आरोपी-विजय जैन

**रायपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में भारतमाला परियोजना में 220 करोड़ का मुआवजा घोटाला मामले को लेकर ईओडब्ल्यू ने एक और बिल्डर के ऑफिस में दबिश दी है। ईओडब्ल्यू आज तेलीबांधा स्थित दशमेश बिल्डर्स के ऑफिस पहुंचकर दस्तावेजों की छानबिन कर रही है। दशमेश इन्स्टावेंचर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के कई पार्टनर्स में भावना कुर्रे और हरमीत सिंह खनूजा (गिरफ्तार आरोपी) भी शामिल हैं। भावना कुर्रे अभनपुर के तत्कालीन तहसीलदार शशिकांत कुर्रे की पत्नी हैं। ईओडब्ल्यू ने 25 अप्रैल को छापेमारी के दौरान दशमेश बिल्डर्स के दफ्तर को सील कर दिया था, जहां आज दस्तावेजों की जांच जारी है।

बता दें, एसीबी/ईओडब्ल्यू ने 25 अप्रैल को प्रदेश के दुर्ग, रायपुर जिले में करीब 18 से 20 ठिकानों पर छापेमार कार्रवाई की थी। इस दरौन रायपुर के दशमेश इन्स्टावेंचर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के दफ्तर में भी दबिश दी गई थी। लेकिन दफ्तर बंद होने की वजह से एसीबी/ईओडब्ल्यू ने दफ्तर को सील कर दिया था। इसके बाद आज ईओडब्ल्यू की टिम यहां फिर पहुंची है। फिलहाल जांच कर कागजात खंगाल रही है। ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

**दिए गए मुआवजे का प्रकाशन होगा**

रायपुर संभाग आयुक्त महादेव कावरे ने आज अपने संभाग के सभी कलेक्टरों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। रायपुर संभाग कलेक्टर कांफ्रेंस में भारतमाला प्रोजेक्ट में मुआवजा को लेकर बड़ा फैसला लिया गया। भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत लोगों को मिले मुआवजे का प्रकाशन किया जाएगा। इसकी पूरी जानकारी कल जिला प्रशासन की वेबसाइट पर आ जाएगी। इससे पता चल जाएगा कि किस-किस को कितना मुआवजा मिला है। मुआवजे का विवरण सार्वजनिक होने के बाद लोगों को दावा आपत्ति करने 15 दिन का समय दिया जाएगा। संभाग आयुक्त महादेव कावरे ने बताया, भारतमाला ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

## आतंकी शिविरों को इधर-उधर कर रही पाकिस्तानी सेना

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। रक्षा सूत्रों के अनुसार, पाक कब्जे वाले कश्मीर में स्थित आतंकवादियों के ट्रेनिंग कैम्पों पर अब हमला अवश्यंभावी है। उनके अनुसार, इस संबंध में 'हरी झंडी' मिल गई है और हमले के जवाब में सीमा पार से होने वाली संभावित कार्रवाई से निपटने की तैयारी की जा रही है। हालांकि दिक्कत यह आ रही है कि पिछले तीन दिनों से इन कैम्पों को पाक सेना इधर उधर कर सैटेलाइटों को धोख देने की कोशिश कर रहे हैं।

रक्षा सूत्रों के अनुसार, पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकवाद के ट्रेनिंग कैम्पों पर हमला करने की खातिर भारतीय सेना ने पूरी तैयारी कर ली है। हालांकि एक सूत्र के अनुसार, ट्रेनिंग कैम्पों पर हमला करने तथा उसके परिणामों से देश को बचाने की खातिर की जाने वाली तैयारियों के लिए भारतीय सेना ने कुछ दिनों का समय मांगा है। रक्षाधिकारियों के अनुसार, पाक कब्जे वाले कश्मीर में स्थित ट्रेनिंग कैम्पों पर प्रहार करने की खातिर जो तैयारियां की गई हैं उनमें मिसाइलों की तैनाती से लेकर बोफोर्स तोपों की तैनाती तो शामिल है ही सेना की कई कमांडों यूनिटों को भी इसके लिए तैयार रखा गया है जिन्हें उनके टास्क के बारे में पूरी जानकारी दे दी गई है। अधिकारियों के मुताबिक, इन कैम्पों पर हमला करने के पीछे की हिचकिचाहट विश्व समुदाय का रूख भी है। हालांकि पाकिस्तान तथा अमरीका इसके प्रति आशंका प्रकट करने लगे हैं कि भारत हमले का प्रतिकार करने की खातिर इन कैम्पों पर हमला करने की पहल कर सकता है। फिलहाल यह सुनिश्चित नही है कि आतंकी प्रशिक्षण केंद्रों पर हमले के लिए सभी विकल्पों का एक साथ इस्तेमाल होगा या फिर बारी बारी से उनका प्रयोग किया जाएगा। इन ट्रेनिंग कैम्पों पर हमला कर उन्हें तबाह करने के लिए जो विकल्प सुझाए जा रहे हैं उनमें सबसे प्रमुख ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

- **आतंकवादियों के ट्रेनिंग कैम्पों पर संभावित कार्रवाई से बचने की तैयारी**
- **सैटेलाइटों को धोख देने की कोशिश कर रहे**
- **भारतीय सेना की कई कमांडों यूनिट तैयार**

## आयकर विभाग ने जारी किए आईटीआर-1 व आईटीआर-4 फॉर्म

**नई दिल्ली,** 30 अप्रैल (आईएएनएस)। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने वित्तीय वर्ष 2024-25 और असेसमेंट ईयर 2025-26 के लिए आयकर रिटर्न फॉर्म आईटीआर-1 और आईटीआर-4 को नोटिफाइड कर दिया है।

1 अप्रैल, 2024 से 31 मार्च, 2025 तक के वित्तीय वर्ष के दौरान अर्जित आय के लिए आईटीआर नए फॉर्म का उपयोग करके दाखिल किया जा सकता है। इस साल आईटीआर फॉर्म में एक बड़ा बदलाव यह है कि सेक्शन 112ए के तहत लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन (एलटीसीजी) जमा करने के लिए आईटीआर-1 (सहज) दाखिल किया जा सकता है। हालांकि, इसकी शर्त यह है कि एलटीसीजी 1.25 लाख रुपये से अधिक नहीं होना चाहिए और आयकरदाता के पास कैपिटल गेन कैटेगरी के तहत कैरी फॉरवर्ड या सेट ऑफ करने के लिए कोई नुकसान नहीं हो। इससे पहले, आईटीआर 1 में कैपिटल गेन टैक्स की रिपोर्टिंग का प्रावधान नहीं था। इस साल सूचीबद्ध इक्विटी शेयरों और इक्विटी एक्सपोजर वाले म्यूचुअल फंड की बिक्री से हुए लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन पर अपना रिटर्न दाखिल करने के लिए करदाता आईटीआर-1 का उपयोग कर सकते हैं। हालांकि, आईटीआर-1 फॉर्म का इस्तेमाल वे करदाता नहीं कर सकते हैं, जिन्हें गृह संपत्ति की बिक्री से या सूचीबद्ध इक्विटी और इक्विटी म्यूचुअल फंड से शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन हुआ हो। सीबीडीटी के मुताबिक, आईटीआर-1 और आईटीआर-4 दोनों फॉर्म में 80सी से लेकर 80यू तक की सभी कटौतियों को ई-फाइलिंग सुविधा में ड्रॉप-डाउन से चुना जाना चाहिए।

**बदलाव** सरकारी प्रोत्साहन और इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश से मिल रहा बढ़ावा

# इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपना रहे भारत के लोग

**नई दिल्ली, 30 अप्रैल (एजेंसियां)। सरकारी प्रोत्साहन और इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश से स्थानीय इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) विनिर्माण को बढ़ावा मिल रहा है। इसके साथ ही कई नीतिगत उपाय और इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार, बाजार को 2030 के लक्ष्य के करीब लाने में मदद कर रहे हैं।**

*काउंटरपॉइंट के लेटेस्ट 'इंडिया पैसेंजर व्हीकल मॉडल सेल्स ट्रैकर' के अनुसार, भारत के यात्री वाहन (पीवी) की बिक्री 2024 में सालाना आधार पर 4.6 प्रतिशत बढ़कर 4.3 मिलियन यूनिट से अधिक हो गई। इस कुल पीवी बिक्री में बैटरी इलेक्ट्रिक वाहनों (बीईवी) की 2.5 प्रतिशत हिस्सेदारी दर्ज की गई है, जो सालाना आधार पर 16 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।*

*यात्री बीईवी की बिक्री में वृद्धि का श्रेय कई नए मॉडलों के लॉन्च को दिया जा सकता है, जिनमें टाटा कर्व.ईवी, एमजी विंडसर, बीवाईडी सील, बीवाईडी ईमैक्स 7 और टाटा पंच.ईवी रिफ्रेश शामिल हैं। भारत सरकार ने ईवी अपनाने के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं। इस लक्ष्य के तहत 2030 तक यात्री वाहन सेगमेंट में 30 प्रतिशत, संयुक्त दोपहिया और तिपहिया सेगमेंट में 80 प्रतिशत और वाणिज्यिक वाहन सेगमेंट में 70 प्रतिशत ईवी पेनिट्रेशन हासिल करना है।*

*ऑटोमोटिव बाजार विश्लेषक अभिक मुखर्जी के अनुसार, ऑटोमोबाइल और उनके कंपोनेंट्स के लिए अमेरिकी टैरिफ बढ़ोतरी, भारत के बढ़ते कंपोनेंट निर्यात के लिए एक खतरा पैदा करती है। हालांकि, यह दूसरे बाजारों में कंपोनेंट निर्यात बढ़ाने का भी अवसर पैदा करता है। भारत की सबसे बड़ी पीवी कंपनी मारुति सुजुकी और अंतरराष्ट्रीय बीईवी स्पेशलिस्ट टेस्ला और विनफास्ट के प्रतिस्पर्धी मूल्य वाले किफायती और प्रीमियम मॉडल के साथ भारतीय बाजार में प्रवेश करने जा रहे हैं। इससे 2025 के अंत तक पीवी बाजार के 5 प्रतिशत हिस्से पर बीईवी का कब्जा होने का अनुमान है मुखर्जी ने कहा कि दोपहिया सेगमेंट में ईवी अपनाने की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। 2024 में कुल दोपहिया वाहनों की बिक्री में इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की हिस्सेदारी 6.2 प्रतिशत रही, जो कि पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 36 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।*

# देश

**उवाच** “ बड़े पैमाने पर लोगों को हिरासत में लेने, घरों को ध्वस्त करने और कश्मीर के अंदर कार्रवाई के बाद जम्मू-कश्मीर के बाहर आम नागरिकों, छात्रों और छोटे व्यापारियों पर हमला किया जा रहा है और उन्हें वापस लौटने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

–मीरवाइज उमर फारूक, हुर्रियत कांफ्रेंस के अध्यक्ष



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 37.0 | 27.0 |
| मुंबई | 34.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 27.0 | 23.0 |
| चेन्नई | 33.0 | 30.0 |

# एकजुटता से पाकिस्तान को सबक सिखाने का यही सही वक्त : कांग्रेस

■ पहलगाम आतंकी हमले का जवाब देने के लिए एकजुटता का किय आह्वान

**नई दिल्ली,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस ने कहा है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद देश में एकता और एकजुटता का ज़बरदस्त माहौल है और यही सामूहिक रूप से पाकिस्तान को सबक सिखाने का सही वक्त है ताकि पहलगाम जैसे अपराध करने की वह कभी सोच भी न सके। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश में यहां जारी बयान में कहा, यह एकता और एकजुटता का समय है। यह वह समय है जब हमें सामूहिक संकल्प के साथ पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाना है जिसे वह कभी न भूल पाए। पहलगाम आतंकी हमले का जवाब देने के लिए एकजुटता का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि हम सभी को इस बेहद संवेदनशील समय में जिम्मेदारी और एकजुटता के साथ खड़े रहना चाहिए। देश इंतजार कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमले के तुरंत बाद 22 अप्रैल की रात को ही कांग्रेस ने सर्वदलीय बैठक की मांग की थी। यह बैठक दो दिन बाद हुई, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उसमें शामिल नहीं हुए। फिर इस मामले में 24 अप्रैल को पारित कांग्रेस कार्य समिति का प्रस्ताव बिल्कुल स्पष्ट है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने संसद का विशेष सत्र बुलाने की भी मांग की है।



**हम सभी को इस बेहद संवेदनशील समय में जिम्मेदारी और एकजुटता के साथ खड़े रहना चाहिए, देश इंतजार कर रहा है : जयराम रमेश**

कांग्रेस प्रवक्ता ने पहले की स्थिति का हवाला देते हुए भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि लेकिन 28 नवम्बर 2008 को, मुंबई में भीषण आतंकी हमलों के महज दो दिन बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने क्या किया। एक दिखावटी कदम उठाते हुए, उस समय के गुजरात के मुख्यमंत्री मुंबई गए और वहां मीडिया को संबोधित कर राजनीतिक दिखावा किया। उसी दिन भाजपा ने अखबारों में एक बेहद आपत्तिजनक विज्ञापन भी जारी किया था। यह इतिहास है। आज जो लोग कांग्रेस को निशाना बना रहे हैं, उन्हें 26/11 हमले के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी की उस प्रेस कॉन्फ्रेंस को याद करना चाहिए, जो उन्होंने मुंबई हमले के दो दिन बाद ओबरॉय होटल के सामने की थी।

ऐसा कभी नहीं हुआ था, जबकि इस मामले में खुद महाराष्ट्र सरकार ने मना किया था कि आप यहां मत आइए, यह सही समय नहीं है। सरकार के मना करने के बावजूद मोदी नहीं माने और वे वहां गए। इतना ही नहीं, भाजपा ने 28 नवंबर 2008 को मुंबई हमले को आधार बनाकर अखबार में विज्ञापन दिए कि भाजपा को वोट दें। पार्टी का कहना है, यही भाजपा का असली चेहरा है। कांग्रेस ने सरकार में रहते हुए हमेशा आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है और आज विपक्ष में रहते हुए भी हम संवेदनशील समय में, राष्ट्रीय मुद्दों पर सरकार के साथ खड़े हैं। हमने कभी राजनीति नहीं की। आज देश को एकजुटता की जरूरत है। हमने शुरुआत से ही इस संबंध में सरकार का समर्थन किया है और संसद के लिए विशेष सत्र की मांग भी की। फिर सर्वदलीय बैठक हुई, जिसमें प्रधानमंत्री नहीं थे।

## आतंकियों को निशाना बनाकर पाक को करारा जवाब दे सरकार : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि सरकार को इस समय भ्रमित होने की बजाय आतंकवादियों को निशाना बना कर पाकिस्तान को करारा जवाब देना चाहिए। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक पेज पर ट्वीट किया, भाजपा तय नहीं कर पा रही है कि निशाना किसे बनाया जाए, जबकि इस वक्त निशाना तय होना चाहिए। सरकार का निशाना आतंकवादी होने चाहिए और पाकिस्तान को कड़ा जवाब मिलना चाहिए। देश के सामने यह संवेदनशील समय है। पहलगाम में जो हुआ, वह क्रूर हमला है, जिसका सूत्रधार पाकिस्तान है। पाकिस्तान को जवाब देना हमारा फर्ज बनता है। इस मामले में हमने सरकार को अपना समर्थन दिया और कहा कि आपके किसी भी एक्शन में हम आपके साथ हैं, लेकिन इसे ध्रुवीकरण का मुद्दा मत बनाइए।

## कश्मीर में पाक ने नियंत्रण रेखा पर की गोलीबारी

**जम्मू,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तानी सेना ने जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में नियंत्रण रेखा पर छोटे हथियारों से गोलीबारी की और संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। रक्षा प्रवक्ता ने बुधवार सुबह यहां कहा कि 29-30 अप्रैल की रात को पाकिस्तानी सेना की चौकियों ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर सेक्टरों में नियंत्रण रेखा पर बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। उन्होंने कहा कि कश्मीर संभाग के बारामुल्ला और कुपवाड़ा जिलों में नियंत्रण रेखा के पार और परगवाल सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार उनकी (पाकिस्तानी) चौकियों से पाकिस्तानी सेना द्वारा बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की गई। उन्होंने कहा, भारतीय सेना के जवानों ने तेजी से और माकूल जवाब दिया। पाकिस्तानी सेना ने मंगलवार रात को अंतरराष्ट्रीय सीमा पर जम्मू के रामगढ़ और परगवाल इलाकों में संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि पाकिस्तान ने सांबा जिले के रामगढ़ सेक्टर और जम्मू के अखनूर के परगवाल इलाके में छोटे हथियारों से गोलीबारी की और संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने गोलीबारी का प्रभावी ढंग से जवाब दिया। इन घटनाओं में किसी के घायल होने की खबर नहीं है।

■ **भारत ने दिया माकूल जवाब**

## एक तरफ युद्ध की आहट दूसरी ओर चीफ ऑफ इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ पद से सेवानिवृत्त

■ जोगेंद्र सोलंकी

■ **सेवानिवृत्ति के दिन जे पी मैथ्यू ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय समर स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और शहीद नायकों को श्रद्धांजलि दी**

**नई दिल्ली,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। एक तरफ पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान से युद्ध के आसार बन रहे हैं लेकिन इसी बीच लेफ्टिनेंट जनरल जेपी मैथ्यू, लगभग चार दशकों की सेवा पूरी करने के बाद आज चीफ ऑफ इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ (सीआईएससी) पद से सेवानिवृत्त हो गए। हालांकि सरकार ने बुधवार को ही राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड में बदलाव करते हुए रॉ के पूर्व चीफ आलोक जोशी को इसका अध्यक्ष नियुक्त करते हुए बोर्ड ने छह सदस्यों की नियुक्ति की है जिनमें तीन तीन बड़े सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी हैं।

इधर सेवानिवृत्ति के दिन जे पी मैथ्यू ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय समर स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और शहीद नायकों को श्रद्धांजलि दी। उन्हें साउथ ब्लॉक लॉन में तीनों सेनाओं की तरफ से औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। मैथ्यू अप्रैल 2023 से सीआईएससी के पद पर थे और इस दौरान उन्होंने तीनों सेनाओं के बीच एकजुटता और तालमेल को बढ़ावा दिया। लेफ्टिनेंट जनरल मैथ्यू ने महत्वपूर्ण क्षेत्रों में विश्वसनीय क्षमता हासिल करने की दिशा में रक्षा साइबर एजेंसी और रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी के विस्तार में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने सरकार के आत्मनिर्भर भारत विजन के अनुरूप, भारतीय रक्षा उद्योग और शिक्षा जगत के साथ सहयोग को भी प्रोत्साहित किया। डिफेंस सर्विस स्टाफ कॉलेज ऑफ डिफेंस मैनेजमेंट, मिलिट्री इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और नेशनल डिफेंस एकेडमी में बड़े सुधारों को आगे बढ़ाने और पाठ्यक्रम की समीक्षा करने से लेकर महिलाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने तक उन्होंने सशस्त्र बलों में विविधता और समावेश को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

पड़ोसी देशों के साथ रक्षा सहयोग बनाए रखने और क्षेत्रीय स्थिरता और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए लेफ्टिनेंट जनरल मैथ्यू ने विभिन्न मंचों पर भारतीय सशस्त्र बलों का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने सशस्त्र बलों की मानवीय सहायता और आपदा राहत क्षमताओं को बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दिसंबर 1985 में पंजाब रेजिमेंट में कमीशन प्राप्त करने वाले जनरल ऑफिसर जेपी मैथ्यू, 9 जनवरी, 2022 को इसी रेजिमेंट के कर्नल बने। उनकी शानदार सेवाओं के लिए उन्हें परम विशिष्ट सेवा पदक, उत्तम युद्ध सेवा पदक, अति विशिष्ट सेवा पदक और विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया।

## सार संक्षेप

### रूस की ‘विक्ट्री डे परेड’ में शामिल होंगे राजनाथ

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रूस में आगामी नौ मई को होने वाले ‘विक्ट्री डे परेड’ समारोह में शामिल नहीं होंगे और उनकी जगह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि रूस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था। उन्होंने कहा कि भारत की ओर से रूस को पहले ही बता दिया गया था कि इस समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह माना जा रहा है कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच उपजी तनावपूर्ण स्थिति के मद्देनजर मोदी का रूस दौरा टाला गया है।

### देवेन भारती मुंबई के नए पुलिस आयुक्त नियुक्त

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने 1994 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी देवेन भारती को मुंबई का पुलिस आयुक्त नियुक्त किया। वर्तमान पुलिस आयुक्त विवेक फनसालकर बुधवार को सेवानिवृत्त हो गए। भारती ने मुंबई पुलिस के उस दल का नेतृत्व किया था, जिसने मुंबई आतंकी हमले की जांच की थी। वह मुंबई पुलिस के विशेष आयुक्त थे। भारती को अगस्त में महानिदेशक के पद पर पदोन्नत किया जाएगा। वह 2028 में सेवानिवृत्त होंगे।

### सूरत में एमडी ड्रग के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

**सूरत।** गुजरात में सूरत शहर के सलाबतपुरा क्षेत्र में एमडी ड्रग के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बुधवार को बताया कि सूचना के आधार पर क्रिष्ना मार्केट के गेट के निकट छापा मारा गया। वहां दीवार के पास खड़े एक व्यक्ति की तलाशी ली गयी। इस दौरान उसके पास से अवैध प्रतिबंधित 7.400 ग्राम एमडी ड्रग, मोबाइल फोन, 1900 रुपए नकद तथा अन्य सामान जब्त करके उसे पकड़ लिया गया। जब्त एमडी ड्रग्स की कीमत 74,000 रुपए आंकी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज करके इस सिलसिले में अन्य लोगों को पकड़ने के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

### प्रदेश भाजपा प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा का निधन

**इंदौर।** भारतीय जनता पार्टी की मध्य प्रदेश इकाई के प्रवक्ता नरेंद्र सिंह सलूजा का बुधवार को यहां निधन हो गया। उनका निधन हृदयाघात के कारण हुआ है। निवास पर वे अचानक बेहोश होकर गिर पड़े।

## मणिपुर के राज्यपाल ने की स्थिति की समीक्षा

**इंफाल,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने बुधवार को राजभवन में एक सुरक्षा बैठक की अध्यक्षता की और राज्य में समग्र कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव सिंह, जीओसी, 57 माउंटेन डिवीजन मेजर जनरल एसएस कार्तिकेय, एडीजीपी (इंटेलिजेंस) आशुतोष कुमार सिन्हा, एडीजीपी (कानून व्यवस्था) लुफेंग कैलुन, संयुक्त निदेशक, एसआईबी, नवदीप सिंह ग्रेवाल, सीआरपीएफ और बीएसएफ के अधिकारी में शामिल हुए। इसके अलावा मुख्य सचिव पीके सिंह, आयुक्त (गृह) एन अशोक कुमार, जीओसी 3 कोर लेफ्टिनेंट जनरल अभिजीत एस पेंढारकर, आईजी एआर (दक्षिण) मेजर जनरल रावरूप सिंह और आईजीएआर (पूर्व) मेजर जनरल सुरेश कुमार भांभू भी वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बैठक में शामिल हुए। इस बीच, भूमि विवाद के बाद तामेंगलोंग जिला मुख्यालय में हिंसक झड़प हुई, जिसमें कुछ लोग घायल हो गए। संकट को नियंत्रित करने के लिए तामेंगलोंग के जिला मजिस्ट्रेट डॉ. एल अंगशिम डांगशावा ने कर्फ्यू लगा दिया है। जिला कलेक्टर ने एक आदेश में कहा कि पुराने तामेंगलोंग ग्रामीणों और दलांग गांव के बीच सीमा विवाद के संबंध में आयोग के गठन के संबंध में सिविल जज सीनियर डिवीजन, तामेंगलोंग के आदेश के बाद पुराने तामेंगलोंग के ग्रामीण 30 अप्रैल को तामेंगलोंग गांव की ओर से तामेंगलोंग मुख्यालय की ओर एक रैली का आयोजन कर रहे हैं।



# कुडुपु में पाकिस्तान के समर्थन में नारे लगाना देशद्रोह का कृत्य : सिद्दारमैया

■ **घटना के सिलसिले में 15 लोगों को किया गया है गिरफ्तार**

**बेंगलुरु,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने बुधवार को मंगलुरु के पास कुडुपु में पाकिस्तान समर्थक नारे लगाने को ‘देशद्रोह का कृत्य’ करार दिया और कहा कि भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या की घटना के सिलसिले में 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिसकी फिलहाल जांच चल रही है। सिद्दारमैया ने बेंगलुरु में संवाददाताओं से कहा कि जो कोई भी पाकिस्तान समर्थक नारे लगाता है, वह गलत है, यह देशद्रोह का कृत्य है। मामले की जांच चल रही है और इस घटना के सिलसिले में 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वह इस सप्ताह की शुरुआत में तटीय शहर को हिला देने वाली हिंसा के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे। स्थानीय क्रिकेट मैच के बाद जश्न में नारे लगाने के आरोपों के बाद कथित तौर पर हुई इस लिंचिंग की घटना ने क्षेत्र में तनाव पैदा कर दिया है और किसी भी तरह की हिंसा को रोकने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। इस सिलसिले में पुलिस ने कई मामले दर्ज किए हैं और जांच के तहत वीडियो फुटेज तथा सोशल मीडिया सामग्री की जांच कर रही है। पीड़ित की पहचान केरल के वायनाड जिले के पुलपल्ली गांव के निवासी अशरफ के रूप में हुई है। पुलिस रिपोर्टों के अनुसार, यह घटना 27 अप्रैल को स्थानीय क्रिकेट मैच के दौरान कुडुपु में भत्रा कल्लुर्ती मंदिर के पास घटित हुई।



### कानून को अपने हाथ में लेना अस्वीकार्य : जी परमेश्वर

राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने लोगों से शांति और सद्भाव बनाए रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि कानून को अपने हाथ में लेना अस्वीकार्य है, भले ही कोई भी आपत्तिजनक नारा क्यों न लगाया गया हो। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 103 (2) के तहत मामला दर्ज किया है, जो पांच या अधिक व्यक्तियों के समूह द्वारा की गई हत्याओं से संबंधित है। जांच जारी है तथा अधिकारी अतिरिक्त संदिग्धों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल डेटा का विश्लेषण कर रहे हैं।



## बंगाल के राज्यपाल ने लंबित तीन विधेयकों को दी मंजूरी

**कोलकाता,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने लंबे समय से लंबित तीन विधेयकों को मंजूरी दे दी है, जिन्हें राज्य विधानसभा ने 2022 और 2023 में पारित किया था। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। राजभवन के सूत्रों ने बताया कि राज्यपाल कार्यालय ने मंगलवार को इन तीन विधेयकों – पश्चिम बंगाल भूमि सुधार और किरायेदारी न्यायाधिकरण (संशोधन) विधेयक, 2022, पश्चिम बंगाल कराधान न्यायाधिकरण (संशोधन) विधेयक, 2022 और पश्चिम बंगाल नगर एवं ग्राम (योजना एवं विकास) (संशोधन) विधेयक, 2023 को मंजूरी दे दी। राजभवन में विशेष कार्य अधिकारी के अनुसार राज्यपाल ने पश्चिम बंगाल अल्पसंख्यक आयोग (संशोधन) विधेयक, 2025 पेश करने की भी सिफारिश की है। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में राज्य के राज्यपालों को लंबित विधेयकों पर कार्रवाई करने के लिए एक महीने का समय दिया है, जिन्हें देश भर में राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित किया गया था।

# अक्षय तृतीया पर मोहन चरण माझी बने ‘किसान’

**भुवनेश्वर,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। ओडिशा में बुधवार को अक्षय तृतीया का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने भुवनेश्वर के बारामुंडा स्थित ओयूएटी के इंस्ट्रक्शनल फार्म में आयोजित राज्य स्तरीय कृषक दिवस में हिस्सा लिया। इस दिन को कृषि मौसम की शुरुआत के रूप में चिह्नित करते हुए किसानों ने पारंपरिक रस्म ‘अखी मुथी अनुकूला’ निभाई। मुख्यमंत्री ने खेत जोतकर प्रतीकात्मक रूप से बीज बोए, जो कृषि गतिविधियों की शुरुआत का प्रतीक है। उनके साथ उपमुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव और कृषि एवं किसान सशक्तिकरण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। अक्षय तृतीया जिसे अक्षी तृतीया भी कहा जाता है, वैशाख महीने के शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाता है। हिंदू कैलेंडर का यह पहला प्रमुख त्योहार सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और कृषि दृष्टि से महत्वपूर्ण है। ओडिशा, एक कृषि प्रधान राज्य होने के नाते, इस दिन धान की औपचारिक बुवाई शुरू करता है। ‘अखी मुथी अनुकूला’ (अखी यानी अक्षय तृतीया, मुथी का अर्थ मुट्ठी भर धान और अनुकूला मतलब उद्घाटन या प्रारंभ) अनुष्ठान के साथ बुवाई की शुरुआत होती है।



■ **बीज बोकर ‘अखी मुथी अनुकूला’ रस्म निभाई**

## नीतीश ने बोधगया में राज्य अतिथि गृह का किया उद्घाटन

**गया,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को बोधगया में 136 करोड़ की लागत से बने राज्य अतिथि गृह का उद्घाटन किया। कुमार बुधवार को गया हवाईअड्डा पहुंचे, जहां मंत्री डॉ. प्रेम कुमार सहित अन्य लोगों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद कुमार सड़क मार्ग से बोधगया पहुंचे, जहां उन्होंने 136 करोड़ की लागत से बने राज्य अतिथि गृह का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने नवनिर्मित भवन का जायजा भी लिया।

इस दौरान पत्रकारों से रूबरू होते हुए कुमार ने कहा कि बहुत अच्छा भवन बनाया गया है। पहले जो लोग विदेश से आते थे, उनके ठहरने में दिक्कत होती थी। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार के द्वारा यह राज्य अतिथि गृह बनाया गया है, जो अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है।




**ICICI Bank** | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001

**सार्वजनिक सूचना – प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**

[ नियम 8 (6) का प्रावधान देखें ]

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय की सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है। सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्ज़दार(रों) एवं ज़मानतदार(रों) को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है। उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा “जहां है जैसी है”, “जैसी है वैसी है” एवं “जिस भी स्थिति में है” के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

| क्र. सं. | कर्ज़दार(रों)/ सह-कर्ज़दार(रों)/ ज़मानतदार(रों) के नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्तियों का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई है | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्री यमन श्रीवास्तव (कर्ज़दार), नेहा श्रीवास्तव (सह-कर्ज़दार), LBRPR00005431620 | पी.एच.नंबर 59, खसरा नंबर 787,788/2, 792, 793,794,795,795/5,797/2, 798/1,798/2,799,800,802,804/2, 806,807,809,810,817,818, 821/1, 821/3,797/6,790,805/4, 15006/1, आवासीय भूमि क्रमांक 296, आर.एन.एम., भिलाई-3, तहसील पाटन जिला-दुर्ग (छ.ग.)। क्षेत्रफल- 1250 वर्ग फुट | रु. 12,49, 369/- अप्रैल 02, 2025 तक | रु. 9,60, 000/- / रु. 96,000/- | जून 02, 2025 को सु. 11:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक | जून 10, 2025 को सु. 10:30 बजे से |
| 2. | श्रीमती सुमित्रा (कर्ज़दार), बलवंत सिंह (सह-कर्ज़दार), LBRPR00003446507, LBRPR00004877710, LBRPR00004252541. | एल.आई.जी. ब्लॉक नं. 74, फ्लैट नं. 880, दीनदयाल आवास योजना, ग्राउंड फ्लोर, ख. नं. 655, मौजा- हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कबीर नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़। क्षेत्रफल- 495 वर्ग फुट | रु. 16,13, 457/- अप्रैल 24, 2025 तक | रु. 7,60, 000/- / रु. 76,000/- | जून 02, 2025 को दो. 01:00 बजे से दो. 03:00 बजे तक | जून 10, 2025 को सु. 10:30 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सझेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट (URL Link-https://disposalhub.com) पर संचालित होगी। बंधककर्ताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **जून 09, 2025** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस/इन संरक्षित संपत्ति(यों) की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी। संभावित बोलीकर्ता(ओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001** में **जून 09, 2025** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज (छायाप्रति) **जून 09, 2025** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करें। यदि संभावित बोलीकर्ता(ओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहते हैं, तो वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **जून 09, 2025** को **शाम 05:00 बजे** से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैड्यूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** की **रायपुर** शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।
संपत्ति निरीक्षण, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक** कर्मचारी के फोन नंबर **9324948920** पर संपर्क करें।
कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसी **वैल्यूट्रस्ट कैपिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।
प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा व बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।
बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

**तिथि : मई 01, 2025**
**स्थान : रायपुर (छत्तीसगढ़)**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, बस्तर मण्डल, जगदलपुर**

**ई-प्रोक्यूरमैंट निविदा सुचना**

**https://eproc.cgstate.gov.in**

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-
निविदा डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि- 07/05/2025

| स. क्रं. | नि.आ.सू.क्र./ नि.आ.सू. दिनांक | सिस्टम निविदा क्रमांक निविदा का क्रम | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 08/2025-26 दिनांक 25/04/2025 | 167539 (प्रथम आमंत्रण) | जिला-बीजापुर, ब्लॉक उसूर के अन्तर्गत उसूर -गलगम-नम्बी गुंजेरपतरी-पुजारीकांकेर -मालेमपेन्टा मार्ग के कि.मी. 10/10 में रपटा का निर्माण कार्य। | 20.43 |
| 2 | 09/2025-26 दिनांक 25/04/2025 | 167542 (प्रथम आमंत्रण) | जिला-बीजापुर, ब्लॉक उसूर के अन्तर्गत उसूर-गलगम नम्बी गुंजेरपतरी-पुजारीकांकेर-मालेम पेन्टा मार्ग के कि.मी. 12/04 में रपटा का निर्माण कार्य। | 26.45 |
| 3 | 10/2025-26 दिनांक 25/04/2025 | 167543 (प्रथम आमंत्रण) | जिला-बीजापुर, ब्लॉक उसूर के अन्तर्गत उसूर-गलगम नम्बी गुंजेरपतरी पुजारीकांकेर-मालेमपेन्टा मार्ग के कि.मी. 14/08 में रपटा का निर्माण कार्य। | 24.19 |
| 4 | 11/2025-26 दिनांक 25/04/2025 | 167544 (प्रथम आमंत्रण) | जिला-बीजापुर, ब्लॉक उसूर के अन्तर्गत उसूर-गलगम नम्बी गुंजेरपतरी पुजारीकांकेर-मालेमपेन्टा मार्ग के कि.मी. 14/10 में रपटा का निर्माण कार्य। | 26.56 |
| 5 | 12/2025-26 दिनांक 25/04/2025 | 167545 (प्रथम आमंत्रण) | जिला-बीजापुर, ब्लॉक उसूर के अन्तर्गत उसूर-गलगम-नम्बी गुंजेरपतरी-पुजारीकांकेर-मालेमपेन्टा मार्ग के कि.मी. 16/8 में रपटा का निर्माण कार्य। | 27.36 |
| 6 | 13/2025-26 दिनांक 25/04/2025 | 167546 (प्रथम आमंत्रण) | जिला-बीजापुर, ब्लॉक-उसूर के अन्तर्गत उसूर-गलगम नम्बी गुंजेरपतरी-पुजारीकांकेर-मालेमपेन्टा मार्ग के कि.मी. 18/4 में रपटा का निर्माण कार्य। | 30.53 |
| 7 | 14/2025-26 दिनांक 25/04/2025 | 167547 (प्रथम आमंत्रण) | जिला-बीजापुर, ब्लॉक उसूर के अन्तर्गत उसूर-गलगम नम्बी गुंजेरपतरी-पुजारीकांकेर-मालेमपेन्टा मार्ग के कि.मी. 25/4 में रपटा का निर्माण कार्य। | 26.56 |
| 8 | 15/2025-26 दिनांक 25/04/2025 | 167548 (प्रथम आमंत्रण) | जिला-बीजापुर, ब्लॉक उसूर के अन्तर्गत उसूर-गलगम नम्बी गुंजेरपतरी-पुजारीकांकेर-मालेमपेन्टा मार्ग के कि.मी. 26/6 में रपटा का निर्माण कार्य। | 27.92 |
| 9 | 16/2025-26 दिनांक 25/04/2025 | 167549 (प्रथम आमंत्रण) | जिला-बीजापुर, ब्लॉक-बीजापुर के अन्तर्गत पालनार से तोड़का मार्ग (लम्बाई 30.00 मीटर) में रपटा का निर्माण कार्य। (भाग-01) | 24.81 |
| 10 | 17/2025-26 दिनांक 25/04/2025 | 167550 (प्रथम आमंत्रण) | जिला-बीजापुर, ब्लॉक-बीजापुर के अन्तर्गत पालनार से तोड़का मार्ग (लम्बाई 30.00 मीटर) में रपटा का निर्माण कार्य। (भाग-02) | 26.85 |

जा सकते है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है.

अधीक्षण अभिंयता
लोक निर्माण विभाग बस्तर मंडल
जगदलपुर

जी-252600571



**छत्तीसगढ़ शासन, वन विभाग दन्तेवाड़ा वनमण्डल, दन्तेवाड़ा**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जगदलपुर वृत्त के अन्तर्गत दन्तेवाड़ा काष्ठागार में उपलब्ध नीचे ईमारती के नये/पुराने काष्ठ का ई-ऑक्शन द्वारा निवर्तन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि, वे ई-ऑक्शन में भाग लेवें। ई-आक्शन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय / केन्द्रीय काष्ठागार दन्तेवाड़ा से प्राप्त की जा सकती है।

1. नीलाम दिनांक – 06-05-2025
2. नीलाम स्थल का नाम – केन्द्रीय काष्ठागार दन्तेवाड़ा (आंवराभाठा)
3. डिपो का नाम जहां वनोपज रखी गई है – -केन्द्रीय काष्ठागार दन्तेवाड़ा (आंवराभाठा)
4. नीलाम समय – - 09.00 बजे पूर्वान्ह से

| प्रजाति | नयी काष्ठ | | | | पुरानी काष्ठ | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | नग | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | नग | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी |
| सागौन | 555 | 88.957 | 20 | 2 | 1618 | 177.432 | 114 | 63 |
| साल | 0 | 0.000 | 0 | 0 | 1743 | 181.440 | 17 | 59 |
| बीजा | 4.515 | 22 | 4 | 0 | 804 | 94.587 | 0 | 2 |
| साजा | 105 | 13.135 | 0 | 0 | 222 | 24.196 | 15 | 0 |
| हल्दू | 5 | 0.551 | 0 | 0 | 35 | 3.366 | 0 | 0 |
| धावड़ा | 23 | 2.512 | 0 | 0 | 67 | 7.607 | 26 | 0 |
| तिन्सा | 0.000 | 0 | 0 | 0 | 9 | 0.529 | 0 | 0 |
| अन्य | 123 | 10.358 | 0 | 0 | 423 | 39.841 | 383 | 18 |
| सागौन चिरान | 0 | 0.000 | 0 | 0 | 22 | 0.395 | 0 | 0 |
| योग :- | 833 | 120.028 | 24 | 2 | 4943 | 529.393 | 555 | 142 |

1. क्रेताओं को ई-ऑक्शन से पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य हैं।
2 क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य हैं।
3. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉग इन करके देख सकते है।
4. ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा।

वनमण्डलाधिकारी
दन्तेवाड़ा वनेमण्डल,
दन्तेवाड़ा

जी-252600577

**उल्टा पुल्टा**

एक नेताजी की गाड़ी पर प्लेट लगी थी, जिस पर लिखा था- हा. हु. प्र...
पुलिस वाले ने ड्राइवर से पूछा- कौन सी पार्टी के हैं ये नेताजी?
ड्राइवर- हारे हुए प्रत्याशी।

## संपादकीय

# शिकारियों से बचाया जाये वन्य जीवों को

*छत्तीसगढ़ अपनी जैव विविधता के लिये तो जाना जाता है पर वह वन्य जीवों के अवैध शिकार के लिये भी अभिशप्त है। रायपुर के मोवा में वन विभाग ने पुलिस की मदद से दो सगे भाइयों को गिरफ्तार कर उनसे 4 लाख रुपये मूल्य के चीतल के सींग बरामद किये हैं। मंगलवार की सुबह वे इसे बेचने वाले थे कि उसके पहले पकड़ में आ गये। पिछले दिनों नगरी का एक व्यक्ति पकड़ाया था, जिसके पास से 50 पोटाश बम, भालुओं के 86 नाखून, तीर-धनुष आदि बरामद हुए थे। ऐसे ही, बलौदाबाजार वन मंडल के सोनाखान रेंज के अंतर्गत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया था जो बिजली का करेंट फैलाकर जंगली पशुओं का शिकार करते थे। कोंडागांव जिले के ओरछा में स्थित टेमरू गांव के वनों में चार लोगों द्वारा एक बाघ की तीरों से हत्या कर दी गयी। खाल, नाखून, दांत आदि रखकर वे उसका मांस पकाकर खा गये। बीजापुर में भी एक बाघ की हत्या की गयी थी। सीतानदी-उदंती वन परिक्षेत्र में एक हाथी शावक पोटाश बम से बुरी तरह घायल हुआ था। 15 दिनों तक तड़पने के बाद उसकी मौत हो गयी थी।*

*पिछले दिनों सुकमा के केरलापाल गांव का एक वीडियो सामने आया था जिसमें कुछ ग्रामीण एक भालू को निर्दयतापूर्वक मार रहे हैं। भालू के नथूने लहूलुहान दिख रहे थे और उसका जबड़ा और पंजे घायल किये गये थे। इसी तरह से सांपों को भी अक्सर देखते ही मार दिया जाता है। इसमें कोई शक नहीं कि आदिवासी क्षेत्रों में रहने वालों को वन्य प्रणियों का हमेशा खतरा बना रहता है। हाथियों को गड्ढे में गिराकर या उन पर हमले कर उन्हें घायल कर दिया जाता है। कई बार वे मारे भी जाते हैं। कोई तेंदुआ यदि बस्ती में घुस जाये तो लोग उन्हें शांतिपूर्वक निकल जाने देने की बजाय उन पर आक्रमण करते हैं। शिकारी बिजली की करेंट वाली तारें बिछाकर अथवा पोटाश बमों से वनों में रहने वाले पशुओं को घायल करते हैं या उन्हें मार देते हैं।*

*घायल पशुओं को शिकारियों द्वारा आसानी से पकड़ लिया जाता है। मारे गये जानवरों के विभिन्न अंगों को निकालकर उन्हें बेच दिया जाता है। तेंदुओं, बाघों आदि की खाल, दांत और नाखून को तंत्र-मंत्र के काम में लिया जाता है। हिरणों और चीतलों का मांस खाया जाता है और उनकी खालें बेच दी जाती हैं। मयूर को उसके पंखों के लिये मार डाला जाता है।*

*प्रदेश के कई वन्य जीवों की संख्या घट रही है और कुछ प्रजातियां विलुप्ति की कगार पर हैं। समय आ गया है कि हर किसी को उनके संरक्षण के बारे में सोचना और उसके उपाय करने चाहिये। सरकार को चाहिये कि शिकारियों से वन्य जीवन को बचाया जाये तथा दोषियों के खिलाफ़ कड़ी कार्रवाई करे।*

# नल खुलने के समय आधे घंटे बिजली बंद करने की मांग

## निगम कमिश्नर ने सीएसईबी को लिखा पत्र

**रायपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में पानी की किल्लत के कारण गुरूवार से सुबह और शाम के वक्त नुल खुलने के दौरान बिजली को आधे घंटे तक बंद करने की मांग कि गई है. इसके लिए निगम आयुक्त विश्वदीप ने बिजली विभाग के अफसरों को पत्र लिखा है।

रायपुर निगम आयुक्त विश्वदीप का कहना है कि गर्मियों में पानी की जरूरत बढ़ने पर लोग टुल्लू पंप का इस्तेमाल करते हैं, इस कारण अंतिम छोर तक पर्याप्त मात्रा में जल आपूर्ति नहीं हो पाती है, जिससे लगातार अस्थायी जलसंकट के संबंध में शिकायते प्राप्त हो रही है. सभी नागरिकों को पर्याप्त मात्रा में जल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जलप्रदाय की समयावधि सुबह 6ः15 से 6ः45 और शाम 6ः15 से 6ः45 बजे तक प्रतिदिन 1 मई से 15 जून 2025 तक प्रभावित स्थानों पर विद्युत सप्लाई बंद रखा जाना उचित होगा।



**इन क्षेत्रों में बिजली बंद करने की मांग**

मोचीपारा, सूर्यानगर, डबरापारा, बुनियाद नगर, विजय नगर, सतनामीपारा, बधवा तालाब पार का क्षेत्र, केबिनपारा, रामेश्वर नगर, दीनदयाल नगर, आकाश गैस गोडाउन क्षेत्र, संत कबीरदास वार्ड क्रमांक 03, यतियतन लाल गार्ड वार्ड क्रमांक 04, बंजारी माता यार्ड वार्ड क्रमांक 05, नेताजी कन्हैया लाल बंजारी वार्ड क्रमांक 15, नगर पट्टी शिवानंद नगर, वीर शिवाजी वार्ड क्रमांक 16, ठक्कर बापा वार्ड क्रमांक 17, बाल गंगाधर तिलक वार्ड क्रमांक 18, शंकर नगर वार्ड क्रमांक 30, मदर टेरेसा वार्ड क्रमांक 47, ब्राम्हणपारा वार्ड क्रमांक 44, डॉक्टर विपिन बिहारी सूर वार्ड क्रमांक 64, महंत लक्ष्मी नारायण दास वार्ड क्रमांक 42, आदर्श नगर, महेश कॉलोनी, पुराना श्रीनगर क्षेत्र, दीक्षा नगर, तुलसी नगर, पार्वती नगर, प्रेम नगर, गुढ़ियारी, शिवानंद नगर सेक्टर 03 और 04, अशोक नगर, उपरधारा, हनुमान पारा, दुर्गा नगर, गंगा नगर, न्यू शांति नगर, खम्हारडीह, श्याम नगर, सिविल लाइन, जय काली चौक, बलदाई गली, धोबीपारा सामुदायिक भवन, धोबीपारा, पंचपथ पारा चौक, सारथी चौक, मठपारा कुम्हारा पारा (आदर्श नगर के पास), मठपारा बजरंग चौक, दोमर पारा, गभरापारा (झूमुक लाल महोबिया स्कूल के पास), हनुमान नगर, चन्द्रशेखर नगर, करण नगर, पी एस सिटी नगर, भक्त माता कर्मा वार्ड क्रमांक 67, पण्डित वामन राव लाखे वार्ड क्रमांक 66, डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड क्रमांक 68, मोरेश्वर राय गद्रे वार्ड क्रमांक 59, चन्द्रशेखर आजाद वार्ड क्रमांक 60, शहीद राजीव पाण्डेय वार्ड क्रमांक 62, शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड क्रमांक 63, महामाया मंदिर वार्ड क्रमांक 65, शहीद मनमोहन सिंह वार्ड क्रमांक 23, सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड क्रमांक 24, शहीद नायक वार्ड क्रमांक 03, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम वार्ड क्रमांक 19, रामकृष्ण परमहंस वार्ड क्रमांक 20, माधवराव सप्रे वार्ड क्रमांक 69, कुशाभाउ ठाकरे वार्ड क्रमांक 07, डॉ. भीमराव अंबेडकर वार्ड क्रमांक 11, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्रमांक 51, श्रीराम नगर, शिव नगर, संतोषी नगर क्षेत्र, मठपुरैना क्षेत्र, संजय नगर क्षेत्र, टिकरापारा क्षेत्र, मठपारा क्षेत्र, महंत तालाब क्षेत्र, ज्योति नगर, आम बगीचा क्षेत्र, गोपाल नगर गली नंबर 01 और 02, गोकुल नगर गली नंबर 05, खपरा भट्ठी, भीम नगर, संकल्प वाटिका क्षेत्र, बगीचा क्षेत्र, प्रीतम नगर, छोटा अशोक नगर, बड़ा अशोक नगर, विकास नगर, साईनाथ कॉलोनी, छोटा भवानी नगर, बड़ा भवानी नगर क्षेत्र, सत्यम विहार कॉलोनी की गली नंबर 01 से 05 तक, यादव कॉलोनी, शिवाजी नगर, द्वारिका विहार, दया नगर, दुबे कॉलोनी, कापा बस्ती, ब्रम्हदेव नगर एवं सूरज नगर।

# 10वीं-12वीं के छात्रों को मिलेंगे बोनस अंक

**रायपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)।प्रदेशभर के स्वयंसेवी शिक्षक के रूप में काम करने वाले 10वीं और 12वीं के छात्रों को पहली बार बोनस अंक प्रदान किया जाएगा। छात्रों ने उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत स्वयंसेवी शिक्षक बनकर प्रदेशभर के हजारों निरक्षर लोगों को साक्षर बनाने का काम किया है जो राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा में सफ्ल भी हुए हैं।

**बोर्ड परीक्षा के परिणाम के साथ बोनस अंक**

स्कूल शिक्षा विभाग ने स्वयंसेवी शिक्षक के रूप में काम करने वाले 10वीं और 12वीं के करीब 7000 छात्रों को बोर्ड परीक्षा में बोनस अंक देने के लिए चिन्हित किया है। इसमें 10वीं और 12वीं के क्रमशरू 3500.3500 छात्र.छात्राएं शामिल हैं। विद्यार्थियों को 10.10 अंक बोनस अंक प्रदान किया जाएगा। उल्लास कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रशांत कुमार पांडेय ने बताया कि निरक्षर लोगों को साक्षर बनाने के लिए स्वयंसेवी शिक्षक के रूप में काम करने वाले 10वीं और 12वीं के प्रदेशभर के लगभग 7000 विद्यार्थियों को चिन्हित किया गया हैए जिन्हें बोर्ड परीक्षा में 10.10 अंक बोनस प्रदान



बोर्ड ने किया ऐलान

किए जाएंगे। छात्रों की सूची छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल को भेज दी गई है। बोर्ड परीक्षा के परिणाम के साथ बोनस अंक जोड़े जाएंगे।

**राष्ट्रव्यापी परीक्षा में बैठे थे 5 लाख शिक्षार्थी**

राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा का आयोजन 23 मार्च को किया जा रहा था प्रदेशभर के करीब 5 लाख शिक्षार्थी बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान आंकलन परीक्षा में शामिल हुए हैंए जिसमें से करीब 4ण्60 लाख शिक्षार्थी सफ्ल हुए हैं। इन शिक्षार्थियों को स्वयंसेवी शिक्षकों द्वारा निशुल्क अध्यापन कराया गया था।

**1 लाख स्वयंसेवी शिक्षक बनाने का लक्ष्य**

उल्लास कार्यक्रम के तहत प्रदेश के सभी निरक्षर को 2030 तक साक्षर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस वर्ष प्रदेशभर के 10 लाख निरक्षर को साक्षर बनाने का लक्ष्य निर्धारित है इसमें 15 वर्ष अधिक आयु वर्ग के निरक्षर को शामिल किया गया है। साक्षर बनाने के लिए 1 लाख स्वयंसेवी शिक्षक बनाने का भी लक्ष्य है। सभी शिक्षार्थियों का बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान आकलन परीक्षा द्वारा देशव्यापी परीक्षा वर्ष में दो बार सितंबर और मार्च में आयोजित की जा रही है।

## जेल विभाग में बड़ा तबादला

# योगेश क्षत्री बनाए गए रायपुर सेंट्रल जेल के अधीक्षक

**रायपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु) छत्तीसगढ़ में तबादला का दौरा जारी है सभी विभागों में एक.एक कर ट्रांसफ्र हो रहे हैं इसी कड़ी में राज्य शासन ने जेल विभाग में फेरबदल करते हुए अधीक्षकों और उप अधीक्षकों का तबादला किया है जेल विभाग से जारी आदेश के अनुसार रायपुर, अंबिकापुर, राजनांदगांव और जशपुर के जेलों में पदस्थ अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया है, इसके साथ ही विभागीय आदेश दिनांक 15.03.2024 के द्वारा मोखनाथ प्रधान, उप जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल रायपुर को अधीक्षक चालू प्रभार जिला जेल जशपुर के पद पर किया गया स्थानांतरण निरस्त कर दिया गया है जारी आदेश के अनुसार योगेश सिंह क्षत्री अधीक्षक केन्द्रीय जेल



अंबिकापुर को तत्काल प्रभाव से अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक अधीक्षक केन्द्रीय जेल रायपुर के पद पर पदस्थ करता है योगेश सिंह क्षत्री अधीक्षक केन्द्रीय जेल अंबिकापुर को तत्काल प्रभाव से अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक अधीक्षक केन्द्रीय जेल रायपुर के पद पर पदस्थ किया गया है अमित शांडिल्यए अधीक्षक केन्द्रीय जेल रायपुर को तत्काल प्रभाव से अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक सहायक महानिरीक्षक मुख्यालय जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं नवा रायपुर के पद पर पदस्थ किया गया है अक्षय सिंह राजपूत अधीक्षक जिला जेल राजनांदगांव को तत्काल प्रभाव से अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक प्रभारी अधीक्षक केन्द्रीय जेल अंबिकापुर के पद पर पदस्थ किया गया है उत्तम कुमार पटेल उप जेल अधीक्षक जिला जेल महासमुंद को तत्काल प्रभाव से अस्थायी रूप सेए आगामी आदेश तक प्रभारी अधीक्षक जिला जेल राजनांदगांव के पद पर पदस्थ किया गया है श्याम लाल ठाकुर उप जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल दुर्ग को तत्काल प्रभाव से अस्थायी रूप सेए आगामी आदेश तक प्रभारी अधीक्षकए जिला जेल जशपुर के पद पर पदस्थ किया गया है।

# 5वीं-8वीं के नतीजे घोषित

**रायपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार ने कक्षा पांचवी और आठवीं की केंद्रीय कृत परीक्षाएं आयोजित की थी जिसके परिणामों की घोषणा आज कर दी गई है. जिला शिक्षा अधिकारी डॉक्टर विजय कुमार खंडेलवाल ने बताया रायपुर जिले में पांचवी का परिणाम 95.46 प्रतिशत रहा वहीं कक्षा आठवी का रिजल्ट 86.93 प्रतिशत रहा कक्षा पांचवी में 1922 विद्यार्थी पूरक आए वहीं आठवीं में 7637 विद्यार्थी पूरक आए हैं रायपुर डीईओ ने बताया कक्षा पांचवी में 26ए152 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी इसमें में 24,230 विद्यार्थी पास हुए वहीं कक्षा आठवीं में 29,911 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी इसमें से 22,774 विद्यार्थी पास हुए कक्षा पांचवी में 19,684 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी 4287 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी 259 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में पास हुए वहीं आठवी में प्रथम श्रेणी में 16189 द्वितीय श्रेणी में 5570 और तृतीय श्रेणी में 515 विद्यार्थी पास हुए हैं उत्तीर्ण श्रेणी में कक्षा पांचवी में 619 तो वहीं कक्षा आठवी में 3230 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए।

> ■ **रायपुर जिले में पांचवीं में 24,230 और आठवीं में 22,774 विद्यार्थी हुए पास**

# 5 बिंदुओं के तहत होगा बीएड सहायक शिक्षकों का समायोजन

**रायपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। साय कैबिनेट में आज बर्खास्त बीएडधारी शिक्षकों के समायोजन के फैसले के बाद विभागीय आदेश भी जारी हो चुका है। स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय ने आदेश जारी करते हुए 5 अलग-अलग बिंदुओं दिशा निर्देश जारी किया है।

जारी आदेश के अनुसार, हटाए गए बीएड धारी 2621 सहायक शिक्षकों को सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला के राज्य में रिक्त 4422 पदों में समायोजित किया जाएगा। यह समायोजन गैर विज्ञापित पदों पर किया जाएगा।

कला वाणिज्य संकाय से 12वीं उत्तीर्ण सहायक शिक्षकों को निर्धारित अहर्ता पूर्ण करने के लिए 3 वर्ष की अनुमति दी जाएगी। साथ ही इन अभ्यार्थियों को प्रयोगशाला कार्य के संबंध में स्ष्टश्वऋ्रझ के माध्यम से दो माह का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा अन्य पिछड़ा वर्ग के शेष 335 विद्यार्थियों के लिए पदों का सृजन किया जाएगा। समायोजन के लिए जिलों में प्राथमिकता होगी। राज्य के अनुसूचित क्षेत्रों के जिलों में रिक्त पदों पर सीमावर्ती जिलों के रिक्त पदों पर समायोजन किया जाएगा। इसके बाद अन्य जिलों में किया जाएगा।

**126 दिनों तक चला शिक्षकों का आंदोलन**

बता दें कि 10 दिसंबर 2024 को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक बड़ा फैसला सुनाया था कि सहायक शिक्षक पद के लिए केवल ष्ठ।श्वस्त्र। डिग्रीधारी पात्र होंगे, क्चश्वस्त्र। धारकों की नियुक्ति रद्द की जाए। इस फैसले ने 2621 सहायक शिक्षकों की नौकरी छीन ली थी। इसके बाद बर्खास्त बीएड शिक्षकों ने अलग-अलग अंदाज में प्रदर्शन किया। 18 अप्रैल को शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने सीएम विष्णुदेव साय से मुलाकात की। सीएम के आश्वासन के बाद नवा रायपुर के तूता धरना स्थल में 126 दिनों तक चले आंदोलन को शिक्षकों ने समाप्त किया था।सरकार ने बर्खास्त बीएड शिक्षकों के समायोजन के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कमेटी बनाई थी। इसमें प्रमुख सचिव विधि विभाग, सचिव वित्त विभाग, सचिव स्कूल शिक्षा विभाग और सचिव सामान्य प्रशासन विभाग शामिल थे।

# रीना बाबा कंगाले की मंत्रालय में हुई वापसी

**रायपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। राज्य सरकार ने 4 आईएएस अधिकारियों का तबादला किया है। ढ्ढ्रस्यशवंत कुमार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बनाए गए हैं। वहीं आईएएस रीना बाबा साहेब कंगाले की मंत्रालय में वापसी हुई है। रीना बाबा साहेब कंगाले, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त सचिव, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण के पद पर पदस्थ किया गया है।

> **4 आईएएस अफसरों का तबादला**

आईएएस रीना बाबा साहेब कंगाले द्वारा सचिव खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोका संरक्षण का कार्यभार ग्रहण करने पर आईएएस ऋचा शर्मा, अपर मुख्य सचिव वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग तथा अति। प्रभार अपर मुख्य सचिव, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग में से केवल अपर मुख्य सचिव, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग एवं आईएएस अन्बलगन पी।, सचिव पर्यटन एवं संस्कृति विभाग तथा अति। प्रभार सचिव जनशिकायत निवारण विभाग, सचिव खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग में से केवल सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के प्रभार से मुक्त होंगे। शेष यथावत रहेगा। आईएएस एस। प्रकाश सचिव, परिवहन विभाग तथा अति प्रभार आयुक्त परिवहन को उनके वर्तमान प्रभारों के साथ-साथ सचिव, संसदीय कार्य विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।आईएएस श्याम लाल धावडे को ग्रामोद्योग विभाग का सचिव बनाया गया है। इसके अलावा वे छत्तीसगढ़ बेवरेजेस कॉर्पोरेशन, छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन, हाथकरघा विकास संघ, और खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड जैसे विभागों के प्रमुख का अतिरिक्त प्रभार भी संभालेंगे।

# जातिगत जनगणना मोदी सरकार का ऐतिहासिक निर्णय : विष्णुदेव साय

**रायपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आगामी जनगणना में जातियों की गणना को भी सम्मिलित करने का निर्णय लिया है।इस पर सीएम विष्णुदेव साय ने कहा, इस निर्णय की जितनी प्रशंसा की जाए वह कम हैसामाजिक



सद्भाव और देश के सर्वांगीण विकास की दृष्टि से यह निर्णय अभिनंदनीय है।

श्री साय ने कहा, कांग्रेस पार्टी आजादी के बाद से ही हमेशा जातिगत जनगणना का विरोध करती आई है। आजादी के बाद की किसी भी जनगणना में कांग्रेस ने जातियों की गणना नहीं की यहां तक कि वर्ष 2010 में तत्कालीन कांग्रेसनीत यूपीए सरकार में अधिकांश राजनीतिक दलों में जाति जनगणना पर सहमति थी, लेकिन कांग्रेस ने तब भी इसे होने नहीं दिया था। अब भी वह जातियों को आपस में लड़ाकर केवल अपना राजनीतिक हित साधना चाह रही थी।

विष्णुदेव साय ने कहा, जनगणना केंद्र का विषय है, लेकिन कई राज्यों ने सर्वे के माध्यम से जातियों की जनगणना की है।अनेक राज्यों में यह बिल्कुल राजनीतिक ढंग से किया गया है। ऐसे सर्वे से समाज के सद्भाव को नुकसान पहुंचा है।ऐसी परिस्थितियों में सामाजिक ताना-बाना को मजबूत करने जनगणना के माध्यम से जातियों की गणना को भी सम्मिलित करना ऐतिहासिक निर्णय है।छत्तीसगढ़वासी इस महत्वपूर्ण निर्णय का स्वागत करते हैं।

# संभाग आयुक्त ने लगाई कलेक्टरों की क्लास

## जल संकट दूर करने, लंबित राजस्व मामलों का जल्द निराकरण करने के दिए निर्देश



**रायपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। रायपुर संभाग के संभाग आयुक्त महादेव कावरे ने आज राजधानी स्थित कार्यालय में संभाग के कलेक्टरों के साथ अहम बैठक ली। इस बैठक में क्क॥श्व विभाग के अधिकारी भी मैजूद रहे। शासन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। जल जीवन मिशन और लंबित राजस्व प्रकरणों को लेकर कलेक्टरों से जवाब तलब किया गया है। भीषण गर्मी में बढ़ते जल संकट और सुशासन तिहार के प्रकरणों को लेकर भी चर्चा हुई है और महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए।

बैठक को लेकर महादेव कावरे ने जानकारी देते हुए बताया कि सुशासन तिहार के दूसरे चरण की तैयारियों पर चर्चा की गई है। 10 लाख से ज़्यादा आवेदन आए हैं, जिनमें 3 लाख से अधिक के प्रकरण रायपुर में ही है। इनमें भूमिहीन कृषि योजना, महतारी वंदन, पीएम आवास को लेकर आवेदन हैं, जिनके निराकरण के निर्देश दिये गये हैं।

राजस्व के लंबित प्रकरणों को लेकर उन्होंने कारण बताने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने बताया कि रायपुर ज़िले में 9 हज़ार से अधिक राजस्व प्रकरण लंबित है। आज कलेक्टर्स को अभियान चला कर निराकृत करने के निर्देश दिये गये हैं। वही ख़रीफ़ सीजन को लेकर किसानों की मांग के अनुसार बीच उपलब्धता सुनिश्चित करने कहा गया है।

राजधानी में गहराते जल संकट को लेकर उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन में पानी के सोर्स की समस्या का समाधान निकालने, ख़राब हैंडपंप को दुरुस्त करने और सोकता पिट के निर्माण के निर्देश दिये है। वर्तमान में अवैध बोर खनन पर रोक लगाया गया है।

**संभागायुक्त महादेव कवरे के निर्देश**

राजस्व के समयावधि ख़त्म होने के बाद भी लंबित प्रकरणों के कारण बताने निर्देश, ख़राब हैंडपंपों को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश, ज़िला स्तर पर आत्मानंद स्कूलों की जांच के लिए समिति गठित करने के निर्देश, ख़रीफ़ सीजन में बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश, मल्टी विलेज योजना पर रणनीति तैयार कर जल जीवन मिशन के तहत पानी सप्लाई के निर्देश, स्कूल में पुस्तक और ड्रेस समय में उपलब्ध करने के लिए निर्देश।

एस एम एस के माध्यम से पक्षकार को राजस्व प्रकरण में सूचना दिए जाने के निर्देश, भू-अर्जन के मुआवज़ा राशि प्रकाशित करने और दावा आपत्ति बुलाने के दिए निर्देश।

## कांग्रेस का नेता प्रतिपक्ष विवाद

# 7 में से 5 ने दिया इस्तीफा अब निगम में 3 ही बचे



**रायपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। कांग्रेस में नगर निगम रायपुर के नेता प्रतिपक्ष को लेकर चल रहा विवाद थमते दिखाई नहीं दे रहा है। संदीप साहू के पक्ष में कांग्रेस के कुल सात पार्षदों में से पांच ने इस्तीफा दे दिया है।

बता दें कि संदीप साहू को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नेता प्रतिपक्ष बनाने के पद प्रदेश अध्यक्ष ने जिला अध्यक्ष के आदेश को दरकिनार कर आकाश तिवारी को नेता प्रतिपक्ष बना दिया था। इसके विरोध में अब नगर निगम रायपुर में कांग्रेस के कुल 7 में से 5 पार्षदों ने इस्तीफा दे दिया है। जिसके बाद रायपुर नगर निगम में कांग्रेस के सिर्फ तीन ही पार्षद रह गए हैं। संदीप साहू जीते हुए कांग्रेसी पार्षदों में सबसे सीनियर है ,वही आकाश तिवारी ने टिकट नहीं मिलने पर कांग्रेस से बगावत करते हुए निर्दलीय चुनाव लड़ा था।

> ■ **प्रदेश अध्यक्ष पर गंभीर आरोप**

संदीप साहू को सबसे सीनियर होने के नाते नेता प्रतिपक्ष बनाया गया था। वहीं आकाश तिवारी ने भी चुनाव जीता था। कुछ दिन बाद कांग्रेस नेता कुलदीप जुनेजा, एजाज ढेबर, और अन्य नेताओं का समर्थन मिलने पर आकाश तिवारी को वापस कांग्रेस ज्वाइन कराया गया और उसके कुछ ही दिन बाद आकाश तिवारी को नेता प्रतिपक्ष बनाने का आदेश प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने जारी किया ।इसके बाद से ही लगातार कांग्रेस के अंदर विवाद की स्थिति बनी हुई थी। अभी भी नेता प्रतिपक्ष के कमरे में संदीप साहू के नेम प्लेट लगी हुई है। मंगलवार को बुलाई गई विशेष सामान्य सभा में भी संदीप साहू बतौर नेता प्रतिपक्ष शामिल हुए थे। जबकि आकाश तिवारी सभा में नहीं पहुंचे। अर्जुमन ढेबर, आकाश तिवारी और शेख मुशीर के अलावा सभी कांग्रेसी पार्षदों ने संदीप साहू के पक्ष में इस्तीफा दे दिया है। वहीं कांग्रेस के पदाधिकारी इस पूरे मामले में कुछ भी कहने से बच रहे हैं

## आपदा पीड़ित परिवारों को 12 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार,** 30 अप्रैल। प्राकृतिक आपदा से मृत 3 लोगों के निकट परिजनों के लिए प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये के मान से 12 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 29 अप्रैल 2025 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं।



# नक्सली निर्दोष लोगों की हत्या करते है, क्या यह तेलंगाना सीएम को नहीं दिखता : साय



**रायपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ और तेलंगाना की सीमा पर बसे नक्सलियों के गढ़ कर्रेगुट्टा पहाड़ी पर देश का सबसे बड़ा एंटी नक्सल ऑपरेशन 9 दिन से जारी है।वहीं नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के बढ़ते दबाव के चलते हाल ही में 2 बार शांति वार्ता का प्रस्ताव भी भेजा, लेकिन सरकार ने इससे इंकार करते हुए कहा कि या तो माओवादी आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटे या फिर जवानों के हाथों लड़ते-लड़ते जान गंवा दें। चुनाव उनका है। लेकिन इस पर तेलंगाना की कांग्रेस सरकार ने नक्सलियों की शांति वार्ता को समर्थन दिया है और इस एंटी नक्सल ऑपरेशन में आदिवासियों की जान लेने का आरोप लगाया है।छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तेलंगाना सीएम के इस बयान की कड़ी निंदा की है.

सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि तेलंगाना के सीएम का जो बयान है उसका मैं निंदा करना चाहूंगा ।हम जब से सरकार में आए हैं, तब से नक्सलियों से यह कहते आए हैं कि आप हिंसा और गोली-बंदूक की भाषा छोड़िए, विकास की मुख्यधारा से जुड़िए, आपके साथ सरकार न्याय करेगी। सरकार आपका पुनर्वास अच्छे से कराएगी, आपकी स्किलिंग कराएगी ।इसका परिणाम भी सामने आया है कि आज सैकड़ों नक्सलियों ने समर्पण भी किया है और सरकार उनके साथ न्याय भी कर रही है।

उन्होंने आगे कहा कि हमने नक्सलियों के लिए अलग से 15 हजार आवास भारत सरकार से सेंशन भी कराए हैं ।उनको दे भी रहे, स्किलिंग भी करा रहे हैं ।साथ ही उनके बच्चों को नौकरी भी दे रहे हैं ।उन्होंने कहा कि सरकार हर तरह से उनके साथ उदार व्यवहार कर रही है। लेकिन बार-बार शांति वार्ता का कोई मतलब नहीं है ।क्योंकि हम शुरू से ही उनसे बातचीत को तैयार थे।

श्री साय ने कहा कि तेलंगाना मुख्यमंत्री का यह कहना कि नक्सलियों के रूप में आदिवासियों की हत्या की जा रही है, तो यह काफी गलत है।

आज जो तरह-तरह के हथियारों के साथ जो पहाड़ी में छुपे हैं, वे कितनों को मुखबिरी का दोषारोपण कर हत्या करते है। रास्तों में ब्लास्ट करते हैं, जिससे कितने ही निर्दोषों की जान चली जाती है, क्या यह उन्हें दिखता नहीं है ?

### कर्रेगुट्टा में एंटी नक्सल ऑपरेशन के बीच गृहमंत्री शर्मा ने शांति वार्ता को लेकर जताई नाराजगी



छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा ने आज राजधानी रायपुर में प्रेसवार्ता के दौरान तेलंगाना सीमा से लगे कर्रेगुट्टा की पहाड़ियों में बीते 8 दिनों से जारी एंटी नक्सल ऑपरेशन और शांति वार्ता को लेकर बड़ा बयान दिया है। गृहमंत्री शर्मा ने कहा, आज जब तेलंगाना वाले फंस रहे हैं तो पीड़ा जताई जा रही है, लेकिन जब छत्तीसगढ़ के आदिवासी मारे गए, तब किसी को पीड़ा नहीं हुई। राज्य में नक्सल मुठभेड़ों में अब तक 400 से ज्यादा नक्सली मारे जा चुके हैं, तब कोई वार्ता की बात नहीं कर रहा था। गृहमंत्री शर्मा ने शांति वार्ता का प्रस्ताव रखने वाले संगठनों पर सवाल उठाते हुए कहा, आखिर ये लोग होते कौन हैं ? कौन है ये लोग जो वार्ता की बात कर रहे हैं ? दाल में जरूर कुछ काला है। शर्मा ने यह भी पूछा कि नक्सली यह स्पष्ट करें कि उनकी तरफ से बातचीत के लिए कौन प्रतिनिधित्व करेगा। छत्तीसगढ़ और तेलंगाना सीमा से लगे कर्रेगुट्टा की पहाड़ियों में एंटी नक्सल ऑपरेशन बीते 9 दिनों से जारी है। यहां पांच राज्यों के सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के बड़े लीडरों को घेर रखा है। अब तक 5 नक्सलियों के मारे जाने की सूचना है। इनमें से 3 महिला नक्सलियों के शव बरामद किये जा चुके हैं।

# सुबह शाम गरीबों के घर की बिजली बंद वीआईपी एरिया में 24 घंटा बिजली

**रायपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। निगम आयुक्त विश्वदीप के बिजली विभाग को शहर में सुबह बिजली बंद करने लिखे पत्र पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार रायपुर शहर की जनता को पर्याप्त मात्रा में जल की आपूर्ति नहीं कर पा रही है। बीते 5 वर्ष में शहर में कभी जल की समस्या उत्पन्न नहीं हुई थी। कांग्रेस की सरकार ने निगम को टैंकर मुक्त् किया। ट्रिपल इंजन की सरकार बनते ही व्यवस्थाएं सब खराब हो गई है जल आपूर्ति करने में असफल ट्रिपल इंजन सरकार के आयुक्त विश्वदीप बिजली विभाग को पत्र लिखकर सुबह 6:15 बजे से 6:45 बजे तक एवं शाम को 6:15 बजे से 6:45 बजे तक सिविल लाइन एवं ऑफीसर कॉलोनी को छोड़कर पूरे शहर में बिजली बंद करने पत्र लिखना, जल देने में असफल होने का प्रमाण है। निगम के द्वारा पत्र में टुल्लू पम्प से ज्यादा पानी लेने का जो आरोप लगाया गया है यह बेहद निंदनीय और आपत्तिजनक है। यह वीआईपी एरिया को छोड़कर पूरे शहर के नागरिकों को पानी लेने में घपला बाजी का आरोप मढ़ रहे है शहर के नागरिकों का अपमान कर रहे हैं ट्रिपल इंजन की सरकार को इसके लिए शहर की जनता से माफी मांगना चाहिए।

### जल आपूर्ति में असफल निगम का तुगलकी फरमान : कांग्रेस

श्री ठाकुर ने कहा कि निगम आयुक्त ने जो पत्र लिखा है की संध्या के समय 6.15 बजे से 6:45 बजे तक शहर की लाइट बंद रखी जाए जबकि सूर्यास्त के समय लोग घरों में दिया बत्ती करते हैं लाइट जलाते हैं रोशनी करते हैं। यह हमारे परंपरा में है संस्कृती में है और निगम लाइट बंद करके कहीं न कहीं उस परंपरा को रोक रहे हैं अगर निगम सही समय पर जल आपूर्ति की बाधा को दुरुस्त कर लेता जिन इलाकों में गर्मी के दिनों में पर्याप्त जल नहीं पहुंचता उस स्थान पर बाधा को दूर कर लेता तो इस प्रकार से तुगलकी फरमान जारी करने की आवश्यकता नहीं पड़ती। निगम का दायित्व है आम जनता को पर्याप्त मात्रा में जल की आपूर्ति पहुंचाना न कि जल आपूर्ति को रोकने के लिए बिजली बंद करना।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि रायपुर शहर में आरडीए बीएसयू का कई फ्लैट्स है वहां के जनता टुल्लू पंप से ही पानी अपने घर तक लेकर जाती है ।नल जब खुलता है तब घरों में टुल्लू पंप से छत के ऊपर बने पानी की टंकी में पानी चढ़ाया जाता है और बिजली बंद रहेगी और जब नल बंद होगा तब बिजली आएगी तो जनता पानी कहां से टंकी में पानी भर पायेगी। निगम का यह फरमान अव्यवहारिक है।

# सर्वाइकल कैंसर के जड़ से ख़ात्मे के लिए माहेश्वरी समाज संकल्पित

**रायपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। छग माहेश्वरी समाज ने महिलाओं मे होने वाली सर्वाइकल कैंसर को जड़ से ख़त्म करने की पहल करते हुए टीकाकरण अभियान की शुरुआत की है।प्रदेश अध्यक्ष सुरेश मुँधडा, ज़िला अध्यक्ष पवन करणानी, ज़िला सचिव आशीष पुंगलिया ने बताया कि 4 मई रविवार को महेश छात्रावास जी.ई रोड मे सुबह से टीका लगाया जायेगा।समाज की 9 वर्ष की बच्चियों से 26 वर्ष की आयु की महिलाओं को दक्ष डॉक्टर्स की टीम द्वारा टीकाकरण किया जाएगा ।टीकाकरण डॉ सतीश राठी,डॉ अशोक भट्टर,डॉ साधना चाँडक, डॉ रवि राठी , डॉ अमित मोहता के सानिध्य मे होगा।

**टीकाकरण पूर्णत: नि:शुल्क होगा**

माहेश्वरी महिला समिति(गोपाल मंदिर),महेश महिला समिति एवं गुढ़ियारी माहेश्वरी महिला समिति एकजुट होकर ज़्यादा से ज़्यादा महिलाओं तक पहुँचते हुए रजिस्ट्रेशन करवा रही है ।सर्वाइकल कैंसर का दूसरा डोज़ छह माह बाद लगेगा।माहेश्वरी सभा अध्यक्ष संपत काबरा, नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश तापड़िया, महेश सभा के अध्यक्ष पवन झंवर एवं गुढ़ियारी माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष बसंत राठी ने सभी परिवारों से संयुक्त अपील की है समाज की 9-26 वर्ष की सभी महिलायें टीका लगवाकर सर्वाइकल कैंसर के प्रति समाज की जागरूकता को गति दे । अभी तक लगभग 100 महिलाओं का पंजीयन हो चुका है । बुधवार को पंजीयन की अंतिम तिथि है ।उपरोक्त जानकारी प्रदेश के मीडिया प्रभारी विष्णु सारडा ने दी।

# सरयूपारीण ब्राह्मण सभा ने परशुराम जन्मोत्सव में किया मठा वितरण



**रायपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। ब्राम्हण कुल गौरव भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का अवतरण दिवस सरयूपरीण भवन स्थित तुलसी कक्ष में सरयूपारीण ब्राह्मण सभा छत्तीसगढ़ के द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर भगवान परशुराम की पोटो पूर माल्यार्पण कर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। साथ ही सरयूपारीण समाज के आधारस्तम्भ विश्व प्रसिद्ध ग्रन्थ रामचरित मांनस के रचईता तुलसी दास की पूजा एव आरती की गई। सरयूपारी ब्राह्मण समाज की महिला मंडल द्वारा भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाते हुए भवन के बाहर मुख्य द्वार के पास पंडाल लगा के मठा एव शीतल जल का वितरण किया गया।

इस अवसर पर डॉ सुरेश शुक्ला अध्यक्ष एवम समाज के एस परोहा,कैलाश तिवारी,विजय कांत मिश्रा राजेन्द्र प्रसाद दुबे, एन डी तिवारी चन्द्रशेखर द्विवेदी,अभय तिवारी,भागवत तिवारी,कृपाशंकर शुक्ला,संगमलाल त्रिपाठी,लक्ष्मण प्रसाद मिश्रा,व्ही के मिश्रा, शिवम त्रिपाठी,राजीव मिश्रा उमाकांत पांडे,राज कुमार पांडे,रामनिवास शुक्ला, राजेश त्रिपाठी, अपर्णा तिवारी, सीमा पांडे, कुसुम त्रिपाठी, पदमा ओझा किरण तिवारी बृजेश त्रिपाठी, ममता शर्मा ममता तिवारी, पुष्पा मिश्रा, शशि द्विवेदी आदि उपस्थित थे।

# सुधांशु महाराज का 70वां जन्म महोत्सव 2 मई को



**रायपुर,** 30 अप्रैल। विश्व जाग्रति मिशन रायपुर मंडल के तत्वाधान मे सुधांशु महाराज का 70 वा जन्म महोत्सव 2 मई को मनाया जाएगा। विश्व जाग्रति मिशन रायपुर मंडल के मीडिया प्रभारी अश्विनी विग ने जानकारी दी कि 2 मई को विश्व जाग्रति मिशन के संस्थापक गुरुदेव सुधांशु महाराज का 70 वा जन्म महोत्सव के रूप में मनाया जायेगा ।इस अवसर सुबह प्रभात फेरी का आयोजन किया गया है जो साधक विजय सचदेव के निवास आनंदम वर्ल्ड सिटी , कचना रायपुर से 6:30 बजे प्रारंभ होगी जो सद्गुरु सुधांसु महाराज के बताये जा रहे जनकल्याण की बातो का प्रचार करेंगे और साधकगण गुरु वंदना कर सदगुरू को पुष्प अर्पित करेंगे । इसी दिन शाम को 5 से 7 बजे ब्रह्मलोक आश्रम में उत्सव संध्या का आयोजन किया गया है और जिसमे साधको द्वारा चरण पादुका पूजन, गुरु पूजन, गुरु वंदना और गुरु आरती की जायेगी । विश्व कल्याण के लिए 5 माला महामृत्युंजय मंत्र व5 माला गायत्री मंत्र का जाप किया जायेगा ।सत्संग और दिल्ली से सुधांसु महाराज जी द्वारा प्रवचन भी किया जायेगा जिसका लाइव प्रसारण भी किया जायेगा और विश्व शांति के लिये प्रार्थना की जायेगी।

## सेना को खुली छूट देखकर मोदी ने किया बड़ा काम : रवि सिन्हा



**राजनांदगांव,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के पार्षद एवं शासकीय शिवनाथ महाविद्यालय के अध्यक्ष रवि सिन्हा ने कहा की पहलगांव में आतंकी हमला कराकर पाकिस्तान ने अपने कायरता का सबूत दे दिया है वह हमेशा पीछे से वार करना जानता है सामने से युद्ध करना उसकी औकात नहीं है पूर्व में भी इसी तरह के कृत्य कर चुका है उसके बाद भी पाकिस्तान की आंखें नहीं खुली अब भारत ने यह ठान लिया है कि पाकिस्तान को नेस्तानाबूद करके ही मानेंगे, सिंधु नदी समझौता को तोड़कर खुले जंग की चेतावनी पाकिस्तान को दे दी गई है, भारत में रहने वाले पाकिस्तानी नागरिकों को वापस जाने कह दिया गया है, पाकिस्तानी नागरिकों को वीजा देना बंद कर दिया गया है और भारत में रहने वाले पाकिस्तानी अधिकारियों को वापस जाने कह दिया गया है, खुले जंग की चेतावनी को सहन करना पाकिस्तान की फितरत में नहीं है वह हमेशा छुपकर वार करना जानता है अब भारत ने उसे ललकार कर कहा है की खुले रूप में आओ निर्दोष आम नागरिकों की हत्या पाकिस्तान के अमानवीय सोच का नतीजा है, भारत में वह ताकत है कि वह ऐसे हर अमानवीय कृत्य का जवाब खुले रूप से दे सकता है।

# गुढ़ियारी कॉलेज में मेगा नि:शुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर आयोजित

**रायपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। शासकीय नवीन महाविद्यालय, गुढियारी, संस्कृत महाविद्यालय, रायपुर एवं एस.के. केयर हॉस्पिटल, पचपेड़ी नाका, रायपुर तथा श्रेयास एण्ड जी.एस. ओझो फॉउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में आज गुढ़ियारी कॉलेज रायपुर में मेगा निःशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 180 छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण करवाया। परीक्षणोपरांत रोग ग्रस्त छात्र-छात्राओं को दवा का वितरण किया गया। शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर, हिमोग्लोबिन का निःशुल्क परीक्षण किया गया।

एस.के. केयर के विशेषज्ञ डॉ. जया बाजपेयी (डी.एन.बी. मेडिसिन) डॉ. पीयूष शुक्ला अपनी पूरी टीम जिसमें ललित सेठी, सेवक साहू, तुगेंद्र साहू, शीतल साहू, सिस्टर नैना साहू, राज किरन साहू आदि शामिल थे ने छात्रों का उत्साहपूर्वक स्वास्थ्य परीक्षण किया। ज्ञात हो कि एस के केयर हॉस्पिटल, रायपुर समाज सेवा के क्षेत्र में हमेशा अग्रसर रहा है। इसी तारतम्य में उन्होंने आज महाविद्यालय के छात्र-छात्रओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर चिकित्सा परामर्श प्रदान कर दवा का भी निःशुल्क वितरण किया। शिविर को संबोधित करते हुए डॉ. जया बाजपेयी ने कहा कि छात्र अभी टीन एज से युवावस्था की ओर अग्रवर होते हैं ऐसे में छात्र एवं छात्राओं में अलग-अलग तरह की समस्याओं के दर्शन होते हैं। इस समय हमारा आध्यात्मिक स्वास्थ्य, सामाजिक स्वास्थ्य सभी प्रभावित होता है। 17 से 22 की उम्र में इमोशनल स्ट्रेस इतना बढ़ जाता है जिसके कारण कुछ गलत आदतें भी पड़ जाती है जिससे हमें बचना है। इसके लिए हमें खानपान पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है हमें बाहर का जंक फूड तो बिल्कुल भी नहीं खाना चाहिए। बाहर का खाना स्वास्थ्य के लिए बहुत घातक है। इस उम्र में लडकों एवं लड़कियों में बहुत हारमोनल चेंज होते हैं। लड़कियों को विशेष रूप से अपने स्वास्थ्य एवं हायजिन का ध्यान रखना चाहिए। इसी उम्र में आर.डी.एच. हार्ट की बीमारी तथा बहुतेरी अनुवांशिक बीमारियां उभरने लगती हैं जिसका समय रहते चेक अप करने से पता चल जाता है और हम गंभीर बीमारी की चपेट में आने से बच जाते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. शुक्ला ने छात्र-छात्राओं को अपनी एकाग्रता में अभिवृद्धि करने के लिए कुछ एक्सर साइज भी बतायी जैसे गेंद को एक ही जगह बैठे या खड़े होकर उछाले, दूसरा उंगली को चारों तरफ घुमाकर आंखों को उसकी ओर देखते रहें, तीसरा एक ही जगह खड़े होकर जम्प करें इससे आपकी एकाग्रता में अभिवृद्धि होगी।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मधुलिका अग्रवाल ने कहा कि स्वास्थ्य की जीवन का सार है स्वास्थ्य ठीक नहीं है तो आप कुछ भी अच्छे तरीके से नहीं कर सकते। आपकी आधी उर्जा बीमारी से लडने् में ही खर्च हो जाएगी, इसलिए स्वास्थ्य की और विशेष ध्यान देना चाहिए। इसीलिए हमने बच्चों के लिए परीक्षा और इस गर्मी के समय में होने वाली विभिन्न बीमारियों से बचने के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन करवाया। इस अवसर पर महाविद्यालय के नौनिहालों में गजब का उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कुसुम चंद्राकर ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. राजवंश कोहली ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ डॉ. वंदना कुमार, श्री पदमेश नाग, श्रीमती मधु उर्वशा, सुश्री नीतु सिंह, डॉ. स्मिता वर्गे, डॉ. शुभ्रा मिश्रा एवं संस्कृत महाविद्यालय से डॉ. मनोज शुक्ला, योगा टीचर श्री रविशंकर साहू विशेष रूप से उपस्थित थे।

# मेयर इन कौंसिल की बैठक में मच्छरों पर चर्चा

**रायपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर निगम की मेयर इन कौंसिल की आज हुई बैठक में फिल्टर प्लांट के 80 एवं 150 एमएलडी जल संयंत्र के वार्षिक संचालन एवं संधारण हेतु निविदा दर 1 करोड़ 75 लाख 82 हजार 717 रू. को स्वीकृति प्रदान की गई। पंडित आर डी तिवारी उच्चतर माध्यमिक शाला में विविध विकास कार्य करवाने निविदा दर 1 करोड़ 53 लाख 92 हजार स्वीकृत किए गए। निगम के 13 कर्मचारियों को चिकित्सा प्रतिपूर्ति हेतु 6 लाख 19 हजार 432 रू. की स्वीकृति दी गई। निराश्रित पेंशन के 198 तथा परिवार सहायता के 61 नये प्रकरण स्वीकृत किए गए।





### महत्वपूर्ण प्रस्तावों को हरी झंडी

निगम मुख्यलाय में महापौर श्रीमती मीनल चौबे की अध्यक्षता में हुई मेयर इन काउंसिल की बैठक में स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही से वार्डों में मच्छरजनित रोगों एवं मच्छरों के कारगर नियंत्रण हेतु एंटी लार्वा व फॉगिंग अभियान के संबंध में जानकारी ली गई। महापौर ने राजधानी के अनुरूप जनहित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा हेतु सभी वार्डों में मच्छरों पर नियंत्रण हेतु प्रभावी तरीके से गुणवत्ता युक्त एंटी लार्वा एवं फॉगिंग अभियान को गति देने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी एवं सभी जोन स्वास्थ्य अधिकारियों को दिये। नगर निगम के सेवानिवृत्त कार्यपालन अभियंता विमल कुमार शर्मा एवं सेवानिवृत्त सहायक राजस्व निरीक्षक श्रीमती रोशन शर्मा को 1 वर्ष की संविदा नियुक्ति देने की अनुशंसा करते हुए स्वीकृति हेतु नियमानुसार प्रकरण राज्य नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को प्रेषित करने के निर्देश सामान्य प्रशासन विभाग को दिये गये।

बैठक में निगम कमिश्नर विश्वदीप, एमआईसी सदस्यगण श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर, श्रीमती सुमन अशोक पाण्डेय, श्रीमती संजना हियाल, डॉ. अनामिका सिंह, मनोज वर्मा, दीपक जायसवाल, अमर गिदवानी, संतोष सीमा साहू, भोलाराम साहू, अवतार भारती बागल, महेन्द्र खोडियार, खेम कुमार सेन, नंद किशोर साहू, अपर कमिश्नर राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, यू.एस. अग्रवाल, पंकज के. शर्मा, विनोद पाण्डेय, श्रीमती कृष्णा खटीक, मुख्य अभियंता यू.के. धलेन्द्र, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, संजय बागड़े, निगम सचिव सूर्यकांत श्रीवास्तव समेत सभी जोन कमिश्नर तथा कार्यपालन अभियंतागण उपस्थित थे।


## निधन

### कमलिनी बढे



**दुर्ग,** 30 अप्रैल। पद्मनाभपुर निवासी कमलिनी बढे 84 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे पराग, मिलिंद बढे की माता जी थी।

## गोस्वामी समाज 4 मई को जगत गुरु शंकराचार्य जन्मोत्सव मनाएगा



**रायपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज के द्वारा 4 मई रविवार को राजधानी रायपुर के शहीद स्मारक भवन में भगवान श्री आद्य जगतगुरु शंकराचार्य जन्मोत्सव की धूमधाम से मनाने की तैयारी में प्रदेश स्तर के गोस्वामी समाज के पदाधिकारी जूटे हुए हैं कार्यक्रम मंत्रोच्चार के साथ सुबह 10रू00 बजे से शुरू होगा पूजा अर्चना पश्चात शंकराचार्य पर केन्द्रित ब्याख्यान होगा अतिथि स्वागत होगा द्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अरुण सावए अध्यक्षता महापौर मीनल चौबे ी एवम रामसुंदर दास महाराज मंडलेश्वर एवम पीठाधीश्वर दुधाधारी मठ विशिष्ठ अतिथि होंगे श्री श्री 1008श्री महंत विवेक गिरी महाराज थानापति गौर कांपा आश्रम ;मुंगेली विशिष्ठ अतिथि एवम सच्चिदानंद गिरी राष्ट्रीय अध्यक्ष दिल्ली विशिष्ट अतिथि होंगे अतिथि महंत गण होंगे द्य कार्यक्रम को सफ्ल बनाने प्रदेश अध्यक्ष मोहन पुरी कोषाध्यक्ष सुधीर बन महासचिव संजय गिरी कार्यक्रम संयोजक प्रभाकर बन जिला अध्यक्ष वेदपुरी गोस्वामी कोषाध्यक्ष रमेश पुरी सचिव योगेन्द्र पुरी प्रचार सचिव हेमंत बन कपिल पुरी संरक्षक लिल्लार पुरी चित्रसेन गिरी हरभूशन गिरी एवम सभी जिलो द्वारा वृहद् स्तर से तैयारी की जा रही है।

# कांग्रेस के दबाव में मोदी सरकार जातिगत जनगणना कराने बाध्य हुई : दीपक बैज



**रायपुर,** 30 अप्रैल। केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा जातिगत जनगणना करवाने के निर्णय पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि हाल ही में कांग्रेस ने अपने राष्ट्रीय अधिवेशन में जातिगत जनगणना के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था। इसी के चलते मोदी सरकार बाध्य हुई है। मोदी सरकार तो 2021 में होने वाली आम जनगणना को 4 साल से रोक रखा है, अंततः कांग्रेस के दबाव में जातिगत जनगणना को आगामी जनगणना में शामिल करवाने को बाध्य हुई है।

पिछले तीन दशकों में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अलावा अन्य पिछड़े वर्ग और सामान्य वर्ग के भी आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों को शिक्षा और सार्वजनिक क्षेत्र में रोज़गार में आरक्षण दिया जा चुका है। पर अभी भी हमें यह ठोस जानकारी उपलब्ध नहीं है कि वो कौन-कौन सा समुदाय हैं जो आरक्षित वर्गों में आते हैं और उनकी जनसंख्या तथा असली हालात क्या हैं ? सामाजिक न्याय को पूरी तरह से तभी स्थापित किया जा सकता है जब हमें इन समुदायों की जनसंख्या स्पष्ट रूप से पता हो। इसीलिए जाति की गिनती ज़रूरी है। जाति जनगणना का और एक फ़ायदा है कि यह आरक्षित समूहों के बीच आरक्षण के लाभों का समान वितरण करने में भी काम आयेगा।

दीपक श्री बैज ने कहा कि कांग्रेस ने देश में जातिगत जनगणना कराने की मांग को लेकर लगातार संघर्ष किया। मोदी, शाह सहित आरएसएस और भाजपा के तमाम नेता हमारे जिस मांग को देश को बांटने की साज़िश बता रहे थे, जिस विषय में विपक्ष का उपहास उड़ाते थे, अब उसी विषय पर मोदी सरकार घुटनों पर आ गई है। हमने पहले भी कहा कि ओबीसी इस देश का सबसे बड़ा वर्ग है, बहुत अधिक विभिन्नताएं हैं, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक तौर पर विभिन्नताएं हैं। जातिगत जनगणना किए बिना सरकारी योजनाओं को सही तरीके से लागू करना संभव ही नहीं है, सामाजिक न्याय के लिए यह अति आवश्यक कदम है। कांग्रेस की यह मांग है कि केवल जातिगत जनगणना को आगामी आम जनगणना में शामिल करने की घोषणा मात्र से काम नहीं चलेगा, जातिगत जनगणना करवा के तत्काल आंकड़े जारी करें सरकार।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि लगभग दो सौ साल की ग़ुलामी के बाद आज़ाद हुए भारत के सामने कई चुनौतियां थीं। इसके चलते जाति आधारित गिनती सन 1951 से नहीं हुई। केवल अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की गिनती हर जनगणना में नियमित रूप से होती रही है। पिछली जनगणना सन 2021 में होनी थी लेकिन मोदी सरकार ने लगातार इसको टाला है। इस कारण सरकार के पास अन्य जातियों को तो छोड़ ही दें एससी और एसटी की जनसंख्या कितनी है, इसकी भी जानकारी नहीं हैं। सन् 2011 में जब यूपीए की सरकार थी तब 25 करोड़ परिवारों को शामिल करते हुए सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना आयोजित की गई थी। जिसमें इन परिवारों का जातिय, सामाजिक और आर्थिक डेटा इकट्ठा किया गया था। सामाजिक-आर्थिक डेटा का उपयोग अब कल्याणकारी कार्यक्रमों के लिए किया जाता है लेकिन जाति से जुड़ी जानकारी और डेटा मोदी सरकार द्वारा कभी प्रकाशित ही नहीं किया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि जाति जनगणना के साथ-साथ हमें यह जानना भी आवश्यक है कि आर्थिक विकास का समाज पर क्या प्रभाव पड़ा है -हमारा अनुभव ये रहा है कि विकास का फ़ायदा कोई और उठा रहा है और क़ीमत कोई और चुका रहा है। देश के सभी संसाधनों के न्यायपूर्ण बंटवारे के लिए सर्वे करके यह पता लगाना ज़रूरी है कि देश के संसाधनों और शासन चलाने वाली संस्थाओं पर आखिर किसका क़ब्ज़ा है। इसीलिए जाति जनगणना के साथ-साथ देश की संपत्ति और सरकारी संस्थाओं का सर्वे करना भी आवश्यक है ताकि हम समय-समय पर नए आंकड़ों के आधार पर सुधार करते रहें और प्रभावी नीतियों का निर्माण कर सामाजिक और आर्थिक न्याय के सपने को साकार किया जा सके।

# संघर्ष करने वालों की कभी हार नहीं होती

## बीएड शिक्षकों को हड़ताल अवधि का कुछ मानदेय मिले

**रायपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। आज अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस 1 मई शहादत व खून देकर बलिदानी मजदूरों का दिवस है। प्रदेश के 3 माह से आंदोलनरत सहायक शिक्षक डीएड प्रदेश के आदिवासी समाज के शिक्षित सहायक शिक्षकों को सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला में समायोजित करने का मंत्री परिषद का निर्णय उनके संघर्ष की जीत है। कर्मचारी नेता विजय कुमार झा ने कहा है कि मजदूर आंदोलन का इतिहास गवाह है कि संघर्ष करने वालों की कभी हार नहीं होती है। उन्होंने मांग की है कि आंदोलन अवधि में वे हड़ताली सहायक शिक्षक गरीबी रेखा में आ चुके हैं लाखों रुपए खर्च और संघर्ष कर चुके हैं। ऐसी स्थिति में आंदोलन अवधि का प्रति माह कुछ मानदेय सम्मान निधि स्वरूप देकर, उनके विरुद्ध थानों में दर्ज प्रकरणों को वापस लेने का निर्णय लेकर आज मजदूर दिवस में उनको सम्मानित करना चाहिए। इसके साथ ही उनकी सेवाएं आज 1 मई अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस से गणना करते हुए उनके आंदोलन व उनके श्रम का सम्मान किया जाना चाहिए। श्री झा ने कहा है कि आज प्रतिवर्ष अनुसार रायपुर ट्रेड यूनियन काउंसिल के तत्वाधान में फाफाडीह टेलीफोन एक्सचेंज में संध्या 5 बजे मई दिवस की सभा रैली होगी ?। जिसे ट्रेड यूनियन कौंसिल संयोजक एचपी साहू, सुधाकर चिलमवार, सुख दास बंजारे, संजय शर्मा सहित मजदूर नेता रैली का नेतृत्व करते हुए सभा को संबोधित करेंगे।

### आज मई दिवस से सेवा की गणना हो : विजय झा

दुनिया रंग-बिरंगी

देशबन्धु | रायपुर, गुरुवार, 1 मई, 2025

**'मैं हूं ना' के 21 साल पूरे, जायद खान बोले, 'लकी हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगा'**

**मुंबई,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। साल 2004 में रिलीज हुई बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान की फिल्म 'मैं हूं ना' को 21 साल पूरे हो गए हैं। इस फिल्म ने बड़े पर्दे पर ताबड़तोड़ कमाई की थी। फिल्म में शाहरुख खान के अलावा सुष्मिता सेन, सुनील शेट्टी, अमृता राव और जायद खान लीड रोल में थे। फिल्म में जायद ने शाहरुख के सौतेले भाई लक्ष्मण का किरदार निभाया था, जिसे पूरा कॉलेज 'लकी' के नाम से जानता था। इस किरदार को एक्टर ने अपने दिल के बेहद करीब बताया। 'मैं हूं ना' में अपने सफल किरदार के बारे में जायद खान ने कहा, 'मैं चाहे कोई भी किरदार निभाऊं, लकी हमेशा मेरे दिल में खास जगह रखेगा।'

# दिखने में छोटा लेकिन लाभ भरपूर, 'मुनक्का'

**नई दिल्ली,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। 'मुनक्का' भले ही दिखने में छोटा सा होता है, लेकिन इसे खाने के फायदे अनगिनत हैं। 'मुनक्का' खाने में न केवल स्वादिष्ट होता है, बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद माना जाता है। आयुर्वेद में इसे औषधीय गुणों का खजाना माना गया है, जो पाचन, रक्त संचार और त्वचा समेत स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में कारगर होता है। इतना ही नहीं, 'मुनक्के' का रोजाना सेवन कई स्वास्थ्य समस्याओं को खत्म करने में भी लाभकारी है। आइए, जानते हैं मुनक्का के फायदों के बारे में।

'मुनक्का' को काली किशमिश भी कहा जाता है, जो एक तरह का सूखा हुआ अंगूर है। यह विटामिन, फाइबर, मिनरल और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है, जिसका सेवन करने से बीमारियों से लड़ने में मदद मिलती है। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित (फरवरी, 2022) रिपोर्ट के मुताबिक, किशमिश (मुनक्का) में लिपिड (वसा) कम करने और एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो हृदय रोगों के जोखिम को कम कर सकते हैं। काले बीज वाली किशमिश, जो पॉलीफेनोल जैसे एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होती है, वह हाइपरलिपिडेमिया वाले मरीजों में रक्तचाप और एंटीऑक्सीडेंट स्तर को बेहतर बनाती है। यह हृदय रोगों के कुछ जोखिमों को कम करने में मदद कर सकती है। 'मुनक्का' को खाने से पाचन संबंधी समस्याओं में तो लाभ मिलता ही है। साथ ही हड्डियां मजबूत होती हैं और ऊर्जा का स्रोत भी बढ़ता है। इसके अलावा, यह त्वचा के लिए फायदेमंद और इम्युनिटी को मजबूत करता है।

बता दें कि 'मुनक्का' में फाइबर प्रचुर मात्रा में होता है, जो कब्ज को दूर करता है। आयरन और विटामिन बी की वजह से यह खून की कमी (एनीमिया) को दूर करने में कारगर होता है। इसमें पाए जाने वाले कैल्शियम और मैग्नीशियम जैसे खनिज की वजह से मुनक्का हड्डियों और दांतों को मजबूती देता है। इतना ही नहीं, मुनक्का का सेवन थकान और कमजोरी से राहत दिलाने में भी उपयोगी माना जाता है। 'मुनक्का' में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स त्वचा को भी निखारने का काम करते हैं। इसके सेवन से झुर्रियां और उम्र बढ़ने के लक्षण कम होते हैं, जो त्वचा को स्वस्थ बनाए रखता है। साथ ही, कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में भी यह काफी फायदेमंद है।

**सेवन से कई परेशानियां होती हैं दूर**




# नए मशीन एल्गोरिदम से हड्डियों के टूटने के खतरे और दिल की बीमारी की होगी पहचान

**सिडनी,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया और कनाडा के वैज्ञानिकों ने एक नया एल्गोरिदम बनाया है, जो हड्डियों की सामान्य जांच के दौरान ही दिल की बीमारी और हड्डी टूटने के खतरे को जल्दी पहचान सकता है। सिन्हुआ न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, यह तकनीक ऑस्ट्रेलिया की एडिथ कोवान यूनिवर्सिटी और कनाडा की यूनिवर्सिटी ऑफ मैनिटोबा के वैज्ञानिकों ने मिलकर बनाई है। इससे हड्डियों की जांच के दौरान ही अन्य गंभीर बीमारियों का पहले से पता लगाया जा सकेगा और बुजुर्ग लोगों की सेहत बेहतर हो सकेगी।

इस सिस्टम की खासियत यह है कि यह रीढ़ हड्डी की स्कैन इमेज (जिसे वीएफए कहा जाता है) देखकर पेट की मुख्य धमनी के कैल्सिफिकेशन (एएसी) की पहचान करता है। एएसी दिल के दौरे, स्ट्रोक और गिरने जैसे जोखिमों से जुड़ा होता है। पहले किसी विशेषज्ञ को एएसी के बारे में पता करने में 5-6 मिनट लगते थे, लेकिन अब यह नई तकनीक हजारों इमेज को एक मिनट से भी कम समय में जांच सकती है। इससे बड़ी संख्या में लोगों की जल्दी जांच करना संभव होगा। एडिथ कोवान यूनिवर्सिटी की रिसर्चर कैसेंड्रा स्मिथ के अनुसार, हड्डियों की सामान्य जांच कराने वाली 58 फीसदी बुजुर्ग महिलाओं में मध्यम से ज्यादा एएसी मिला, लेकिन उन्हें दिल की बीमारी के इस खतरे की जानकारी ही नहीं थी। उन्होंने बताया कि महिलाएं अक्सर दिल की बीमारी की जांच नहीं करा पाती और इलाज भी नहीं हो पाता। चूंकि इस बीमारी के कोई साफ लक्षण नहीं होते, इसलिए यह समस्या अक्सर छुपी रह जाती है। लेकिन इस नई तकनीक से हड्डियों की जांच करते समय ही इसका पता लग सकता है। एक और रिसर्चर मार्क सिम ने पाया कि एएसी न सिर्फ दिल की बीमारी का संकेत है, बल्कि यह गिरने और हड्डी टूटने का भी बड़ा कारण हो सकता है। उन्होंने कहा कि नया एल्गोरिदम पुराने तरीकों से ज्यादा सही जानकारी देता है।

उन्होंने कहा, 'हमने पाया है कि जितना अधिक एएसी होता है, व्यक्ति के गिरने और हड्डी टूटने का खतरा उतना ही ज्यादा होता है। डॉक्टर आमतौर पर इस पर ध्यान नहीं देते, लेकिन यह नई तकनीक इस कमी को पूरा करती है।' नतीजा यह है कि अब हड्डियों की जांच के दौरान ही मरीज की धमनी और दिल की सेहत की भी जानकारी मिल सकती है, जिससे हड्डी कमजोर होने पर गिरने के जोखिम या फ्रैक्चर का पहले ही पता लगाकर समय रहते इलाज किया जा सकता है।



**हड्डियों की सामान्य जांच कराने वाली 58 फीसदी बुजुर्ग महिलाओं में मध्यम से ज्यादा एएसी मिला, लेकिन उन्हें दिल की बीमारी के इस खतरे की जानकारी ही नहीं थी: एडिथ कोवान यूनिवर्सिटी की रिसर्चर कैसेंड्रा स्मिथ**

## ऑस्ट्रेलियाई शोधकर्ताओं ने पाया दोनों टीकों को एक ही बाजू में लगाने से बढ़ सकता है वैक्सीन का प्रभाव

**सिडनी,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। नई रिसर्च के अनुसार, अगर वैक्सीन की बूस्टर डोज उसी बाजू में ली जाए जिसमें पहली डोज लगी थी, तो शरीर जल्दी और ज्यादा मजबूत इम्यूनिटी बनाता है। इससे शरीर जल्दी सुरक्षा तैयार करता है।



सिन्हुआ न्यूज एजेंसी के अनुसार, यह खोज वैक्सीन की रणनीति को बेहतर बना सकती है और हो सकता है कि भविष्य में कम बूस्टर डोज की जरूरत पड़े। यह अध्ययन ऑस्ट्रेलिया की गार्वन इंस्टीट्यूट और किर्बी इंस्टीट्यूट (यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू साउथ वेल्स) ने मिलकर किया है। 'सेल' जर्नल में प्रकाशित शोध में पाया गया कि जब दोनों डोज एक ही बाजू में दी जाती हैं, तो शरीर की रोगों से लड़ने वाली कोशिकाएं (जो पास के लिम्फ नोड्स में होती हैं) पहले से तैयार रहती हैं। दूसरी डोज वहीं देने से ये कोशिकाएं तुरंत सक्रिय हो जाती हैं और तेजी से ताकतवर एंटीबॉडीज बनाती हैं।

शोधकर्ताओं ने सबसे पहले चूहों में यह असर देखा। फिर उन्होंने 30 लोगों पर एक अध्ययन किया, जिन्हें फाइजर की कोविड-19 वैक्सीन लगी थी। इस अध्ययन में उन्होंने पाया कि जिन लोगों ने वैक्सीन की दोनों खुराक एक ही बाजू में लगवाई थीं, उनमें तेजी से और ज्यादा सुरक्षा बनी, खासकर डेल्टा और ओमिक्रॉन जैसे कोविड-19 के अलग-अलग वैरिएंट्स से। गार्वन इंस्टीट्यूट में प्रिसिजन इम्यूनोलॉजी प्रोग्राम के निदेशक ट्राई फैन ने कहा कि यह हमारी इम्यूनिटी के काम करने के तरीके की एक अहम खोज है। हालांकि चार हफ्तों बाद दोनों ही समूहों में एंटीबॉडी का स्तर लगभग बराबर था, लेकिन एक ही बाजू में डोज लेने वालों को पहले सुरक्षा मिली जो महामारी के समय में बहुत मायने रखती है।

स्टडी की एक अन्य लेखिका मी लिंग मुनियर ने कहा कि अगर किसी ने दोनों बाजू में वैक्सीन ली है तो घबराने की जरूरत नहीं, समय के साथ सुरक्षा में फर्क कम हो जाता है।

# आंवला नहीं, पर उससे कम भी नहीं, सेहत और स्वाद से भरपूर 'स्टार गूजबेरी'

**नई दिल्ली,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। आंवले जैसा दिखने वाला फल स्टार गूजबेरी, जिसे देश के अलग-अलग हिस्सों में सरफरी, नेल्लिकई या साइकोमी के नाम से भी जाना जाता है। इसका स्वाद अनोखा होने के साथ-साथ लाजवाब भी है। स्टार गूजबेरी का स्वाद खट्टा, तीखा और हल्का मीठा होता है। इसे बच्चे से लेकर बड़े तक सभी पसंद करते हैं। इसे नमक या चीनी छिड़क कर कच्चा खाया जा सकता है। कई लोग इसमें नींबू का रस, मिर्च या भुना मसाला मिलाकर इसका स्वाद और भी बढ़ा लेते हैं। स्लाइस काटकर इसे चीनी में लपेटकर कुछ दिन रखने से एक प्राकृतिक सिरप बनता है जो स्वाद के साथ सेहत भी देता है।

पकने पर इसका रंग गहरा लाल हो जाता है, जो इसे जैम, मुरब्बा, जेली, चटनी और अचार में प्रयोग के लिए उपयुक्त बनाता है। दक्षिण भारत में इसे इमली की जगह व्यंजनों में डाला जाता है, खासकर पारंपरिक नेल्लिकई साधम में नारियल और गाजर के साथ। दही, हरी मिर्च और अदरक के साथ मिलाकर बनाई गई इसकी चटनी चावल या नाश्ते के साथ अद्भुत लगती है। स्टार गूजबेरी सिर्फ स्वाद नहीं, यह सेहत भी देता है। इसमें मौजूद कैल्शियम हड्डियों को मज़बूत करता है, फास्फोरस डीएनए और आरएनए निर्माण में सहायक होता है। जबकि, आयरन और राइबोफ्लेविन ऊर्जा और रक्त निर्माण के लिए आवश्यक हैं। विटामिन सी शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है, त्वचा को बेहतर बनाता है और सूजन कम करता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर को डिटॉक्स करते हैं और पाचन सुधारते हैं।

आयुर्वेद और पारंपरिक एशियाई चिकित्सा में स्टार गूजबेरी का उपयोग गले की खराश, खांसी, अपच और पेट की समस्याओं में किया जाता है। इसका सिरप बच्चों और बड़ों दोनों के लिए लाभकारी माना जाता है। इसका ताजा सेवन करना सबसे अच्छा माना जाता है। इसलिए बिना धोए तुरंत खा लेना बेहतर है। अगर स्टोर करना हो तो इसे सीलबंद कंटेनर में फ्रिज में रखें, जहाँ ये कुछ हफ्तों तक ताजा रह सकता है। चाहें तो इसे सुखाकर या फ्रीज़ कर लंबे समय तक भी रखा जा सकता है।

**पकने पर इसका रंग गहरा लाल हो जाता है, जो इसे जैम, मुरब्बा, जेली, चटनी और अचार में प्रयोग के लिए उपयुक्त बनाता**



**पहलगाम आतंकी हमला**

## अंकिता लोखंडे ने रद्द किया यूएसए शो, बोलीं- 'दुख की घड़ी में देश के साथ'



**मुंबई,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। पहलगाम आतंकी हमले से आहत अभिनेत्री अंकिता लोखंडे ने अपना यूएसए शो रद्द कर दिया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर अंकिता ने प्रशंसकों को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस मुश्किल समय में वह देश के साथ खड़ी हैं। घटना पर दुख व्यक्त करते हुए अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर जानकारी देते हुए लिखा, 'सभी को हेलो, मैं भारी मन से यह शेयर करना चाहती हूं कि हम अपने अपकमिंग यूएसए शो को रद्द कर रहे हैं। पहलगाम में हुए दुखद आतंकी हमले और देश के दर्द को देखते हुए मुझे लगता है कि यह समय टूर के लिए सही नहीं है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। एक भारतीय के रूप में मैं देश के साथ खड़ी हूं।'

# 'कांटा लगा' गाने पर मोनालिसा ने शेफाली जरीवाला को दी कड़ी टक्कर

**मुंबई,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। भोजपुरी इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस मोनालिसा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह फैंस के साथ इंस्टाग्राम पर हर दिन कुछ न कुछ पोस्ट करती रहती हैं। इस कड़ी में एक्ट्रेस ने अपना एक नया वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह एक्ट्रेस शेफाली जरीवाला को उनके गाने 'कांटा लगा' में डांस में टक्कर देती दिखाई दे रही हैं। वह गाने पर शानदार डांस कर रही हैं। उनका यह वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो गया है। शेफाली जरीवाला 'कांटा लगा गर्ल' के नाम से काफी मशहूर हैं। 'कांटा लगा' गाना सुनते ही उनके डांस स्टेप्स याद आने लगते हैं। लेकिन मोनालिसा का यह वीडियो सामने आने के बाद फैंस उनके इन डांस मूव्स को काफी पसंद कर रहे हैं और वीडियो पर खूब प्यार लुटा रहे हैं। इससे पहले उन्होंने अपना लेटेस्ट फोटोशूट इंस्टाग्राम पर शेयर किया था, जिसमें वह येलो कलर के क्रॉप टॉप और ब्लू डेनिम जींस में नजर आईं। उन्होंने अपने लुक को खास बनाने के लिए लाइट मेकअप किया हुआ था। फैंस को उनका यह लुक काफी पसंद आया। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में हार्ट इमोजी का इस्तेमाल किया। उनकी इन तस्वीरों पर एक यूजर ने लिखा- 'आप हमारे दिलों की रानी है', वहीं दूसरे यूजर ने लिखा- 'क्या लग रही हो आप', अन्य यूजर ने लिखा- 'तुम लाखों में एक हो'।वर्कफ्रंट की बात करें तो मोनालिसा इन दिनों सुपरनैचुरल शो 'श्मशान चंपा' में मोहिनी का किरदार निभा रही हैं। 'श्मशान चंपा' टेलीविजन की पसंदीदा 'डायन' मोनालिसा को उनके सबसे पसंदीदा अवतार में वापस लाता है, जिससे प्रशंसकों में उत्साह देखा जा सकता है। यह शो शेमारू उमंग पर प्रसारित होता है।उल्लेखनीय है कि मोनालिसा का



असली नाम अंतरा बिस्वास है। उन्होंने भोजपुरी फिल्म हो या टीवी इंडस्ट्री, सभी में तहलका मचाया हुआ है।

# 'मेरा नाम जोकर' के लिए ऋषि को मिला था बेस्ट चाइल्ड आर्टिस्ट का नेशनल अवॉर्ड

**मुंबई,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। बॉलीवुड में अपने सदाबहार अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने वाले ऋषि कपूर को उनकी पहली फिल्म 'मेरा नाम जोकर' के लिए बेस्ट चाइल्ड आर्टिस्ट का नेशनल अवॉर्ड मिला था। चार सितंबर 1952 को मुंबई में जन्में ऋषि कपूर को अभिनय की कला विरासत में मिली। उनके पिता राज कपूर फिल्म इंडस्ट्री के जाने माने अभिनेता और निर्माता-निर्देशक थे। घर में फिल्मी माहौल रहने के कारण ऋषि कपूर का रूझान फिल्मों की ओर हो गया और वह भी अभिनेता बनने के ख्वाब देखने लगे ।ऋषि कपूर ने अपने सिने करियर की शुरूआत अपने पिता की निर्मित फिल्म 'मेरा नाम जोकर' से की । वर्ष 1970 में प्रदर्शित इस फिल्म में ऋषि कपूर ने 14 वर्षीय लड़के की भूमिका निभाई जो अपनी शिक्षिका से प्रेम करने लगता है । अपनी इस भूमिका को ऋषि कपूर ने इस तरह निभाया कि दर्शक भावविभोर हो गये।

फिल्म 'मेरा नाम जोकर' के लिए ऋषि को बेस्ट चाइल्ड आर्टिस्ट का नेशनल अवॉर्ड मिला था। इससे जुड़ा एक किस्सा उन्होंने अपनी ऑटोबायोग्राफी 'खुल्लम खुल्ला' में बताते हुए कहा था, 'जब मैं मुंबई लौटा तो मेरे पिता ने उस अवॉर्ड के साथ मुझे अपने दादा जी पृथ्वीराज कपूर के पास भेजा। मेरे दादा जी ने वो मेडल अपने हाथ में लिया और उनकी आंखें भर आईं। उन्होंने मेरे माथे को चूमा और कहा, 'राज ने मेरा कर्जा उतार दिया। फिल्म 'मेरा नाम जोकर' से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा है। जब राज कपूर ने ऋषि कपूर को फिल्म 'मेरा नाम जोकर' में अपने बचपन का रोल दिया तो वे स्कूल में पढ़ा करते थे। फिल्म में काम करने के दौरान ऋषि स्कूल नहीं जा पाते थे और ये बात उनके टीचर्स को बिल्कुल पसंद नहीं थी।आखिर एक दिन ऐसा आया जब स्कूलवालों ने ऋषि कपूर को स्कूल से निकाल दिया। जब ये



**पुण्यतिथि 30 अप्रैल के अवसर पर**

बात राज कपूर को पता चली तो उन्होंने काफी मशक्कत के बाद स्कूल में फिर से ऋषि कपूर का एडमिशन करवाया।

फिल्म मेरा नाम जाकर भारतीय सिनेमा इतिहास में मील का पत्थर मानी जाती है लेकिन उन दिनों फिल्म बॉक्स ऑफिस पर नकार दी गयी थी। इस फिल्म को पूरा करने में काफी समय लगा था। बताया जाता है कि राज कपूर को अपनी पत्नी के गहने भी बेचने पड़े थे। राजकपूर पर काफी कर्ज हो गया था।राज कपूर ने कर्ज से बाहर निकलने के लिये कम बजट की फिल्म बॉबी बनाने का निर्णय लिया। टीनएज प्रेम कथा पर आधारित वर्ष 1973 में प्रदर्शित फिल्म बॉबी के लिये राजकपूर ने अपने बेटे ऋषि कपूर और 16 साल की डिंपल कपाड़िया को चुना था।

# भारतीय सिनेमा के जनक थे दादा साहब फाल्के

**मुंबई,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। वर्ष 1910 में मुंबई में फिल्म द लाइफ ऑफ क्राइस्ट के प्रदर्शन के दौरान दर्शकों में एक ऐसा शख्स था जिसे अपने जीवन का लक्ष्य मिल गया। दो महीने में उसने शहर में प्रदर्शित सारी फिल्में देख डाली और तय कर लिया वह फिल्में ही बनाएगा। यह शख्स और कोई नहीं भारतीय सिनेमा के जनक दादा साहब फाल्के थे। दादा साहब फाल्के का असली नाम धुंधिराज गोविंद फाल्के था। उनका जन्म महाराष्ट्र के नासिक के निकट त्रयंबकेश्वर में 30 अप्रैल 1870 को हुआ था। उनके पिता दाजी शास्त्री फाल्के संस्कृत के विद्वान थे। कुछ वक्त बाद बेहतर जिंदगी की तलाश में उनका परिवार मुंबई आ गया।बचपन के दिनों से ही दादा साहब फाल्के की रूझान कला की ओर थी और वे इसी क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते थे। वर्ष 1885 में उन्होंने जेजे कॉलेज ऑफ आर्ट में दाखिला लिया। उन्होंने बड़ौदा के मशहूर कलाभवन में भी कला की शिक्षा हासिल की। इसके बाद उन्होंने नाटक कंपनी में चित्रकार के रूप में काम किया। 1903 में वे पुरातत्व विभाग में फोटोग्राफर के तौर पर काम करने लगे। कुछ समय बाद दादा साहब फाल्के का मन फोटोग्राफी में नहीं लगा और उन्होंने निश्चय किया कि वे बतौर फिल्मकार अपना करियर बनाएंगे। अपने इसी सपने को साकार करने के लिए 1912 में वे अपने दोस्त से पैसे लेकर लंदन चले गए। लगभग दो सप्ताह तक लंदन में फिल्म निर्माण की बारीकियां सीखीं और फिल्म निर्माण से जुड़े उपकरण खरीदने के बाद मुंबई लौट आये।

मुंबई आने के बाद दादा साहब फाल्के ने 'फाल्के फिल्म कंपनी' की स्थापना की और उसके बैनर तले राजा हरिश्चंद्र नाम की फिल्म बनाने का निश्चय किया. वे इसके लिए फाइनेंसर की तलाश में जुट गए। इस दौरान उनकी मुलाकात फोटोग्राफी उपकरण के डीलर यशवंत नाडकर्णी से हुई, जो दादा साहब फाल्के से काफी प्रभावित हुए और उन्होंने उनकी फिल्म का फाइनेंसर बनना स्वीकार कर लिया।फिल्म निर्माण के क्रम में दादा साहब फाल्के को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। वे चाहते थे कि फिल्म में अभिनेत्री का किरदार कोई महिला ही निभाए, लेकिन उन दिनों महिलाओं का फिल्मों में काम करना बुरी बात समझी जाती थी। उन्होंने रेड लाइट एरिया में भी खोजबीन की लेकिन कोई भी महिला फिल्म में काम करने को तैयार नहीं हुई। बाद में उनकी खोज एक रेस्तरां में बावर्ची का काम करने वाले व्यक्ति सालुंके पर जाकर पूरी हुई।



**बचपन से ही कला की ओर था रुझान**

दादा साहब फाल्के भारतीय दर्शकों को अपनी फिल्म के जरिए कुछ नया देना चाहते थे। वे फिल्म निर्माण में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते थे। इसलिये फिल्म में निर्देशन के अलावा उसके लेखन, छायांकन, संपादन, चित्रांकन की सारी जिम्मेदारी उन्होंने अपने ऊपर ले ली। यहां तक कि फिल्म के वितरण का काम भी उन्होंने ही किया। फिल्म के निर्माण के दौरान दादा साहब फाल्के की पत्नी ने उनकी काफी सहायता की। इस दौरान वह फिल्म में काम करने वाले लगभग 500 लोगों के लिए खुद खाना बनातीं और उनके कपड़े धोती थी। फिल्म के निर्माण में लगभग 15,000 रूपये लगे, जो उन दिनों काफी बड़ी रकम हुआ करती थी। आखिरकार वह दिन आ ही गया जब फिल्म का प्रदर्शन होना था। तीन मई 1913 को मुंबई के कोरनेशन सिनेमा हॉल में यह फिल्म पहली बार दिखाई गयी। लगभग 40 मिनट की इस फिल्म को दर्शकों का अपार समर्थन मिला। फिल्म टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुई।

फिल्म राजा हरिश्चंद्र की अपार सफलता के बाद दादा साहब फाल्के नासिक आ गए और फिल्म मोहिनी भस्मासुर का निर्माण करने लगे। फिल्म के निर्माण में लगभग तीन महीने लगे। मोहिनी भस्मासुर फिल्म जगत के इतिहास में काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसी फिल्म से दुर्गा गोखले और कमला गोखले जैसी अभिनेत्रियों को भारतीय फिल्म जगत की पहली महिला अभिनेत्री बनने का गौरव प्राप्त हुआ। यह फिल्म लगभग 3245 फीट लंबी थी जिसमें उन्होंने पहली बार ट्रिक फोटोग्राफी का प्रयोग किया।

दादा साहब फाल्के की अगली फिल्म सत्यवान सावित्री 1914 में प्रदर्शित हुई।फिल्म सत्यवान सावित्री की सफलता के बाद दादा साहब फाल्के की ख्याति पूरे देश में फैल गयी और दर्शक उनकी फिल्म देखने के लिए इंतजार करने लगे। वह अपनी फिल्म हिंदुस्तान के हर दर्शक को दिखाने चाहते थे, इसलिए उन्होंने निश्चय किया कि वे अपनी फिल्म के लगभग 20 प्रिंट अवश्य तैयार करेंगे जिससे फिल्म ज्यादा दर्शकों को दिखायी जा सके।

रायपुर, गुरूवार 1 मई 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## राहुल से नहीं आतंकवाद से लड़ें

देश के किसी भी दुश्मन से लड़ने का काम, चाहे वह सेना हो या आतंकवादी, सरकार और सेना का होता है। लेकिन देश की सत्ता पर काबिज भाजपा पहलगाम में हुए हमले के जिम्मेदार आतंकियों के साथ लड़ने की बजाय कांग्रेस एवं लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी से लड़ रही है। देश भर में भाजपा ने पूरे देश में मुस्लिमों के खिलाफ़ एक तरह से अभियान छेड़कर भारत का एक विभाजित समाज के रूप में परिचय देने का काम किया है, वहीं राहुल पर हमला कर उसने यह भी संदेश दिया है कि देश में राजनीतिक एकता भी नहीं है। लाजिमी है कि इसका लाभ दुश्मन देश को ही मिलेगा। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को चाहिये कि उसे अपनी इस क्षुद्र लड़ाई को बाद के लिये छोड़ देनी चाहिये। फिलहाल यह देश की सामाजिक व राजनीतिक ऐका दिखाने का वक्त है, न कि यह संदेश देने का कि सियासी दलों को आपसी सिर-फुटौव्वल से लड़ने से ही फुरसत नहीं है।

लम्बे समय के बाद राहुल गांधी मंगलवार व बुधवार को अमेठी तथा रायबरेली लोकसभा क्षेत्रों के दौरे पर पहुंचे थे। उनके आने के पहले दोनों जगहों पर उनके खिलाफ़ पोस्टर लगाये गये जिनमें उन्हें 'आतंकियों का साथी' बताया गया तो किसी में उन्हें जातिवाद के आधार पर देश को तोड़ने वाला करार दिया गया। कुछ पोस्टरों में कांग्रेस पर आतंकियों व पाकिस्तान की भाषा बोलने का आरोप लगाया गया है। एक भाजपायी नेता ने अपनी तस्वीर के साथ इस आशय के पोस्टर लगाये कि राहुल व कांग्रेस जातिवाद के आधार पर देश को तोड़ेगी तो भाजपा राष्ट्रवाद के आधार पर जोड़ेगी। भाजपा से इसलिये उम्मीद लगानी स्वाभाविक है क्योंकि केन्द्र सरकार का नेतृत्व वही करती है। इस नाते उसे इस मसले पर गम्भीर होने की ज़रूरत है, लेकिन जिस प्रकार से इस समय देश के अलग-अलग हिस्सों में मुसलमानों के साथ मारपीट व दुर्व्यवहार हो रहा है, राहुल के साथ उसका सलूक वैसा ही गैर जिम्मेदाराना है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष तथा सांसद अखिलेश यादव के साथ भी कुछ कुछ ऐसी ही बदसलूकी कर रही है क्योंकि सपा के साथ बड़ी तादाद में मुसलमान हैं तथा भाजपा उनके खिलाफ है।

देश के अनेक राज्यों से मुसलमानों को धमकियां देने, उनके साथ मारपीट करने, कश्मीरी छात्रों को शहर छोड़कर जाने की धमकियां देने तथा एक-दो हत्याओं से लगता है कि उग्र राष्ट्रवाद को इन सबसे संतोष नहीं मिल रहा है। सो आलोचना की तोप राहुल की तरफ़ मोड़ दी गयी है। जातिवाद के जरिये राहुल-कांग्रेस पर देश को तोड़ने का आरोप दरअसल उनकी जातिगत जनगणना की मांग से जुड़ा है। हालांकि बुधवार को हुई केबिनेट बैठक में सरकार ने फैसला लिया है कि वह जातिगत जनगणना कराएगी। मगर अपनी बौखलाहट में राहुल पर आक्रमण करती भाजपा को भूलना नहीं चाहिये कि राहुल व कांग्रेस परिवार के दो लोगों की हत्याएं आतंकवादियों ने ही की हैं।

भाजपा के जो लोग इस पोस्टर वॉर का हिस्सा हैं वे अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन दे रहे हैं, वे इस बात को भी भूलते हैं कि विपक्षी नेताओं में सबसे पहले राहुल तथा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ऐलान किया था कि वे सरकार के साथ पूरी तरह से खड़े हैं और सरकार जो भी निर्णय लेगी, वे उसका समर्थन करेंगे। राहुल ने ही सबसे पहले कश्मीर का दौरा किया और साफ किया कि चाहे जो चूक हुई हों, वे सरकार से अभी कोई सवाल नहीं करेंगे। इसके बरक्स प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रवैये से निराशा हुई है। सऊदी अरब का दौरा छोड़कर लौटे मोदी से उम्मीद थी कि वे तुरन्त कश्मीर जायेंगे। उनसे यह भी अपेक्षा थी कि वे सर्वदलीय बैठक का नेतृत्व करेंगे। आश्चर्य ही नहीं यह दुख की बात है कि उन्होंने बैठक में भाग लेने की बजाय बिहार की रैली में जाना उचित समझा जहां इस वर्ष के अंत में विधानसभा चुनाव होने जा रहा है। इतना ही नहीं, कार्यक्रम के मंच पर उनके तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की हंसी-ठिठोली करते वीडियो सामने आये थे जो इस बात को साबित करने के लिये काफी हैं कि उन्होंने इस घटना को कितने हल्के में लिया है। अलबत्ता, उन्होंने मृतकों के प्रति संवेदना स्वरूप सभी से कुछ पलों का मौन धारण कराया था।

जनता को यह भी उम्मीद थी; और अब भी है कि वे संसद के दोनों सदनों का कम से कम एक दिन का विशेष सत्र बुलायें जिसमें वे सरकार के कदमों की देश को जानकारी दें। उन्हें देशवासियों को आश्वस्त करना चाहिये कि आईंदा ऐसी दुखद घटनाएं न हों उसके लिये सरकार पुख्ता कदम उठायेगी। राष्ट्र के नाम टीवी पर वे संदेश तो दे ही सकते थे, लेकिन उन्होंने इस विषय के लिये हर माह के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाले अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को चुना। एक ओर तो सरकार अपने कर्तव्यों से पूरी तरह से सायास विमुख रही है तो वहीं दूसरी ओर विपक्ष, खासकर राहुल जिम्मेदार नेता की तरह बर्ताव कर रहे हैं। ऐसे में उन पर हमला तर्कसंगत नहीं है।

# राजनैतिक हिसाब-किताब फिर कभी, अभी एकजुटता दिखाने की जरूरत

**दुनियादारी**

■ **सर्वमित्रा सुरजन**

उत्तराखंड के मसूरी में कश्मीरी शॉल बेचने वाले दो लोगों के साथ मारपीट कर उन्हें चले जाने कहा गया, इस घटना का वीडियो बनाया गया, जिसमें पीड़ितों के साथ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस घटना के बाद कम से कम 16 कश्मीरी शॉल विक्रेता मसूरी छोड़ कर चले गए, जबकि वे बरसों से यहां थे।....

'ये विश्व पाकिस्तान का नहीं है। पाकिस्तान के एजेंट इसी चौराहे पर खड़े होकर सुन रहे हैं। मैं कहना चाहता हूं कि 'अब तुम भोपाल में हंगामा करके दिखाओ। आरिफ मसूद, चोर और उसके साथी जो हमारे धर्म का विरोध करते हैं, उन्हें हम नहीं छोड़ेंगेज् यहीं पर निपट लेंगे।'... ये बयान मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा कार्यसमिति के सदस्य कृष्णा घाडगे ने दिया। जिन आरिफ मसूद का जिक्र उन्होंने किया, वे कांग्रेस के विधायक हैं। हालांकि श्री घाडगे का कहना है कि उनकी रैली पाकिस्तान के खिलाफ थी और मसूद के फैन क्लब ने उनके बारे में झूठी शिकायत दर्ज कराई है।...

मंगलुरु में एक क्रिकेट मैच के दौरान 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के कथित नारे लगाने पर 25 से अधिक लोगों के एक समूह ने एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी...। 27 अप्रैल को दिन के करीब 3 बजे यह घटना हुई, जिसमें भीड़ लाठियों से पीड़ित को पीटती रही और उसे मार डाला गया...।

प.बंगाल में एक शहर में व्यस्त मार्ग पर पाकिस्तान के झंडे का स्टीकर चिपकाया गया, ताकि राहगीरों के पैर उस पर पड़ते रहे...कुछ जगहों पर पाकिस्तनी झंडे को जलाने की कोशिश भी की गई...।

अलीगढ़ में सड़क पर पाकिस्तान का झंडा पड़ा देख 9वीं कक्षा के एक छात्र ने उसे हटाने के लिए उठाया, इस पर वहां मौजूद हिंदूवादी संगठन के कुछ कार्यकर्ताओं ने छात्र को पकड़ लिया, छात्र पर आरोप लगे कि वो झंडे की 'हिफाजत' कर रहा है, उसने रोते हुए माफी मांगी और कहा कि वो ऐसा कुछ नहीं कर रहा था, लेकिन उस छात्र को आतंकवादी कहते हुए उससे पाकिस्तान के झंडे पर कील ठुकवाई गई और फिर पेशाब भी करवाई गई। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी बनाया गया है।...

उपरोक्त तमाम दृष्टांत 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद के हैं, जिसमें पाकिस्तान से बदला लेने को तत्पर देशभक्त नागरिक अपने ही साथी नागरिकों को प्रताड़ित कर रहे हैं। इस प्रताड़ना का सबसे बड़ा आधार यही है कि पीड़ित व्यक्ति मुस्लिम है। देश में अल्पसंख्यकों पर इस किस्म के अत्याचार पहली बार नहीं हुए हैं। लेकिन ऐसी घटनाओं का बार-बार होना और खासकर संवेदनशील वक्त में इनकी आवृत्ति बढ़ना न केवल देश की एकता के लिए खतरनाक है, बल्कि इस लिहाज़ से भी चिंताजनक है कि हम किस कदर कुंठाग्रस्त और हिंसक मनोवृत्ति वाले समाज में तब्दील हो चुके हैं। एक निर्वाचित विधायक से लेकर 9वीं कक्षा के छात्र तक किसी को भी हिंसा का डर दिखाया जा रहा है, तो क्या ये सभ्य समाज की निशानी मानी जाएगी। 9वीं कक्षा के छात्र से पाक झंडे पर पेशाब करवा कर और उसका वीडियो बनाकर क्या देशभक्ति का सबूत जुटाया जा रहा है। वह किशोर बच्चा इस मानसिक यंत्रणा के बाद क्या लंबे वक्त तक सामान्य हो पाएगा। चंद उन्मादी लोगों ने उसे जीवन भर का दाग दे दिया है, जिसे न जाने कैसे मिटाया जा सकेगा।

पाकिस्तान के झंडे को कुचलकर या उसे उठाने वाले को सजा देकर या कश्मीर में हुए आतंकी हमले का बदला कश्मीरी लोगों पर उतारकर हम अपने मानसिक दिवालिएपन का नमूना दुनिया के सामने पेश कर रहे हैं, ये बात इस समय उग्र राष्ट्रवाद से ग्रस्त लोगों को समझ नहीं आएगी, और जब तक आएगी, तब तक शायद देर हो चुकी होगी।

> **अब भाजपा नेतृत्व को भी अपने नेताओं, कार्यकर्ताओं को ऐसे ही निर्देश देने चाहिए। राजनैतिक हिसाब-किताब के लिए काफी वक्त मिल जाएगा, लेकिन ये समय देश के लिए एकजुट होकर खड़े रहने का है। समाज के बाकी तबकों को भी इस पर विचार करना चाहिए कि नफरत और हिंसा की घटनाओं को आखिर कैसे रोका जा सकता है।**

इन घटनाओं के बीच एक घटना का वीडियो और सामने आया है, जिसमें दिल्ली के एक भाजपा नेता के घर एसी सर्विस करने आए दो लोगों को केवल इसलिए लौटा दिया गया क्योंकि वे मुसलमान हैं। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि घर के दरवाजे पर खड़े दो व्यक्तियों से कहा जा रहा है कि तुम चले जाओ हम मुसलमानों से काम नहीं कराते, अपनी कंपनी से कहो किसी हिंदू को भेजें।

पहले भी कई गिग वर्कर्स के साथ धर्म के आधार पर ऐसा अपमानजनक व्यवहार हो चुका है, लेकिन अब अपमान करने के साथ-साथ उनका वीडियो बनाकर डालना समाज में यह संदेश फैलाने की कोशिश करना है कि यह देश अल्पसंख्यकों का नहीं है और अगर उन्हें यहां रहना है तो इसी तरह डर कर, अपमानित होकर रहना पड़ेगा। यह कोई अच्छी स्थिति नहीं है। मगर अपनी राजनीतिक जमीन पुख्ता करने के लिए शायद यही अच्छी स्थिति है। कुछ और दृष्टांत देखिए-

पहलगाम हमले के फौरन बाद महाराष्ट्र में भाजपा विधायक नीतेश राणे ने कहा है कि हिंदुओं को कुछ भी खरीदने से पहले दुकानदार का धर्म पूछना चाहिए और उसे हनुमान चालीसा पढ़ने कहना चाहिए। वहीं केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने इस हमले में खुफिया एजेंसियों की नाकामी और सरकार की विफलता को लेकर उठते सवालों के बीच कहा कि जब तक 140 करोड़ भारतवासी देशभक्ति और राष्ट्रवाद को अपना परम धर्म मानते नहीं हैं, तब तक इस तरह की घटनाएं देश को परेशान करती रहेंगी।

यह बड़ा ही निराशाजनक बयान था, जिसमें देश की जनता को ही ऐसी घटना का कसूरवार ठहरा दिया गया। जब नरेन्द्र मोदी बार-बार इन 140 करोड़ लोगों को अपना परिवार बताते हैं, तो क्या वे राष्ट्रद्रोहियों को अपना भाई-बंधु बता रहे हैं, यह बात श्री गोयल को स्पष्ट करनी चाहिए। वैसे दुख की बात है कि भाजपा ने पहले नेहरू-गांधी जैसे स्वाधीनता सेनानियों का अपमान किया, विपक्ष की आवाज़ को दबाया, संविधान को बदलने की कोशिश की, अंबेडकर के नाम लेने को फैशन बताया, सुप्रीम कोर्ट पर पक्षपात का आरोप लगाया, मुख्य न्यायाधीश को गृहयुद्ध भड़काने वाला बताया और अब उस आम जनता को ही कटघरे में खड़ा कर दिया, जो सारी तकलीफें सहते हुए, चुपचाप अपना काम करती है, ताकि देश आगे बढ़े, टैक्स भरती है ताकि राजकोष भरे, नियमों-कानूनों का पालन करती है, ताकि देश में अराजकता न फैले, ये सब देशभक्ति और राष्ट्रवाद नहीं है तो फिर और क्या है। लेकिन भाजपा के नेता अब भी देशभक्ति और राष्ट्रवाद के अपने पैमाने पर 140 करोड़ लोगों की देशभक्ति को परख रहे हैं। अफसोस की बात ये है कि इनके पैमाने में देश के लिए शहीद हुए लोगों के लिए भी सम्मानजनक स्थान नहीं है। अन्यथा आज राहुल गांधी, सोनिया गांधी या प्रियंका गांधी की देशभक्ति पर सवाल नहीं किए जाते।

मंगलवार को राहुल गांधी रायबरेली के दौरे पर थे और बुधवार को वे अमेठी पहुंचे, इस दौरान अज्ञात लोगों ने उनके खिलाफ पोस्टर लगाए, एक में लिखा आतंक का साथी, राहुल गांधी। एक अन्य पोस्टर में राहुल, कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला और महाराष्ट्र के नेता विजय वडेट्टीवार की फोटो के साथ लिखा - इंडी गठबंधन का हाथ पाकिस्तान के साथ। तीसरे पोस्टर में गुलाम नबी आजाद, लश्कर आतंकी हाफिज सईद और सैफुद्दीन सोज की फोटो लगी थी, इसमें लिखा था- कांग्रेस आतंकियों और पाकिस्तान की भाषा बोल रही है। क्या राहुल और उनकी पार्टी पाकिस्तान और आतंकवादियों का एजेंडा आगे बढ़ा रही ?

उप्र पुलिस ने इन पोस्टरों को उतार लिया है, लेकिन सोचने वाली बात है कि जिन राहुल गांधी ने अपने पिता और दादी को आतंकवाद के कारण ही खोया है, जो देश के नेता प्रतिपक्ष हैं, उन पर इस तरह के इल्जाम क्यों लगाए जा रहे हैं। इसी तरह प्रियंका गांधी का दोसा बनाते एक वीडियो शेयर करते हुए एक भाजपा समर्थक ने लिखा, जिस तरह देश को जलाया, उसी तरह दोसा जला रही हैं।

भाजपा नेता संबित पात्रा ने राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन के खिलाफ दिए एक लंबे-चौड़े बयान में कहा कि यह इंडी गठबंधन नहीं है, यह रावलपिंडी गठबंधन है। आज से हम इन्हें इंडी गठबंधन नहीं कहेंगे, हम इन्हें 'पिंडी' गठबंधन कहेंगे। राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के अन्य नेता पाकिस्तानी मीडिया के हीरो हैं। मुझे लगता है कि वह दिन दूर नहीं जब इस 'पिंडी' गठबंधन के लोग पाकिस्तान में चुनाव लड़ेंगे।

गौर करने की बात यह है कि विपक्ष पर सारे इल्जाम उस वक्त लगाए जा रहे हैं, जब सर्वदलीय बैठक में समूचे विपक्ष ने सरकार को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में साथ देने का ऐलान किया है। हालांकि कांग्रेस के ट्विटर हैंडल पर नरेन्द्र मोदी को निशाने पर लेते हुए कुछ ट्वीट किए गए, जिन पर भाजपा ने आपत्ति जाहिर की, तो कांग्रेस ने उन्हें हटा लिया साथ ही के सी वेणुगोपाल ने सख्त निर्देश दिए हैं कि कांग्रेस कार्यसमिति में लिए फैसले के आधार पर पार्टी लाइन पर ही बयान दिए जाएं और कोई भी आपत्तिजनक ट्वीट न किया जाए। अब भाजपा नेतृत्व को भी अपने नेताओं, कार्यकर्ताओं को ऐसे ही निर्देश देने चाहिए। राजनैतिक हिसाब-किताब के लिए काफी वक्त मिल जाएगा, लेकिन ये समय देश के लिए एकजुट होकर खड़े रहने का है। समाज के बाकी तबकों को भी इस पर विचार करना चाहिए कि नफरत और हिंसा की घटनाओं को आखिर कैसे रोका जा सकता है। पुलिस-प्रशासन मामले दर्ज कर सकती है, लेकिन आम लोगों में सौहार्द्र और सद्भाव कायम रहे, यह काम घरों, शिक्षा संस्थानों, कार्यालयों से होना चाहिए।

# क्या मोदी पाकिस्तान के खिलाफ अमेरिका की दोस्ती का इस्तेमाल कर सकते हैं?

■ **नित्य चक्रवर्ती**

संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रम्प ने 29 अप्रैल, मंगलवार को अपने दूसरे गैर-लगातार कार्यकाल में अपने पहले 100 दिन पूरे कर लिए हैं, जबकि उनकी अव्यवस्थित नीतियों के कारण वैश्विक अव्यवस्था जारी है। एकतरफा टैरिफ वृद्धि, गाजा में शांति स्थापित करने में विफलता, इजरायल द्वारा हत्याओं का सिलसिला भी जारी है और अमेरिकी अर्थव्यवस्था अभी भी ट्रम्प के खुद के कदमों से वैश्विक अर्थव्यवस्था में आयी उथल-पुथल के साथ तालमेल नहीं बिठा पाई है।

ट्रम्प प्रशासन के पहले 100 दिनों में टैरिफ नीति के कार्यान्वयन की प्रक्रिया में कई उतार-चढ़ाव देखे गये। दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार युद्ध में चीन के साथ अपनी लड़ाई में ट्रंप ने पहले कदम बढ़ाया है, लेकिन अभी तक चीन ने आधिकारिक तौर पर वार्ता के लिए प्रतिनिधि नहीं भेजे हैं। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के प्रति ट्रंप का रुख अब नरम है। ट्रंप के सलाहकारों को उम्मीद है कि जुलाई के पहले सप्ताह में समाप्त होने वाली 90-दिवसीय विराम अवधि के दौरान अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता के लिए पचास से अधिक देशों की सहमति मिल जायेगी। अब तक कुल 180 व्यापार भागीदारों में से 21 देश व्यापार शर्तों पर बातचीत करने के लिए सहमत हो गये हैं।

अमेरिकी लोग ट्रंप के आखिरी 100 दिनों को किस तरह देख रहे हैं? न्यूयॉर्क, सैन फ्रांसिस्को और शिकागो सहित अमेरिका के प्रमुख शहरों में ट्रंप की मगानीतियों और अंधाधुंध निर्वासन के खिलाफ बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए। खास बात यह थी कि विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी की इतने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शनों में कोई भूमिका नहीं थी। ट्रेड यूनियनों और महिला संगठनों सहित विभिन्न हित समूहों ने इसमें अग्रणी भूमिका निभायी।

> **भारत के लिए, सबसे तात्कालिक मुद्दा यह है कि अगर पीएम नरेंद्र मोदी 22 अप्रैल को ट्रम्प के 100 दिन पूरे होने से ठीक सात दिन पहले हुए पहलगाम नरसंहार पर जवाबी कार्रवाई के रूप में पाकिस्तान के खिलाफ गंभीर सैन्य कार्रवाई करते हैं, तो ट्रम्प क्या निर्णय लेंगे। यह भारत के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि, सभी देशों ने पहलगाम नरसंहार की कड़ी निंदा की है।**

ट्रंप के लिए बेचैन करने वाला पहलू यह है कि हाल के जनमत सर्वेक्षणों में ट्रंप की स्वीकृति रेटिंग 39 से 44 प्रतिशत के बीच दर्ज की गयी, जो अमेरिकी विश्लेषकों के अनुसार, 100 दिन पूरे होने के बाद अन्य राष्ट्रपतियों की तुलना में सबसे कम थी। जो बाइडेन 54 प्रतिशत और बराक ओबामा 62 प्रतिशत पर थे। 100 दिनों के बाद उनकी रेटिंग में यह गिरावट बढ़ सकती है, अगर वे इस साल जुलाई के बाद अपनी व्यापार कूटनीति में सफलता प्राप्त कर सकें और अमेरिकी लोगों और व्यापारिक साझेदारों को यह साबित कर सकें कि अमेरिका के समर्थन के बिना कोई भी देश वैश्विक व्यापार में समृद्ध नहीं हो सकता।

अमेरिकी लोगों ने यह भी देखा है कि वे एकमात्र राष्ट्रपति हैं जिन्होंने गाजा और यूक्रेन में युद्धविराम लाने का काम तुरंत शुरू किया। यह एक नाजुक और समय लेने वाली प्रक्रिया है, लेकिन ट्रम्प युद्धविराम की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए रूसी और यूक्रेन के राष्ट्रपतियों को एक शिखर सम्मेलन में लाने की कोशिश कर रहे हैं। ट्रम्प 9 मई को मास्को में विजय दिवस समारोह में भाग लेने वाले हैं। ट्रम्प और पुतिन दोनों यूक्रेन में युद्ध को समाप्त करने के बारे में अधिक बात कर सकते हैं, जबकि यूरोपीय संघ के सदस्य राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की को रूस के खिलाफ युद्ध जारी रखने के लिए उकसा रहे हैं।

यूरोप के संबंध में, ट्रम्प ने यूरोपीय संघ के सदस्यों को पूरी तरह से अलग-थलग कर दिया है। हंगरी को छोड़कर, उनका कोई समर्थक नहीं है। लेकिन इस साल 20 जनवरी को अपने शपथ ग्रहण के बाद से ही यूरोपीय देशों, खास तौर पर फ्रांस और जर्मनी के खिलाफ उनके हमलों ने उन देशों में दक्षिणपंथी पार्टियों की मदद नहीं की है। जर्मनी में ट्रंप का अभियान विफल रहा और फिलहाल जर्मन राष्ट्रवाद की जीत हुई। 28 अप्रैल को केनडा में राष्ट्रीय चुनाव हुए, जिसमें मार्क कार्नी के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी की बड़ी जीत देखी गयी, जो वर्तमान प्रधानमंत्री हैं।

भारत के लिए, सबसे तात्कालिक मुद्दा यह है कि अगर पीएम नरेंद्र मोदी 22 अप्रैल को ट्रम्प के 100 दिन पूरे होने से ठीक सात दिन पहले हुए पहलगाम नरसंहार पर जवाबी कार्रवाई के रूप में पाकिस्तान के खिलाफ गंभीर सैन्य कार्रवाई करते हैं, तो ट्रम्प क्या निर्णय लेंगे। यह भारत के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि, सभी देशों ने पहलगाम नरसंहार की कड़ी निंदा की है और भारत को समर्थन दिया है, लेकिन उन्होंने भारत के इस दावे का समर्थन करते हुए कुछ भी नहीं कहा है कि इसके पीछे पाकिस्तान का हाथ था।

22 अप्रैल को ही, ट्रम्प और अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे. डी. वांस, जो उस दुर्भाग्यपूर्ण दिन भारत में थे, ने सहानुभूतिपूर्वक भारत का समर्थन किया। इसे यहां के सरकारी अधिकारियों द्वारा भारतीय स्थिति के लिए एक तरह से स्पष्ट समर्थन के रूप में लिया गया। लेकिन बाद में ट्रंप ने अपना रुख बदलकर तटस्थ रुख अपनाया जब उन्होंने कहा कि- सीमा पर हमेशा तनाव रहा है, लेकिन दोनों देश इसे सुलझा लेंगे। अमेरिकी खुफिया प्रमुख तुलसी गबार्ड की टिप्पणी अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा- 'अमेरिका भारत के साथ खड़ा है क्योंकि वह जघन्य पहलगाम हमले के लिए जिम्मेदार लोगों का पता लगा रहा है।'

मौलिक बात यह है कि वर्तमान वैश्विक स्थिति में ट्रंप भारत और पाकिस्तान के बीच एक और युद्ध नहीं चाहेंगे, चाहे अमेरिकी राष्ट्रपति की अपने प्रिय मित्र नरेंद्र मोदी के प्रति व्यक्तिगत पसंद कुछ भी हो। लेकिन निश्चित रूप से, भारत अमेरिका को पाकिस्तान सरकार पर आतंकी शिविरों को नष्ट करने और भारत के खिलाफ पाकिस्तान से संचालित होने वाले आतंकवादियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने के लिए जबरदस्त दबाव डालने के लिए राजी कर सकता है। भारतीय खुफिया एजेंसियों के पास ऐसे आतंकी शिविरों की सूची होगी। सीआईए के पास भी होगी। ट्रंप और तुलसी गबार्ड दोनों के साथ अच्छे संबंधों का उपयोग भारत के लिए तत्काल उपलब्ध विकल्प है।

पाकिस्तान पहलगाम नरसंहार की जांच के लिए एक अंतरराष्ट्रीय जांच स्थापित करने की मांग कर रहा है। चीन और कुछ अन्य देशों ने इसका समर्थन किया है। स्पष्ट कारणों से, भारत इस पर सहमत नहीं हो सकता क्योंकि इससे कश्मीर की स्थिति को अंतरराष्ट्रीय बनाने में मदद मिलेगी। आतंकी शिविरों को नष्ट करने की सीमित कार्रवाई को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, या तो अमेरिका द्वारा की गयी कार्रवाई के द्वारा, या अमेरिकी समर्थन के साथ भारतीय बलों द्वारा। ट्रंप एक लेन-देनवादी हैं। वह भारत को समर्थन के लिए अमेरिकी व्यापार के लिए कुछ बड़े सौदे की तलाश कर सकते हैं, जैसा कि उन्होंने यूक्रेन के खनिज संसाधनों के बारे में राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की के साथ किया था।

किसी भी मामले में, भारत के पास बहुत कम विकल्प हैं। मोदी शासन के पिछले ग्यारह वर्षों में, विदेश नीति को अमेरिका को एकमात्र मित्र के रूप में विकसित करने के लिए तैयार किया गया है। रूस इस समय अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता में नाराज है, रक्षा आयात के कई क्षेत्रों में रूस की जगह ली जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा पिछले साल 22 अक्टूबर को कज़ान में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को भारत आने का निमंत्रण दिये जाने के छह महीने बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई तिथि तय नहीं की गयी है। चीन अब भारत के साथ अपने संबंधों को बेहतर बनाने में दिलचस्पी रखता है। लेकिन उसके विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ने 28 अप्रैल को पाकिस्तान की संप्रभुता की रक्षा में उसका समर्थन करने की बात कही। प्रधानमंत्री और उनके सलाहकारों को अमेरिका के समर्थन और चीन की सहनशीलता के साथ पाकिस्तान पर पलटवार करने के लिए सबसे अच्छे विकल्प की तलाश करनी होगी। ट्रंप के कार्यकाल के सौ दिन पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी यह साबित करने का मौका मिलेगा कि पाकिस्तान द्वारा समर्थित सीमा पार आतंकवाद की चुनौती का सामना करने में इस दोस्ती का प्रभावी ढंग से इस्तेमाल कैसे किया जा सकता है।

## आपके पत्र

### राष्ट्रहित में संयम की पुकार है

यह नारा उस समय और अधिक सार्थक हो उठता है जब एक निर्दोष पर्यटक, अपनी पत्नी के साथ छुट्टियां मनाने गया हो और आतंक की गोली का शिकार हो जाए। पहलगाम की ताज़ा घटना, जिसमें एक हिंदू युवक को टारगेट कर आतंकवादियों ने गोली मार दी, सिर्फ एक हत्या नहीं, बल्कि भारत की आत्मा पर हमला है। और ऐसे समय में यह कहना—'प्रश्न पूछने के अवसर भी आएंगे'—कोरी बचाव की भाषा नहीं, बल्कि राष्ट्रहित में संयम की पुकार है।

पहलगाम की घटना- घृणा का एकतरफा निशाना। जम्मू-कश्मीर का पहलगाम, जहां का प्राकृतिक सौंदर्य लोगों को आकर्षित करता है, अब आतंक का नया निशाना बन गया है। इस बार किसी सैनिक को नहीं, किसी पुलिसकर्मी को नहीं, बल्कि एक आम हिंदू नागरिक को निशाना बनाया गया—जो अपनी पत्नी के साथ पर्यटक बनकर वहां गया था। आतंकियों ने स्पष्ट धार्मिक पहचान देखकर हमला किया। यह हमला दो स्पष्ट संदेश देता है। पहला यह कि- पाकिस्तान-समर्थित आतंकी अब भी भारत में धार्मिक विभाजन फैलाने पर आमादा हैं। दूसरा यह कि उनका उद्देश्य केवल कश्मीर को अस्थिर करना नहीं, बल्कि पूरे भारत में डर और नफ़रत का माहौल बनाना है।

इस हमले की जिम्मेदारी लेने वाले संगठनों की जड़ें पाकिस्तान की धरती में हैं। चाहे वो लश्कर-ए-तैयबा हो, या टीआरएफ जैसे नए नाम वाले पुराने चेहरे—इनकी फंडिंग, ट्रेनिंग और संरक्षण सब पाकिस्तान से आते हैं। ये आतंकवादी संगठन अब न सिर्फ कश्मीर को चोट पहुंचा रहे हैं, बल्कि पूरे भारत की धार्मिक एकता और पर्यटक स्थलों की शांति को भी लक्ष्य बना रहे हैं। जब भारत आक्रोशित होता है, तो यह आक्रोश केवल सैनिक कार्रवाई तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह आम भारतीय के भीतर भी जागता है—जो अपने देश के सम्मान और सुरक्षा को सर्वोपरि मानता है।

सवाल बनाम एकता: वक्त का तकाज़ा-लेकिन इस समय कुछ लोग, खासकर बौद्धिक तबके के कुछ हिस्से और राजनीति के एक विशेष वर्ग से जुड़े लोग, इस घटना को 'कश्मीर में असंतोष' कहकर आतंकियों को परोक्ष वैचारिक समर्थन देने लगते हैं। कुछ मीडिया संस्थान इसे एक सामान्य अपराध बताकर इसकी धार्मिक प्रकृति को छुपाने की कोशिश करते हैं। ये वही लोग हैं जो हर बार आतंक के हमलों को या तो साजिश बताकर नजरअंदाज करते हैं या फिर 'भूल जाओ, आगे बढ़ो' जैसे शब्दों में लपेट देते हैं। लेकिन इस बार मामला सिर्फ एक व्यक्ति की मृत्यु का नहीं, बल्कि भारत की आत्मा की चीख है, जिसे चुपचाप सह लेना नैतिक अपराध होगा।

हमारी ज़िम्मेदारी- वीरता सिर्फ सीमा पर नहीं होती। यह समझना ज़रूरी है कि देशभक्ति केवल वर्दी में नहीं, विचार में भी होती है। जब कश्मीर में एक हिंदू नागरिक को सिर्फ इसलिए मारा जाए क्योंकि वह हिंदू है, और तब भी देश के भीतर कुछ लोग चुप रहें, या मुद्दे से ध्यान भटकाएं, तो यह नैतिक पराजय होती है। वह वीरता क्या काम की, जो बंदूक थामे बिना चुपचाप अत्याचार को सहन करे? क्या लेखकों, कलाकारों, विचारकों और नागरिकों की कोई ज़िम्मेदारी नहीं? क्या हम सिर्फ ट्रेंडिंग हैशटैग तक सीमित रह गए हैं?

**डॉ सत्यवान सौरभ**



## ललित सुरजन की कलम से

### चुनावों में बदजुबानी

*'यदि भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार अपने विरोधियों पर विष बुझे तीर छोड़ रहे हैं तो कांग्रेस, सपा, बसपा, आप आदि के नुमाइंदे भी अपनी वाणी पर संयम नहीं रख पा रहे हैं। ऐसा लगता है मानो चुनकर संसद में जाने के पहले ही सारा हिसाब-किताब बराबर कर लेंगे। ऐसा नहीं कि प्रत्याशीगण ऐसा आचरण भावावेश में कर रहे हों बल्कि अनुमान होता है कि वे अच्छी तरह से जानबूझकर ही अशिष्ट और अनर्गल भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। इसमें उन्हें दो तरह से फायदा दिखाई देता है। एक तो उन्हें लगता है कि इससे मतदाताओं पर अनुकूल प्रभाव पड़ेगा और वे उनकी बहादुरी के कायल हो जाएंगे और दूसरे कि इससे मीडिया में उनका नाम बिना खास मेहनत किए सुर्खियों में आ जाएगा। तीसरे यह भी संभव है कि इसके लिए उन्हें दल के बड़े नेताओं से सराहना मिलती हो।'*

*'यह जो परिस्थिति उत्पन्न हुई है इसकी कुछ जिम्मेदारी चुनाव आयोग को भी स्वीकार करना चाहिए। वह इसलिए कि आम चुनाव की प्रक्रिया बहुत लंबी खिंच गई है। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है किंतु व्यक्ति केन्द्रित हो जाने से उसका दुष्प्रभाव कुछ अधिक गहरा गया है।'*

**( देशबन्धु में 24 अप्रैल 2014 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2014/04/blog-post_23.html

## पावन प्रसंग

### अपना काम स्वयं करें

अपना काम स्वयं करने से व्यक्ति हमेशा चेतन,सक्रिय और ऊर्जावान बना रहता है। शारीरिक और मानसिक श्रम करने से शरीर और मन, दोनों स्वस्थ रहते हैं और व्यक्ति में आलस्य-प्रमाद जैसे दोष भी नहीं पनपते। अपना काम स्वयं करने से स्वास्थ्य लाभ के अलावा अपने हर काम को सही तरीके से और समय पर पूरा कर पाने का लाभ भी मिलता है। हमारे व्यक्तित्व में निखार आता है। दूसरों के भरोसे रहने से काम के पूर्णरूपेण होने और समय पर सम्पन्न होने में संदेह भी होता है जिससे हमें अनावश्यक तनाव और चिंता होती है और फलस्वरूप हम शारीरिक-मानसिक रूप से अस्वस्थ भी रहते हैं। अपना काम स्वयं करने से हर कदम पर अपने काम का मूल्यांकन भी कर सकते हैं, गलत को सही करते हैं और अच्छे परिणाम पाते हैं। अपना काम स्वयं करने, समय पर करने और पूर्णरुपेण करने से हमें हमारे काम में सफलता भी मिलती है।हर छोटे-छोटे काम के लिए दूसरों पर आश्रित रहने और दूसरों की सेवा सहायता पाने की ताक में रहने से न सिर्फ हमारा काम खराब होता है,बल्कि हमें आत्मग्लानि भी होती है।ऐसी सोच हमें परावलंबी, पराश्रित, परजीवी, पंगु बनाकर हमें अपने आत्मस्वाभिमान, आत्मगौरव से भी वंचित करती है। हां,यदि असक्त हैं, बीमार हैं. मजबूर हैं, संकट में हैं तो किसी की सहायता लेने में कोई हर्ज नहीं। ऐसी स्थिति में सहायता लेनी भी चाहिए और दूसरों को सहायता देनी भी चाहिए। परंतु दूसरों के भरोसे रहने की आदत कोई भली आदत बिलकुल नहीं है।

हम यदि स्वस्थ हैं तो हमें अपना काम स्वयं करने की आदत डालनी चाहिए और इसकी शुरुआत अपने घर से ही करनी चाहिए। जेसे अपने घर की सफाई, बगीचे के पौधों में स्वयं पानी सींचना आदि स्वावलंबी, आत्मनिर्भर व्यक्ति ही स्वयं के साथ- साथ परिवार, समाज व राष्ट्र के काम आता है और स्वयं को गौरवान्वित करने के साथ-साथ, परिवार, समाज और राष्ट्र को भी गौरवान्वित करता है। अपना काम स्वयं करने से हमारा आत्मविश्वास बढ़ता है। आजकल देखा जाता है कि अपना काम स्वयं न करके दूसरों से कराने को ही सम्मान की बात मानी जाती है। इसी सोच ने व्यक्ति को आलसी, प्रमादी, निकम्मा बना दिया है। परमात्मा ने हमें मनुष्य शरीर दिया है। हमें सभी प्राणियों से श्रेष्ठ और बुद्धिमान बनाया है और परमात्मा ने ये सारे अनुदान, अनुग्रह हमें परावलंबी,पंगु बनने के लिए तो नहीं दिया है। हमें सर्वसमर्थ बनाया है ताकि हम हर कर्म को कुशलतापूर्वक कर हर क्षेत्रों में सफलता पाएं और स्वयं के साथ-साथ दूसरों को भी सुखी बनाए। जिन्हें जीवन में सुखी, सफल, समृद्ध व सानंद होना है, उन्हें अपना काम स्वयं करने की आदत अविलंब, आज और अभी से ही आरंभ कर देना चाहिए।

**-अखंड ज्योति**

# देश विदेश

## जापान में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय चीनी भाषा दिवस, सांस्कृतिक सेतु बनाने पर जोर

**बीजिंग।** 2025 का 'अंतर्राष्ट्रीय चीनी भाषा दिवस' समारोह जापान स्थित चीनी दूतावास में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 170 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें जापानी विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों के प्रतिनिधि, चीनी भाषा के प्रेमी और चीन-जापान मैत्री समर्थक शामिल थे। कार्यक्रम में जापानी शिक्षकों और छात्रों ने चीनी भाषा से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। यामानाशी गाकुइन विश्वविद्यालय के एक छात्र ने कहा कि भाषा सिर्फ संचार का जरिया नहीं, बल्कि लोगों के दिलों को जोड़ने वाला पुल भी है। उन्होंने बताया कि चीनी सीखने से न केवल एक नई भाषा मिली।

# रावलपिंडी में इलाज के लिए भटक रहे मरीज, सरकारी डॉक्टर्स की हड़ताल जारी

- **ओपीडी सेवाएं ठप हो जाने के चलते तीनों अस्पतालों में मरीजों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा**



**रावलपिंडी,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। रावलपिंडी में तीन प्रमुख सरकारी अस्पतालों में चल रही डॉक्टर्स की हड़ताल से हजारों मरीजों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। पंजाब सरकार की सार्वजनिक अस्पतालों को आउटसोर्स करने की योजना के विरोध में यंग डॉक्टर्स एसोसिएशन (वाईडीए) पिछले सप्ताह से हड़ताल पर है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, प्रदर्शनकारी डॉक्टर्स ने वाईडीए पंजाब के आह्वान पर तीन अस्पतालों में बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) सेवाओं का बहिष्कार किया। इनमें होली फैमिली अस्पताल (एचएफएच), बेनजीर भुट्टो अस्पताल (बीबीएच) और रावलपिंडी टीचिंग अस्पताल (आरटीएच) राजा बाजार शामिल हैं। ओपीडी सेवाएं ठप हो जाने के चलते तीनों अस्पतालों में मरीजों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। पाकिस्तानी अखबार 'डॉन' ने सूत्रों के हवाले से बताया कि संभागीय प्रशासन के अधिकारियों ने अस्पतालों का दौरा किया। हालांकि कथित तौर पर ओपीडी में सेवाएं फिर से शुरू करने के लिए यंग डॉक्टर्स एसोसिएशन (वाईडीए) को मनाने के लिए कुछ नहीं किया। रावलपिंडी टीचिंग अस्पताल के मरीजों ने हड़ताल की आलोचना करते हुए कहा कि सरकार अपने दावों के बावजूद बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने में नाकाम रही। उन्होंने कहा कि डॉक्टर अक्सर हर महीने हड़ताल पर जाते हैं। बीबीएच के एक मरीज रियाज खान ने कहा कि ज्यादातर गरीब लोग इलाज के लिए सरकारी अस्पतालों में आते हैं, लेकिन यहां कोई सुविधा नहीं है। 'डॉन' से बात करते हुए वाईडीए बीबीएच के अध्यक्ष आरिफ अजीज ने कहा कि रावलपिंडी के तीन प्रमुख शिक्षण अस्पतालों में वाईडीए की ओपीडी हड़ताल का नौवां दिन था, लेकिन न तो संभागीय प्रशासन और न ही अस्पताल प्रशासन ने उनसे संपर्क किया।

## सिंध छह नहर परियोजना का विरोध कर रहे वकीलों ने धरना किया समाप्त

**कराची।** पाकिस्तान ने खैरपुर में बाबरलोई बाईपास पर 12 दिनों के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग खोल दिया गया है, जिससे लंबे समय से फंसे ट्रकों को गुजरने की अनुमति मिल गई है। इससे पहले सिंध में छह नहर परियोजना का विरोध कर रहे वकीलों ने सरकार के साथ सफल वार्ता के बाद अपना धरना समाप्त कर दिया है। 'डॉन' की रिपोर्ट के अनुसार बाईपास पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कराची बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आमिर नवाज वरैच और सिंध हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सरफराज अली मेटलो ने कहा कि संघीय सरकार से आश्वासन मिलने और उनकी चिंताओं को दूर करने के लिए एक आधिकारिक अधिसूचना जारी होने के बाद धरना समाप्त करने का निर्णय लिया गया। ऑल सिंध लॉयर्स एक्शन कमेटी के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन में सैकड़ों वकीलों और कार्यकर्ताओं ने विभिन्न शहरों में धरना दिया और प्रस्तावित परियोजना को रोकने की मांग की। पाकिस्तान की संघीय सरकार द्वारा प्रस्तावित छह नहर परियोजना बड़े विवाद का विषय बन गई थी, क्योंकि आलोचकों ने तर्क दिया था कि इस परियोजना से प्रांत की पहले से ही दुर्लभ जल आपूर्ति और भी कम हो जाएगी।

## दक्षिण कोरिया : राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के लिए 1 मई को इस्तीफा दे सकते हैं कार्यवाहक राष्ट्रपति

**सोल,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया के कार्यवाहक राष्ट्रपति हान डक-सू गुरुवार को इस्तीफा दे सकते हैं और उसके अगले दिन राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपनी दावेदारी की घोषणा कर सकते हैं। सरकारी और राजनीतिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल को महाभियोग की वजह से पद छोड़ना पड़ा था। अब तीन जून को नए राष्ट्रपति का चुनाव होगा। उदारवादी डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ली जे-म्यांग को चुनौती देने के लिए हान रूढ़िवादियों के पसंदीदा बताए जा रहे हैं। सरकार और पूर्व सत्तारूढ़ गुट के सूत्रों ने बुधवार को बताया कि गुरुवार दोपहर को हान का इस्तीफा हो सकता है, क्योंकि सुबह के समय उनके सार्वजनिक कार्यक्रम निर्धारित हैं। राष्ट्रपति पद के लिए उनकी दावेदारी की औपचारिक घोषणा शुक्रवार को होने की उम्मीद है।



- **अब तीन जून को नए राष्ट्रपति का चुनाव होगा**

कथित तौर पर इस्तीफे की घोषणा के साथ राष्ट्र के नाम एक संदेश भी होगा, जिसमें वह राष्ट्रीय एकता हासिल करने, प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक खेमों के बीच चरम टकराव को रोकने के लिए अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत करेंगे। हान की उम्मीदवारी से निश्चित रूप से रूढ़िवादी पीपुल्स पावर पार्टी (पीपीपी) के साथ विलय की बातचीत शुरू हो जाएगी, जिसके राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार का चयन शनिवार को किया जाएगा। दोनों अंतिम दावेदार – पूर्व पीपीपी नेता हान डोंग-हून और पूर्व श्रम मंत्री किम मून-सू – ने कार्यवाहक राष्ट्रपति के साथ उम्मीदवारी के विलय लिए खुलापन जाहिर किया है।

## सुडोकू 6899

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 1 | | 5 | | |
| 4 | | | | | 3 | | 2 | 9 |
| 5 | | 9 | | | | | | |
| 2 | | | | 7 | | | | |
| 9 | 1 | | | | | | 6 | 3 |
| | | | | 6 | | | | 8 |
| | | | | | | 6 | | 7 |
| 7 | 3 | | 6 | | | | | 2 |
| | | 8 | | 5 | | | 3 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

- **बेजान दारूवाला**

ग्रह स्थिति : गुरूवार 1 मई, 2025 बैशाख शुक्ल पक्ष 3

### राशिफल

मेष - विचारों में गतिशीलता से आज दुविधा का अनुभव होगा। जिससे किसी एक निर्णय पर नहीं आ सकेंगे। आज का दिन आप के लिये नौकरी धंधे के क्षेत्र में स्पर्धा युक्त रहेगा और आप उसमें से बाहर आने की कोशिश करते रहेंगे।

वृषभ - आज आपका दुविधापूर्ण व्यवहार आप को मुश्किल में डाल सकता है। अपने जिद्दी स्वभाव को आज त्याग दें नहीं तो किसी के साथ चर्चा और विवाद में माहौल गर्म होने की आशंका बनी रहेगी।

मिथुन - आज का दिन लाभदायक साबित होने की आशा रख सकते हैं। सुबह से ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव होगा। मित्रों तथा सगे-संबंधियों के साथ मिलकर उत्तम भोजन का आनंद लेंगे।

कर्क - आज आप मन में खिन्नता और भय का अनुभव करेंगे। परिवार में मतभेद होने से पारिवारिक वातावरण तनावपूर्ण रहेगा। मन में किसी बात की दुविधा रहेगी। आप मानसिक रूप से बेचैन रहेंगे।

सिंह - आज आपको विविध लाभ मिलने की संभावना है। ऐसे समय में मन की कमजोरी आपको लाभ से वंचित न कर दें, इसका ख्याल रखना पड़ेगा। मित्र-मंडल, स्त्री वर्ग और बुजुर्गों से लाभ होगा।

कन्या - नए काम शुरू करने के लिए आपकी योजनाओं को अमल में लाएं। व्यापार में लाभ होगा। बकाया पैसों की वसूली हो सकेगी। नौकरीपेशा वालों की पदोन्नति की संभावनाएं हैं। पिता से लाभ होगा।

तुला - आज आप नए काम के शुरुआत की कोशिश करेंगे। बौद्धिक कामों और साहित्य लेखन में सक्रिय रहेंगे। तीर्थ यात्रा पर जाने का अवसर मिलेगा। आपके सहकर्मियों का सहयोग नहीं मिलेगा। संतान की चिंता सताएगी।

वृश्चिक - आज का दिन बिना किसी प्रवृत्ति के सावधानीपूर्वक व्यतीत करना पड़ेगा। नए काम शुरू न करें। आवेश और अनैतिक आचरण आपको कठिनाई में डाल सकते हैं। समय से भोजन नहीं मिलेगा।

धनु - आपका आज का दिन सुख- शांति में व्यतीत होगा। मित्रों के साथ दिन अच्छा गुजरेगा। स्वादिष्ट भोजन तथा नए कपड़े प्राप्त होंगे। किसी खास व्यक्ति के साथ मुलाकात रोमांचक रहेगी। आज आपके विचार स्थिर नहीं रहेंगे।

मकर - आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। यश, कीर्ति मिलेगी। आनंद की प्राप्ति होगी। परिजनों के साथ आनंदपूर्वक समय व्यतीत होगा। व्यापार के विकास के लिए दिन फलदायक साबित होगा। धन लाभ का योग है।


कुंभ - वैचारिक रूप से काफी चिंतित रहने के कारण कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय नहीं लेना ही हितकर होगा। यात्रा-प्रवास में परेशानी हो सकती है। निर्धारित काम पूरा नहीं होने के कारण आपको काफी निराशा होगी। मन अशांत बनेगा।

मीन - आज ताजगी और स्फूर्ति का अभाव रहेगा। मां के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रिश्तेदारों तथा मित्रों के साथ वाद- विवाद हो सकता है। किसी भी तरह के दस्तावेजी काम के प्रति सावधानी बरतें।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# भारत के आक्रामक तेवर से परेशान पाकिस्तान ने गिलगित और स्कार्दू के लिए सभी उड़ानें की रद्द

- **विदेशी उड़ानों की भी कड़ी निगरानी शुरू की गई**
- **पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंचा**




**इस्लामाबाद,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तान ने पहलगाम हमले के बाद भारत के साथ बढ़ते तनाव के बीच बुधवार को गिलगित और स्कार्दू के लिए सभी घरेलू उड़ानें रद्द करने की घोषणा की। एक अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय हवाई क्षेत्र सुरक्षा प्रोटोकॉल की समीक्षा के बाद उत्तरी क्षेत्रों के लिए उड़ानें निलंबित करने का निर्णय लिया गया। एहतियात के तौर पर पाकिस्तान के उत्तरी क्षेत्रों के लिए अन्य सभी उड़ानें भी अस्थायी रूप से रोक दी गई। विदेशी उड़ानों की भी कड़ी निगरानी शुरू की गई। जानकारी के अनुसार, पाकिस्तान नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (सीएए) को सभी आने वाले विदेशी विमानों की जांच करने का निर्देश दिया गया। पाकिस्तान पहले ही भारतीय एयरलाइनों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर चुका है। इस संबंध में, एक नोटिस फॉर एयरमेन (एनओटीएएमएन) जारी किया गया, जिसमें भारतीय एयरलाइनों को पाकिस्तान के आसमान से शुरू में एक महीने के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया। सहित भारतीय एयरलाइनों को पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र का उपयोग करने से प्रतिबंधित किया गया। प्रतिबंध भारतीय सैन्य और वीआईपी विमानों की आवाजाही पर भी लागू हैं। आतंकियों ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर में एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल – पहलगाम स्थित बैसरन घाटी में लोगों (ज्यादातर पर्यटक) पर अंधाधुंध गोलियां चला दी थीं। हमले में कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। नई दिल्ली ने इस्लामबाद के खिलाफ कई सख्त कूटनीतिक और रणनीतिक कदम उठाए। इनमें 1960 के सिंधु जल समझौते को तुरंत प्रभाव से निलंबित करने, अटारी इंटिग्रेटेड चेक पोस्ट को बंद करने, पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा सेवाओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने, जैसे कई कदम उठाए। भारत के इन फैसलों के बाद पाकिस्तान ने शिमला समझौते को स्थगित करने और भारतीय उड़ानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को बंद करने जैसे कुछ फैसले लिए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### बीएड सहायक शिक्षकों का ...

करेगा, बल्कि उन्हें रोजगार के नये अवसर प्रदान करेगा। इससे छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय स्तर पर तकनीकी शिक्षा के मानचित्र में एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में उभरेगा। मंत्रिपरिषद ने रेगहा, बटाई, लीज और डुबान क्षेत्र पर खेती करने वाले किसानों के हित में बड़ा निर्णय लिया है। छत्तीसगढ़ सरकार की कृषक उन्नति योजना का लाभ अब उक्त श्रेणी के किसानों को भी मिलेगा। मंत्रिपरिषद ने बैठक में ''कृषक उन्नति योजना'' के दिशा-निर्देशों में संशोधन करते हुए इसका लाभ प्रदेश के ऐसे उक्त समस्त कृषक जिनसे खरीफ मौसम में सहकारी समिति एवं छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषक विकास निगम लिमिटेड के माध्यम से धान/धान बीज का उपार्जन किया गया हो, उन्हें आदान सहायता राशि दिए जाने का निर्णय लिया है।

बैठक में सीधी भर्ती 2023 में नियुक्ति उपरांत सेवा समाप्त किये गये 2621 बी.एड. अर्हताधारी सहायक शिक्षकों के हित में महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए उनको अंतर्विभागीय समिति की अनुशंसा अनुसार सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) के पद पर समायोजन करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग को अधिकृत किया गया है।

अंतर्विभागीय समिति की अनुशंसा अनुसार हटाये गए बी.एड अर्हताधारी 2621 सहायक शिक्षकों को सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) के राज्य में रिक्त 4,422 पदों में समायोजित किया जाएगा। समायोजन गैर विज्ञापित पदों पर किया जाएगा। कला/विज्ञान संकाय से 12वीं उत्तीर्ण सहायक शिक्षकों को निर्धारित अर्हता (12वीं गणित/विज्ञान) पूर्ण करने हेतु 3 वर्ष की अनुमति दी जाएगी साथ ही इन अभ्यर्थियों को प्रयोगशाला कार्य के संबंध में एस.सी.ई.आर.टी. के माध्यम से दो माह का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। अन्य पिछड़ा वर्ग के शेष 355 अभ्यर्थियों के लिए सांख्येत्तर पदों का सृजन किया जाएगा। समायोजन के लिए जिलों की प्राथमिकता में पहले राज्य के अनुसूचित क्षेत्र के जिलों के रिक्त पदों में उसके पश्चात सीमावर्ती जिलों के रिक्त पदों पर तत्पश्चात अन्य जिलों में समायोजन किया जाएगा।

### सीएए के तहत पा सकेंगे ...

सुखदेव, 45 दिन के विज़िटर वीज़ा पर रायपुर के शदाणी दरबार पहुँचे हैं। उनके साथ उनके परिवार सहित कुल 24 लोगों का समूह भी है। सुखदेव ने बताया कि वे आतंकी हमलों और अत्याचारों से परेशान होकर भारत पहुँचे हैं और रायपुर में शरण की उम्मीद कर रहे हैं। हालांकि, आने के बाद बीते 48 घंटों में उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि इससे पहले लगभग 100 अन्य पाकिस्तानी हिंदू भी रायपुर पहुँच चुके हैं, जिन्होंने भारत में स्थायी निवास की माँग की है, ताकि वे सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जी सकें।

पाकिस्तानी नागरिकों पर बढ़ी चिंता- 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद देश में रह रहे कुछ पाकिस्तानी नागरिकों को डिपोर्ट करने की कार्रवाई शुरू हुई है। इस पृष्ठभूमि में छत्तीसगढ़ में रह रहे पाकिस्तानी हिंदुओं को लेकर स्थिति को स्पष्ट करना आवश्यक हो गया था। गृहमंत्री विजय शर्मा के इस बयान से राज्य के अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय को बड़ी राहत मिली है, जो वर्षों से भारत में स्थायी रूप से बसने की उम्मीद लगाए हुए हैं। छत्तीसगढ़ में रह रहे ऐसे कई परिवार वर्षों से नागरिकता न मिलने की वजह से नौकरी, शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं और सरकारी योजनाओं से वंचित रहे हैं। ष्ट्र के तहत उन्हें कानूनी मान्यता मिलने से उनके जीवन में स्थिरता और अधिकारों की प्राप्ति संभव हो सकेगी। नागरिकता संशोधन अधिनियम (ष्ट्र) के तहत पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से भारत आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता देने का प्रावधान है, बशर्ते वे 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत आ गए हों और उन्हें वहां धार्मिक आधार पर उत्पीड़न का सामना करना पड़ा हो।

### दशमेश बिल्डर्स के दफ्तर पहुंची ...

मामले में 4 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार-भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत भूमि अधिग्रहण में हुई गड़बड़ी के मामले में आर्थिक अपराध अन्वेषण विभाग (ईओडब्ल्यू) ने 26 अप्रैल को बड़ी कार्रवाई करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में हरमीत खनूजा, उमा तिवारी, केदार तिवारी और विजय जैन शामिल हैं। इन आरोपियों को एसीबी/ईओडब्ल्यू की विशेष कोर्ट में पेश किया गया था, जहां कोर्ट ने ईओडब्ल्यू की मांग पर चारों को 6 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा है। फिलहाल ष्टक्चईओडब्ल्यू इन चारों से हिरासत में पूछताछ कर रही है।

क्या है भारतमाला परियोजना का मुआवजा घोटाला?

छत्तीसगढ़ में भारतमाला परियोजना के तहत राजधानी रायपुर से विशाखपट्टनम तक 950 कि.मी। सड़क निर्माण किया जा रहा है। इस परियोजना में रायपुर से विशाखापटनम तक फोरलेन सड़क और दुर्ग से आरंग तक सिक्स लेन सड़क बनना प्रस्तावित है। इस सड़क के निर्माण के लिए सरकार ने कई किसानों की जमीनें अधिग्रहित की हैं। इसके एवज में उन्हें मुआवजा दिया जाना है, लेकिन कई किसानों को अब भी मुआवजा नहीं मिल सका है। विधानसभा बजट सत्र 2025 के दूसरे दिन नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने इस मुद्दे को उठाया था, जिसके बाद इस मामले में जांच का फैसला लिया गया।

220 करोड़ रुपये से अधिक का घोटाला- बता दें, शुरुआती जांच में यह सामने आया था कि कुछ सरकारी अधिकारियों, भू-माफियाओं और प्रभावशाली लोगों ने मिलीभगत कर फर्जी तरीके से लगभग 43 करोड़ रुपए की मुआवजा राशि हासिल की थी। वहीं मामले की विस्तृत जांच में यह आंकड़ा बढ़कर 220 करोड़ रुपये से अधिक तक पहुंच गया है। अब तक लगभग 164 करोड़ रुपये के संदिग्ध लेन-देन का रिकॉर्ड जांच एजेंसी को मिल चुका है।

दिल्ली से दबाव के बाद खुला मामला-बताया जाता है कि कमोबेश 300 करोड़ रुपए के इस घोटाले का खुलासा दिल्ली से दबाव पड़ने के बाद हुआ। मुआवजे के तौर पर 248 करोड़ रुपए देने के बाद 78 करोड़ के और क्लेम सामने आने पर नेशनल हाईवे अथारिटी के चीफ विजिलेंस आफिसर ने रायपुर कलेक्टर से इसकी जांच कराने कहा था। लेकिन जांच सालों तक अटकी रही। दिल्ली से पड़े दबाव के बाद कलेक्टर ने जांच रिपोर्ट तैयार की, जिसमें यह बात स्पष्ट हुई कि मूल मुआवजा 35 करोड़ के आसपास बनता था, जिसे 213 करोड़ रुपए ज्यादा कर बांट दिया गया।

भूमि अधिग्रहण नियम-भूमि अधिग्रहण नियम 2013 के तहत हितग्राही से यदि 5 लाख कीमत की जमीन ली जाती है, तो उस कीमत के अलावा उतनी ही राशि यानी 5 लाख रुपए सोलेशियम के रूप में भी दी जाएगी। इस तरह उसे उस जमीन का मुआवजा 10 लाख दिया जाएगा।

इसके तहत 5 लाख की यदि जमीन अधिग्रहित की जाती है तो उसके 10 लाख रुपए मिलेंगे और 10 लाख रुपए सोलेशियम होगा। इस तरह हितग्राही को उसी जमीन के 20 लाख रुपए मिलेंगे।

### दिए गए मुआवजे का ...

के अलावा जितने प्रोजेक्ट्स के तहत मुआवजा दिया गया है सभी का प्रकाशन किया जाएगा। रायपुर और धमतरी जिले में 2019 से लेकर अब तक की जानकारी संकलित करने के आदेश दिए गए थे।

### आतंकी शिविरों को ...

जमीन से जमीन पर मार करने वाले मिसाइलों का इस्तेमाल तो है ही कमांडो रेड भी शामिल हैं। हालांकि सेनाधिकारियों का विचार है कि सबसे पहले भारत को बिना एलओसी को लांघे टेर्ऊनंग कैम्पों को तबाह करने की कोशिश करनी होगी जिसके लिए मिसाइलों तथा बोफोर्स तोपों का इस्तेमाल ही सबसे बेहतर माना जा रहा है।

यही नहीं, मिसाइलों तथा बोफोर्स तोपों के बाद कमांडो रेड तथा हवाई हमलों के विकल्प को भी खुला रखा गया है।

## आज का इतिहास

1840- ब्रिटेन ने पहला आधिकारिक डाक टिकट जारी किया।
1886- अमेरिका के शिकागो में कामगारों के लिए काम के घंटे तय करने को लेकर हड़ताल, मजदूर दिवस मनाने की शुरुआत।
1897- स्वामी विवेकानंद ने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की।
1908- प्रफुल्ल चाकी ने मुजफ्फरपुर बम कांड को अंजाम देने के बाद खुद को गोली मारी।
1913- बॉलीवुड अभिनेता बलराज साहनी का जन्म हुआ।
1914- कार निर्माता फोर्ड वह पहली कंपनी बनी जिसने अपने कर्मचारियों के लिए आठ घंटे काम करने का नियम लागू किया।
1923- भारत में मई दिवस मनाने की शुरुआत।
1956- जोनसा साल्क द्वारा विकसित पोलियो वैक्सीन जनता के लिए उपलब्ध कराई गई। ॉ
1960- महाराष्ट्र और गुजरात अलग अलग राज्य बने।
1972- देश की कोयला खदानों का राष्ट्रीयकरण।
2009- स्वीडन ने समलैंगिक विवाह को मंजूरी दी।
2011- अमेरिका पर 2001 के हमले के मास्टरमाइंड ओसामा बिन लादेन के पाकिस्तान के ऐबटाबाद में मारे जाने की पुष्टि।
2021- प्रख्यात सितार वादक देबू चौधरी का निधन हुआ।

## वर्ग पहेली 6899

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | |
| | ■ | ८ | ९ | | | | ■ | | ■ |
| ■ | १० | ■ | | ■ | ■ | ■ | ११ | ■ | १२ |
| १३ | | | | ■ | १४ | ■ | १५ | | |
| ■ | | ■ | १६ | | | | ■ | ■ | |
| १७ | | | ■ | ■ | | ■ | १८ | १९ | |
| | ■ | ■ | २० | | | २१ | ■ | | ■ |
| २२ | | | | ■ | ■ | २३ | | | |

बायें से दायें:-
१. शोभा-सौंदर्य में वृद्धि होना
३. बाधा, विघ्न
५. सेहतमंद, सर्वोत्तम
६. सभ्यता, शिष्टता
७. परशुराम के पिता
८. नागरिक, नगरवासी
१३. वह यज्ञ जिसमें मनुष्यों की बलि दी जाती है
१५. भलमनसाहत
१६. स्वाद लेने योग्य
१७. यतीम
१८. अपरिमित, असीमित
२०. शासन (उर्दू)
२२. प्राणी, पशु (उर्दू)
२३. अधिकता, प्रचुरता

ऊपर से नीचे:-
१. सजस, नीचे
२. पथिकों को लूटने वाला
३. अप्रसन्न व्यक्ति
४. बारात
५. कल्याण, मुक्ति
९. भीम, बलराम
१०. खुद का, स्वयं का बनाया हुआ
११. अच्छा, मंगल
१२. दोषी, कसूरवार (उर्दू)
१४. आंख की पुतली
१६. बड़ी बहन
१९. विक्षिप्त, दीवाना (उर्दू)
२०. सरोवर
२१. ईश्वर

### वर्ग पहेली-6898

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ सि | फा | २ रि | श | ■ | ■ | ३ कि | स | ४ य | ल |
| या | ■ | या | ■ | ५ ह | म | ल | ■ | ल | ■ |
| ६ स | र | स | ■ | ल | ■ | ७ का | र्य | का | ल |
| त | ■ | ८ त | ९ र | फ | दा | री | ■ | र | ■ |
| ■ | १० वि | ■ | स | ■ | ■ | ■ | ११ खु | ■ | १२ वि |
| १३ भ | ला | बु | रा | ■ | १४ आ | ■ | १५ द | रिं | दा |
| ■ | य | ■ | १६ ज | ह | म | त | ■ | ■ | र |
| १७ अं | त | र | ■ | ■ | द | ■ | १८ से | १९ व | क |
| धे | ■ | ■ | २० द | र्श | नी | २१ य | ■ | च | ■ |
| २२ रा | ह | गी | र | ■ | ■ | २३ श | ब | न | म |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### छह महीने बाद धरती पर लौटे चीन के शेनझोउ 19 अंतरिक्ष यान के यात्री

**बीजिंग,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। चीन के तीन व्यक्तियों को लेकर गया शेनझोउ 19 अंतरिक्ष यान छह महीने अंतरिक्ष में रहने के बाद बुधवार को पृथ्वी पर वापस आ गया। चीन मानवयुक्त अंतरिक्ष एजेंसी (सीएमएसए ) ने देश के इनर मंगोलिया क्षेत्र में चालक दल के सुरक्षित उतरने के बाद मिशन को सफल घोषित किया। चीन के अंतरिक्ष अधिकारियों के अनुसार शेनझोउ 19 अंतरिक्ष यान अंतरिक्ष यात्री कै ज़ुझे, सोंग लिंगडोंग और वांग हाओज़े को लेकर मंगलवार (29 अप्रैल) को शाम 04 बजे तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन से अनडॉक किया गया। सीएमएसए ने कहा कि तीनों अंतरिक्ष यात्री 183 दिनों तक कक्षा में रहे और तीन अतिरिक्त गतिविधियां कीं, अंतरिक्ष स्टेशन के अंतरिक्ष मलबे संरक्षण उपकरण की स्थापना पूरी की और कई कार्गो अतिरिक्त मिशन पूरे किए। साउथ चाइना पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार सीएमएसए के अधिकारियों ने बताया कि अंतरिक्ष यात्रियों को एक दिन पहले ही वापस लौटना था, लेकिन तेज हवाओं के कारण मिशन की मूल साइट पर लैंडिंग में देरी हुई। एजेंसी ने कहा कि लैंडिंग को डोंगफेंग लैंडिंग साइट के पूर्वी हिस्से में ले जाया जाएगा, जहां मौसम संबंधी स्थितियां ठीक थीं।

# खेल जगत

## ऋतुराज की नियुक्ति ने मुझे सातवें आसमान पर पहुंचा दिया : कोच मोहन जाधव

**नई दिल्ली।** भारतीय बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ के बचपन के कोच मोहन जाधव को भरोसा था कि उनका शिष्य एक दिन चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी करेगा, लेकिन उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि यह इतनी जल्दी हो जाएगा। गायकवाड़ 2019 से फ्रेंचाइजी का हिस्सा हैं और महेंद्र सिंह धोनी के पद से हटने के बाद उन्हें 2024 के आईपीएल सीजन में सीएसके का कप्तान बनाया गया था। कप्तान के रूप में गायकवाड़ के पहले सीजन में, सीएसके 2024 आईपीएल प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने से चूक गई। चेन्नई की टीम ने अपने 14 मैचों के अभियान में सात जीत और हार दर्ज की, जिससे वे नेट रन रेट पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से नीचे पांचवें स्थान पर रहे। जाधव ने कहा कि जब गायकवाड़ को सीएसके का कप्तान बनाया गया तो वह सातवें आसमान पर थे- एक ऐसा क्षण जिसने उनके दिल को खुश कर दिया।



# मुंबई इंडियंस का विजय अभियान रोकने की कोशिश करेगा राजस्थान

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। हर ओर भारतीय क्रिकेट की नई सनसनी मात्र 14 बरस के अपने पहले 2025 आईपीएल में तीसरे ही मैच में मात्र 35 गेंदों में 11 छक्कों और सात चौकों की मदद से गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेलते हुए दुनिया की सबसे

■ सभी निगाहें उगते 'सूर्य' वैभव व सूर्य कुमार यादव पर

■ वैभव का होगा बुमराह,बोल्ट व चाहर के खिलाफ असल इम्तिहान

महंगी टी 20 क्रिकेट लीग के इतिहास में दूसरा सबसे तेज और भारतीय के रूप में सबसे तेज शतक जड़ने वाले बाएं हाथ के वैभव सूर्यवंशी के लगातार पांच हार के बाद अपनी राजस्थान रॉयल्स को शीर्ष पर चल रही गुजरात टाइटंस पर आठ विकेट से जीत दिलाने की चर्चा है। सचिन तेंदुलकर, युवराज सिंह और 360 डिग्री मुंबई इंडियंस के सूर्य कुमार यादव और टीम के मेंटोर सचिन तेंदुलकर, युवराज सिंह और पर्व हेड कोच रवि शास्त्री जैसे धुरंधर तक को 14 बरस के वैभव सूर्यवंशी ने राजस्थान रॉयल्स के लिए गुलाबी नगरी जयपुर में गुजरात टाइटंस के खिलाफ तूफानी शतक जड़ हर किसी को मुरीद बना लिया। आने वाले वाले समय में वैभव सूर्यवंशी कितनी जल्दी सीनियर भारतीय क्रिकेट टीम में जगह बनाएंगे यह भले ही भविष्य के गर्भ में लेकिन निर्विवाद रूप से यह जरूर कहा जा सकता है कि भारतीय क्रिकेट के नए सितारे का जन्म हो गया है। वैभव सूर्यवंशी और उनके बाएं हाथ के सलामी जोड़ीदार यशस्वी जायसवाल पर अब अपने दस में पिछले लगातार पांच व कुल छह मैच जीतने वाली मुंबई इंडियंस का विजय रथ रोक फिलहाल दस मैचों में सात हार और मात्र तीन जीत के साथ आठवें स्थान पर चल रही अपनी राजस्थान रॉयल्स को अपने घरेलू जयपुर के मैदान पर एक और कुल चौथी जीत के साथ उसकी प्लेऑफ की उम्मीदें जिंदा रखने का दारोमदार टिका है।दोनों टीमों के बीच पिछले पांच में अंतिम दो सहित राजस्थान रॉयल्स ने तीन और मुंबई इंडियंस ने मात्र दो मैच जीते हैं। राजस्थान रॉयल्स अब बृहस्पतिवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपना लगातार तीसरा मैच अपनी श्रेष्ठता साबित करने के मकसद से उतरेगी। वैभव सूर्यवंशी ने पहली बार आईपीएल में खेलते हुए पहली ही गेंद पर लखनऊ सुपर जायंटस के अनुभवी तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर की गेंद पर छक्का जड़ कर अपने करियर का आगाज किया था।



### हम आईपीएल में जरा भी ढील गवारा नहीं कर सकते : हार्दिक



'हमारे पास जो लय है हमने उसे ही लखनऊ सुपर जायंटस के खिलाफ मैच में आगे बढ़ाया और हर किसी ने योगदान किया। हर कोई मौके को भुनाता रहा। आखिर में हमने कुछ विकेट गंवाए। बॉश अर नमन ने आखिर में बढ़िया पारियां खेलीं। हमें मालूम था कि मैच कहां खत्म करना है और पूरी टीम गजब का खेली। अच्छी टीमें तभी बनती है जब हर कोई आगे आकर योगदान करता है। जहां तक मेरे मात्र एक ओवर फेंकने की बात है तो जब भी जरूरत होती है मैं गेंदबाजी करता हूं। जहां तक हमारी अब लगातार पांच जीत दर्ज करने की बात है तो मैं यह कहूंगा कि आईपीएल बेहद कड़ा टूर्नामेंट है और हम इसमें जरा भी ढील गवारा नहीं कर सकते। हमारी कोशिश हमेशा बढ़िया क्रिकेट खेलने की रहती है। हमारी निगाह हमेशा अगले मैच पर रहती है।

### आईपीएल में शतक जड़ना एक सपने जैसा है : वैभव



'मेरा आईपीएल में तीन पारियों में यह पहला शतक था। मै पिछले तीन महीने से जो मेहनत कर रहा था यह उसके नतीजा अब दिखने लगा है। मैं मैदान को नहीं देखता, मेरा ध्यान पर बस गेंद पर रहता है। यशस्वी के साथ बल्लेबाजी करने से मुझे आत्मविश्वास मिला क्योंकि वह बराबर सकारात्मक रहते हैं और मुझे सलाह देते हैं और इसलिए उनके साथ क्रीज पर बल्लेबाजी करना आसान होता है। आईपीएल में शतक जड़ना एक सपने जैसा है। मैं कतई नहीं डरता। जहां तक गेंदबाज के मुझे निशाना बनाने की बात है तो मैं इस बाबत कतई नहीं सोचा, मेरा ध्यान सिर्फ मेरी बल्लेबाजी पर रहता है।

# हमारा ध्यान अगला मैच जीतने पर है, टेबल के बारे में चिंता करने पर नहीं : राहुल द्रविड़

यह एक कड़ा टूर्नामेंट है, नीचे की टीमें शीर्ष पर रहने वाली टीमों को हरा सकती हैं : द्रविड़



**नई दिल्ली,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने जेन गोल्ड टैलेंट वैभव सूर्यवंशी, टीम की दीर्घकालिक रणनीति, प्ले-ऑफ में पहुंचने और मुंबई इंडियंस के खिलाफ महत्वपूर्ण मैच से पहले उनकी मानसिकता पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि हमारा ध्यान अगला मैच जीतने पर है टेबल के बारे में चिंता करने पर नहीं। स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम पर एक्सक्लूसिव बात करते हुए राहुल द्रविड़ ने राजस्थान रॉयल्स के प्ले-ऑफ में पहुंचने की संभावनाओं पर कहा कि यह एक कड़ा टूर्नामेंट है। नीचे की टीमें शीर्ष पर रहने वाली टीमों को हरा सकती हैं।

अंतर बहुत कम है। हम जानते हैं कि छह अंकों के साथ हम तालिका में नीचे हैं, लेकिन हम एक बार में एक गेम पर ध्यान दे रहे हैं। हमारा ध्यान अगला मैच जीतने पर है - तालिका के बारे में चिंता करने पर नहीं। द्रविड़ ने कहा कि भले ही हमने युवा भारतीय खिलाड़ियों को बनाए रखकर लंबी अवधि पर नजर रखी है, लेकिन हमने केवल भविष्य के बारे में सोचकर सीजन में प्रवेश नहीं किया। हमें विश्वास है कि हम इस साल जीत सकते हैं। परिणाम हमेशा हमारे पक्ष में नहीं रहे हैं, लेकिन हम अपनी दीर्घकालिक सोच को बहाने के रूप में इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं। हम प्रतिस्पर्धी रहे हैं, बस छोटे-छोटे पलों ने हमें नुकसान पहुंचाया है। हमने जिन खिलाड़ियों का समर्थन किया है, वे भविष्य के लिए हमारी दृष्टि का हिस्सा हैं, लेकिन वे अभी जीतने के लिए भी पर्याप्त हैं। द्रविड़ ने वैभव सूर्यवंशी के निडर रवैये पर टिप्पणी करते हुए कहा कि मेरे लिए, यह वास्तव में उनकी निडरता है और जिस तरह से वह किसी भी अवसर या अपने आस-पास के दबाव से विचलित नहीं होते हैं, वह वास्तव में कुछ खास है। आप आमतौर पर किसी इतने कम उम्र के खिलाड़ी में ऐसा नहीं देखते हैं। उनके पास शॉट्स की एक असाधारण रेंज भी है। उन्हें कड़ी मेहनत करते रहना होगा, अपने खेल को विकसित करना होगा और सुधार करना होगा। टीमें उनके खिलाफ होशियार हो जाएंगी और उन्हें उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ेगा - यही टी20 क्रिकेट की प्रकृति है। हमारी तरफ से, हम उन्हें सिर्फ उसी तरह खेलने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं जिस तरह से उन्हें मजा आता है - खेल को आगे बढ़ाएं और खुद को अभिव्यक्त करें। बेशक, वह गलतियां करेंगे और उनसे सीखेंगे, लेकिन अभी के लिए, हम चाहते हैं कि वह मजे करें और अनुभव को आत्मसात करें। टीम में युवा भारतीय प्रतिभाओं को शामिल करने के बारे में द्रविड़ ने कहा कि हमने अपनी कई बेहतरीन युवा भारतीय प्रतिभाओं को बरकरार रखा है- संजू सैमसन, रियान पराग, ध्रुव जुरेल और यशस्वी जायसवाल। इसका मतलब है कि हमें विदेशी खिलाड़ियों के साथ थोड़ा समझौता करना पड़ा और हमने शिमरॉन हेटमायर जैसे खिलाड़ी को फिनिशिंग रोल में बरकरार रखा, क्योंकि हमारे ज्यादातर भारतीय बल्लेबाज शीर्ष क्रम में खेलते हैं।

## भारतीय महिला हॉकी टीम की नजरें नए संयोजन आजमाने पर

**पर्थ,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया ए टीम के खिलाफ दो मैच खेलने के बाद अब भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ तीन दोस्ताना मैच खेलेगी। ये मैच पर्थ हॉकी स्टेडियम में 1 मई से शुरू होंगे। पहले दो मैचों में हार मिलने के बाद भारत अब बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगा। पहले मैच में भारत ने अच्छा खेल दिखाया लेकिन फिर भी 3-5 से हार गया। ऑस्ट्रेलिया ए ने पहले हाफ में ही चार गोल कर बढ़त बना ली। भारत ने वापसी की कोशिश की लेकिन पूरी तरह से मैच में नहीं लौट सका। भारत की तरफ से महीमा टेटे (27वें मिनट), नवनीत कौर (45वें मिनट) और लालरेम्सियामी (50वें मिनट) ने गोल किए। ऑस्ट्रेलिया ए के लिए नीसा फ्लिन (3'), ओलिविया डाउन्स (9'), रूबी हैरिस (11'), टेटम स्टीवर्ट (21') और केंड्रा फिट्ज़पैट्रिक (44') ने गोल किए। दूसरे मैच में भारत को बेहद करीबी मुकाबले में 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। इस बार भारत ने पहला गोल ज्योति सिंह (13वें मिनट) के जरिए किया। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ए ने तीन गोल कर बढ़त बना ली। भारत का दूसरा गोल सुनलीता टोप्पो (59वें मिनट) ने किया, लेकिन टीम समय रहते बराबरी नहीं कर सकी। अब भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया की मुख्य टीम के खिलाफ खेलेगी। भारतीय टीम में 26 खिलाड़ी हैं और टीम का नेतृत्व कप्तान सलीमा टेटे और उप-कप्तान नवनीत कौर कर रही हैं। पिछली बार जब दोनों टीमें एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 में भिड़ीं थीं, तब भारत ने 1-0 से जीत हासिल की थी। टीम फिर से वैसा ही प्रदर्शन दोहराना चाहेगी।



## मैच के दौरान रहाणे और अक्षर को लगी चोट

**नई दिल्ली,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। मंगलवार रात दिल्ली कैपिटल्स (डीसी ) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच हुए मैच में दोनों टीमों के कप्तानों अक्षर पटेल और अजिंक्य रहाणे को फील्डिंग के दौरान चोट लग गई। हालांकि अक्षर बाद में बल्लेबाजी के लिए आए और उनकी चोट कुछ अधिक गंभीर नहीं दिख रही, जबकि रहाणे के हाथ में पट्टी लगी रही और उसके बाद उनकी जगह सुनील नारायण ने कप्तानी की। ऐसा इसलिए भी हुआ क्योंकि केकेआर के उपकप्तान वेंकटेश अय्यर बल्लेबाजी पारी के बाद एकादश से बाहर हो गए थे और उनकी जगह इंपैक्ट सब के रूप में वैभव अरोड़ा मैच में आए थे।

अक्षर को यह चोट तब लगी, जब वह केकेआर की पारी के 18वें ओवर के दौरान मिडविकेट पर फील्डिंग कर रहे थे और रोवमन पॉवेल ने उनकी तरफ एक हिट मारा। इस शॉट को रोकने के लिए अक्षर ने फ़ुल डाइव लगाया, लेकिन उनका हाथ अभ्यास पिच पर रगड़ गया और वह दर्द से कराह उठे। इसके बाद फिजियो पैट्रिक फ़रहाट मैदान पर आए और अक्षर, उनके साथ ही मैदान से बाहर चले गए।

हालांकि दूसरी पारी में अक्षर बल्लेबाजी के लिए आए और 23 गेंदों में 43 रन बनाए। लेकिन इस दौरान वह दर्द में दिखे, जिसे मैच के बाद उन्होंने खुद स्वीकार किया। अक्षर ने कहा कि मेरी हथेली डाइव लगाने के दौरान प्रैक्टिस पिच पर रगड़ गई थी, जिससे वहां की चमड़ी छील गई। जब भी मैं गेंद को हिट कर रहा था, तो मुझे दर्द हो रहा था। लेकिन अच्छा है कि एसआरएच के खिलाफ अगले मैच से पहले हमारे पास 3-4 दिन का ब्रेक है, तब तक उम्मीद है कि मैं पूरी तरह से ठीक हो जाऊंगा। अक्षर की अनुपस्थिति में बाकी बचे 2.2 ओवरों में डीसी के उपकप्तान फाफ डुप्लेसी ने कप्तानी की। डीसी का अगला मैच 5 मई को सनराइजर्स हैदराबाद से हैदराबाद में है। डीसी की टीम भले ही यह मैच हार गई हो, लेकिन 10 मैचों में छह जीत के साथ वे अंक तालिका में अभी भी टॉप-4 में शामिल हैं। वहीं, अगर रहाणे की बात की जाए तो उन्हें शॉर्ट कवर पर फील्डिंग के दौरान यह चोट लगी, जब उन्होंने फाफ डुप्लेसी का एक करारा शॉट रोकने का प्रयास किया। गेंद उनके हाथ से छिटककर मिड ऑफ की ओर गई, जबकि रहाणे तुरंत मैदान से बाहर चले गए।



मेरी हथेली डाइव लगाने के दौरान प्रैक्टिस पिच पर रगड़ गई थी, जिससे वहां की चमड़ी छील गई : अक्षर

## धवन ने 27 मई से शुरू होने वाली इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स चैम्पियनशिप के लिए जर्सी का अनावरण किया

**नई दिल्ली,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स चैंपियनशिप (आईएलसी) ने बुधवार को ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 27 मई से शुरू होने वाले अपने बहुप्रतीक्षित सीजन से पहले आधिकारिक टीम जर्सी का अनावरण किया। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने पूर्व भारतीय क्रिकेटरों परविंदर अवाना, प्रवीण कुमार और आईएलसी के संस्थापक प्रदीप सांगवान के साथ जर्सी अनावरण समारोह में मुख्य भूमिका निभाई। लीग और जर्सी के बारे में बात करते हुए, धवन ने कहा कि दुनिया भर के क्रिकेट दिग्गजों को एक बैनर के तहत एक साथ लाना एक शानदार पहल है। इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स चैंपियनशिप न केवल दिग्गजों के जुनून को पुनर्जीवित करती है, बल्कि प्रशंसकों को पुरानी यादों और मनोरंजन का एक अनूठा मिश्रण भी देती है। मैं इस लॉन्च का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं और आगे होने वाले रोमांचक एक्शन का इंतजार कर रहा हूं। इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स चैंपियनशिप में छह वैश्विक क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाली छह प्रतिष्ठित टीमें शामिल होंगी: अफ्रीकी लायंस, ट्रांस टाइटन्स (ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड), यूरोप ग्लेडिएटर्स, अमेरिकन टाइगर्स, एशियन एवेंजर्स और इंडियन वॉरियर्स।

■ दुनिया भर के क्रिकेट दिग्गजों को एक बैनर के तहत एक साथ लाना एक शानदार पहल है : धवन

## सार संक्षेप

### 2026 के जापान एशियाई खेलों में भी शामिल होगा क्रिकेट

**नई दिल्ली।** एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) ने क्रिकेट को 2026 के ऐची-नागोया एशियाई खेलों में बनाए रखा है, जो जापान में 19 सितंबर से चार अक्तूबर तक आयोजित होंगे। मैच ऐची प्रीफेक्चर में खेले जाएंगे, लेकिन सटीक स्थल का चुनाव अभी भी नहीं हुआ है। ओसीए ने कह कि खेल कार्यक्रम के बारे में नवीनतम फैसला 28 अप्रैल सोमवार को नागोया सिटी हॉल में एआईएनएजीओसी बोर्ड की 41वीं बैठक में लिया गया। इसमें क्रिकेट और मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स को औपचारिक रूप से मंजूरी दे दी गई है। यह चौथा मौका होगा जब क्रिकेट एशियाई खेलों में शामिल होगा। पहले दो अवसरों - 2010 के ग्वांगझू और 2014 के इंचियोन में इन खेलों को अंतर्राष्ट्रीय दर्जा नहीं दिया गया था। लेकिन जब क्रिकेट को 2023 के एशियाई खेलों में शामिल किया गया, तो मैचों को टी20 अंतर्राष्ट्रीय दर्जा दिया गया था। 2023 में पुरुषों की श्रेणी में भारत ने स्वर्ण पदक जीता था, जबकि अफगानिस्तान ने रजत और बांग्लादेश ने कांस्य पदक जीता था।

### जुबा संघा, नार्दन यूनाइटेड और गढ़वाल यूनाइटेड जीते

**नई दिल्ली।** हिमांशु चंटोला की शानदार हैट्रिक की मदद से जुबा संघा ने डीएसए ए डिवीजन लीग में रॉयल फुटबॉल क्लब को 5-0 से हरा कर पूरे अंक अर्जित किए ।नेहरू स्टेडियम परिसर में खेले गए एकतरफा मुकाबले में कुल्लू और अमासजून ने एक-एक गोल बांटे द्य एक अन्य मुकाबले में हॉप्स ने ह्युबर स्टोन तौठॉंग के दो गोलों से यंगस्टर्स एफसी को 2-1से परास्त किया।

## भारत 11 स्वर्ण सहित 25 पदक जीतकर एशियाई अंडर-15 मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में शीर्ष पर रहा

**अम्मान,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत ने लड़कियों की श्रेणी में शानदार प्रदर्शन करते हुए 11 स्वर्ण सहित 25 पदक के साथ एशियाई अंडर-15 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में पदक तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। युवा भारतीय महिलाओं ने 15 भार वर्गों में 10 स्वर्ण और चार कांस्य पदक जीते, फाइनल में उन्होंने प्रत्येक खिताबी मुकाबले में जीत दर्ज की, जिससे इस आयोजन में उनका वर्चस्व और मजबूत हुआ।

लड़कियों की अंडर-15 मुक्केबाजी की शुरुआत कोमल (30-33 किग्रा) ने कजाकिस्तान की आयरू ओंगरबेक को 3:2 के विभाजित निर्णय से हराकर की। खुशी अहलावत (35 किग्रा) ने फिर अपनी प्रतिद्वंद्वी को 4:1 से हराया, जबकि तमन्ना (37 किग्रा) ने दूसरे दौर में आरएससी के साथ अपना खिताब पक्का किया। सवी (40 किग्रा), मिल्की मीनम (43 किग्रा), प्रिंसी (52 किग्रा), नव्या (58 किग्रा), सुनैना (61 किग्रा), त्रुशाना मोहिते (67 किग्रा) और वंशिका (70+ किग्रा) सभी ने सर्वसम्मति से अपने-अपने मुकाबले जीते, जिससे लड़कियों की अंडर-15 टीम ने फाइनल में क्लीन स्वीप किया। अम्मान से अंडर-15 दल की उपलब्धि पर , बीएफआई की अंतरिम समिति के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि भारतीय मुक्केबाजी के लिए यह एक अविश्वसनीय शाम थी। ग्यारह बार राष्ट्रगान बजते हुए सुनना और भारत को चार्ट में शीर्ष पर देखना हम सभी को गर्व से भर देता है। मैं इस शानदार उपलब्धि के लिए हमारे 25 अंडर-15 पदक विजेताओं को दिल से बधाई देता हूं; ये हमारे भविष्य के ओलंपिक चैंपियन हैं, और उन्होंने देश को गौरवान्वित किया है। लेकिन, भारत का अभियान अभी खत्म नहीं हुआ है। हमारे अंडर-17 मुक्केबाजों में से सात अंतिम दिन फाइनल के लिए रिंग में उतरेंगे, और हम उन्हें हर तरह से समर्थन देंगे।



मैं इस शानदार उपलब्धि के लिए हमारे 25 अंडर-15 पदक विजेताओं को दिल से बधाई देता हूं; ये हमारे भविष्य के ओलंपिक चैंपियन हैं, और उन्होंने देश को गौरवान्वित किया है : अजय सिंह

## बांग्लादेश ने जिम्बाब्वे 106 रनों से हराया

**चटगांव,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। मेहदी हसन मिराज (104 रन और पांच विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत बांग्लादेश ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन बुधवार को जिम्बाब्वे को दूसरी पारी में 111 रन पर समेट कर मुकाबला 106 रनों से जीत लिया। इसी के साथ बंगलादेश ने दो मैचों की सीरीज एक-एक से बराबर कर ली है। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र आठ रन के स्कोर अपने दो विकेट गवां दिये। ब्रायन बेनेट (छह) और निक वेल्च (शून्य) पर आउट हुये। इन दोनों बल्लेबाजों को तैजुल इस्लाम ने आउट किया। इसके बाद मेहदी हसन मिराज ने शॉन विलियम्स (सात) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। कप्तान क्रेग एर्विन ने बेन कर्रन के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 30 ओवर में मिराज ने क्रेग एर्विन (25) को आउटकर बंगलादेश को चौथी सफलता दिलाई।

## विजेंदर सिंह ने क्रिकेट में संभावित आयु धोखाधड़ी पर चिंता जताई

**नई दिल्ली,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत के पूर्व मुक्केबाज विजेंदर सिंह ने बुधवार को सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से सवाल उठाया कि क्या आयु धोखाधड़ी अब क्रिकेट में भी घर कर गई है। आयु धोखाधड़ी, या खिलाड़ी की आयु को गलत तरीके से पेश करने की प्रथा, भारतीय खेलों में एक महत्वपूर्ण समस्या है, खासकर जूनियर और आयु-समूह स्तरों पर। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड) ने इस मुद्दे को हल करने के लिए सख्त सत्यापन प्रक्रियाओं सहित उपाय किए हैं। ओलंपिक खेलों के कांस्य पदक विजेता विजेंदर सिंह ने एक्स पर पोस्ट किया, भाई आज कल उमर छोटी कर के क्रिकेट में भी खेलने लगे। विजेंदर सिंह की टिप्पणी सोशल मीडिया पर राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की उम्र पर सवाल उठाने के बाद आई है, जो इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं। आईपीएल में अपना तीसरा मैच खेल रहे 14 वर्षीय सूर्यवंशी ने सोमवार को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ शानदार शतक लगाकर कई रिकॉर्ड तोड़ दिए। किशोर बल्लेबाज ने 35 गेंदों में शतक जड़कर इतिहास रच दिया, जो आईपीएल में किसी भारतीय खिलाड़ी द्वारा बनाया गया सबसे तेज और अब तक का दूसरा सबसे तेज शतक है। एक्स पर एक यूजर ने लिखा, भले ही वैभव नाम के इस लड़के ने उम्र में धोखाधड़ी की हो, लेकिन 15-16 साल की उम्र में इतनी तेज बल्लेबाजी करना गजब है।



■ बीसीसीआई ने इस मुद्दे को हल करने के लिए सख्त सत्यापन प्रक्रियाओं सहित कई उपाय किए हैं

### सुडोकू 6899 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 3 | 9 | 1 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 4 | 6 | 1 | 5 | 8 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 9 | 2 | 4 | 6 | 3 | 8 | 1 |
| 2 | 8 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 1 | 5 |
| 9 | 1 | 7 | 8 | 2 | 5 | 4 | 6 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 1 | 6 | 9 | 2 | 7 | 8 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 8 | 6 | 9 | 7 |
| 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 5 | 2 | 1 | 3 | 4 |

## फ्रांसिस्को सेरुंडोलो ने किया उलटफेर, ज्वेरिव हुए मैड्रिड ओपन से बाहर

■ स्पेन में बिजली संकट के कारण सोमवार को मुकाबले नहीं हो पाए थे

■ राउंड ऑफ 32 में 11वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल ने रूस के करेन खाचानोव पर 6-3, 3-6, 6-2 से जीत हासिल की

**मैड्रिड,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। जर्मनी के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरिव को राउंड ऑफ 16 मुकाबले में उलटफेर का सामना करना पड़ा है वह अर्जेंटीना फ्रांसिस्को सेरुंडोलो से हारकर मैड्रिड ओपन से बाहर हो गये है। स्पेन में बिजली संकट के कारण सोमवार को मुकाबले नहीं हो पाये थे। पुरुष वर्ग में खेले राउंड ऑफ 16 के एकल मुकाबले में जर्मनी के शीर्ष वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरिव अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरुंडोलो 5-7, 3-6 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गये है। जबकि एक अन्य मुकाबले में चेक गणराज्य के जैकब मेन्सिक ने कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक को 6-2, 6-3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। राउंड ऑफ 32 में 11वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल ने रूस के करेन खाचानोव पर 6-3, 3-6, 6-2 से जीत हासिल की, जबकि पॉल के साथी अमेरिकी फ्रांसेस टियाफो ने फ्रांस के एलेक्जेंडर मुलर को 6-3, 6-3 से हराया।



एक अन्य मैच में कनाडा के गेब्रियल डायलो ने पहला सेट हारने के बाद वापसी करते हुए ब्रिटेन के कैमरून नोरी को ढाई घंटे में 2-6, 6-4, 6-4 से हराया। यूनान के स्टेफानोस त्सित्सिपास ने 17वीं वरीयता प्राप्त इटली के 10वीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेट्टी पर 7-5, 7-6 (3) से जीत हासिल सभी को चौका दिया। जबकि ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर ने कनाडा के डेनिस शापोवालोव को 6-2, 7-6 (3) से हराया। महिला वर्ग की स्पर्धा में, पोलैंड की इगा स्वियाटेक को क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी और उन्हें रूस की 13वीं वरीयता प्राप्त डायना श्नाइडर को 6-0, 6-7 (3) 6-4 से हराने के लिए संघर्ष करना पड़ा। अमेरिका की पांचवीं वरीयता प्राप्त मैडिसन कीज ने क्रोएशिया की 19वीं वरीयता प्राप्त डोना वेकिक पर सीधे सेटों में 6-2, 6-3 से जीत हासिल की। दिन के आखिरी मुकाबले में बेलारूस की शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ने अमेरिका की पेटन स्टर्न्स को 6-2, 6-4 से हराकर मैड्रिड ओपन के अगले दौर में जगह बनाई।

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 10 | 7 | 3 | 14 | +0.521 |
| 2- | मुंबई इंडियंस | 10 | 6 | 4 | 10 | +0. |
| 3- | गुजरात टाइटंस | 9 | 6 | 3 | 12 | +1.748 |
| 4- | दिल्ली कैपिटल | 10 | 6 | 4 | 12 | +0. 362 |
| 5- | पंजाब किंग्स | 9 | 5 | 3 | 10 | +0.177 |
| 6- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 10 | 5 | 5 | 10 | +0.325 |
| 7- | कोलकाता नाइट राइडर | 10 | 4 | 5 | 6 | +0.271 |
| 8- | राजस्थान रॉयल्स | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.349 |
| 9- | सनराइजर्स हैदराबाद | 9 | 3 | 6 | 6 | -1.103 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 9 | 2 | 7 | 4 | -1.302 |

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| मारुति | 3.04 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 2.18 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 1.41 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 1.12 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 0.81 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| बजाज फिनसर्व | 5.45 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 4.99 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 3.22 प्रतिशत |
| एसबीआई | 2.91 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिम्को | 1.87 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 97,693 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 96,013 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.49 | 89.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 103.06 | 119.50 |
| यूरो | 87.85 | 101.89 |
| चीन युआन | 8.26 | 13.4 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5850-5950 |
| दाल चना | 6850-6950 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 9000-9100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 8500-8600 |

# [ अर्थ जगत ]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

## आरबीआई ने इंडसइंड बैंक परिचालन की निगरानी के लिए कार्यकारी समिति को दी मंजूरी

■ **बोर्ड के अध्यक्ष करेंगे निरीक्षण समिति की अध्यक्षता**




**नई दिल्ली,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इंडसइंड बैंक के परिचालन की निगरानी के लिए एक अंतरिम समिति के गठन को मंजूरी दे दी है। यह समिति एक अंतरिम अवधि के लिए बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के कर्तव्यों, भूमिकाओं और जिम्मेदारियों का निर्वहन करेगी, जब तक कि एक स्थायी सीईओ की नियुक्ति नहीं हो जाती। बैंक ने बुधवार को यह जानकारी दी।

यह कदम इंडसइंड बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ सुमंत कठपालिया द्वारा डेरिवेटिव अकाउंटिंग में चूक को लेकर अपने पद से इस्तीफा देने के बाद उठाया गया है, जिससे निजी क्षेत्र के बैंक की नेटवर्थ में गिरावट आई है।

स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में बैंक ने बताया कि बोर्ड की एक निगरानी समिति की देखरेख में सौमित्र सेन (उपभोक्ता बैंकिंग प्रमुख) और अनिल राव (मुख्य प्रशासनिक अधिकारी) वाली समिति, बैंक के दिन-प्रतिदिन के मामलों का प्रबंधन करेगी। इस निरीक्षण समिति की अध्यक्षता बोर्ड के अध्यक्ष करेंगे और इसमें ऑडिट समिति, मुआवजा, नामांकन और पारिश्रमिक समिति और जोखिम प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शामिल होंगे। एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार आरबीआई की मंजूरी के आधार पर, बोर्ड ने बैंक के संचालन की देखरेख के लिए कार्यकारी समिति का गठन किया है। यह समिति बोर्ड की निरीक्षण समिति की देखरेख और मार्गदर्शन में बैंक के नए एमडी और सीईओ के कार्यभार संभालने तक या मौजूदा एमडी और सीईओ के कार्यमुक्त होने की तिथि से 3 महीने की अवधि तक कार्य करेगी।

बैंक ने कहा कि वह शासन के उच्च मानकों को बनाए रखते हुए अपने संचालन की स्थिरता और निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रहा है। बुधवार को शुरुआती कारोबार में इंडसइंड बैंक के शेयर में गिरावट आई। एक स्वतंत्र ऑडिट द्वारा बैंक के डेरिवेटिव पोर्टफोलियो में अकाउंटिंग विसंगतियों का पता चलने के बाद बैंक के डिप्टी सीईओ अरुण खुराना ने भी अपना पद छोड़ दिया है। बैंक के बोर्ड द्वारा नियुक्त एक पेशेवर फर्म द्वारा की गई जांच के निष्कर्ष 26 अप्रैल को प्रस्तुत किए गए। ऑडिट रिपोर्ट ने पुष्टि की कि गलत अकाउंटिंग प्रैक्टिस के कारण 31 मार्च, 2025 तक बैंक के प्रॉफिट और लॉस अकाउंट पर 1,959.98 करोड़ रुपए का प्रतिकूल संचयी प्रभाव पड़ा। यह मुद्दा पहली बार 10 मार्च को सामने आया, जब इंडसइंड बैंक ने खुलासा किया कि आंतरिक समीक्षा के दौरान पाए गए डेरिवेटिव खातों में विसंगतियों के कारण बैंक की डेरिवेटिव बुक में एमटीएम घाटे का असर दिसंबर 2024 तक बैंक की कुल संपत्ति के 2.35 प्रतिशत तक हो सकता है।

### मार्च में कृषि व ग्रामीण श्रमिकों संबंधी खुदरा मुद्रास्फीति में गिरावट

**नई दिल्ली।** कृषि श्रमिकों एवं ग्रामीण श्रमिकों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति मार्च 2025 में सालाना आधार पर क्रमश: 3.73 प्रतिशत और 3.86 प्रतिशत दर्ज की गई। फरवरी, 2025 में कृषि श्रमिकों से संबंधित मुद्रास्फीति 4.05 प्रतिशत और ग्रामीण श्रमिकों के लिए 4.10 प्रतिशत थी। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार मार्च 2025 में कृषि श्रमिकों एवं ग्रामीण श्रमिकों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (आधार 1986-87:100) माह क्रमश: तीन अंक और दो अंक की गिरावट के बाद 1306 तथा 1319 अंक रहा। विज्ञप्ति के मुताबिक कृषि श्रमिकों से संबंधित खाद्य वर्ग का सूचकांक इस वर्ष फरवरी माह के 1242 से घट कर 1234 तथा ग्रामीण श्रमिकों के लिए इसी दौरान 1249 से घट कर 1241 पर आ गया।

## सेबी ने ओपिनियन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म को लेकर दी चेतावनी



**मुंबई,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने ओपिनियन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करने को लेकर कड़ी चेतावनी जारी की है।

चेतावनी में कहा गया है कि ये प्लेटफॉर्म सेबी के नियामक निरीक्षण के तहत काम नहीं करते और प्रतिभूति कानूनों के तहत निवेशकों को कोई सुरक्षा प्रदान नहीं करते हैं। सेबी ने एक सलाह में कहा कि कुछ ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, जिन्हें ओपिनियन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म कहा जाता है, यूजर्स को 'हां या ना' के इवेंट के परिणामों पर ट्रेड करने की अनुमति देते हैं।

भुगतान इस बात पर निर्भर करता है कि कोई निश्चित घटना होती है या नहीं। उदाहरण के लिए, यूजर्स इस बात पर ट्रेड कर सकते हैं कि कोई खेल टीम जीतेगी या नहीं, या कोई विशेष राजनीतिक निर्णय लिया जाएगा या नहीं।

सेबी ने कहा कि ये प्लेटफॉर्म अक्सर प्रॉफिट, स्टॉप लॉस और ट्रेडिंग जैसे फाइनेंशियल शब्दों का इस्तेमाल करते हैं, जिससे यह आभास होता है कि वे वैध निवेश प्लेटफॉर्म हैं।

बाजार नियामक ने कहा कि ओपिनियन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म के नाम वाले कुछ प्लेटफॉर्म अपने यूजर्स को व्यापार करने/व्यवस्था में प्रवेश करने के लिए एक प्लेटफॉर्म प्रदान करते हैं, जिसमें भुगतान अंतर्निहित घटना के होने या न होने के हां या नहीं प्रस्ताव के परिणाम पर निर्भर करता है।

हालांकि, सेबी ने स्पष्ट किया कि ओपिनियन ट्रेडिंग उसके विनियामक ढांचे के अंतर्गत नहीं है, क्योंकि जिस चीज का व्यापार किया जा रहा है, उसे भारतीय कानूनों के तहत प्रतिभूति नहीं माना जाता है।

## अडानी पावर ने वित्त वर्ष 25 में किया शानदार प्रदर्शन



**बिजली उत्पादन क्षमता 102 बीयू यूनिट्स रही**

**अहमदाबाद,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। अडानी पावर ने बुधवार को नतीजों का ऐलान किया। वित्त वर्ष 25 में कंपनी का प्रदर्शन शानदार रहा है और इसने 13,926 करोड़ रुपए का कंटिन्यूइंग प्रॉफिट बिफोर टैक्स (पीबीटी) दर्ज किया है, जो कि वित्त वर्ष 24 में 11,470 करोड़ रुपए था। इसमें सालाना आधार पर 21.4 प्रतिशत का इजाफा देखा गया है। कंपनी का कंटिन्यूइंग प्रॉफिट बिफोर टैक्स बढ़ने की वजह ईबीआईटीडीए और फाइनेंस लागत में कमी होना है।

अडानी ग्रुप की पावर कंपनी ने वित्त वर्ष 25 में 56,473 करोड़ रुपए का कंसोलिडेटेड कंटिन्यूइंग रेवेन्यू हासिल किया है, जो कि वित्त वर्ष 24 में 50,960 करोड़ रुपए था। कंपनी का रेवेन्यू बढ़ने की वजह अधिक बिक्री वॉल्यूम होना है। कंपनी ने कहा कि कंटिन्यूइंग रेवेन्यू में एकमुश्त मिली पूर्व की आय को शामिल नहीं किया गया है। वित्त वर्ष 25 में कंपनी का कंटिन्यूइंग ईबीआईटीडीए 14.8 प्रतिशत बढ़कर 21,575 करोड़ रुपए हो गया है।

## भारत-यूके की साझेदारी का भविष्य उज्ज्वल : गोयल



**हमारे साझा दृष्टिकोण से ठोस परिणामों की प्रतीक्षा है : पीयूष गोयल, केंद्रीय मंत्री**

**नई दिल्ली,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को भारत-यूके की साझेदारी से बहुत उम्मीदें हैं। उन्हें आशा है कि इस साझेदारी का भविष्य उज्ज्वल है और ये साथ अच्छे परिणाम लेकर आएगा। वाणिज्य मंत्री गोयल यूके, नॉर्वे और यूरोपीय संघ के साथ भारत के व्यापार और निवेश संबंधों को मजबूत करने के लिए इस सप्ताह लंदन, ओस्लो और ब्रुसेल्स की पांच दिवसीय यात्रा पर हैं।

केंद्रीय मंत्री ने पोस्ट किया कि लैंकेस्टर हाउस में आयोजित जॉइंट इंडिया-यूके बिजनेस रिसेप्शन में फॉरेन कॉमनवेल्थ एंड डेवलपमेंट ऑफिस के राज्य सचिव डेविड लैमी के साथ शामिल होना अद्भुत है। उन्होंने आगे कहा कि यूके के व्यापार सचिव जोनाथन रेनॉल्ड्स के साथ सभा को संबोधित किया और भारत-यूके साझेदारी के उज्ज्वल भविष्य के बारे में बात की। केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि वे यूके भागीदारों द्वारा किए गए शानदार आतिथ्य के लिए बेहद आभारी हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमारे साझा दृष्टिकोण से ठोस परिणामों की प्रतीक्षा है। इससे पहले केंद्रीय मंत्री ने दोनों देशों के व्यापारियों और सीईओ की एक गोलमेज बैठक में भारत-यूके द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए आगे के निवेश के अवसरों पर प्रकाश डाला।

केंद्रीय मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारत-यूके बिजनेस राउंडटेबल को संबोधित किया, जिसमें दोनों देशों के प्रमुख व्यापारिक नेता और सीईओ एक साथ आए। इस राउंडटेबल में आर्थिक संबंधों को मजबूत करने, नवाचार-आधारित विकास को बढ़ावा देने और भारत और यूके के बीच निवेश के अवसरों का विस्तार करने पर प्रकाश डाला गया।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने भारत और यूके के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए यूके के व्यापार सचिव जे. रेनॉल्ड्स के साथ भी बैठक की। गोयल ने अपने ब्रिटिश समकक्ष के साथ बैठक को उपयोगी और भारत-यूके आर्थिक संबंधों को गहरा करने की प्रतिबद्धता का हिस्सा बताया।

### सार संक्षेप

#### रेमेडियम लाइफकेयर का राइट्स इश्यू लांच

**मुंबई।** फार्मास्युटिकल क्षेत्र की अग्रणी कंपनी रेमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड ने अपने राइट्स इश्यू की घोषणा की है, जो इस वर्ष 30 अप्रैल से 14 मई तक खुला रहेगा। कंपनी ने बुधवार को बयान जारी कर बताया कि यह इश्यू को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का अनुमोदन प्राप्त है और कंपनी की वैश्विक विस्तार रणनीति का एक अहम हिस्सा है। इश्यू के तहत कंपनी 49.19 करोड़ रुपए की पूंजी जुटाना चाहती है, जिसे अनुसंधान एवं विकास, कार्यशील पूंजी, उच्च मूल्य वाले फार्मास्युटिकल इंटरमीडिएट्स के उत्पादन विस्तार, डिजिटल परिवर्तन और वैश्विक बाजारों में मौजूदगी बढ़ाने जैसे उद्देश्यों के लिए उपयोग किया जाएगा। इस राइट्स इश्यू की विशेष बात यह है कि इसे एक रुपए प्रति शेयर के आकर्षक मूल्य पर पेश किया जा रहा है जबकि कंपनी का समापन मूल्य 25 अप्रैल, 2025 को 1.79 रुपए प्रति शेयर था। रिकॉर्ड तिथि 15 अप्रैल, 2025 तय की गई है और पात्र शेयरधारकों को प्रत्येक 50 मौजूदा इक्विटी शेयरों पर 61राइट्स इक्विटी शेयर प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

#### हेक्साहेल्थ ने पूरी की 1.2 करोड़ डॉलर की सीरीज ए फंडिंग

**मुंबई।** तकनीक-सक्षम सर्जिकल केयर प्लेटफॉर्म हेक्साहेल्थ ने अपने 1.2 करोड़ डॉलर के सीरीज ए फंडिंग राउंड को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। कंपनी ने बुधवार को बयान जारी कर बताया कि इस फंडिंग राउंड का नेतृत्व ओरियोस वेंचर पार्टनर्स और 3वन4 कैपिटल ने किया, जिसमें एनज़िया वेंचर्स और आईटीआई ग्रोथ ऑपर्च्युनिटीज फंड जैसे नए निवेशकों के साथ-साथ मौजूदा निवेशक चिराटे वेंचर्स और ओमिडयार नेटवर्क इंडिया ने भी भाग लिया। यह निवेश हेक्साहेल्थ के उस मिशन को सशक्त करेगा जिसके तहत वह भारत में सर्जरी को आसान, सुलभ और मरीज-केंद्रित बनाना चाहता है। कंपनी इस फंड का इस्तेमाल नई सर्जिकल विशेषज्ञताओं में विस्तार, अधिक भौगोलिक क्षेत्रों में उपस्थिति बढ़ाने, कृत्रिम बुद्धमत्ता (एआई)-संचालित प्लेटफॉर्म को मजबूत करने और वरिष्ठ नेतृत्व टीम को सशक्त बनाने में करेगी।


#### भारत का कमर्शियल रियल एस्टेट मजबूत : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** एशिया-प्रशांत क्षेत्र को लेकर बुधवार को जारी कुशमैन एंड वेकफील्ड की रिपोर्ट के अनुसार, कमर्शियल रियल एस्टेट के लिए ऑक्यूपायर और निवेशक की मांग में तेजी बनी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत, इंडोनेशिया और फिलीपींस जैसे प्रमुख बाजारों में ऑफिस स्पेस अब्सोर्प्शन जारी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2025 की पहली तिमाही में एशिया-प्रशांत (एपीएसी) में ऑफिस स्पेस का नेट अब्सोर्प्शन पिछले वर्ष की इसी तिमाही के 22 मिलियन वर्ग फीट (एमएसएफ) से 20 प्रतिशत बढ़कर 26 एमएसएफ हो गया। अमेरिकी डॉलर की मजबूती और आकर्षक यील्ड एपीएसी रियल एस्टेट में वैश्विक पूंजी प्रवाह को बढ़ा रहे हैं।

## पंद्रह समूहों में बिकवाली से बाजार की तेजी थमी

■ **सेंसेक्स 46.14 अंक टूटकर 80,242.24 पर रहा**

■ **निफ्टी 1.75 अंक फिसलकर 24334.20 पर बंद**




**मुंबई,** 30 अप्रैल एजेंसियां)। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, इंडस्ट्रियल्स, पावर और सर्विसेज समेत पंद्रह समूहों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार की लगातार दो दिनों की तेजी थम गई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 46.14 अंक टूटकर 80,242.24 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 1.75 अंक फिसलकर 24334.20 अंक पर सपाट बंद हुआ। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में अधिक बिकवाली हुई। इससे मिडकैप 0.72 प्रतिशत लुढ़ककर 42,883.72 अंक और स्मॉलकैप 1.74 प्रतिशत का गोता लगाकर 47,400.31 अंक रह गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4063 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2938 में गिरावट जबकि 975 में तेजी रही वहीं 150 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए कुल 2927 कंपनियों के शेयर रखे गए, जिनमें से 2228 में बिकवाली जबकि 631 में लिवाली हुई वहीं 68 के भाव स्थिर रहे।

बीएसई में 15 समूहों में बिकवाली हावी रही। इस दौरान कमोडिटीज 0.93, सीडी 0.45, ऊर्जा 0.10, एफएमसीजी 0.32, वित्तीय सेवाएं 0.72, इंडस्ट्रियल्स 1.20, आईटी 0.55, यूटिलिटीज 0.88, बैंकिंग 0.57, कैपिटल गुड्स 0.80, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.87, धातु 0.41, पावर 0.89, सर्विसेज 1.10 और फोकस्ड आईटी के शेयर 0.49 प्रतिशत टूट गए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 0.16, जर्मनी का डैक्स 0.59, जापान का निक्केई 0.57 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.51 प्रतिशत चढ़ गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 82 अंक की बढ़ोतरी लेकर 80,370.80 अंक पर खुला और दमदार लिवाली की बदौलत दोपहर बाद 80,525.61 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 79,879.15 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 80,288.38 अंक के मुकाबले 0.06 प्रतिशत गिरकर 80,242.24 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली प्रमुख कंपनियों में बजाज फिनसर्व 5.45, बजाज फाइनेंस 4.99, टाटा मोटर्स 3.22, एसबीआई 2.91, अल्ट्रासिम्को 1.87, टीसीएस 1.21, टाटा स्टील 1.20, एशियन पेंट 1.17, एनटीपीसी 0.77, आईसीआईसीआई बैंक 0.48, एचसीएल टेक 0.47, एक्सिस बैंक 0.36, नेस्ले इंडिया 0.30, टाइटन 0.16 और आईटीसी 0.14 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, मारुति 3.04, भारती एयरटेल 2.18, सन फार्मा 1.41, पावरग्रिड 1.12, एचडीएफसी बैंक 0.81, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.81, इटरनल 0.58, रिलायंस 0.57, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.55, टेक महिंद्रा 0.49, एलटी 0.48, इंडसइंड बैंक 0.14, इंफोसिस 0.10, कोटक बैंक 0.02 और अडानी पोर्ट्स के शेयर 0.01 प्रतिशत लाभ में रहे।

## नौकरी बदलने में हेल्थ व वेलनेस को प्राथमिकता दे रहे भारतीय कर्मचारी : रिपोर्ट



■ **भारत में 82 प्रतिशत कर्मचारी कर रहे नई नौकरी की तलाश**

**नई दिल्ली,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत में नौकरी बदलने में ज्यादातर कर्मचारी हेल्थ और वेलनेस को प्राथमिकता दे रहे हैं। यह जानकारी बुधवार को जारी की गई रिपोर्ट में दी गई। वैश्विक व्यावसायिक सेवा फर्म एऑन की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 82 प्रतिशत कर्मचारी अगले 12 महीनों में नई नौकरी की तलाश कर रहे हैं।

रिपोर्ट में बताया गया कि भारतीय कर्मचारियों को मुख्य रूप से कंपनियों में पांच प्रकार के फायदे मिलते हैं, जिसमें वर्क-लाइफ बैलेंस, मेडिकल कवरेज, कैरियर विकास, वेतन अवकाश और सेवानिवृत्ति बचत शामिल हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में सर्वेक्षण में भाग लेने वाले लोगों में सभी पीढ़ियों के बीच मेडिकल कवरेज नौकरी में मिलने वाले सबसे अधिक मूल्यवान लाभों में से एक था, इसे जेन एक्स और जेन वाई ने जेन जेड की तुलना में अधिक रेटिंग दी थी। जेन जेड ने वर्क-लाइफ बैलेंस को नौकरी में प्राथमिकता दी है।

इसके अलावा, सर्वेक्षण में शामिल 76 प्रतिशत लोगों ने कहा कि वे फायदों के बेहतर विकल्प के लिए मौजूदा लाभों को छोड़ने के लिए तैयार हैं। यह भारत में व्यवसायों के लिए अपनी रणनीतियों को अपने कर्मचारियों की बदलती अपेक्षाओं के अनुसार करने की आवश्यकता को उजागर करता है। एऑन में भारत के लिए टैलेंट सॉल्यूशंस के प्रमुख नितिन सेठी ने कहा कि बहुत कम कंपनियों ने इस बात पर विचार किया है कि वेलनेस और हेल्थ प्रोग्राम उनके नियोक्ता ब्रांड को कैसे आकार दे सकता है।

## खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख व अन्य जिंसों में रहा टिकाव



**नई दिल्ली,** 30 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में लगातार जारी गिरावट और स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा जबकि अन्य जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 39 रिंगिट उतरकर 3971 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.31 सेंट की गिरावट लेकर 49.02 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सरसों तेल 366 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि, मूंगफली तेल 733 और वनस्पति तेल 368 रुपए प्रति क्विंटल लुढ़क गया। वहीं, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3550-3650 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

## ईएमआर स्कूलों में 75 अंतरिक्ष प्रयोगशालाएं स्थापित करने की घोषणा

■ **देश भर में 470 ईएमआरएस कार्यरत**

■ **लगभग 12 करोड़ रुपए किए गए मंजूर**

**नई दिल्ली,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए जनजातीय कार्य मंत्रालय और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने देश के 19 राज्यों में 75 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) में अंतरिक्ष प्रयोगशालाएं स्थापित करने की घोषणा की है।

भारत सरकार का जनजातीय कार्य मंत्रालय एसटी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए ईएमआरएस की स्थापना करता है, जिससे उन्हें उच्च और व्यावसायिक शैक्षिक पाठ्यक्रमों में अवसरों का लाभ उठाने और विभिन्न क्षेत्रों में लाभकारी रोजगार प्राप्त करने में सक्षम बनाया जा सके। ईएमआरएस उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करने के अलावा उनके पोषण और समग्र स्वास्थ्य और विकास का भी ध्यान रखता है।

आज की तारीख में देश भर में 470 ईएमआरएस कार्यरत हैं। बीपीसीएल ने घोषणा की है कि वह अंतरिक्ष प्रयोगशालाएं स्थापित करने के लिए जनजातीय कार्य मंत्रालय को उसकी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहल के तहत सहायता प्रदान करेगा तथा इसके लिए लगभग 12 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। इस पहल के माध्यम से, मंत्रालय अंतरिक्ष विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित के क्षेत्र में आदिवासी युवाओं के लिए शैक्षिक अंतराल को पाटने और नए रास्ते खोलने का प्रयास करता है।

**प्रयोगशाला में निम्नलिखित घटकों सहित उन्नत वैज्ञानिक उपकरण होंगे :-**

- एलवीएम3 लॉन्च व्हीकल और ईओ सैटेलाइट डेमो मॉडल, डब सिस्टम की सभी जानकारियों के साथ
- स्टैटिक मॉडल लॉन्च व्हीकल (पीएसएलवी, एचआरएलवी, आईआरएनएसएस, जीसैट)
- सौर मंडल, चंद्र ग्रहण, चंद्रमा के चरण, दिन और रात, 4 मौसम, ग्लोब और समय संकेतक के टेबल टॉप डेमो मॉडल
- स्टार ट्रैकर टेलीस्कोप 150/750 मिमी और कैनसैट वर्किंग मॉडल
- अंतरिक्ष, विज्ञान और गणित शिक्षण अधिगम सामग्री (टीएलएम) किट
- इसरो अंतरिक्ष पुस्तक और समयरेखा प्रदर्शनी



अक्षय तृतिया पर आज घरों में भी गुड्डे-गुड़िया का विवाह संपन्न हुआ

# भगवान परशुराम के प्राकट्य दिवस का आयोजन

**रायपुर, 30 अप्रैल (देशबन्धु)।** प्रदेशाध्यक्ष दिवाकर तिवारी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज केन्द्रीय समिति के समस्त पदाधिकारियों ने भगवान परशुराम के प्राकट्य दिवस पर एक भव्य आयोजन किया। इस अवसर पर सुंदर नगर पेट्रोल पंप के पास भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना की गई और शीतल जल एवं मठा का वितरण किया गया।



समिति के पदाधिकारियों ने भीषण गर्मी में राहगीरों को शीतल जल और मठा वितरित कर शांति का संदेश दिया। यह आयोजन न केवल भगवान परशुराम के जन्मोत्सव का उत्सव मनाने के लिए था, बल्कि समाज के प्रति सेवा भाव का भी प्रतीक था। इस अवसर पर अध्यक्ष दिवाकर तिवारी जी सहित पूर्व अध्यक्ष विनय तिवारी जी, वरिष्ठ महासचिव बिहारी लाल शर्मा जी, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य कमलेश शर्मा जी, लक्ष्मी कांत शर्मा जी, सुरेंद्र शुक्ला जी, महासचिव सुषमा तिवारी जी, उपाध्यक्ष भारत रत्न तिवारी जी, कार्यकारिणी सदस्य आदित्य मिश्रा जी, उपाध्याय जी, मनोज शर्मा जी, अभिताभ दुबे जी और संजय दुबे जी उपस्थित थे। भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों ने भगवान परशुराम की भक्ति और सेवा भाव का परिचय दिया। समिति की ओर से सभी पदाधिकारियों और सदस्यों का आभार व्यक्त किया जाता है जिन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया। भगवान परशुराम की कृपा हम सभी पर बनी रहे।

# सीए मोहित अग्रवाल उद्योग एवं व्यवसाय में सदस्य समिति में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में नामित



**रायपुर, 30 अप्रैल (देशबन्धु)।** चार्टर्ड अकाउंटेंट मोहित अग्रवाल को इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई), नई दिल्ली की उद्योग एवं व्यवसाय में सदस्य समिति में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में नामित किया गया है।

यह नामांकन उनकी पेशेवर उत्कृष्टता, उद्योग जगत में सक्रिय योगदान एवं चार्टर्ड अकाउंटेंसी क्षेत्र में उनकी विशेषज्ञता को मान्यता प्रदान करता है। सीए मोहित अग्रवाल ने वर्षों से उद्योग एवं वित्तीय क्षेत्र में अपनी सशक्त भूमिका निभाई है और यह उपलब्धि उनके लिए एक महत्वपूर्ण सम्मान है।

इस अवसर पर सीए मोहित अग्रवाल ने कहा कि, आने वाले समय में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के लिए नवाचार और व्यवसायों के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। चूंकि सीए प्रोफेशनल्स के पास विविध क्षेत्रों का व्यापक ज्ञान होता है तथा वे व्यावहारिक प्रशिक्षण से भी लैस होते हैं, इसलिए वे बड़े व्यवसायों को प्रभावशाली ढंग से संचालित और प्रबंधित करने में पूर्णतः सक्षम हैं।

उन्होंने आईसीएआई के अध्यक्ष सीए चरणजोत सिंह नंदा का इस सम्मानजनक अवसर के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि वे संस्था की जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ निभाएंगे।

---

### न्यायालय नायब तहसीलदार 48 रायपुर
### ईश्तहार

मामले की श्रेणी: राजस्व

संदर्भ जिला रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.न.- 00069 अभनीडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी 202425440725400221

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00069 के अंतर्गत ग्राम अभनीडीह के समान भूमिस्वामी धनीराम हल्वा पिता/पति-पिता खुब्बीलाल हल्वा पता-सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 30/37 (0.0059) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सूरज कर्मकार पिता/पति-सुबल कर्मकार पता-41/981 द्वारा स्वप्न मुखर्जी आर.डी.ए. कॉलोनी वार्ड नंबर 55 रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22/05/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार 48 रायपुर में की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29/04/2025 को जारी किया जाता है।

**Jyoti Singh**
(सील) **नायब तहसीलदार रायपुर**

---

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
### ईश्तहार

**पत्र क्र./19290/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024**
**रायपुर, दिनांक 26.04.2025**
**नामांतरण प्र.क्र. 19290**
**वार्ड का नाम- 56-अरविंद दीक्षित वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 56 स्थित भवन/भूमि प्रॉपर्टी आई.डी RPR446F00378 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती TILAK RAJ CHANDRAKAR पिता/पति श्री/श्रीमती YOGIRAJ CHANDRAKAR के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती MANJU KIRAN BANSOD पिता/पति श्री/श्रीमती W/o KAMLESH BANSOD ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**श्री विवेकानंद दुबे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन (10)**
**नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**

---

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र./202504115000100/अ-6/2024-25
ग्राम फाफाडीह प.ह.नं. 48
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 24.04.2025

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक सुशील कुमार गुप्ता पिता केशरी कुमार गुप्ता निवासी देवेन्द्र नगर रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम फाफाडीह प.ह.नं. 48, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि भूखण्ड क्रमांक सी-91/2, खसरा नंबर 357/1, 358/2 का भाग, सिविलियन पश्चात् खसरा नंबर 15001/1 का भाग, रकबा 2400 वर्गफुट भूमि को आवेदक द्वारा विक्रेता रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर से पंजीकृत हस्तांतरण विलेख दिनांक 03.11.2014 को क्रय किया गया है। विक्रेता रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर द्वारा आवेदित भूमि को आवेदक के नाम पर दर्ज किये जाने संबंधि धारण प्रमाण पत्र दिनांक 06.06.2015 को प्रदाय किया गया है। उक्त भूमि की पंजीकृत हस्तांतरण विलेख के आधार पर आवेदक अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने निवेदन किये है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 09.05.2025 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**मुहर** **नायब तहसीलदार रायपुर**

---

### रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
### उद्घोषणा

**क्रमांक 4728/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 30/04/25**

प्राधिकरण की राजेन्द्र नगर (160 जनता मकान) योजना के अंतर्गत श्रीमती शालिनी अम्बेडारे पति श्री एम.आर. अम्बेडारे को जनता मकान क्रमांक 104 क्षेत्रफल 430 वर्गफुट 30 (तीस) वर्षीय पट्टे पर धारित है। आबंटिती के द्वारा उक्त मकान को फ्री-होल्ड किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त मकान को फ्री-होल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/ दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/ दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री-होल्ड की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/ दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 30.05.25 को जारी।

**राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर (छ.ग.)**

---

### रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
### उद्घोषणा

**क्रमांक 4732/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 24/04/25**

प्राधिकरण की देवेन्द्र नगर योजना के अन्तर्गत श्रीमती नीता आहुजा पति श्री अशोक कुमार आहुजा द्वारा भूखण्ड क्रमांक डी-30/3 क्षेत्रफल 1500 वर्गफुट फ्री-होल्ड पर धारित है। फ्री-होल्डधारी द्वारा उक्त सम्पत्ति को पंजीकृत विक्रय विलेख द्वारा दिनांक 25.03.2025 को क्रेता श्रीमती संगीता रेलवानी पति श्री भगवान दास रेलवानी निवासी सेक्टर 03 देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.) तो पक्ष में विक्रय कर दिया गया है।

क्रेता श्रीमती संगीता रेलवानी पति श्री भगवान दास रेलयानी द्वारा पंजीकृत विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत कर प्राधिकरण अभिलेख में नाम दर्ज कराना चाहा है। अत: उक्त भूखण्ड के अभिलेख में क्रेता का नाम दर्ज किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दाया प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/ दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नाम दर्ज की कार्यवाही सम्पादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राहय नहीं होगा।

दिनांक ........... को जारी।

**राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर (छ.ग.)**

---

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
### ईश्तहार

**पत्र क्र./20011/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024**
**रायपुर, दिनांक 26.04.2025**
**नामांतरण प्र.क्र. 20011**
**वार्ड का नाम- 53-बाबू जगजीवनराम वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR651K01511 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती VIJAY AMESAR, HEMA AMESAR पिता/पति श्री/श्रीमती DAYARAM AMESAR, VIJAY KUMAR AMESAR के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती DEVENDRA KUMAR SINHA पिता/पति श्री/श्रीमती SHRI S D SINHA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

**श्री विवेकानंद दुबे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन (10)**
**नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**

---

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, RAHUL KUMAR S/O SADANAND SINGH resident of PLOT NO. 1 B SUNNY VIHAR, AMALIDIH RAIPUR (C.G.) have changed my old name RAHUL KUMAR S/O SADANAND SINGH so in future I should be recognized by my new name that is RAHUL SINGH S/O SADANAND SINGH in all Government and other documents.

**RAHUL SINGH**
PLOT NO. 1 B SUNNY VIHAR,
AMALIDIH RAIPUR (C.G.)

---

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, SANTOSHI KUMARI GOEL D/O DINDAYAL MURARI LAL GOEL resident of - H NO G00075, NEAR CHHOTI KIRANA STORE, RAMKUND, RAIPUR (C.G.) 492001 have changed my old name SANTOSHI KUMARI GOEL D/O DINDAYAL MURARI LAL GOEL so in future I should be recognized by my new name that is SANTOSHI AGRAWAL W/O PRATIK AGRAWAL in all Government and other documents.

**SANTOSHI AGRAWAL**
H NO G00075, NEAR CHHOTI
KIRANA STORE, RAMKUND,
RAIPUR (C.G.) 492001

---

### न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा जिला-रायपुर (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र. /अ-6 अ/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिलीप कुमार पिता स्व.श्री मोहन दास सतनामी निवासी ग्राम परसवानी तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि मौजा ग्राम परसवानी प.ह.न. 10 रा.नि.मं. समोदा तहसील आरंग जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा क्र. 428/3 रकबा 0.21 हे. भूमि विक्रेता ना.बा. पवन कुमार पिता रामदयाल सतनामी ना.बा. वली रामदयाल पिता हवलदार से 20.01.2009 में आवेदक द्वारा पंजीकृत बैनामा क्रय किया गया है। उक्त भूमि की नामांतरण होने तथा ऋण पुस्तिका जारी होने के पश्चात् भी ऑनलाईन अभिलेख रिकॉर्ड में विक्रेता ना.बा. पवन कुमार पिता रामदयाल सतनामी ना.बा. वली रामदयाल पिता हवलदार के नाम पर त्रुटिवश दर्ज हो गया है तथा उक्त वर्णित भूमि में त्रुटि सुधार कर आवेदक दिलीप कुमार पिता स्व.श्री मोहन दास सतनामी के नाम से ऑनलाईन अभिलेख रिकॉर्ड में दर्ज कराना चहता है। अत: उक्त भूमि में त्रुटि सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव इस सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 14.05.2025 तक पेश कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29.04.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक-
पेशी दिनांक-
नायब तहसीलदार

**मुहर** **नायब तहसीलदार समोदा**

---

### न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा, तहसील आरंग जिला-रायपुर (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र./ 202412112600052/
अ-6/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुरलीधर साहू पिता शोभाराम साहू निवासी ग्राम देवसुन्द्रा तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार के द्वारा आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया गया है कि मौजा ग्राम कोरासी पटवारी हल्का नंबर 05 तहसील आरंग जिला रायपुर स्थित खसरा नंबर 327/2 का भाग रकबा 0.0500 हे. भूमि विक्रेता जोहन पिता झुरू के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज हैं। उक्त वर्णित भूमि को विक्रेता जोहन पिता झुरू निवासी ग्राम शहीद नगर बीरगांव तहसील रायपुर जिला रायपुर के द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र उप पंजीयक कार्यालय आरंग में दिनांक 06.12.2024 को क्रेता/आवेदक के पक्ष में निष्पादित कराया गया है। अत: उक्त पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर विक्रेता का नाम विलोपित कर आवेदक/क्रेता स्वयं का नाम दर्ज किये जाने आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

उक्त सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 14.05.2025 तक पेश कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17.04.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

दिनांक- 17.04.2025
पेशी- 02.05.2025

**मुहर** **नायब तहसीलदार समोदा**

---

### न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा, जिला-रायपुर (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र./ अ-6अ/वर्ष 2024-2025

आवेदक तुलसी राम देवांगन बलौदाबाजार छ.ग. के द्वारा पिता स्व. समारू निवासी ग्राम जारा तहसील पलारी जिला आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया गया है कि मौजा ग्राम परसवानी प.ह.नं. 01, रा.जि.मं. भैसा, तहसील आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नम्बर 185, 230/2 रकबा 0.21, 0.42 हे. है कुल खसरा नंबर 2 कुल रकबा नंबर 0.63 है जो कि तुलसी पिता स्व. समारू के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि ऑनलाईन रिकार्ड में त्रुटि वश तुलसी पिता समारू जाति कुर्मी दर्ज हो गया है जो कि गलत दर्ज हुआ है उसे सुधार कर ऑनलाईन रिकॉर्ड मे जाति कोष्टा करा कर आनलाईन रिकॉर्ड दुरूस्त किये जाने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 05.05.2025 तक पेश कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.04.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक-20.04.2025
पेशी दिनांक 05.05.2025

**मुहर** **नायब तहसीलदार समोदा**

---

### रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
### उद्घोषणा

**क्रमांक 4716/रा.शा./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 30/04/25**

प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक-04 कौशल्या माता विहार (कमल विहार) सेक्टर-01 योजनांतर्गत श्री सुधांशु अग्रवाल पिता डॉ. सुभाष अग्रवाल एवं कु. मृणालिनी अग्रवाल पिता डॉ. सुभाष अग्रवाल को भूखंड क्रमांक एफ-19 रकबा 102.48 वर्गमीटर आबंटित है। आबंटिती श्री सुधांशु अग्रवाल पिता डॉ. सुभाष अग्रवाल एवं कु. मृणालिनी अग्रवाल पिता डॉ. सुभाष अग्रवाल के मु.आम डॉ. सुभाष अग्रवाल पिता स्व. आर.पी. अग्रवाल के माध्यम से दिनांक 09.12.2024 को श्री बीभिसन खेती पिता श्री कुमार खेती को विक्रय कर दिया है। क्रेता द्वारा बैनामा की फोटो प्रति प्रस्तुत करते हुए प्राधिकरण नामांतरण हेतु आवेदन किया है।

उक्त भूखंड का नामांतरण श्री बीभिसन खेती पिता श्री कुमार खेती के नाम से करने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/ दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर प्राधिकरण के राजस्व कक्ष में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नामांतरण की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/ दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 30.05.25 को जारी ।

**राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर (छ.ग.)**

---

### शपथ पत्र

मैं भगतराम साहू पिता स्व. श्री हृदयराम साहू निवासी 52/1848 बाबा ऑटो वार्ड नं.65 अश्वनी नगर सुधीर मुखर्जी वार्ड तहसील व जिला रायपुर छ.ग. शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं :-

1. यह कि, मेरा विवाह श्रीमती किरण साहू से स्थान रायपुर जिला व तहसील रायपुर छ.ग. मैं संपन्न हुआ है । विवाह उपरांत मुझे एक पुत्र रत्न कि प्राप्ति हुई जिसकी उम्र आज दिनांक को लगभग 8 वर्ष है, जिसका नाम जन्म प्रमाण पत्र प्रथम साहू है परन्तु स्कूल के मार्कशीट में प्रत्यक्ष साहू वर्णित किया गया है।
2. यह कि, मेरा पुत्र अभी बलिक नही हुआ है जिस कारण से यह शपथ पत्र मेरे द्वारा उसके पिता-पुत्र के सम्बन्ध कि हैसियत से प्रस्तुत किया जा रहा है।
3. यह कि, वर्तमान में सभी शासकीय, अर्धशासकीय दस्तावेज में प्रथम साहू वर्णित है एव शैक्षणिक एव अन्य दस्तावेजों में प्रत्यक्ष साहू नाम अंकित है।
4. यह कि, अब मेरा पुत्र सभी जगह प्रत्यक्ष साहू के रूप में जाने व् पहचाने लगा एव मेरे पुत्र को अब, तथा भविष्य में प्रत्यक्ष साहू के नाम से जाना व् पहचाना जावेगा। अत: भविष्य में मेरे द्वारा समस्त शासकीय, बैंक, अर्धशासकीय एव आधार कार्ड एव अन्य कार्य इसी नाम से निष्पादित किया जाना है।
5. यह कि, यह शपथ पत्र मेरे द्वारा इस आशय से प्रस्तुत किया गया है ताकि मेरे पुत्र अब, तथा भविष्य में प्रत्यक्ष साहू के नाम से समस्त दस्तावेज, आधार कार्ड एव बैंक अभिलेख एव अन्य में सुधार किये जाने के संबंध में यह शपथ पत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**

---

### आम-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती रंजना अशोक शिवहरे पति श्री अशोक शिवहरे, निवासी-ज्योति हायर सेकेण्डरी स्कूल परिसर कैलाशपुरी रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य में रायपुर को आपरेटिव हाउसिंग सोसायटी लि. ग्राम-चिरहुलडीह, प.ह.नं.-52, रा.नि.मं. रायपुर-3 कोटा, स्वामी आत्मानंद वार्ड नंबर-15/39, तहसील व जिला रायपुर में अनुमादित भूअभिन्यास अनुसार भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर-727/29 भूखंण्ड क्रमांक-12, सहकारी पथ म्युनिसिपल मकान नंबर-12/सहकारी पथ/39/406 उक्त भूमि को मुझे विक्रय किया जाना है, उक्त विक्रय में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बोर्ड, निकाय, बैंक, प्राधिकरण को कोई आपत्ति हो तो वो इस सूचना प्रकाशन के साथ 07 दिवस के भीतर मेरे लिखे पते पर लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें, दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से की गई आपत्ति निष्प्रभावी होकर अमान्य होगी । निर्धातरत समयावधि के उपरांत विकय पत्र की लिखा-पढ़ी एवं रजिस्ट्री करा ली जावेगी एवं उस दशा में प्राप्त आपत्ति झूठी एवं नाजायज करार दी जावेगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी भी नही होगी।

रायपुर
दिनांक-29.04.2025

**भवदीय**
**योगेश महोबिया**
**अधिवक्ता**
**लिली चौंक पुरानी बस्ती रायपुर (छ.ग.)**
**मो.नं.-98274-00720**

---

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.)
### ईश्तहार

क्रमांक/202504116400055/अ-6/2024-25
ग्राम पिरदा प.ह.नं. 76
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 23.04.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आकाश कुमार सोनवानी पिता स्व. अमरदास सोनवानी निवासी इंदिरा कॉलोनी नगर पालिका मंदिर हसौद रायपुर तहसील व जिला रायपुर के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम पिरदा पटवारी हल्का नंबर 76 राजस्व निरीक्षक मण्डल सेरीखेडी 20, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 437/1 रकबा 0.0320 हे. भूमि आवेदक के पिता स्व. अमरदास सोनवानी कि स्वामित्व आधिपत्य कि भूमि है। आवेदित भूमि के खातेदार एवं आवेदक कि पिता अमरदास सोनवानी का निधन दिनांक 22.09.2023 को हो चुका है। जिसके विधिक वारिसानो में महेश्वरी देवी सोनवानी पति स्व. अमरदास सोनवानी भाग्यश्री नौरंगे, अमन कुमार सोनवानी, आकाश कुमार सोनवानी सभी पिता स्व. अमरदास सोनवानी ही है। इसके अतिरिक्त अन्य कोई वारिसान नहीं है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि पर मृतक का नाम विलोपित कर मृतक के विधिक वारिसानो का नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अह आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 18.05.2025 तक स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 23.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

**मुहर** **अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर**

---

### न्यायालय तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)
### ईश्तहार

क्रमांक/क/बी-121/2024-2025
ग्राम-दतरेंगा
तहसील रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)
रायपुर, दिनांक 21.04.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका/आवेदक श्री परमानंद ध्रुव पिता स्व. श्री सुकलाल ध्रुव द्वारा इस न्यायालय में मृत्यु प्रमाण-पत्र बाबत् आवेदन पत्र पेश कर उल्लेख किया है कि आवेदक के दादा स्व. श्री सुकलाल ध्रुव पिता स्व. श्री बुधराम ध्रुव की मृत्यु दिनांक 08.02.2000 को घर/हॉस्पिटल घर पर रायपुर में हो चुकी है। उनके मृत्यु उपरांत आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है।

अत: आवेदक द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 05.04.2025 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

**मुहर** **तहसीलदार रायपुर**

---

### न्यायालय तहसीलदार आरंग जिला-रायपुर (छ.ग.)
### ईश्तहार

राजस्व प्रकरण क्रमांक ब/121
ग्राम कुसमुंद
पेशी दिनांक 08.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक देवचरण साहू पिता श्री ईश्वर साहू ग्राम कुसमुंद तहसील आरंग द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने गुलशन साहू के जन्म/मृत्यु दिनांक 11.07.2016 है। का पंजीयन कराने हेतु पंजीयक जन्म/मृत्यु को आदेश जारी करने की मांग किया है, ताकि जन्म/मृत्यु का प्रमाण पत्र आवेदक को प्राप्त हो सके।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 08.05.2025 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 23.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**मुहर** **नायब तहसीलदार समोदा (आरंग)**

---

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अभनपुर उप तहसील खोरपा मामले की श्रेणी-राजस्व
### ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-अभनपुर प.ह.नं. 00011 छछानपैरी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425441627600028

तहसील अभनपुर के प.ह.नं. 00011 के अंतर्गत ग्राम छछानपैरी के वर्तमान भूमिस्वामी मंजित सिंह पिता रणजित सिंह केहसिंह पिता सुखीराम सिंह पिता/पति सतनाम सिंह पिता गोविंद सिंह पता सा. टिकरापारा रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 660/2 0.4410 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता अनिता गोयल पिता/पति जितेन्द्र गोयल पता गायत्री नगर रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 15.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अभनपुर उप तहसील खोरपा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22.04.2024 को जारी किया जाता है।

**मुहर** **अतिरिक्त तहसीलदार उप तहसील खोरपा**

---

### न्यायालय तहसीलदार रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व
### ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00045 मोवा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440724000078

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00045 के अंतर्गत ग्राम मोवा के वर्तमान भूमिस्वामी गोविन्द, नवीन कुमार पि. कृपाराम बली मां प्रेमाबाई पिता/पति पि. कृपारामत साहू पता सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 366/6 0.0760 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती वन्दना साहू पिता/पति स्व. गोविंद साहू पता मोवा रायपुर छ.ग., मोहनीश साहू पिता/पति स्व. गोविंद साहू पता मोवा रायपुर छ.ग., प्रतीक साहू पिता/पति स्व. गोविंद साहू पता मोवा रायपुर छ.ग., नवीन कुमार पिता/पति कृपारामत साहू पता रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 13.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22.04.2024 को जारी किया जाता है।

**मुहर** **तहसीलदार रायपुर**

---

### कार्यालय रा.नि.मं. रायपुर-14 (बोरियाखुर्द) तहसील-रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.)
### आम सूचना

जारी दिनांक 30.04.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती निर्मला साहू पति श्री नेहरू रायपुर निवासी महासमुंद छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम बोरियाखुर्द प.ह.नं. 71 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-14 बोरियाखुर्द स्थित भूमि खसरा नंबर 327/13 रकबा क्रमश: 0.0190 हे. कुल खसरा क्रमांक 01 रकबा 0.0190 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 28.04.2025 के परिपालन में दिनांक 13.05.2025 को समय अपरान्ह 8 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अत: उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथि में हल्का पटवारी हल्का नंबर 71 के बोरियाखुर्द स्थित पटवारी राजस्व निरीक्षक कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्त किसी दावा आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-14 (बोरियाखुर्द)**

---

### न्यायालय तहसीलदार रायपुर मामले की श्रेणी-राजस्व
### ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00078 टेमरी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440725900025

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00078 के अंतर्गत ग्राम टेमरी के वर्तमान भूमिस्वामी कु. रत्ना पालित पिता/पति श्री श्री राथिन पालित पता रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 446/98 0.0092 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता करण साहू पिता/पति-पिता स्व. सुभाष साह पता निवासी वार्ड नंबर 27, बी.एस.पी. कॉलोनी मोवा सड्डू रायपुर छ.ग., निशा साह पिता/पति पिता स्व. सुभाष साह पता निवासी वार्ड नंबर 27, बी.एस.पी. कॉलोनी मोवा सड्डू रायपुर छ.ग., रजनी साह पिता/पति स्व. सुभाष साह पता निवासी वार्ड नंबर 27, बी.एस.पी. कॉलोनी मोवा सड्डू रायपुर छ.ग., श्रीमती कुसुम देवी साह पिता/पति-पति स्व. सुभाष साह पता निवासी वार्ड नंबर 27 बी.एस.पी. कॉलोनी मोवा सड्डू रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 21.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28.04.2024 को जारी किया जाता है।

**मुहर** **तहसीलदार रायपुर**

---

### न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा जिला-रायपुर (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र. /अ-6 अ/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हिरादास पिता स्व. बिसहत सतनामी निवासी ग्राम धौराभाठा तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा आवेदन पत्र पेश कर निवेदन किया गया है कि मौजा ग्राम धौराभाठा प.ह.नं. 13 रा.जि. मं. समोदा तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 232/4 रकबा 0.16 हे. भूमि को 28.05.2004 में आरंग उपपंजीयक कार्यालय में पंजीकृत स्टाम्प बैनामा के माध्यम से क्रय किया गया है जिसका नामांतरण ना.क्र. 34 आ.दि. 20.10.2012 को हो चुका था। ऋण पुस्तिका क्रमांक पी/1597722 बना हुआ है जिसकी छाया प्रति संलग्न है लेकिन उक्त भूमि वर्तमान में त्रुटि वश भूमि विक्रेता के नाम कांशीराम सतनामी पिता बहोरिक सतनामी का ऑनलाईन प्रदर्शित है। अत: उक्त भूमि में त्रुटि सुधार कर अपने नाम में ऑनलाईन दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 05.05.2025 तक पेश कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.04.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 16.04.2025
पेशी दिनांक 05.05.2025

**मुहर** **नायब तहसीलदार समोदा**

---

### न्यायालय तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.)
### सूचना-पत्र

क्रमांक/क/वाचक/तह./2025
रायपुर, दिनांक 28.04.2025

प्रति,
1. श्रीमती प्रियंका मेश्राम पति रेखलाल मेश्राम निवासी ग्राम कुथरेल तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. 2. कल्याण सोनवानी पिता सियाराम सोनवानी निवासी ग्राम डोमा, रायपुर छ.ग.

विषय-रा.प्र.क्रमांक आरडी-2024254407272000 35/ अ-6/वर्ष 2025-26 पक्षकार प्रीतम लाल चंद्रवंशी बनाम छत्तीसगढ़ शासन ग्राम-डोमा प.ह.नं. 84 तहसील व जिला रायपुर में पक्ष समर्थन हेतु उपस्थित होने बाबत्।

विषयांकित संबंध में लेख है कि आवेदक प्रीतम लाल चंद्रवंशी पिता चंद्रकुमार चंद्रवंशी निवासी श्रीराम नगर न्यू चंगोराभाठा रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदक की माता श्रीमती मणी बाई यादव पति जगराम यादव द्वारा ग्राम डोमा प.ह.नं. 84 तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 198/45 रकबा 1250 वर्गफुट भूमि विक्रेता श्रीमती प्रियंका मेश्राम पति रेखलाल मेश्राम निवासी ग्राम कुथरेल तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 31.03.2016 के माध्यम से क्रय किया गया है तथा श्रीमती प्रियंका मेश्राम पति रेखलाल मेश्राम ने विक्रेता कल्याण सोनवानी पिता सियाराम सोनवानी निवासी ग्राम डोमा, रायपुर छ.ग. से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 28.03.2011 के माध्यम से क्रय किया गया है। आवेदक द्वारा विक्रेता का नाम राजस्व अभिलेखों से विलोपित कर आवेदक अपना नाम दर्ज करने हेतु निवेदन किया गया है।

उक्त प्रकरण में आवेदित भूमि के आप आपत्तिकर्ता भूमिस्वामी है, इसलिए आपको सूचित किया जाता है कि आप प्रकरण में नियत सुनवाई दिनांक 13.05.2025 को स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा प्रकरण में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**मुहर** **तहसीलदार रायपुर**

---

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर 16 सारागांव, तहसील धरसींवा जिला रायपुर
### सीमांकन सूचना

दिनांक 27.04.2025

प्रति,
1. किशोर पटेल पिता नारायण भाई पटेल वगैरह भनपुरी रायपुर 2. परीक्षित सुरेखा/महेन्द्र कुमार सुरेका निवास आजाद नगर कानपुर 3. अतुल कुमार मंधड़ा पिता कृष्ण कुमार निवास तेलीबांधा रायपुर

विषय-आवेदक/आवेदिका सुरेश कुमार मुंधडा पिता बुलाकी दास निवासी रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम गिरौद प.ह.नं. 22 रा.नि.मं. सारागांव तहसील धरसींवा जिला रायपुर स्थित खसरा नंबर 585/3, 531/1, 591/4, 592/4, 592/6, 592/7 क्षेत्रफल 0.223, 0.112, 0.189, 0.163, 0.103, 0.044 हे. का सीमांकन बटांकन में उपस्थित होने के संबंध में

संदर्भ-न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के सीमांकन आदेश/ज्ञापन क्र.... वा./तह./2023 धरसींवा दिनांक 10.01.2025 के संदर्भ में।

उपरोक्त विषयांकित भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवाके संदर्भित ज्ञापन के परिपालन में दिनांक 02.05.2025 को समय 10 बजे से मेरे द्वारा हल्का पटवारी के सहयोग से किये जाने हेतु नियत है। क्योंकि आप उक्त खसरा नंबर की भूमि के संलग्न भूमि धारक/बटांकनधारी हे। अत: उल्लेखित नियत दिनांक को पटवारी हल्का नंबर 22 के गिरौद स्थित कार्यालय में स्वयं या अपने अभिभावक/वैद्य अभिकर्ता के माध्यम से अपनी भूमि के स्वत्व संबंधी आवश्यक दस्तावेज के साथ उपस्थित होकर दस्तावेज के अनुरूप आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। सुचानोउपरांत अनुपस्थिति की स्थिति में भी सीमांकन कार्य किया जावेगा एवम् पश्चात् की गई आपत्ति अमान्य होगा।

अत: सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. रायपुर 16 (सारागांव)**

---

### रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
### उद्घोषणा

**क्रमांक 4736/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 30/04/25**

प्राधिकरण की शैलेन्द्र नगर योजना के अन्तर्गत श्री बृजराज सिंह चौहान पिता श्री कमल सिंह चौहान द्वारा भूखण्ड क्रमांक सी-18 क्षेत्रफल 2400 वर्गफुट फ्री- होल्ड पर धारित है। फ्री-होल्डधारी के आम मुख्तयार श्री राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा उक्त सम्पत्ति को पंजीकृत विक्रय विलेख द्वारा दिनांक 21.04.2025 को क्रेता श्री अजय सिंह पिता श्री नरेन्द्र बहादुर सिंह निवासी मकान नंबर सी-79 सेक्टर 04, देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में विक्रय कर दिया गया है।

क्रेता श्री अजय सिंह पिता श्री नरेन्द्र बहादुर सिंह द्वारा पंजीकृत विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत कर प्राधिकरण अभिलेख में नाम दर्ज कराना चाहा है। अत: उक्त मकान के अभिलेख में क्रेता का नाम दर्ज किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति / दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/ दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नाम दर्ज की कार्यवाही सम्पादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/ दावा ग्राह्य नही होगा।

दिनांक 30.04.25 को जारी।

**राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर (छ.ग.)**

---

### रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
### उद्घोषणा

**क्रमांक 4714/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 30/04/25**

प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक-04 कौशल्या माता विहार (कमल विहार) सेक्टर-06 योजनांतर्गत श्रीमती पायल घरमानी पति श्री ईश्वर घरमानी को भूखंड क्रमांक ए-199 रकबा 161 वर्गमीटर आबंटित है। आबंटिती द्वारा दिनांक 07.04.2025 को श्रीमती पायल धरमानी पति श्री ईश्वर धरमानी के द्वारा मु. आम श्री ईश्वर धरमानी पिता श्री बहादुर लाल धरमानी के माध्यम से श्री भास्कर अग्रवाल पिता श्री विजय अग्रवाल को विकय कर दिया है। केता द्वारा बैनामा की फोटो प्रति प्रस्तुत करते हुए प्राधिकरण नामांतरण हेतु आवेदन किया है।

उक्त भूखंड का नामांतरण श्री भास्कर अग्रवाल पिता श्री विजय अग्रवाल के नाम से करने पर यदि किसी को कोई आपत्ति / दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर प्राधिकरण के राजस्व कक्ष में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नामांतरण की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 30.04.28 को जारी ।

**राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर (छ.ग.)**

---

### PUBLIC NOTICE FOR CHANGE OF NAME

I. Siddhant Kujur, S/o Sunil Kumar Kujur. Resident of House no.x{, Maulshree Vihar. VIP Road, Opp. Babylon Hotel, Raipur, Chhattisgarh, wish to inform the public of my official name change to Siddhant Kujur which I have done through a solemn affirmation. I hereby formally relinquish and abandon my previous name Kujur Siddhant Sunil and, from this day forward, will be recognized by New Name: Siddhant Kujur. I kindly request that everyone henceforth address my name and recognize me as Siddhant Kujur. I will now go by the name Siddhant Kujur in all circumstances, including records, legal documents, personal interactions, and government and Non-governments records. This change is effective immediately and will be upheld on all occasions henceforth.

Raipur, Chhattisgarh.

Date:

**Siddhant Kujur**
S/o Sunil Kumar Kujur
House no.36, Maulshree Vihar
VIP Road, Opp. Babylon Hotel
Raipur. Chhattisgarh

---

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर 02 मामले की श्रेणी-राजस्व
### ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00038 खमतराई ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440723500078

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00038 के अंतर्गत ग्राम खमतराई के वर्तमान भूमिस्वामी राजकुमार कौशल पिता/पति जयराम कौशल पता सा. खमतराई, श्रीमती ममता तेमुना पिता/पति राजेश तेमुना पता सा खमतराई, शेखर कौशल पिता/पति राजकुमार कौशल पता सा. खमतराई, श्रीमती लक्ष्मी सहारे पिता/पति संत हारे पता सा. खमतराई के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 236/38 0.0100 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता शेखर कौशल पिता/पति राजकुमार कौशल पता सा. खमतराई, श्रीमती लक्ष्मी सहारे पिता/पति संत सहारे पता सा. खमतराई के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 02 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24.04.2025 को जारी किया जाता है।

**मुहर** **नायब तहसीलदार रायपुर**

---

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-10
### आम सूचना

जारी दिनांक 25.04.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पायल जैन पति प्रवीण कुमार जैन निवासी पचपेड़ी नाका रायपुर, चंचल जैन पति नवल किशोर जैन निवासी पचपेड़ी नाका रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम डुमरतराई पटवारी हल्का नंबर 74 राजस्व निरीक्षक मण्डल-10 रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 322/22 रकबा 0.101 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 25.04.2025 के परिपालन में दिनांक 01.05.2025 को समय 12 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अत: उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 74 के डुमरतराई में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-10**

---

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-10
### आम सूचना

जारी दिनांक 25.04.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती पायल जैन पति प्रवीण कुमार जैन निवासी पचपेड़ी नाका रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम डुमरतराई पटवारी हल्का नंबर 74 राजस्व निरीक्षक मण्डल-10 रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 329/3, 329/4, 322/22, 327/5, 328/8, 380/9, 380/10 रकबा 0.0470, 0.0470, 0.0930, 0.0460, 0.0460 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 25.04.2025 के परिपालन में दिनांक 01.05.2025 को समय 12 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अत: उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 74 के डुमरतराई में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-10**

---

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-10
### आम सूचना

जारी दिनांक 25.04.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती चंचल देवी जैन पिता/पति श्री नवल किशोर जैन निवासी पचपेड़ी नाका रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम डुमरतराई पटवारी हल्का नंबर 74 राजस्व निरीक्षक मण्डल-10 रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 327/4, 328/4 रकबा 0.0930 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 25.04.2025 के परिपालन में दिनांक 01.05.2025 को समय 12 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अत: उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 74 के डुमरतराई में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-10**

---

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-10
### आम सूचना

जारी दिनांक 25.04.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री प्रशांत कोचर पिता राहुलाल कोचर निवासी अवेडकर वार्ड राजनांदगांव छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम डुमरतराई पटवारी हल्का नंबर 74 राजस्व निरीक्षक मण्डल-10 रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 328/4 रकबा 0.1010 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 25.04.2025 के परिपालन में दिनांक 01.05.2025 को समय 12 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अत: उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 74 के डुमरतराई में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-10**

# चोरी के मोबाइल बेचने ग्राहक तलाश कर रहे दो गिरफ्तार

**महासमुंद,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। मोबाइल चोरी कर बेचने की फिराक में ग्राहक तलाश कर रहे दो आरोपियों को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर पकड़ा और न्यायालय में पेश किया। जहां से आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी हुकुम चन्द्राकर पिता स्व. छन्नूलाल चन्द्राकर वार्ड नं.17 पुरानी बस्ती महासमुन्द ने थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 17 अप्रैल को हम सभी रात्रि करीबन 10 बजे खाना खाकर अपने अपने कमरे में सोने के लिये चले गए मैं अपने दो नग मोबाईल को कमरे के अंदर खिडकी में रखकर सो गया। रात्रि करीबन 1 बजे लघुशंका के लिए उठा तो देखा कि खिड़की में रखा हुआ मेरा 2 नग मोबाईल कुल कीमती 12,000 रूपये



नहीं था। जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति घर के कमरे अंदर घुसकर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 305 (ए) 331(4) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान अज्ञात चोर की पतासाजी की जा रही थी कि मुखबिर से सूचना मिली कि 2 व्यक्ति बस स्टैण्ड महासमुन्द में मोबाईल बेचने ग्राहक तलाश रहे है। मुखबिर के निशानदेही पर बस स्टैण्ड 2 व्यक्तियों को घेराबंदी मोबाईल के साथ पकडा गया। पूछताछ करने पर अपना नाम अर्जुन दास मानिकपुरी पिता ईश्वर दास मानिकपुरी 21 वर्ष सा.शंकर नगर रेलवे लाईन किनारे महासमुन्द एवं दीपक भोई पिता परमानंद भोई 18 वर्ष सा. महामाया पारा वार्ड नं. 16 का निवासी बताया। मोबाईल के संबंध में पूछताछ करने पर कुर्मीपारा महासमुन्द में एक घर के खिडकी के पास रखे 2 नग मोबाईल को चोरी करना एवं 2 नग मोबाईल अन्य जगह से चोरी करना और आपस में बांट लेना बताए। आरोपियों के कब्जे से 4 नग मोबाईल जब्त कर धारा 305 (ए) 331 (4) बीएनएस के तहत न्यायिक रिमांड पर भेजा गया

# मोजो मशरूम उद्योग से उठती दुर्गंध, दर्जनों गांव हुए प्रभावित

**खरोरा,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। धरसींवा विधानसभा क्षेत्र के खरोरा रोड स्थित बंगोली बांध के समीप स्थापित मोजो मशरूम दर्जन भर गांव के सरपंचों ने मुख्यमंत्री और कलेक्टर के नाम लिखा पत्र(

उद्योग की जहरीली दुर्गंध ने आसपास पिकरिडीह, मुड़पार, मुरा, धनसूली, कुर्रा, माठ सहित च्खरोरा अंचल के दर्जन भर गांवों के निवासियों का जीवन नारकीय बना दिया है। च्असहनीय बदबू से परेशान होकर इन गांवों के सरपंचों ने लिखित में मुख्यमंत्री, कलेक्टर और स्थानीय विधायक अनुज शर्मा से मुक्ति दिलाने की गुहार लगाई है। इस गंभीर समस्या पर अब विधायक अनुज शर्मा ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए उद्योग प्रबंधन और पर्यावरण विभाग के लापरवाह अधिकारियों को परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है। मामले को विधायक अनुज शर्मा ने विधानसभा में भी उठाया था।

**दी गई है नोटिस**

हम धरसींवा विधान सभा के खरोरा रोड स्थित मोजो मशरूम उद्योग की मुवायना किए है और जाच भी किए है। साथ ही दुर्बन्ध रोकने की उपाय के लिए नोटिस जारी किए है और कितना सार्थक पहल हुई है इसका दोबारा जांच करेंगे।

**– प्रकाश कुमार रगड़े**
**क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी**

**करेंगे बात**

इस सबन्ध में उद्योग प्रबंधन से बात करने की कोशिश किया गया पर प्रबंधन ने मीडिया को साफ तौर पर कह दिया हम सरकार और पर्यावरण से बात कर लेने कहकर फोन काट दिए।

**– उद्योग प्रबंधन**

# सुशासन तिहार में तत्काल बना ड्राइविंग लाइसेंस

**बलौदाबाजार,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्रामों में लगाए जा रहे शिविरों में जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में परिवहन विभाग द्वारा लर्निंग लाइसेंस बनवाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम मेकरी निवासी चंद्रशेखर पटेल एवं ग्राम दतान निवासी गंगा राम बारले ने अपने ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने हेतु शिविर में आवेदन प्रस्तुत किया था। अधिकारियों द्वारा तत्परता दिखाते हुए दोनों आवेदकों को त्वरित समाधान देते हुए लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस प्रदान किया गया।



इस अवसर पर चंद्रशेखर पटेल ने कहा कि सुशासन तिहार के तहत हमें गांव में ही अपनी समस्या का समाधान मिल गया। हमें बहुत खुशी है कि अब लाइसेंस के लिए भटकना नहीं पड़ा। वहीं गंगा राम बारले ने भी कहा कि हम जैसे ग्रामीणों के लिए यह शिविर बहुत ही लाभकारी है। त्वरित कार्यवाही के लिए हम प्रशासन का आभार व्यक्त करते हैं। दोनों आवेदकों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के शिविर ग्रामीण अंचलों के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को हम तहेदिल से धन्यवाद देते हैं, जिन्होंने गांव-गांव में सुशासन पहुंचाने की पहल की है।

# प्रभारी सचिव ने मनोविकास केंद्र व नशामुक्ति केंद्र का किया अवलोकन

**बलौदाबाजार,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। स्कूल शिक्षा सचिव एवं जिले के प्रभारी सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने मंगलवार को जिला प्रवास के दौरान नवीन कृषि उपज मण्डी परिसर स्थित मनोविकास केंद्र एवं रायपुर रोड स्थित नशामुक्ति केंद्र का अवलोकन किया। उन्होंने मनोविकास केंद्र में उपचाररत बच्चों एवं उनके अभिभावकों से बात की की और बच्चों का मनोबल बढ़ाया। विभिन्न मानसिक बीमारी से जूझते बच्चों के ईलाज के लिए शुरू किये गये मनोविकास केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं एवं संचालन प्रणाली की सरहाना की।

प्रभारी सचिव ने इसके पश्चात समाज कल्याण विभाग द्वारा संगी मितान सेवा केंद्र के माध्यम से संचालित नशामुक्ति केंद्र का अवलोकन किया। उन्होंने केंद्र में भर्ती बच्चों के बारे में प्रबंधक से पूछ ताछ की। बच्चों




को नशे से दूर रहने और सही दिशा में आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया। उन्होंने जांच एवं उपचार हेतु सप्ताह में दो दिन केंद्र में चिकित्सक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही पंजियों का निरीक्षण कर टीप भी लिखे। बताया गया कि नशामुक्ति केंद्र में वर्तमान में 15 लोग भर्ती हैं जिन्हे भोजन, विश्राम, उपचार सहित देखभाल किया जा रहा है। केंद्र में आने वालों को अधिकतम 2 महीने तक रखा जाता है और नशे की लत से दूर रहने आवशक परामर्श व ईलाज मुहैया कराया जाता है। लटुआ में जल जीवन मिशन का अवलोकन- प्रभारी सचिव ने विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम लटुआ में जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी निर्माण एवं नल जल का अवलोकन किया। उन्होने पीएचई के अधिकारियो से पानी की स्त्रोत, वाटर ट्रीटमेंट, पंप संचालन, टेप नल आदि के सम्बन्ध में पूछ ताछ की। उन्होंने गांव के चबूतरे में बैठकर ग्रामीणों एवं समूह की महिलाओं से ग्राम विकास के सम्बन्ध में चर्चा की और उनकी समस्याएं सुनी। इस दौरान कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, एसडीएम अमित गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# कक्षा 5वीं एवं 8वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित विद्यार्थियों ने बढ़ाया विद्यालय का मान

**नवापारा राजिम,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। आज 30 अप्रैल को पीएम श्री हरिहर उत्कृष्ट विद्यालय, गोबरा नवापारा में कक्षा 5वीं एवं कक्षा 8वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम की घोषणा बड़े ही उत्साहपूर्वक की गई। इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि मुकुंद मेश्राम उपस्थित रहे, वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती फखरा खानम दानी ने की। मंच पर वरिष्ठ व्याख्याता महेश नेताम, आलोक ठाकुर एवं ओंकार साहू की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विद्यालय के हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा पालकगण भी सम्मिलित हुए।



प्राचार्य श्रीमती फखरा खानम दानी ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन एवं निरंतर प्रयासों की सराहना की। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

परीक्षा परिणाम में अंग्रेजी माध्यम- कक्षा 5वीं रेशम पटेल 94.50 प्रतिशत प्रथम, कोयल पाटकर 91 प्रतिशत द्वितीय, आराध्या मेश्राम एवं देविका देवांगन 89.50 प्रतिशत तृतीय, कक्षा 8वीं - साक्षी देवांगन 89.33 प्रतिशत प्रथम, आंशिका मिश्रा 86.50 प्रतिशत द्वितीय, सृजल देवांगन 85 प्रतिशत तृतीय, हिंदी माध्यम - कक्षा 8वीं कशिश कुंभलकर - 84 प्रतिशत प्रथम, अभय बंजारे - 78.50 प्रतिशत द्वितीय, सिद्धार्थ ध्रुव - 78 प्रतिशत तृतीय, इन विद्यार्थियों की उपलब्धियों ने विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। मुख्य अतिथि मुकुंद मेश्राम ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दीं और जीवन में सदैव आगे बढ़ते रहने का संदेश दिया। साथ ही शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सौरभ सिन्टू जैन ने सभी विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम पर शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम ने विद्यालय परिसर में एक नई ऊर्जा का संचार किया और सभी उपस्थित जनों ने विद्यार्थियों की मेहनत को खूब सराहा।

# श्रमिक दिवस पर आज जुटेंगे किसान शोषण के विरुद्ध गूंजेगा शंखनाद

**महासमुंद,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। राज्य आंदोलनकारी छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले करणी कृपा स्टील एवं पावर प्लांट के समस्त अवैधानिक कार्य के खिलाफकार्रवाई की मांग करते हुए श्रमिक दिवस 1 मई को दोपहर 1 बजे से सत्याग्रह स्थल बूढ़ा महादेव मंदिर के सामने हाईवे कौंवाझर में मृतकों को स्मरण किया जाएगा और श्रद्धांजलि दी जाएगी। किसान भंडारा प्रसादी के मुख्य अतिथि राज्य आंदोलनकारी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल दुबे होंगे। अध्यक्षता प्रसिद्ध रामायणी कलाकार नंदकुमार साहू करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में किसान मोर्चा के संरक्षक दाऊ जीपी चंद्राकर, प्रदेश किसान नेता छन्नूलाल साहू, वेगेन्द्र सोनवेर, एनव निर्वाचित सरपंच, उप सरपंच, पंचगण होंगे। भंडारा दोपहर 1 बजे से प्रारंभ होकर शाम 4 बजे तक चलेगा। उसके पश्चात शाम 4 बजे से किसान भूमि पुत्र श्रमिकों को श्रद्धांजलि दिया जाएगा। शोषण के विरुद्ध शंखनाद के साथ ही आगामी आंदोलन की रणनीति पर कार्ययोजना तैयार किया जाएगा। उक्त जानकारी जिला संगठन अशोक कश्यप ने दी है।

# नियम विरुद्ध ड्राइविंग लाइसेंस नवीनीकरण कराने वाले 30 लोगों को नोटिस जारी

**बलौदाबाजार,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। परिवहन विभाग से प्राप्त फेसलेस ऑटो अप्रूवल का दुरूपयोग करते हुए गलत जानकारी सारथी पोर्टल में अपलोड कर कर ड्राइविंग लाइसेंस नवीनीकरण करने वालों को परिवहन विभाग द्वारा नोटिस जारी किया जा रहा है। अब तक ऐसे 30 आवेदको को नोटिस जारी कर समायावधि में जवाब मांगा गया है। संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने पर एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए उनके लाइसेंस निलंबन या निरस्तिकरण की कार्यवाही की जाएगी।

**समय पर संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर लाइसेंस होगा निरस्त**

जिला परिवहन अधिकारी सी. एल. देवांगन ने बताया कि छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग द्वारा सड़क दुर्घटनाओ में कमी लाने तथा जनसामान्य के सुरक्षा की दृष्टि से भारी मोटरयान तथा परिवहन यानो के ड्राइविंग लायसेंस नवीनीकरण के पूर्व दो दिवसीय आईडीटीआर से प्रशिक्षण अनिवार्य किया गया है। इसका अनुपालन न करते हुए कुछ आवेदकों के द्वारा फेसलेस ऑटो अप्रूवल का दुरूपयोग करते हुए गलत जानकारी सारथी पोर्टल में अपलोड कर कर ड्राइविंग लाइसेंस नवीनीकरण का कार्य किया जा रहा है। ऐसे सभी आवेदको की जांच की जा रही है और जांच पश्चात नोटिस जारी किया जा रहा है।


## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, RAGHAVENDRA KUMAR THAKUR S/O NEELKANTH SINGH THAKUR resident of H.NO. 177, VIRENDRA NAGAR ROAD SAHASPUR LOHARA KABIRDHAM (C.G.) 491995 have changed my old name RAGHAVENDRA KUMAR THAKUR S/O NEELKANTH SINGH THAKUR so in future I should be recognized by my new name that is RAGHAVENDRA THAKUR S/O NEELKANTH SINGH THAKUR in all Government and other documents.

**RAGHAVENDRA THAKUR**
H.NO. 177, VIRENDRA NAGAR ROAD SAHASPUR LOHARA KABIRDHAM (C.G.) 491995

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, SEENAM W/O MOHD GULAM KHIMANI resident of H NO 230 STATE BANK K BAJU KESHKAL DIST KONDAGAON (C.G.) have changed my old name SEENAM W/O MOHD GULAM KHIMANI so in future I should be recognized by my new name that is SEENAM BANO W/O MOHD GULAM KHIMANI in all Government and other documents.

**SEENAM BANO**
H NO 230 STATE BANK K BAJU KESHKAL DIST KONDAGAON (C.G.)

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, MOHAMMED GULAM S/O MOHAMMED SALIM resident of H NO 230 STATE BANK K BAJU KESHKAL DIST KONDAGAON (C.G.) have changed my old name MOHAMMED GULAM S/O MOHAMMED SALIM so in future I should be recognized by my new name that is MOHD GULAM KHIMANI S/O MOHAMMED SALIM in all Government and other documents.

**MOHD GULAM KHIMANI**
H NO 230 STATE BANK K BAJU KESHKAL DIST KONDAGAON (C.G.)

## न्यायालय नजूल अधिकारी, भाटापारा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.प्र.क. 202504211100060
अ/20 (3) वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्व साधारण जनता सूचित किया जाता है कि आवेदकगण आशीष सोलंकी पिता जवाहर लाल सोलंकी एवं अन्य 01 निवासी गांधीमंदिर वार्ड भाटापारा ने नगर भाटापारा स्थित भूमि नजूल शीट क्रमांक 12-बी, प्लाट नंबर 85/2 क्षेत्रफल 121 वर्गमीटर, निर्धारण 2930.00 रुपये भूमि जो कि नजूल अभिलेख में धारक जवाहर लाल पिता दाना भाई सोलंकी के एकल नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि को भू-धारक जवाहर लाल पिता दाना भाई सोलंकी के द्वारा आवेदकगण के पक्ष में दिनांक 16/11/2022 को अपंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। वसीयतकर्ता जवाहर गाल पिता दाना भाई सोलंकी की दिनांक 26/11/2024 को मृत्यु हो चुकी है। अतएव आदित भूमि के नजूल अभिलेख से वसीयतकर्ता का नाम विलोपित कर अपंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदकगण अपने आवेदन पत्र के साथ मेंटेनेंस खसरा, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अपंजीकृत वसीयतनामा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। 2/- प्रकरण पंजीबद्ध किया जावे। 3/- नगर एवं सर्वाधिक प्रचलित दैनिक समाचार पत्र में ईश्तहार का प्रकाशन कर दावा/आपत्ति: । मंत्रित किया जावे। 4/- राजस्व निरीक्षक नजूल भाटापारा से मौका निरीक्षण मय पंचनामा सहित प्रतिवेदन मंगाया जावे। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है।

उक्त नामांतरण के संबंध में जिस किसी को आपत्ति / दावा करना हो तो अपना आपत्ति दावा प्रकरण सुनवाई हेतु नियत दिनांक 23/05/2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त दिनांक पश्चात् प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील — **नजूल अधिकारी भाटापारा**

## शपथ पत्र

मैं ओमप्रकाश साहू उम्र 38 वर्ष पिता स्व. साधू राम साहू जाति तेली निवासी ग्राम ताराशिव पोस्ट चिचोली तहसील तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर (छ.ग.) का हूं जो कि मैं शपथ पत्र पर निम्नलिखित कथन प्रस्तुत करता हूं कि:-

1. यह कि मेरा नाम व पता ऊपर दर्शाये अनुसार है जो कि सत्य एवं सही है।
2. यह कि मैं दो नाम के एक ही व्यक्ति होने के संबंध में यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।
3. यह कि मेरे पिता जी स्व. साधूराम उर्फ सुरेश साहू के द्वारा अपने जीवनकाल में भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा भाटापारा से एल.आई.सी. लिया गया है जिसका एल.आई.सी. नं. 359354500 है। उपरोक्त एल.आई.सी पर मेरे पिता जी साधु राम साहू के द्वारा नागित व्यक्ति में प्रकाश साहू नाम दर्ज कराया गया है। जो कि उक्त नाम मेरा प्रचलित एवं घरेलू नाम है जबकि मेरा वास्तविक व सही नाम ओमप्रकाश साहू है। तथा मेरा पिता जी साधूराम उर्फ सुरेश साहू का निधन दिनांक हो चूका है।
4. यह कि मेरा समस्त शासकीय एवं अर्द्धशासकीय दस्तावेजों जैसे शैक्षणिक प्रमाण पत्रों, आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक खाता ईत्यादि पर मेरा नाम ओमप्रकाश साहू दर्ज है।
5. यह कि मैं उपरोक्त दोनो नाम ओमप्रकाश साहू एवं प्रकाश साहू का एक ही व्यक्ति हूं जो मैं स्वयं हूं मुझे उपरोक्त दोनो नामों से जाना पहचाना एवं सम्बोधित किया जाता है।
6. यह कि मुझे दोनो नामों ओमप्रकाश साहू एवं प्रकाश साहू के नाम जाना पहचाना एवं सम्बोधित किये. जाने एवं दोनो नामों का पढ़ने बाबत् यह शपथ पत्र श्रीमान सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है इस संबंध में समस्त नियम व शर्ते मझे मान्य होगी। तथा मेरे द्वारा अपने नाम के संबंध में दी गयी समस्त CBJ जानकारी पूर्णत: सत्य एवं सही है अगर दी गयी जानकारी भविष्य में झूठा या गलत पायी जाती है तो मेरे विरुद्ध विधिवत कानूनी कार्यवाही कर सकता है जो कि मुझे मान्य रहेगा।

**दिनांक 24.04.25**

**शपथकर्ता**
**ओमप्रकाश साहू**

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, JASMIN D/O SALBAHAN resident of MAKAN NO 47, GHASIDAS CHAUK, WARD NO 03, LAWAN, BALODA BAZAR, (C.G.) 493526 have changed my old name JASMIN D/O SALBAHAN so in future I should be recognized by my new name that is JASMIN PATLE D/O SALBAHAN in all Government and other documents.

**JASMIN PATLE**
MAKAN NO 47, GHASIDAS CHAUK, WARD NO 03, LAWAN, BALODA BAZAR, (C.G.) 493526

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, UJJWAL K BELAWALA S/O KISHOR BELAWALA resident of HOUSE NO. 168, WARD NO. 24, KAMPTEE LINE, RAJNANDGAON (C.G.) 491441 have changed my old name UJJWAL K BELAWALA S/O KISHOR BELAWALA so in future I should be recognized by my new name that is UJJWAL BELAWALA S/O KISHOR BELAWALA in all Government and other documents.

**UJJWAL BELAWALA**
HOUSE NO. 168, WARD NO. 24, KAMPTEE LINE, RAJNANDGAON (C.G.) 491441

## NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, LAXMI CHAND LUNAWAT S/O TARA CHAND LUNAWAT resident of H NO 00 WARD 6 KAYASTH PARA DURG, (C.G.) 491001 have changed my old name LAXMI CHAND LUNAWAT S/O TARA CHAND LUNAWAT so in future I should be recognized by my new name that is LAXMI CHAND JAIN S/O TARA CHAND LUNAWAT in all Government and other documents.

**LAXMI CHAND JAIN**
H NO 00 WARD 6 KAYASTH PARA DURG, (C.G.) 491001

## न्यायालय तहसीलदार पण्डरिया जिला कबीरधाम (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र./ब/121/वर्ष 2024-2025
आवेदक-रमेश ध्रुर्वे पिता धनुकराम जाति गोड़ निवासी ग्राम कुबाखुर्द तहसील पण्डरिया, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार द्वारा आम जनता ग्राम कुबाखुर्द प.ह.नं. 38 को सूचित किया जाता है कि आवेदक रमेश ध्रुर्वे पिता धनुकराम जाति गोड़ साकिन कुबाखुर्द तहसील पण्डरिया जिला कबीरधाम छ.ग. के द्वारा आवेदक के पिता धनुकराम पिता सीताराम की मृत्यु दिनांक 05.06.2021 को ग्राम कुबाखुर्द में हुआ है। जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदान किए जाने बाबत् आवेदन पत्र एवं शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया है।

इस संबंध में जिस किसी को भी कोई आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति पत्र स्वयं उपस्थित होकर दो प्रति में दिनांक 06.05.2025 को समय 11 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

उपरोक्त निर्धारित तिथि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पत्र को अमान्य समझा जावेगा।

आज दिनांक 22.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से ग्राम में ईश्तहार जारी किया गया।

जारी दिनांक 22.04.2025
पेशी दिनांक 06.05.2025

**मुहर** — **तहसीलदार पण्डरिया**

## आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारों ने मनोज कोठारी पिता श्री प्रताप कोठारी निवासी गुजराती कालोनी, धमतरी तह. वो जिला धमतरी (छ.ग.) वाले से उनके हक स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि जो ग्राम - धमतरी प. ह. नं. 33 रा. नि. मं. धमतरी तह. वो जिला धमतरी (छ.ग.) में स्थित है जिसका भूमि खसरा नं. 555,556 व 557 रकबा 0.182 हे. है जिसके चतुर सीमा के उत्तर दिशा में पिंकी साहू का मकान, दक्षिण दिशा में विनय पारख की भूमि, पूर्व दिशा में विक्रेता की भूमि एवं पश्चिम में सतनामी समाज, कमल अग्रवाल व विक्रेता की भूमि स्थित है जिसे क्रय करने की पक्की बात-चीत हो चुकी हैं, केवल पंजीयन कराया जाना शेष है।

अत: इस संबंध में किसी भी व्यक्ति विशेष फर्म, संस्था, निकाय शासकीय एवं अर्द्धशासकीय विभाग या अन्य किसी वित्तीय संस्था या राष्ट्रीयकृत बैंक या सहकारी बैंक या अन्य किसी को भी कोई आपत्ति उजर दावा हो तो इस सूचना के प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर अपनी आपत्ति मय आपत्ति के आधारो सहित लिखित में दर्ज करा देंवे अन्यथा म्याद उपरांत कि गई आपत्ति अमान्य मानी जावेगी। सूचना जाने।

उपरोक्तानुसार सर्वसाधारण को सूचित हो।

धमतरी
दिनांक 30.04.2025

**पूनमचंद निर्मलकर, अधिवक्ता**
**कोष्टापारा नंदी चौक,**
**धमतरी (छ.ग)**

## आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारों ने मनोज कोठारी पिता श्री प्रताप कोठारी निवासी गुजराती कालोनी, धमतरी तह. वो जिला धमतरी (छ.ग.) वाले से उनके हक स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि जो ग्राम धमतरी प. ह. नं. 33 रा. नि. मं. धमतरी तह. वो जिला धमतरी (छ.ग.) में स्थित है जिसका भूमि खसरा नं. 558/1 रकबा 0.113 हे. है जिसके चतुर सीमा के उत्तर दिशा में हेमंत महमल्ला की भूमि दक्षिण दिशा में विनय पारख की भूमि, पूर्व दिशा में आशीष सिंग, बजरंग अग्रवाल, यश कोठारी, वीणा गुप्ता व प्रभात गुप्ता की भूमि एवं पश्चिम में विक्रेता की भूमि स्थित हजिसे क्रय करने की पक्की बात-चीत हो चुकी हैं, केवल पंजीयन कराया जाना शेष है।

अत: इस संबंध में किसी भी व्यक्ति विशेष फर्म, संस्था, निकाय शासकीय एवं अर्द्धशासकीय विभाग या अन्य किसी वित्तीय संस्था या राष्ट्रीयकृत बैंक या सहकारी बैंक या अन्य किसी को भी कोई आपत्ति उजर दावा हो तो इस सूचना के प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर अपनी आपत्ति मय आपत्ति के आधारो सहित लिखित में दर्ज करा देंवे अन्यथा म्याद उपरांत कि गई आपत्ति अमान्य मानी जावेगी। सूचना जाने।

उपरोक्तानुसार सर्वसाधारण को सूचित हो।

धमतरी
दिनांक 30.04.2025

**पूनमचंद निर्मलकर, अधिवक्ता**
**कोष्टापारा नंदी चौक,**
**धमतरी (छ.ग)**

## आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारों ने मनोज कोठारी पिता श्री प्रताप कोठारी निवासी गुजराती कालोनी, धमतरी तह. वो जिला धमतरी (छ.ग.) वाले से उनके हक, स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि जो ग्राम धमतरी प. ह. नं. 33 रा. नि. मं. धमतरी तह. वो जिला धमतरी (छ.ग.) में स्थित है जिसका भूमि खसरा नं. 563/68 रकबा 0.024 हे. है जिसके चतुर सीमा के उत्तर दिशा में सतनामी समाज, दक्षिण दिशा में कमल अग्रवाल की भूमि, पूर्व दिशा में विक्रेता की भूमि एवं पश्चिम में रास्ता स्थित है जिसे क्रय करने की पक्की बात-चीत हो चुकी हैं, केवल पंजीयन कराया जाना शेष है।

अत: इस संबंध में किसी भी व्यक्ति विशेष फर्म, संस्था, निकाय शासकीय एवं अर्द्धशासकीय विभाग या अन्य किसी वित्तीय संस्था या राष्ट्रीयकृत बैंक या सहकारी बैंक या अन्य किसी को भी कोई आपत्ति उजर दावा हो तो इस सूचना के प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर अपनी आपत्ति मय आपत्ति के आधारो सहित लिखित में दर्ज करा देंवे अन्यथा म्याद उपरांत कि गई आपत्ति अमान्य मानी जावेगी। सूचना जाने।

उपरोक्तानुसार सर्वसाधारण को सूचित हो।

धमतरी
दिनांक 30.04.2025

**पूनमचंद निर्मलकर, अधिवक्ता**
**कोष्टापारा नंदी चौक,**
**धमतरी (छ.ग)**

## आम सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि, मैं अमन कुमार साहू पिता छेदूराम साहू उम्र 35 वर्ष जाति तेली निवासी ग्राम बुड़गहन थाना व तहसील सुहेला जिला बलौदाबाजार- भाटापारा (छ.ग.) का निवासी हूँ। मेरे द्वारा आधार कार्ड में अमन साहू के स्थान पर गैंदराम साहू पिता छेदूराम साहू कराना चाहता हूँ जिस पर किसी व्यक्ति, संस्था, कंपनी को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो मुझे मेरे पते पर ईश्तहार प्रकाशन के 03 दिवस के भीतर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें है। नियत समय पश्चात् दावा आपत्ति मुझ पर बंधनकारी नही होगा।

दिनांक 30.04.2025

**अमन कुमार साहू**
पिता खेदूराम साहू
निवासी ग्राम बुड़गहन थाना व तह. सुहेला जिला बलौदाबाजार- भाटापारा (छ.ग.), मो.नं. -9926475586

## CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION CO. LTD.

(A GOVERNMENT OF CHHATTISGARH UNDERTAKING) (A SUCCESSOR COMPANY OF CSEB)
O/O THE SUPERINTENDING ENGINEER, (CC-I), RAIPUR
Website-www.cseb.gov.in Office Mail ID-secc.raipur@espc.co.in , Phone No. 0771-2574800, 2574801, Fax No. 0771-2574805

### NOTICE INVITING TENDER THROGU E-BIDDING

Awarding contract for Engagement of skilled operator (staff) for operation & supervision of transformer & checking minor, repairing, maintenance of 500 KVA x 5 Nos. (including 11/0.4 KV Distribution Transformer) and accessories of substation, operation of AB Switch and replacement of DO & TMC Fuse, Cable - lug, checking main panel ACB 800 Amp. & supervision of manual Change over switch and auto change over of ACB 1200 Amp. of Chhattisgarh State Power Companies Head Office Building (Vidhyut Sewa Bhawan) at Danganiya Raipur. For maintaining uninterrupted power supply at Head Quarter building, 1 No. skilled operator (Staff) in each shift 8:00 AM to 16:00 PM, 16:00 PM to 24:00 AM & 00:00 AM to 08:00 AM daily in entire month along with weekly off reliever duty has to be deployed by the contractor. The contract work will be as per guidelines of CSPDCL. Normally the period of contract will be 24 months on the monthly rate basis. The CSPDCL reserves the right to extend the term of contract period for further 12 Months at the same rate, terms & condition on mutual understanding between CSPDCL & contractor. GST will be paid Extra on production of actual documentary evidence.

| S. N. | Tender No. | Name of work | Value of Contract (Without GST) | EMD Amount (Online) | Last date & Time of Submission of bids | Due date of Opening |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | TR-2025 10 Dt. 30.04.25 RFX No. 8100042906 | Awarding Contract for Engagement of Skilled Operator (staff) for operation & supervision of transformer & checking minor, repairing, maintenance of 500 KVA X 5 Nos. (including 11/0.4 KV Distribution Transformer). | 19,21,920/- | 19220/- | Dt. 20.05.25 upto 02.30 PM | Dt. 20.05.25 upto 03.00 PM |


Details of Tender, Technical Specifications, Terms and Conditions etc are available on our website www.cseb.gov.in, www.cspdcl.co.in and ebidding http:/cijsrp.cspdcl.co.in. The Tender document can also be downloaded from CSPDCL's official website mentioned above. The cost of required Tender fee (which is not refundable) of Rs. 2000/- including GST and EMD for each tender may be deposited by online through e-bidding.

**Superintending Engineer**
**City Circle-I, CSPDCL: Raipur**

**Samvad- 43692**

# पीएम आवास निर्माण में रायगढ़ ने मारी बाजी

- छत्तीसगढ़ में बना नंबर वन जिला
- रिकॉर्ड समय में 14,541 आवास का काम पूरा




**रायपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत रायगढ़ जिले ने पूरे छत्तीसगढ़ में अव्वल प्रदर्शन करते हुए एक मिसाल कायम की है। आवास निर्माण के क्षेत्र में रायगढ़ प्रदेश का नंबर एक जिला बन गया है। वर्ष 2024-25 में जिले को मिले 60,609 आवासों के लक्ष्य में से अब तक 52,307 आवासों को स्वीकृति दी जा चुकी है, और इनमें से 14,541 आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जो पूरे राज्य में सर्वाधिक है।

## मिशन मोड में काम

रायगढ़ की इस सफलता के पीछे जिला प्रशासन की रणनीतिक योजना, फील्ड विजिट और सतत समीक्षा की अहम भूमिका रही। प्रशासन ने मिशन मोड में काम करते हुए जिला और जनपद स्तर के अधिकारियों को प्रतिदिन ग्राम पंचायतों में निरीक्षण के लिए भेजा। इन निरीक्षणों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रतिदिन समीक्षा की गई।

निर्माण कार्य में आ रही चुनौतियों जैसे लेबर, राजमिस्त्री, सेंट्रिंग प्लेट और जल आपूर्ति की समस्याओं का तुरंत समाधान सुनिश्चित किया गया। साथ ही, बड़े स्तर पर निर्माण वाले गांवों में आवश्यक सामग्री को एक स्थान पर संग्रहीत कर हितग्राहियों को सामग्री खरीदने में सुविधा प्रदान की गई।

## आवास प्लस सर्वे में भी अग्रणी

केवल निर्माण कार्य ही नहीं, बल्कि श्आवास प्लस सर्वे 2024श् में भी रायगढ़ जिले ने उल्लेखनीय प्रगति की है। इस सर्वे के माध्यम से उन पात्र हितग्राहियों को योजना से जोड़ा गया, जो पूर्व में किसी कारणवश योजना से वंचित रह गए थे। जिले में कुल 1,01,011 नए हितग्राही इस सर्वे के जरिए चिन्हित किए गए हैं, जिनमें से 8,740 हितग्राही सेल्फ सर्वे और 92,271 हितग्राही असिस्टेड सर्वे के माध्यम से शामिल हुए।

## रायगढ़ मॉडल बन रहा है उदाहरण

रायगढ़ जिले की यह सफलता राज्य के अन्य जिलों के लिए एक मॉडल के रूप में सामने आ रही है। प्रशासन की तत्परता, संसाधनों का कुशल प्रबंधन और फील्ड लेवल पर कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) को ज़मीन पर प्रभावी ढंग से उतारने में सफलता दिलाई है।

# नक्सलियों के गढ़ में जवानों ने लहराया तिरंगा

**बीजापुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। सुरक्षा बल के जवानों ने नक्सलवाद के खिलाफ सबसे बड़ी लड़ाई में 1 और बड़ी सफलता हासिल की है. जवानों ने छत्तीसगढ़ और तेलंगाना की सीमा पर बसे नक्सलियों के गढ़ कर्रेगुट्टा पहाड़ी पर भारत का तिरंगा लहराया दिया है. यह देश में नक्सलवाद के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ी कार्रवाई है, जिसमें सुरक्षा बल के जवान बीते 9 दिन से लगातार लाल आतंक के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं. नक्सलवाद के खिलाफ यह लड़ाई अब अंतिम पड़ाव पर है.



बता दें, कर्रेगुट्टा पहाड़ पर एंटी नक्सल ऑपरेशन का आज 9वां दिन है. नक्सलियों के खात्मे के लिए लगभग 10 से 12 हजार जवानों ने पहाड़ी को अपने कब्जे में कर लिया है. जवानों ने बड़े कैडर के नक्सली लीडरों समेत सैकड़ों नक्सलियों का खात्मा और उनके सभी बंकरों को ध्वस्त करने का संकल्प किया है.

बीते मंगलवार को फोर्स ने पहाड़ पर कब्जा कर लिया है. यहां हेलीकॉप्टर की सहायता से 500 जवानों को उतारा गया. पहले इस ऑपरेशन में सिर्फ छत्तीसगढ़ पुलिस, तेलंगाना पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स शामिल थी. वहीं अब बिहार और झारखंड के सेंट्रल सुरक्षाबल के जवानों की भी कर्रेगुट्टा पहुंचने की जानकारी सामने आई है

नक्सलियों के खिलाफ जारी ऑपरेशन में जवानों ने अब तक 5 नक्सलियों को ढेर किया है, जिनमें से 3 महिला नक्सलियों के शव समेत कई हथियार भी बरामद हुए हैं. वहीं कर्रेगुट्टा पहाड़ का तापमान 40 से 45 डिग्री के बीच होने की वजह से कई जवानों की तबीयत भी बिगड़ी है. ऑपरेशन के दौरान तेज गर्मी से लगभग 40 जवान डिहाइड्रेशन के शिकार हुए और 2 जवान नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से घायल भी हुए हैं.

## कर्रेगुट्टा से लगे दो और पहाड़ पर कब्जा करेगी फोर्स

फोर्स के अफसरों ने बताया कि अभी ऑपरेशन को रोका नहीं जाएगा, ऑपरेशन जारी रहेगा. कर्रेगुट्टा से लगे दो और पहाड़ हैं, जिस पर भी फोर्स कब्जा करेगी. भोपालपटनम इलाके के पहाड़ पर कब्जे के बाद भोपालपटनम की ओर से भी आवाजाही शुरू की जाएगी.

## आईबी चीफ ने अधिकारियों से की बैठक

कर्रेगुट्टा में जारी नक्सल ऑपरेशन के बीच आईबी चीफ तपन डेका ने छत्तीसगढ़ में अधिकारियों के साथ बैठक की. बैठक में तय किया गया कि ऑपरेशन जारी रहेगा और फोर्स को बैकअप के लिए दूसरे जिलों से भी बुलाया जाएगा.

## तेलंगाना शांतिवार्ता के सदस्य ने सीएम रेड्डी से की मुलाकात

कर्रेगुट्टा पहाड़ पर चल रहे बड़े नक्सल ऑपरेशन को रोकवाने के लिए तेलंगाना शांतिवार्ता के सदस्य ने सीएम रेवंत रेड्डी से मुलाकात की. उन्होंने सीएम से ऑपरेशन रोकने के लिए केंद्र सरकार पर दबाव बनाने का अनुरोध किया, जिस पर सीएम ने पहल करने का आश्वासन दिया.

देशबन्धु
पाठकों के लिए
माह अप्रैल 2025 का अखबार बिल

| दिन | दर | रू.पै. |
|---|---|---|
| 30 दिन | 4.00 | = 120.00 |
| कुल 30 दिन | | 120.00 |

कृपया अपने अभिकर्ता को उपरोक्तानुसार 10 मई 2025 तक बिल का भुगतान करें।
प्रसार व्यवस्थापक

# छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड ऑनलाइन किराया लेने वाला भारत में पहला राज्य

**रायपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड देश का ऐसा पहला वक्फ बोर्ड बन गया है., जो अब वक्फ संपत्ति का किराया ऑनलाइन लेगा. छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने इस संबंध में निर्देश जारी करते हुए बताया कि वक्फ की संपत्ति और वक्फ बोर्ड के बीच बिचौलियों को खत्म करने के लिए यह निर्णय लिया गया है. इस निर्णय के तहत प्रदेश के सभी जिलों की मस्जिदों का अकाउंट ऑनलाइन खुलवाया गया है.

उन्होंने बताया कि नए निर्देश के अनुसार, जितने भी किरायेदार हैं, उन्हे पेमेंट कैसे करना है, उनके दिए गए किराए के पैसों का क्या उपयोग होगा, यह भी बताया गया है. सलीम राज ने कहा कि छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के पास अब तक 5 लाख रुपए भी किराया नहीं आता था. लेकिन अब ऑनलाइन व्यवस्था से सैकड़ों-करोड़ों में किराया आने की पूरी उम्मीद है. वक्फ बोर्ड की आमदनी बढ़ेगी, तो गरीब और जरूरतमंद मुसलमानों का उत्थान होगा.

# पुलिस हिरासत से भागा कैदी

- एसएसपी रजनेश सिंह ने प्रधान आरक्षक और दो आरक्षक को किया सस्पेंड

**बिलासपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में पुलिस हिरासत से कैदी के फरार होने के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है। इस मामले में ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) रजनेश सिंह ने प्रधान आरक्षक मुन्ना किन्डो, आरक्षक पुरुषोत्तम दास पंत और रजनीश लहरे को निलंबित कर दिया है।

जानकारी के अनुसार, बिलासपुर केंद्रीय जेल में बंद अपराध क्रमांक 297/2024, धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत आरोपी उत्तरा कुमार खुंटे को सांस लेने में तकलीफ के कारण 26 अप्रैल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसकी सुरक्षा के लिए पुलिस लाइन में तैनात प्रधान आरक्षक मुन्ना किन्डो, आरक्षक पुरुषोत्तम दास पंत और रजनीश लहरे को तैनात किया गया था।

28 अप्रैल को सुबह 8ः30 बजे आरोपी उत्तरा कुमार खुंटे ने आरक्षक रजनीश लहरे को चकमा देकर अपनी हथकड़ी खोलकर अस्पताल से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि उस समय रजनीश लहरे फ्रेश होने के लिए बाथरूम गए थे। अस्पताल और आसपास के क्षेत्र में आरोपी की तलाश की गई, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। प्रधान आरक्षक मुन्ना किन्डो की शिकायत पर पुलिस ने फरार आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 262 के तहत मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## आरक्षक पर अवैध वसूली का आरोप, जेल भेजा गया

इस कार्रवाई के बीच फरार आरोपी को पकड़ने गए आरक्षक रजनीश लहरे स्वयं अवैध वसूली के मामले में पकड़े गए हैं। जिला अस्पताल से आरोपी के फरार होने के बाद रजनीश लहरे उसे खोजने के लिए डभरा गए थे। सोमवार देर रात 3 बजे लहरे अपने दो साथियों के साथ डभरा-चंदरपुर मार्ग पर वाहन खड़ा कर स्वयं को डभरा थाना प्रभारी बताकर ड्राइवरों से अवैध वसूली कर रहे थे। सूचना मिलने पर डभरा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर रजनीश लहरे और वाहन मालिक को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उनका एक साथी फरार हो गया। पुलिस ने अवैध वसूली का मामला दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया है। यह घटना बिलासपुर पुलिस की कार्यप्रणाली और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

NECC

| 01.05.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 441 | 68 | 155 |
| चिल्हर | 6 | 90 | 180 |

डिलीवरी 456 सैकड़ा
दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA




प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

CMYK



## संपादकीय

### शिकारियों से बचाया जाये वन्य जीवों को

छत्तीसगढ़ अपनी जैव विविधता के लिये तो जाना जाता है पर वह वन्य जीवों के अवैध शिकार के लिये भी अभिशप्त है। रायपुर के मोवा में वन विभाग ने पुलिस की मदद से दो सगे भाइयों को गिरफ्तार कर उनसे 4 लाख रुपये मूल्य के चीतल के सींग बरामद किये हैं। मंगलवार की सुबह वे इसे बेचने वाले थे कि उसके पहले पकड़ में आ गये। पिछले दिनों नगरी का एक व्यक्ति पकड़ाया था, जिसके पास से 50 पोटाश बम, भालुओं के 86 नाखून, तीर-धनुष आदि बरामद हुए थे। ऐसे ही, बलौदाबाजार वन मंडल के सोनाखान रेंज के अंतर्गत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया था जो बिजली का करेंट फैलाकर जंगली पशुओं का शिकार करते थे। कोंडागांव जिले के ओरछा में स्थित टेमरू गांव के वनों में चार लोगों द्वारा एक बाघ की तीरों से हत्या कर दी गयी। खाल, नाखून, दांत आदि रखकर वे उसका मांस पकाकर खा गये। बीजापुर में भी एक बाघ की हत्या की गयी थी। सीतानदी-उदंती वन परिक्षेत्र में एक हाथी शावक पोटाश बम से बुरी तरह घायल हुआ था। 15 दिनों तक तड़पने के बाद उसकी मौत हो गयी थी।

पिछले दिनों सुकमा के केरलापाल गांव का एक वीडियो सामने आया था जिसमें कुछ ग्रामीण एक भालू को निर्दयतापूर्वक मार रहे हैं। भालू के नथूने लहूलुहान दिख रहे थे और उसका जबड़ा और पंजे घायल किये गये थे। इसी तरह से सांपों को भी अक्सर देखते ही मार दिया जाता है। इसमें कोई शक नहीं कि आदिवासी क्षेत्रों में रहने वालों को वन्य प्रणियों का हमेशा खतरा बना रहता है। हाथियों को गड्ढे में गिराकर या उन पर हमले कर उन्हें घायल कर दिया जाता है। कई बार वे मारे भी जाते हैं। कोई तेंदुआ यदि बस्ती में घुस जाये तो लोग उन्हें शांतिपूर्वक निकल जाने देने की बजाय उन पर आक्रमण करते हैं। शिकारी बिजली की करेंट वाली तारें बिछाकर अथवा पोटाश बमों से वनों में रहने वाले पशुओं को घायल करते हैं या उन्हें मार देते हैं।

घायल पशुओं को शिकारियों द्वारा आसानी से पकड़ लिया जाता है। मारे गये जानवरों के विभिन्न अंगों को निकालकर उन्हें बेच दिया जाता है। तेंदुओं, बाघों आदि की खाल, दांत और नाखून को तंत्र-मंत्र के काम में लिया जाता है। हिरणों और चीतलों का मांस खाया जाता है और उनकी खालें बेच दी जाती हैं। मयूर को उसके पंखों के लिये मार डाला जाता है।

प्रदेश के कई वन्य जीवों की संख्या घट रही है और कुछ प्रजातियां विलुप्ति की कगार पर हैं। समय आ गया है कि हर किसी को उनके संरक्षण के बारे में सोचना और उसके उपाय करने चाहिये। सरकार को चाहिये कि शिकारियों से वन्य जीवन को बचाया जाये तथा दोषियों के खिलाफ़ कड़ी कार्रवाई करे।

### उल्टा पुल्टा

औरंगजेब- सेनापति! यह बताओ कि हम शिवाजी को क्यों नहीं ढूंढ़ पा रहे हैं?

सेनापति- महाराज, क्योंकि हम मुगल हैं, गूगल नहीं.

# विधायक ने 33 करोड़ 23 लाख के विभिन्न विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

## व्यस्ततम धरमपुरा मार्ग चौड़ीकरण कार्य प्रारंभ, अग्रेसन चौक से पल्ली नाका तक 5 किमी सड़क चौड़ीकरण की बहुप्रतीक्षित मांग हो रही पूरी





**जगदलपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में नगर पालिक निगम में करोड़ों के निर्माण कार्यों का क्षेत्रवासियों को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने दी सौगात। जगदलपुर की जनता की बहुप्रतीक्षित मांग अग्रसेन चौक से पल्ली नाका तक सड़क निर्माण 5 किलोमीटर चौड़ीकरण निर्माण कार्य लागत 27 करोड़ 91 लाख रूपए, कैलाश होटल चौक के सामने से हनुमान मंदिर धरमपुरा दलपत सागर तक 1 किलोमीटर सड़क चौड़ीकरण व मजबूतीकरण कार्य लागत 2 करोड़ 51 लाख रूपए, विवेकानंद आश्रम धरमपुरा से नेगीगुड़ा होते सर्वोदय स्कूल तक 1.45 किलोमीटर सड़क चौड़ीकरण व मजबूतीकरण कार्य का विधिवत शुभारंभ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री देव एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विधिवत भूमिपूजन किया गया।

शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान जनमानस संबोधित करते हुये भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने कहा कि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद लगातार चौमुखी विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा हमारा सपना अब साकार होने लगा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश में सभी क्षेत्रों में विकास की गंगा बह रही है। हमारे मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्री अरूण साव का सहृदय आभार व्यक्त किया। जगदलपुर शहर व ग्रामीण क्षेत्र की देवतुल्य जनता की वर्षो पुरानी बहुप्रतीक्षित मांग रही है। जिसके कार्य का आज विधिवत शुभारंभ किया गया। अग्रसेन चौक से पल्ली नाका तक के सड़क की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा किया जा रहा है। इस सड़क के निर्माण से जनता को यातायात बाधित की समस्या से निजात मिलेगा। सड़क निर्माण से दुर्धटना नहीं होगी। वहीं कैलाश होटल चौक के सामने से हनुमान मंदिर धरमपुरा चौक तक सड़क चौड़ीकरण व मजबूतीकरण तथा विवेकानंद आश्रम धरमपुरा से नेगीगुड़ा होते सर्वोदय स्कूल तक के सड़क निर्माण कार्य से क्षेत्र की जनता को काफी लाभ मिलेगा। हमारी सरकार जनता के मांग के अनुरूप लगातार क्षेत्र का विकास कार्य कर रही है। श्री देव ने कहा विकास कार्य में राशि की कमी नहीं होगी। दृढ़ संकल्प के साथ विकास कार्य होंगे, हमारी 15 महीने की भाजपा सरकार ने हर क्षेत्र में विकास के आयाम स्थापित किए हैं।

**व्यवस्थित जगदलपुर शहर का संकल्प साकार रूप ले रहा, जनता की जरूरी मांगों को पूर्ण करना प्राथमिकता : किरण देव**

शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पानी, बिजली व अन्य व्यवस्थाओं को जनता तक पहुंचाना हमारा दायित्व है। जनता के अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करते विकास कार्य को तेजी से आगे बढ़ाने का कार्य किया जायेगा। जनता के मंशा के अनुरूप विकास कार्य होंगे।

श्री देव ने संबंधित विभाग को तय समय सीमा व गुणवत्ता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। इस दौरान महापौर श्री संजय पांडे ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक देव के नेतृत्व में क्षेत्र में चौमुखी विकास हो रहा है। हर आयाम में विकास हो रहा है। महापौर ने प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव को विकास पुरुष कि संज्ञा दी। जिनके नेतृत्व में हर क्षेत्र में विकास कार्य तेजी गति से हो रहा है।

श्री पांडे ने कहा कार्य क्षेत्रवासियों की तरफ से मांग व समस्याओं को विधायक श्री किरण देव तत्काल पूरा करते हैं। इस दौरान निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, संग्राम सिंह राणा, सुरेश गुप्ता, लक्ष्मण झा, राणा घोष, संजय विश्वकर्मा, त्रिवेणी रंधारी, कलावती कसेर पार्षद बसंती समरथ, संतोष गौर, पूनम सिन्हा, नरसिंह राव, उमा मिश्रा, पायल बोथरा, श्याम सुंदर, एवं विधाशरण तिवारी, पूर्व महापौर सफीरा साहू, नगर अध्यक्ष प्रकाश झा, आरेंद्र सिंह, रजनीश पानीग्राही, यशवर्धन राव, आनंद मोहन मिश्रा, शशि रथ, विक्रम यादव, अविनाश श्रीवास्तव, बी जयराम, अनिल लुक्कड़, शंभू नाग, राजा यादव, कार्यपालन अभियंता राजीव बतरा, तथा काफी संख्या में जनमानस उपस्थित थे।

# सुशासन तिहार: करमरी के सोलर ड्यूल पंप संयंत्र को कार्यशील करने से ग्रामीणों को सुलभता से मिल रहा पेयजल



**जगदलपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण के द्वारा जिले के विभिन्न स्थलों में पेयजल व्यवस्था हेतु 1043 नग सोलर ड्यूल पम्प तथा जल जीवन मिशन अंतर्गत 777 नग सोलर ड्यूल पम्प स्थापित किये गये हैं। इसी कड़ी में सुशासन तिहार-2025 में विकासखण्ड बस्तर अंतर्गत ग्राम करमरी भाटागुड़ा पारा के आवेदक गणेश राम द्वारा क्रेडा विभाग से स्थापित सोलर ड्यूल पम्प संयंत्र अकार्यशील होने की शिकायत की गई थी। प्राप्त शिकायत पर क्रेडा कार्यालय द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए अकार्यशील संयंत्र को टेक्नीशियन भेजकर तकनीकी समस्या को दुरूस्त करके संयंत्र को गत 21 अप्रैल 2025 को कार्यशील किया गया है। सोलर ड्यूल पंप मरम्मत एवं सुधार हो जाने से ग्रामीणों के समस्या का समाधान होने के साथ ही ग्रीष्मकाल में उन्हें पेयजल सुलभ हो रहा है। क्रेडा द्वारा उक्त समस्या के निदान हेतु त्वरित कार्यवाही कर संयंत्र को कार्यशील करने से ग्रामीणों ने खुश होकर प्रशासन के प्रति आभार जताया है। सहायक अभियंता श्री सिदार ने इस बारे में बताया कि वर्तमान में क्रेडा के द्वारा मरम्मत योग्य सोलर ड्यूल पंपों का परीक्षण कर सुधार निरंतर किया जा रहा है।

# संत मुनियों को भोजन कराने के लिए आमंत्रित करने समाज के लोगों की लगी कतार



**जगदलपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। अक्षय तृतीया के अवसर पर दिगंबर जैन समाज के द्वारा नगर में पहुंचे। संत मुनियों को भोजन कराने के लिए आमंत्रित करने, पारंपरिक वेशभूषा में अनेक समूह में एकत्रित होकर मुनियों के संकल्प और नियमों के अनुरूप अपने को प्रदर्शित करने के प्रयास में गुरु नानक चौक से लेकर मेंन रोड के श्रीराम चौक तक रंगोली बनाकर कलश सजाकर अपने-अपने हाथों में कलश और गन्ना एवं अन्य सामान लिए। मुनियों के नियम एवं संकल्प के अनुरूप व्यवहार करने का पूरा प्रयास किया। मुनि गण महावीर भवन से निकले और वे रास्ते पर पारंपरिक वेशभूषा में एकत्रित जनों के आग्रह का अवलोकन किया। सभी मुनियों को नमस्तुभ्यं नमस्तुभ्यं कहकर अपने और आकर्षित करने का प्रयास करते रहे। इनमें कुछ समूह सफल हुए उनके साथ मुनि भोजन के लिए प्रस्थान किये।

# फसल को नजर न लगे इसलिए सूर्योदय के पहले करते हैं धान बोनी



**जगदलपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। सनातन परंपरा का निर्वहन करते हुए बस्तर का आदिवासी समाज भी अक्षय तृतीया को अक्ती तिहार के रूप में मनाता है। यहां के किसान इस दिन धान बोने की शुरुआत करते हैं, किंतु उनकी धान बोनी और फसल को किसी की नजर न लगे इसलिए सूर्योदय के पहले ही खेत पहुंच धान बोनी कर आते हैं। इतना ही नहीं कितना बड़ा भी किसान हो वह अपने खेतों में बैलों को हल में जोत जरूर चलाता है, चूंकि खेतों में बैलों का खूर लगना शुभ माना जाता है। बस्तर संस्कृतिक रूप से काफी समृद्ध हैं। यहां की परंपराएं भी अद्भुत है। अक्षय तृतीया के दिन यहां के किसान बांस की नई टोकरी से कावड़ बनाते हैं और उसके एक तरफ अमलतास के फूल और पूजन सामग्री तो दूसरी तरफ की टोकरी में धान बीज रखते हैं। बताया गया कि ग्रामीण ऐसा वह इसलिए करते हैं कि धान बोने की उनकी प्रक्रिया को कोई दूसरा न देखें और फसल को नजर न लगे। यह परंपरा वर्षों से बस्तर में व्याप्त है।

**नजर से बचाने तड़के बोनी:** रामपाल के सुमन सिरहा बताते हैं कि अक्षय तृतीया को बस्तरवासी भी धान बोनी के लिए सबसे बढ़िया दिन मानते हैं। किंतु जादू - टोना और अंधविश्वास से गिरा बस्तर अपनी कई परंपराओं को आज भी जिंदा रखे हुए हैं। अक्षय तृतीया के दिन सूर्योदय के पहले खेत पहुंचना और कोई देखे। उसके पहले धान बोनी कर घर आ जाना। उनकी >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई निरंतर जारी





**जगदलपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर पालिका निगम जगदलपुर मे अवैध अतिक्रमण पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। जगदलपुर महापौर संजय पांडे के मार्गदर्शन एवं आयुक्त नगर निगम के निर्देश व जिला प्रशासन, निगम प्रशासन एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा अवैध अतिक्रमण मुक्त कराया जा रहा है। जगदलपुर के मुख्य मार्ग जैसे मेन रोड, गोल बाजार रोड, संजय मार्केट रोड, चांदनी चौक रोड, सर्किट हाउस रोड, बस्तर हाई स्कूल रोड एवं अन्य मुख्य मार्ग मे जो नाली के ऊपर व्यवसायों द्वारा अतिक्रमण कर दुकान का सामान बाहर रखकर व्यवसाय कर रहे हैं। दुकानदार द्वारा सड़क पर बोर्ड लगाया जा रहा है उसे हटाने हेतु सभी व्यापारियों से अनुरोध निगम किया जा रहा है। अतिक्रमण कि कार्रवाई से पूर्व नाली के ऊपर से अपने सामान हटा लेने कहा जा रहा। जिन्होंने सामान नहीं हटाया उनके सामानों को जप्त करने की कारवाई सतत निगम द्वारा किया जा रहा है। पिछले दिनों में रोड के सड़क किनारे एवं नाली को पर रखे गए पुतल एवं सामानों को जप्त किया गया था लेकिन जुर्माना वसूलकर समझाइश देते हुए फिर से दुकानदारों को सामान लौटा दिया गया था।

**मेन रोड सड़क किनारे से कुछ दिन पहले हटाए गए थे पुतले और सामान**

महापौर संजय पांडे ने कहा कि निगम द्वारा जो कार्रवाई हो रहा है वह उचित है। क्योंकि शहर में अवागमन की स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए यह कार्रवाई उचित थी। उन्होंने सभी व्यापारियों से अनुरोध करते हुए कहा कि अतिक्रमण हटाने के अभियान में सहयोग प्रदान करते हुए कार्रवाई से बचे। जगदलपुर को अगर सुंदर बनाना है तो आप सभी का सहयोग जरूरी है। सभी नियम का पालन करें, सभी के प्रयास से शहर व्यवस्थित होगा, सभी के प्रयास एवं आशीर्वाद से ही संभव है। राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा ने कहा कि इस कार्रवाई से यातायात व्यवस्था में सुधार हो रही है सभी व्यापारियों का साथ मिल रहा है। हम सब मिलकर जगदलपुर शहर को एक सुव्यवस्थित शहर बनाएंगे। यह संकल्प लेकर हम सभी काम कर रहे है। जगदलपुर चौक चौराहे का शहर है शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाना हम सबकी जवाबदारी है।

# कलेक्टर ने सेमलनार जन चौपाल में ग्रामीणों से की चर्चा



- ग्रामीणों से शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन और आवश्यकताओं का लिया संज्ञान
- खाद्यान्न भंडारण में लापरवाही के लिए फूड इंस्पेक्टर को स्पष्टीकरण देने के दिए निर्देश

**जगदलपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रशासन द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का आंकलन करने सहित जनसमस्याओं के निराकरण के लिए विकासखंडों में ग्राम पंचायतों में जनचौपाल का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर हरिस एस ने बुधवार को विकासखण्ड बस्तर के ग्राम पंचायत सेमलनार में आयोजित जन चौपाल का निरीक्षण किया। जन चौपाल में उन्होंने स्कूल की व्यवस्था, शिक्षकों की उपस्थिति, मध्याह्न भोजन की व्यवस्था, बच्चों का जाति प्रमाण पत्र निर्माण की स्थिति, आंगनबाड़ी केंद्रों में पूरक पोषण आहार की उपलब्धता, बच्चों और लक्षित माताओं का स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण, स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य जांच, दवाइयों की उपलब्धता, संस्थागत प्रसव, पेयजल व्यवस्था, हैंड पंप, सोलर ड्यूल पंप, जल जीवन मिशन के कार्यों, उचित मूल्य दुकान में खाद्यान्न सामग्री की नियमित उपलब्धता, बिजली की उपलब्धता, राजस्व और पंचायत विभाग के मैदानी अमलों की ग्राम पंचायत में उपस्थिति, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के योजनाओं, मनरेगा, पीएम आवास योजना के सर्वे, आवास योजना की प्रगति, सामाजिक पेंशन का भुगतान, पीएम किसान सम्मान निधि के लिए पंजीयन, किसान क्रेडिट कार्ड, आयुष्मान कार्ड के साथ ही ग्रामीण स्तर पर कार्य करने वाले कर्मचारियों की गांव में नियमित उपस्थिति का संज्ञान लिया। ग्राम पंचायतों में आयोजित जनचौपाल में जिला स्तरीय नोडल अधिकारी सहित विकासखण्ड स्तरीय एवं ग्राम पंचायत स्तरीय अधिकारियों के दलों द्वारा सम्बन्धित >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# वनमंत्री केदार कश्यप ने दिया क्षेत्रवासियों को 1 करोड़ 18 लाख की सौगात, निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन





**जगदलपुर/ नारायणपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। वनमंत्री केदार कश्यप एक दिवसीय क्षेत्रीय प्रवास के दौराण आज उन्होंने नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के बस्तर विकास खंड में क्षेत्रवासियों को करोड़ों की सौगात दी। वन मंत्री केदार कश्यप करोड़ों के विकास कार्यों का भूमिपूजन कर उपस्थित जन समूह को संबोधित किया। मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि हमारे बस्तर संभाग के विकास के लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की भाजपा सरकार सहित केंद्र की मोदी सरकार भी बस्तरवासियों के साथ है। हमारे देश के प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के विकास कार्यों और नियद नेल्लानार जैसे योजनाओं के क्रियान्वयन से बस्तर नक्सल मुक्त क्षेत्र की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा सपना अब साकार होने लगा है। भाजपा सरकार के नियद नेल्ला नार योजना ने बस्तर के उन क्षेत्रों में मूलभुत सुविधाओं और अवश्यकताओं को पूर्ण करने का कार्य किया है जहाँ आजादी के 70 साल बाद भी कांग्रेस की सरकार पहुंच नहीं पायी। वनमंत्री ने कहा कि हमारा बस्तर अब हर दिशा में तेज गति से आगे बढ़ रहा है।

**बस्तर को संवारने भाजपा का संकल्प, तेजी से बढ़ रहा है हमारा बस्तर : केदार कश्यप**

**विधानसभा क्षेत्रवासियों को करोड़ों की सौगात, सड़क :** वनमंत्री केदार कश्यप ने आज ग्राम पंचायत मांदलापाल, कुंगारपाल, बाकेल, भानपुरी में आंगनबाडी केंद्र, सांस्कृतिक मंच, चबूतरा, सीसी सड़क निर्माण, विभिन्न स्थानों पर हाई मास्क लाइट की व्यवस्था जैसे करोड़ों के7 विकास कार्यों का भूमि पूजन कर क्षेत्र वासियों को 1 करोड़ 18 लाख रूपये का सौगात प्रदान किया है।

**तेन्दुपत्ता से जनजाति समाज के जीवन में बदलाव, हर एक पत्ता खरीदने का वादा हो रहा पूरा:** जन समूह को सम्बोधित करते हुए मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि विष्णुदेव साय सरकार बस्तर ही नहीं पुरे प्रदेश के तेन्दु पत्ता संग्रहकों को खुशी प्रदान कर रहे हैं। हमारी सरकार ने तेन्दुपत्ता का मूल्य बढ़ा कर हर एक पत्ता खरीदने का वादा किया था उसे हम पूरा कर रहे हैं। तेन्दुपत्ता सहित अन्य लघु वनोपज के खरीदी बिक्री से भी जनजाति जीवन में बदलाव आज बस्तर में देखने को मिल रहा है।

**वन नेशन वन इलेक्शन वर्तमान समय की बड़ी आवश्यकता:** मंत्री केदार कश्यप ने वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर कहा कि हमें इस क्रांतिकारी परिवर्तन कि दिशा में आगे बढ़ना होगा। जहाँ विपक्ष के लोग क्षेत्रीय दल के माध्यम से अलग अलग समय में अलग अलग राज्यों में क्षेत्रों में चुनाव लड़ने को प्राथमिकता देती है वहीं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी हार जीत की परवाह ना करते हुए देश की संसाधन और सुरक्षा के लिये वन नेशन वन इलेक्शन अभियान की बात करते हैं। लोगों से मंत्री कश्यप ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन के माध्यम देश भर में एक ही समय पर लोकसभा और सभी राज्यों के विधानसभा चुनाव आयोजित करने से भारत शक्तिशाली राष्ट्र बनकर उभरेगा। मेरा मानना है कि एक ही समय पर चुनाव होने से चुनाव खर्च कम होगा। सरकारी कामकाज, जन हितैषी कार्यों में बार बार के चुनाव से जो व्यवधान उत्पन्न होता है उससे राहत मिलेगी। इसके साथ सरकारें नीतियों पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगी।

# विमानन क्षेत्र में रोजगार के विविध अवसरों के संबंध में दी गई जानकारी



**जगदलपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। बस्तर संभाग की पहली और एकमात्र एवियशन अकैडमी च्स्काई विंग्स एवियशन अकैडमीज्ज जगदलपुर में विमानन क्षेत्र में रोजगार के विविध अवसरों के संबंध आज जिले के सभी शासकीय और निजी विद्यालयों के प्राचार्य और शिक्षकों, विकासखंड शिक्षा अधिकारियों व कॅरिअर परामर्श में रुचि रखने वाले सभी को आमंत्रित किया गया था। विद्यालयों के प्राचार्य व शिक्षक विमानन क्षेत्र में करियर व रोजगार की असीम संभावनाओं को देखते हुए करियर मार्गदर्शन व परामर्श का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर जगदलपुर संजय पांडे, जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल, पत्रकार संघ के अध्यक्ष मनीष गुप्ता, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अरुण दास उपस्थित रहे। सभी की गरिमामयी उपस्थिति में संस्था में अध्यनरत छात्राओं ने अतिथियों का स्वागत कर उन्हें अपनी पहली उड़ान हवाई मार्ग से हैदराबाद जाने के बारे में बताया। स्काई विंग्स एवियशनअकैडमी की संचालिका श्रीमती सुदत्ता दास ने समस्त गणमान्य अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया और मीडिया से आए पत्रकार बंधुओ को अवगत कराया कि बस्तर जैसे आदिवासी अंचल से भी लड़के व लड़कियां विमानन क्षेत्र में अपना कैरियर बना सकती है। भविष्य में सभी छोटे छोटे शहर विमान >> शेष पृष्ठ 9 पर >

CMYK

# सांसद कश्यप की अध्यक्षता में जिला खनिज न्यास शासी परिषद की बैठक



■ नए विकास कार्यों का हुआ अनुमोदन
■ स्थानीय लोगों के आर्थिक उत्थान सहित मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता देवें : महेश कश्यप

**दंतेवाड़ा,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप जिला खनिज न्यास निधि के तहत प्रभावित इलाके के लोगों के आर्थिक उत्थान हेतु आजीविका के साधनों के विकास सहित शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जायेगी। इसके साथ ही आवश्यकता के अनुरूप अधोसंरचना सम्बन्धी कार्यों तथा सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण, युवा गतिविधियों तथा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने सहित खनन प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं के शैक्षणिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देने के लिये राशि का प्रावधान किया गया है। अब जिला खनिज न्यास निधि का सदुपयोग कर जिले के समग्र विकास करने सकारात्मक पहल किया जायेगा। उक्त बातें बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप ने कलेक्टोरेट के सभागार में आयोजित जिला खनिज न्यास शासी परिषद की बैठक के दौरान कही।

सांसद श्री कश्यप ने आगे कहा कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप दंतेवाड़ा जिले के समग्र विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। इसी क्रम में जिले के विभिन्न विकास कार्यों की गहन समीक्षा की गई है। उन्होंने बताया कि जिला खनिज प्रतिष्ठान निधि (डीएमएफ) के तहत दंतेवाड़ा जिले को अब तक 17 सौ करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हुई है, जिसका उद्देश्य जिले के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करना, स्वास्थ्य, शिक्षा और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाना है। श्री कश्यप ने कहा कि दंतेवाड़ा एक समृद्ध प्राकृतिक विरासत से परिपूर्ण जिला है, जहां जल, जंगल, जमीन और खनिज संपदाएं भरपूर मात्रा में उपलब्ध हैं। इन संसाधनों का समुचित उपयोग करते हुए, स्थानीय निवासियों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने का प्रयास किया जा रहा है।

शासी परिषद की बैठक के दौरान क्षेत्रीय विधायक श्री चैतराम अटामी ने डीएमएफ (जिला खनिज प्रतिष्ठान निधि) मद से स्वीकृत विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे डीएमएफ मद से स्वीकृत सभी निर्माण व विकास परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करें, क्योंकि इन कार्यों में विलम्ब होने से जनता को इसका अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाता।बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने जिला खनिज निधि से संचालित योजनाओं और कार्यों के क्रियान्वयन पर जोर देते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन निधियों का उपयोग केवल जरूरतमंद क्षेत्रों और प्राथमिकताओं के अनुसार ही किया जाए। उन्होंने कहा कि डीएमएफ की राशि जनता के कल्याण हेतु है, इसलिए इसका सदुपयोग सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। श्री मुड़ामी ने विशेष रूप से पेयजल संकट की ओर भी ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने बताया कि कई ग्रामों एवं शहरी क्षेत्रों से पेयजल की समस्या की जानकारी मिल रही है। इस दिशा में शीघ्र कार्रवाई करने और दीर्घकालिक समाधान हेतु योजना तैयार करने की आवश्यकता है। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि वे क्षेत्रीय भ्रमण कर जमीनी हालात का जायजा लें और जनता की समस्याओं को प्राथमिकता पर सुलझाएं।

जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) शासी परिषद की बैठक के दौरान कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने बस्तर सांसद को आश्वस्त करते हुए कहा कि डीएमएफ निधि से होने वाले सभी कार्यों को पूरी पारदर्शिता और उच्च गुणवत्ता के साथ संपन्न किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक योजना की सतत निगरानी की जाएगी, ताकि जनता को इसका सीधा लाभ मिल सके। कलेक्टर ने यह स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके अलावा कलेक्टर ने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष प्रभावित क्षेत्र के संबंध में जानकारी,डीएमएफ को प्राप्त राशि,वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 डीएमएफ के कार्यों की सेक्टरवार समीक्षा। 30 अप्रैल 2025 की स्थिति में अप्रारंभ एवं अपूर्ण कार्यों, डीएमएफ द्वारा संपादित कार्यों का विवरण वर्ष 2016-17 से वर्ष 2024-25 तक 10 अप्रैल 2025 को शासी परिषद बैठक के पश्चात् स्वीकृत किये गये कार्यों का अनुमोदन एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 के कार्य योजना पर चर्चा की गई। शासी परिषद बैठक के पश्चात् स्वीकृत किये गये कार्यों का अनुमोदन जिसमें शिक्षा के क्षेत्र को बढ़ावा देने के दृष्टि से राशि 180.95 लाख रूपये की स्वीकृति दी गई। रोजगार प्रशिक्षण में युवाओं को रोजगार प्रशिक्षण हेतु राशि 53.95 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई एवं सुपोषण में महिलाओं एवं बाल कल्याण हेतु पोषक तत्व से भरपूर आहार हेतु राशि 275.68 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई।

उल्लेखनीय है कि जिला खनिज संस्थान न्यास निधि के अन्तर्गत जिले में लोक निर्माण विभाग द्वारा दुर्गम पहुंच विहीन क्षेत्र पोटाली, उदेनार, हिड़पाल, केरलापाल, हांदावाड़ा एवं कौरगांव में सड़क एवं पुल पुलिया निर्माण हेतु जिला खनिज संस्थान न्यास निधि से स्वीकृति दी जाएगी। साथ ही कुम्हाररास में पर्यटकों को बढ़ावा देने की सुविधा जैसे विद्युतीकरण, गार्डन एवं मैदान निर्माण हेतु स्वीकृति दी जावेगी। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के अन्तर्गत सांसद श्री महेश कश्यप के द्वारा एजेंडा के अनुरूप अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा ने पीपीटी के माध्यम से डीएफएफ की कार्यो योजना की जानकारी विस्तार पूर्वक सांसद को अवगत कराया। इसके साथ ही डीएमएफ द्वारा संपादित कार्यों का विवरण वर्ष 2016-17, 2017-18, 2018-19, 2019-20, 2020-21, 2021-22, 2022-23, 2023-24, 2024-25 वर्ष के बारे में बताया। बैठक के दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, शासी परिषद के सदस्यगण, जनप्रतिनिधि,एनएमडीसी अधिकारी सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।



**जगदलपुर,** 30 अप्रैल। सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों का निराकरण की प्रक्रिया जिले में जारी है । इसी तारतम्य में बुधवार को जन चौपाल कार्यक्रम में शामिल होने विकासखंड बस्तर पहुँचे कलेक्टर हरिस एस ने नए राशन कार्ड बनाने और राशन कार्ड में नाम जुड़वाने वाले हितग्राहियों को कार्ड वितरण किया। नगर पंचायत बस्तर के निवासियों द्वारा सुशासन तिहार 2025 के पहले चरण में नया राशन कार्ड बनाने के लिए सोनादाई, ललिता, बालमति और कमली, सुखदाई ने राशन कार्ड में नाम जुड़वाने के तहत आवेदन किया था।

## ग्राम पंचायतों में 5 मई से होंगे समाधान शिविर

**दंतेवाड़ा,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुसार राज्य में जनता की समस्याओं को समयबद्ध निराकरण करने, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, विकास कार्यों में गति लाने तथा प्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से ''सुशासन तिहार 2025'' का आयोजन किया गया है। इस क्रम में ''सुशासन तिहार 2025'' के तृतीय चरण में आवेदकों के उनके आवेदनों की स्थिति की जानकारी एवं शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दिए जाने हेतु जिले में 5 मई से समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत समाधान शिविर के समुचित संचालन आयोजन हेतु संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (00) को ब्लॉक नोडल अधिकारी एवं संबंधित मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस क्रम में 5 मई को बालूद अन्तर्गत चितालूर, टेकनार, बालपेट, पोन्दुम-01, पोन्दुम-02, जारम, मटेनार। 09 मई को गमावाड़ा अंतर्गत चंदेनार, गदापाल, तोयलंका, कुम्हाररास, धुरली, भांसी, बड़ेकमेली। 14 मई को बड़ेबचेली अंतर्गत नेरली, बढ़ापुर बेनपाल, दुगेली, गंजेनार, मसेनार, मोलसनार। 17 मई को मंगनार अन्तर्गत चितालंका, तुड़पारास, डेगलरास, मंगनार, कुपेर, पण्डेवार, झिरका, कमालूर, कुन्देली, कंवलनार, केशापुर, भोगाम। 22 मई को मेटापाल-1 अन्तर्गत कावड़गांव, डुमाम, मेटापाल-01, मेटापाल-02, मुरकी, फुलनार, मुस्केल, नेटापुर। 5 मई को छिन्दनार अन्तर्गत तुमरीगुण्डा, चेरपाल, पाहुरनार, बडेकरका, कौरगांव, मुस्तलनार, गुटोली, कोरलापाल। 9 मई को जावंगा अन्तर्गत जावंगा, नागूल, कटूलनार, माड़पाल, मड़से, हाऊरनार, बड़ेपनेड़ा, बड़ेपनेड़ा-2, गुमड़ा। 13 मई को फरसपाल अन्तर्गत आलनार, कुण्डेनार, मुण्डेर। 17 मई को फरसपाल अन्तर्गत बड़ेकारली, कारली-1, कारली-2, हारम, हारम-2, झोड़ियाबाड़म, समलूर, बिंजाम। 22 मई को हिड़पाल अन्तर्गत हिड़पाल, उपेट, कोरकोटी, हितामेटा, भटपाल। 24 मई को हिरानार-01 अन्तर्गत हिरानार-02, घोटपाल 01, घोटपाल 02, कासोली 01, कासोली 02, बुधपदर, जोड़ातराई, हारला, रोंजे। 31 मई को बड़े तुमनार अन्तर्गत समलूर, बड़ेतुमनार छोटेतुमनार, गुमलनार, मोफलनार, बोदली, नेलगोड़ा, बडेसूरोखी, सियानार, बांगापाल, फुण्डरी। 5 मई को मैलावाड़ा अन्तर्गत मैलावाड़ा, गोंगपाल, बड़ेहड़ मामुण्डा, हितावर, हल्बारास, मूलेर। 9 मई को पालनार अन्तर्गत पालनार, फुलपाड़, माहाराहाऊरनार, टिकनपाल, चोलनार, कलेपाल। 15 मई को समेली अन्तर्गत समेली, रेवाली, जबेली, अरबे। 17 मई को अरनपुर अन्तर्गत नीलावाया, बुरगुम, अरनपुर, नहाड़ी, तनेली, पोटाली। 22 मई को मड़कामीरास अन्तर्गत समलवार, मड़कामीरास, गुमीयापाल, कुटरेम, कोड़ेनार, मदाड़ी, हिरोली, कड़मपाल। 24 मई को नकुलनार अन्तर्गत कुआकोण्डा, गढ़मिरी, रेंगानार, नकुलनार, श्यामगिरी, खुटेपाल। 05 मई को टेटम अन्तर्गत टेटम, नयानार, गुड़से, तुमकपाल, तेलम, बड़ेगादम। 09 मई को कटेकल्याण, अन्तर्गत कटेकल्याण, परचेली, नड़ेनार, चिकपाल, मारजूम, बेंगलूर, मथाड़ी। 13 मई को सूरनार, अन्तर्गत सूरनार, धनीकरका, दुवालीकरका, बड़ेलखापाल, गाटम। 17 मई को बड़ेगुडरा अन्तर्गत बड़े गुडरा, पकनाचुंआ, एटेपाल, छोटे गुडरा, मोखपाल, माहराकरका, कोरीरास, बड़े बेड़मा, छोटेबेड़मा। 22 मई को भुसारास अंतर्गत एड़पाल, भुसारास, दुधीरास, प्रतापगिरी, लखापाल, जंगमपाल में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा।




### सार-संक्षेप

## विखं समन्वयकों की नियुक्ति हेतु वॉक-इन-इंटरव्यू 8 को

**दंतेवाड़ा,** 30 अप्रैल। युवोदय कार्यक्रम (जिला प्रशासन दंतेवाड़ा और यूनिसेफ का संयुक्त प्रयास) हेतु विकासखण्ड समन्वयकों की नियुक्ति हेतु वॉक-इन-इंटरव्यू दिनांक 08 मई 2025 दिन गुरुवार को जिला कार्यालय उप संचालक, समाज कल्याण विभाग, दंतेवाड़ा के कक्ष क्रमांक 47 में प्रातः 11 बजे से शाम 05 बजे तक आयोजन किया जा रहा है। इच्छुक आवेदक प्रातः 11 बजे से शाम 05 बजे तक निर्धारित स्थल पर अपनी समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों की मूल प्रतियां, एक सेट छायाप्रतियां, एवं एक पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ सहित, उपस्थित होकर अवसर का लाभ ले सकते है, यह आयोजन पूर्णतः निःशुल्क है।

## जिला प्रशासन ने रोकी बाल विवाह

**कोण्डागांव**, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। कोण्डागांव जिले के अंतर्गत ग्राम पंचायत चांदागांव, पोस्ट भण्डारसिवनी विकास खण्ड व थाना फरसगांव से बाल विवाह की गुप्त सूचना प्राप्त होते ही मिशन वात्सल्य महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग पुलिस विभाग एवं चाईल्ड लाईन की संयुक्त दल द्वारा 29 अप्रैल को कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली के मार्गदर्शन में बाल विवाह रोकने की कार्यवाही की गई। ग्राम पंचायत चांदागांव में नाबालिग बालिका 17 वर्ष थाना कोण्डागांव का विवाह बालक 20 वर्ष 25 दिन निवासी पंचायत चांदागांव भण्डारसिवनी विकास खण्ड व थाना फरसगांव के साथ किया जाना था।



सूचना मिलने पर जिला स्तरीय गठित संयुक्त दल द्वारा बालक के घर पहुंचकर बालक एवं बालिका के आयु दस्तावेज का अवलोकन किया गया, जिसमें वर-वधु की आयु विवाह हेतु निर्धारित आयु से कम पायी गई। बालक और बालिका के परिजनों एवं ग्रामीणों से चर्चा में पुरानी रूढ़ी परंपरा अनुसार विवाह के घर में हल्दी पानी डालने से विवाह किया जाना बताया गया। दोनों पक्षों के उपस्थित सदस्यों को विभागीय अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, दण्ड के प्रावधान, बाल विवाह के दुष्परिणाम से अवगत कराते हुए विवाह न करने की समझाईष दिया गया। परिवार द्वारा निर्धारित आयु पूरी होने पर विवाह किये जाने हेतु सहमत हुए। जांच दल द्वारा परिजनों, ग्रामीणों, बुजुर्गों एवं प्रशासन के समक्ष पंचनामा तैयार किया गया। दल द्वारा वर-वधु व दोनों पक्ष को समझाईश देकर बाल विवाह को रोका गया।

बाल बिवाह रोकने हेतु नरेन्द्र सोनी जिला बाल संरक्षण अधिकारी, राजस्व विभाग से जयप्रकाश नाग तहसीलदार फ़रसगांव एवं अन्य, श्रीमती सुनीता शर्मा परियोजना अधिकारी, किशोर प्रजापति सहायक उप निरीक्षक पुलिस विभाग, गजेन्द्र पटेल संरक्षण अधिकारी संस्थागत देखरेख सौरभ तिवारी विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी, राकेश चक्रधारी चाईल्ड लाईन, पर्यवेक्षक मबावि एवं सरपंच उपस्थित रहे।

## भगवान परशुराम और आदि गुरु शंकराचार्य की जयंती पर सर्व ब्राह्मण समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा



**जगदलपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। भगवान विष्णु के छठवें अवतार, ब्राह्मण समाज के आराध्य देव भगवान परशुराम जी व आदिगुरु शंकराचार्य जी के जन्मोत्सव के अवसर पर शहर के दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण से विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। रैली में शामिल लोग पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। भगवान परशुराम और जगद्गुरु शंकराचार्य की जीवंत झांकी आकर्षण का केंद्र बना रहा। शोभायात्रा में सर्व ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी और सदस्य गण काफी संख्या में शामिल हुए। जगह-जगह पर लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। इस शोभायात्रा में स्थानीय विधायक एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, महापौर संजय पांडे , नगर निगम सभापति खेम सिंह देवांगन, राजाराम तोड़ेम, दशरथ कश्यप, संजीव शर्मा, रंजीत पांडे, कौशिक शुक्ला, नीलकंठ पांडे, प्रसून ठाकुर, पंडित प्रकाश गोस्वामी, नरसिंह राव, प्रकाश झा, रोशन झा, विपिन तिवारी, जबीता मंडावी शहित शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### प्रादेशिकी का शेष...

#### फसल को नजर ...

परंपरा में शामिल है। लोग मान्यता है कि धान बीज लेकर खेत जाते समय अगर कोई व्यक्ति रोक लेता है या पूछ बैठता है कि कहां जा रहे हो, तो वह धान बीज पूरी तरह अंकुरित नहीं होता और भरपूर फसल भी नहीं होती। इस रोका- टाकी के अपशकुन से बचने के लिए ही गांव वाले मुंह अंधेरे खेत पहुंच तथा धान बोनी कर लौट आते हैं।

#### कलेक्टर ने सेमलनार में आयोजित ...

ग्राम पंचायतों में शिक्षा, आँगनबाडी, राशन व्यवस्था, जल जीवन मिशन,सड़क, पेयजल, बिजली, स्कूल,आयुष्मान कार्ड की उपलब्धता, स्वास्थ्य जांच इत्यादि मूलभूत सुविधाओं के साथ ही शौचालय, प्रधानमंत्री आवास, सामाजिक सहायता कार्यक्रम पेंशन भुगतान, पशु टीकाकरण स्थिति का जायजा लिया गया। वहीं चौपाल में ग्रामीणों से चर्चा कर मूलभूत आवश्यकताओं की जानकारी ली गई। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन, सीईओ जनपद चुरेंद्र सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने बस्तर ब्लॉक के मुख्यालय में स्थित सद्भावना भवन में ब्लॉक के सभी दलों के द्वारा शासकीय संस्थानों का निरीक्षण और चौपाल में की गई कार्यवाही की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने सेमलनार और अन्य जगहों के उचित मूल्य दुकानों में खाद्यान्न भंडारण समय पर नहीं करवाने के लिए फूड इंस्पेक्टर को स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए, साथ ही कुड़कानार के पीडीएस दुकान सेल्समैन को परिवर्तित करवाने के निर्देशित किए। इसके अलावा उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र, आश्रम छात्रावास में त्रि-फेस विद्युत व्यवस्था करवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला स्तरीय नोडल अधिकारी तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

#### विमानन क्षेत्र में रोजगार के ...

सेवाओं से जुड़ेंगे तब यहाँ के बच्चों को रोजगार के लिये भटकना नहीं पड़ेगा। बहुत सारे रोजगार के अवसर खुलेंगे। 12 वीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं इस क्षेत्र में एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स करके आसानी से रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। वर्तमान में इस संस्था में अध्ययनरत सभी छात्राओं ने उपस्थित अतिथियों को बताया कि उन्हें इस कोर्स करने में बेहद खुशी हो रही है।

## कमिश्नर बस्तर ने नगरनार स्टील प्लांट के अधिकारियों सहित बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों की ली बैठक

**जगदलपुर**, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। कमिश्नर बस्तर संभाग डोमन सिंह ने कहा कि राज्य शासन की मंशानुरूप बस्तर संभाग में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए एनएमडीसी स्टील प्लांट नगरनार तथा स्थानीय उद्यमियों के मध्य बेहतर समन्वय जरूरी है, जिससे स्थानीय स्तर पर सहायक उद्योगों, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग स्थापना सहित सेवा उद्योग-व्यवसाय को प्रोत्साहन मिल सके। इन सभी समन्वित प्रयासों से उद्योगों के विकास के साथ ही रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी को बल मिलेगा और बस्तर एक सुखद भविष्य की ओर अग्रसर होगा। कमिश्नर बस्तर संभाग डोमन सिंह बुधवार को कमिश्नर कार्यालय के सभागार में एनएमडीसी स्टील प्लांट के अधिकारियों, जिला प्रशासन के अधिकारियों तथा बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों की समन्वय बैठक को सम्बोधित कर रहे थे।



बस्तर के सुखद भविष्य के लिए समन्वय के साथ करेंगे उद्योगों का विकास : कमिश्नर

ज्ञात हो कि राज्य शासन द्वारा बस्तर में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए नई औद्योगिक विकास नीति 2024-30 में विशेष प्रावधान किए गए हैं। इस दिशा में अभी हाल ही में जगदलपुर में आयोजित विकसित बस्तर की ओर परिचर्चा में बस्तर संभाग के विकास में उद्योगों की अहम भूमिका को लेकर व्यापक विचार-विमर्श हुई है। जिसे मूर्त रूप देने के लिए बस्तर संभाग में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ खनिज आधारित, कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण और पर्यटन उद्योगों की असीमित संभावनाओं को साकार करने का रोडमैप तैयार किया गया है। बुधवार को आयोजित बैठक में बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष श्याम सोमानी ने नगरनार स्टील प्लांट के रिकार्ड उत्पादन के लिए एनएमडीसी स्टील प्लांट के अधिकारियों को बधाई देते हुए स्थानीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों और नगरनार स्टील प्लांट की भागीदारी से बस्तर क्षेत्र के विकास के लिए बेहतर औद्योगिक वातावरण निर्मित करने का सुझाव दिया। बैठक के दौरान बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों द्वारा दिए गए सुझाव के अनुसार क्षेत्र में लगने वाले स्थानीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को नगरनार स्टील प्लांट के सहायक उद्योग का दर्जा देने एवं सहायक उद्योगों के साथ अनुबंध निष्पादित करने हेतु छत्तीसगढ़ राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड को प्रस्ताव भेजने पर सहमति दी गई। वहीं नगरनार स्टील प्लांट के संचालन हेतु आवश्यक छोटी-छोटी मशीनरी वस्तुओं और वाहनों, डाटा एंट्री ऑपरेटर, इलेक्ट्रिशियन, प्लम्बर आदि सेवा उद्योगों एवं व्यवसाय के लिए स्थानीय स्तर पर आपूर्ति एवं सेवा देने 25 प्रतिशत की भागीदारी सुनिश्चित करने भी प्रस्ताव छत्तीसगढ़ राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड को प्रेषित किए जाने सहमति जताई गई। साथ ही नगरनार स्टील प्लांट के मुख्य एवं सहायक उत्पाद कोलतार क्रूड, पिग आयरन, चाइल, स्लैग, सल्फर इत्यादि पर आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए आगामी 15 दिवस के भीतर नगरनार स्टील प्लांट के अधिकारियों, जिला प्रशासन के अधिकारियों तथा बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों द्वारा सयुंक्त रूप से प्लांट अवलोकन करने सहित समन्वय बैठक करने का निर्णय लिया गया। जिसमें आवश्यकता के अनुरूप उत्पादों की उपलब्धता तथा अन्य मसलों पर विचार-विमर्श की जाएगी। बैठक में अधिशासी निदेशक एनएमडीसी स्टील प्लांट नगरनार एमएनव्हीएस प्रभाकर, डिप्टी कमिश्नर आरती वासनिक एवं गीता रायस्त, मुख्य महाप्रबंधक उद्योग अजीत सुन्दर बिलुंग सहित एनएमडीसी स्टील प्लांट के अन्य अधिकारी और बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पारिस्थितिक पुर्नस्थापन नीति निर्माण के लिए कार्यशाला



**जगदलपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के पारिस्थितिक पुनर्स्थापन नीति निर्माण हेतु एक दिवसीय क्षेत्रीय परामर्श कार्यशाला बुधवार को शहर के वन विद्यालय में किया गया। कार्यशाला में वक्ताओं ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए भी प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के बारे में लोगों को शिक्षित करने के लिए स्कूल और कॉलेज में पाठ्यक्रम शामिल करने चाहिए। कार्यशाला में वक्ताओं ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए ठोस कार्रवाई करने की आवश्यकता है और इसके लिए सभी को एक साथ आना चाहिए। वक्ताओं ने कहा कि राज्यों को भी अपनी जलवायु परिवर्तन कार्य योजनाएं बनानी चाहिए, जिससे जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए एक एकीकृत दृष्टिकोण अपनाया जा सके। इसके साथ ही जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए सतत विकास के सिद्धांतों को भी ध्यान में रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसा करने के लिए ऊर्जा दक्षता, नवीकरणीय ऊर्जा, और जलवायु अनुकूल कृषि जैसी पहलों को बढ़ावा देना चाहिए। वक्ताओं ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए भी प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के बारे में लोगों को शिक्षित करने के लिए स्कूल और कॉलेज में पाठ्यक्रम शामिल करने चाहिए। इसके साथ ही स्थानीय लोगों से भी सलाह और उनका सहयोग लेना चाहिए। इसमें रायपुर से योजना के पीसीसीएफ अरूण पांडे, जगदलपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा, उद्यानिकी कॉलेज के डीन डॉ. गणेश नाग, वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता, पर्वतारोही नैना ठाकुर, वन विद्यालय की संचालक दिव्या गौतम, एसडीओ देवलाल दुग्गा, योगेश कुमार रात्रे, आईपी बंजारे सहित चेम्बर अध्यक्ष श्याम सोमानी, पत्रकार संघ के अध्यक्ष मनीष गुप्ता आदि शामिल रहे।

# जिले के नगरीय निकाय क्षेत्रों में 5 मई से समाधान शिविर

**दंतेवाड़ा,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुसार राज्य में जनता की समस्याओं को समययद्ध निराकरण करने, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, विकास कार्यों में गति लाने तथा प्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से ''सुशासन तिहार 2025'' का आयोजन किया गया है।




''सुशासन तिहार 2025'' के तृतीय चरण में आवेदकों के उनके आवेदनों की स्थिति की जानकारी एवं शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दिए जाने हेतु नगरीय निकाय में समाधान शिविर का आयोजन किया जाना है। इस क्रम में 05 मई को दन्तेवाड़ा नगर पालिका क्षेत्र में वार्ड क्रमांक 04, बस स्टैण्ड यात्री प्रतीक्षालय में (वार्ड क्रमांक 04, 05 एवं 15,) 11 मई को आवराभाठा दुर्गा मंच (वार्ड क्रमांक 06 एवं 10,) 16 मई को वार्ड क्रमांक 03 कतियाररास बाजार शेड (वार्ड क्रमांक 02 एवं 03,) 19 मई को वार्ड क्रमांक 07 सामुदायिक भवन हुड़को कॉलोनी (वार्ड क्रमांक 07, 08 एवं 09) 23 मई को वार्ड क्रमांक 01, पातररास दुर्गा मंच (वार्ड क्रमांक 01 एवं 12) 29 मई को वार्ड क्रमांक 11, हाई स्कूल मैदान (वार्ड क्रमांक 11 एवं 14) 31 मई को वार्ड क्रमांक 13 दुर्गा मंच(वार्ड क्रमांक 13) तथा नगरीय निकाय गीदम अन्तर्गत 05 मई को सरस्वती शिशु मंदिर (वार्ड क्रमांक 01 एवं 02) 07 मई को सांस्कृतिक भवन (वार्ड क्रमांक 03, 04 एवं 05) 11 मई को दुर्गा मंच (वार्ड क्रमांक 06 एवं 07)17 मई को सामुदायिक भवन (वार्ड क्रमांक 08, 09 एवं 10) 24 मई को नगर पंचायत

## नगरीय निकायों में शिविर आयोजित होने की तिथियां जारी

गीदम (वार्ड क्रमांक 11, 12 एवं 13) 28 मई को कड़तीपारा (वार्ड क्रमांक 14) 31 मई को शीतला माता मंदिर (वार्ड क्रमांक 15) नगरीय निकाय बारसूर के तहत नगर पंचायत भवन 05 मई 2 को (वार्ड क्रमांक 01 एवं 02) 11 मई को वार्ड क्रमांक 06 उप स्वा. केन्द्र (वार्ड क्रमांक 04, 06, 07, 08 एवं 09)19 मई को सांस्कृतिक भवन बारसूर (वार्ड क्रमांक 03, 05, 10, 12 एवं 13) 30 मई को रानतरई स्कूल बारसूर (वार्ड क्रमांक 11, 14 एवं 15)

नगरीय निकाय बड़े बचेली के तहत 05 मई को गोंडवाना भवन (वार्ड क्रमांक 01, 02 एवं 03)11 मई को मंगल भवन आरईएस कॉलोनी (वार्ड क्रमांक 04 एवं 05) 16 मई को कार्यालय नगर पालिका (वार्ड क्रमांक 06 एवं 07) 19 मई को दुर्गा मण्डप, पुराना मार्केट (वार्ड क्रमांक 08, 09 एवं 10) 23 मई को दुर्गा मण्डप, हाईटेक कॉलोनी (वार्ड क्रमांक 11 एवं 12) 29 मई को दुर्गा मण्डप, बंगाली कैंप नं 2 (वार्ड क्रमांक 13, 14 एवं 15) 31 मई को बी.आर.सी क्लब (वार्ड क्रमांक 16, 17 एवं 18) नगरीय निकाय किरंदुल में 05 मई को वार्ड 01, रामपुर कैंप (वार्ड क्रमांक 01, 02 एवं 04) 07 मई को वार्ड 04, दुर्गा मण्डप (वार्ड क्रमांक 03, 05 एवं 06) 11 मई को वार्ड 07, आ.बा. केन्द्र (वार्ड क्रमांक 07, 08 एवं 10) 17 मई को वार्ड 11, आ.बा. केन्द्र (वार्ड क्रमांक 09 एवं 11) 24 मई को वार्ड 14, सतनाम भवन (वार्ड क्रमांक 12, 13 एवं 14) 30 मई को वार्ड 18, कार्यालय नगर पालिका (वार्ड क्रमांक 15, 16, 17 एवं 18) में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# शिक्षिका रश्मि शुक्ला को 3 कैटेगरी में सम्मान, वीनस मिसेज इंडिया अवॉर्ड में



**कोण्डागांव,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। चावरा इंग्लिश मीडियम स्कूल कोण्डागांव में पदस्थ शिक्षिका रश्मि शुक्ला द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने के बाद अब सौंदर्य और आत्मविश्वास के मंच पर भी नया कीर्तिमान रचा जा रहा है। पूर्व में मिसेज छत्तीसगढ़ अवार्ड से सम्मानित होने के बाद 25 से 27 अप्रैल तक राजस्थान की राजधानी जयपुर में आयोजित वीनस मिसेज इंडिया 2025 के राष्ट्रीय फिनाले में उन्होंने छत्तीसगढ़ का नाम पूरे देश में रोशन किया। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश भर से चुनी गईं 60 प्रतिभागियों के बीच रश्मि शुक्ला, अपना बेहतर प्रदर्शन करते हुए मिसेज कैटेगरी में रनर-अप का खिताब हासिल करने में सफल रहीं। वहीं उन्हें बेस्ट फेस लुक अवार्ड से सम्मानित किया गया और विशेष रूप से मिसेज छत्तीसगढ़ अवार्ड से भी नवाजा गया। यह मंच नारी शक्ति, आत्मनिर्भरता और बहुआयामी प्रतिभा को मंच देने का एक प्रयास है और रश्मि षुक्ला ने इसे पूरी गरिमा से प्रस्तुत किया। उनके आत्मविश्वास, सौम्यता और व्यक्तित्व ने निर्णायकों का दिल जीत लिया। रश्मि शुक्ला वर्तमान में कोंडागांव में एक शिक्षिका के रूप में कार्यरत हैं और शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय भूमिका निभाती हैं। उन्होंने बताया कि यह मंच मेरे लिए सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं था, बल्कि यह मेरे आत्मविश्वास, मेरे विचारों और मेरे राज्य की संस्कृति को सामने रखने का अवसर था।

देश भर की 60 प्रतिभागियों के बीच फाइनल तक पहुंचना और तीन बड़ी उपलब्धियां हासिल करना, रश्मि शुक्ला की मेहनत और लगन का प्रतीक है। रश्मि षुक्ला को प्राप्त उपलब्धी के लिए स्कूल स्टाफ, विद्यार्थी, अभिभावक और समाज के प्रबुद्धजनों ने बधाई और शुभकामनाएं दी है। रश्मि षुक्ला ने अपने संदेश में छत्तीसगढ़ की महिलाओं से कहा कि अपने सपनों को नजरअंदाज न करें, यदि आप ठान लें, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होती।

# अवैध परिवहन करते 700 बोरी धान को खाद्य विभाग ने किया जप्त



**कोण्डागांव,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले में अवैध धान परिवहन पर शिकंजा कसते हुए जिला खाद्य विभाग कोण्डागांव ने सोमवार को एक बड़ी कार्रवाई की। धान खरीदी केंद्र बम्हनी से धान का अवैध परिवहन कर रहे एक ट्रक को बम्हनी पुल के पास रोककर जप्त किया गया, जांच के दौरान ट्रक में 700 बोरी धान मिला, लेकिन 700 बोरी धान का परिवहन करने के संबंध में कोई वैध दस्तावेज वाहन चालक द्वारा प्रस्तुत नहीं किया जा सका, जिस पर ट्रक सहित 700 बोरी धान को जप्त कर कोण्डागांव थाना को सौंप दिया गया।

जिला खाद्य अधिकारी नवीन श्रीवास्तव ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि धान खरीदी केंद्र बम्हनी से एक ट्रक में धान की बोरियों को लोड़कर अवैध रूप से केशकाल स्थित रजा राइस मिल ले जाया जा रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए विभागीय टीम ने संदिग्ध ट्रक को रोका और जांच किया। जांच में वाहन चालक कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।

**धान खरीदी केंद्र बम्हनी के प्रभारी से होगी पूछताछ**

खाद्य अधिकारी ने बताया कि इस मामले में धान खरीदी केंद्र बम्हनी के प्रभारी से भी पूछताछ की जाएगी। यह जांच का विषय है कि बिना गेट पास और अनुमति के धान लोड कैसे हुआ ? और ट्रक को निकलने की इजाजत कैसे दी गई ? यदि किसी भी कर्मचारी या अधिकारी की संलिप्तता सामने आती है तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

**प्रशासन सख्त, आगे भी चलेगी कार्रवाई**

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध धान परिवहन को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भविष्य में भी इस तरह की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए निगरानी और जांच अभियान चलाया जाएगा।

# बस्तर क्षेत्र के सीमावर्ती तेलंगाना व अन्य प्रांतों में प्रवासित परिवारों के पुनर्वास प्रयोजन हेतु हुआ सर्वे कार्य



**दंतेवाड़ा,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। बस्तर क्षेत्र के सीमावर्ती तेलंगाना एवं अन्य प्रान्तों में प्रवासित परिवारों के पुनर्वास प्रयोजन हेतु सर्वे कार्य हेतु जिला प्रशासन द्वारा समिति गठित की गई हैं। इसके अन्तर्गत अधिकारी, कर्मचारियों को नोडल बनाया गया हैं। उपरोक्त टीम में प्रवासित परिवारों के पुनर्वास प्रयोजन हेतु नियुक्त नोडल अधिकारी, डिप्टी कलेक्टर श्री मूलचंद चोपड़ा के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में जिला दंतेवाड़ा क्षेत्र के प्रवासित परिवारों के संबंध में विभिन्न बिन्दुओं में सर्वे कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा।

गठित टीम द्वारा इस जिले से विस्थापित होकर निकटवर्ती प्रांतों में निवासरत प्रवासित परिवारों की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में तैयार करने के साथ-साथ विस्थापित परिवारों से भेंट कर उनके वर्तमान निवास स्थान में उपलब्ध मूलभूत सुविधाएं, रोजगार एवं अन्य संसाधन के संबंध में प्रति परिवार का पृथक-पृथक प्रपत्र में जानकारी तैयार करने, इस जिले के विस्थापित परिवारों को उनके मूल निवास ग्राम (जिला दक्षिण बस्तर, दंतेवाड़ा) आने के लिये उन्हें शासन की पुनर्वास योजना एवं शासन की अन्य लाभकारी योजनाओं से अवगत कराते हुये मूल ग्राम वापस आने के लिए प्रेरित करने, विस्थापित परिवारों को उनके मूल निवास ग्राम (जिला दक्षिण बस्तर, दंतेवाड़ा) लाये जाने के लिए एक्शन प्लान तैयार किए जाने, जैसे कार्य किया जावेगा। इसके साथ ही संपूर्ण सर्वे कार्य का सुव्यवस्थित दस्तावेजीकरण किया जावें साथ ही फोटो एवं वीडियोग्राफी टीम द्वारा की जावेगी।

# शास. प्राथमिक शाला खुटपारा सोनाबाल विद्यार्थियों को वितरित किया परीक्षा फल




**कोण्डागांव,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। शासकीय प्राथमिक शाला खुटपारा सोनाबाल, संकुल सोनाबाल विकास खंड व जिला कोंडागांव में कक्षा 1 से कक्षा 4 तक के विद्यार्थियों को परीक्षा फल प्रगति पत्रक का वितरण किया गया। इस अवसर पर शिक्षकगण सहित पालकगण एवं विद्यार्थियों की उत्साहजनक उपस्थिति रही। इस दौरान पालकगण रघुवीर नेताम, जगत नेताम, अनिल सोड़ी ने स्थानीय हल्बी बोली में शिक्षा के महत्व को प्रतिपादित किया तथा अपने कर कमलों से विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम प्रदान किया। कक्षा 5 वीं के विद्यार्थियों को परीक्षाफल सुनाकर बताया गया एवं करतल ध्वनियों से उनका उत्साहवर्धन कर, प्रोत्साहित किया गया। उल्लेखनीय है कि शासकीय प्राथमिक शाला खुटपारा सोनाबाल में सत्र 2024-25 का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। अंग्रेजी भाषा विषय में उच्च अंकों की प्राप्तियों पर पालकगण ने प्रसन्नता जाहिर किया। प्रधान अध्यापक हितेंद्र कुमार श्रीवास तथा सहायक शिक्षक श्रीमती रुखमणी साहू ने सभी के प्रति आभार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों को इस अवसर पर स्वल्पाहार भी वितरित किया गया।

# आज प्री पॉलिटेक्निक परीक्षा 150 परीक्षार्थी होंगे शामिल




**कोण्डागांव,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा आयोजित प्री पॉलिटेक्निक परीक्षा 1 मई को आयोजित किया जाएगा। यह परीक्षा एक पाली में सुबह 9 बजे से 12:15 बजे तक चलेगा। उक्त परीक्षा के आयोजन के लिए जिले में 1 परीक्षा केन्द्र शासकीय गुंडाधुर महाविद्यालय में बनाया गया है, जिसमें 150 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे।

डिप्टी कलेक्टर सुश्री निकिता मरकाम ने बताया कि प्री पॉलिटेक्निक परीक्षा के आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है और वीक्षकों को परीक्षा के संबंध में सभी दिशा निर्देशों की जानकारी दी गई है। उन्होंने बताया कि परीक्षा केन्द्रों में 9 बजे के बाद प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा कक्ष में अनुचित साधन जैसे मोबाईल फोन, डिजिटल गैजेट, स्मार्ट वॉच इत्यादि रखना प्रतिबंधित रहेगा और परीक्षार्थियों को परीक्षा का अनुशासन का पालन करना होगा। परीक्षार्थी प्रश्न पत्र प्राप्त होने पर प्रश्न पत्र की जांच अवश्य करें और कोई विसंगति होने पर वीक्षक को सूचित करें। प्रवेश पत्र के साथ फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य है। ओएमआर शीट पर केवल काला या नीला डॉट पेन से मार्क कर सकेंगे।

# कलेक्टर जनदर्शन में चिराग बघेल को मिली राहत



**कोण्डागांव,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। कोंडागांव कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने 29 अप्रैल को जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक के बाद जनदर्शन में विभिन्न समस्याओं और मांग को लेकर पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याओं से अवगत हुए और संबंधित अधिकारियों को उनके निराकरण हेतु निर्देशित किया। जनदर्शन में ग्राम दहीकोंगा निवासी चिराग बघेल की समस्या का समाधान हुआ और उन्हें आधार कार्ड की प्रति प्रदान की गई। जनदर्शन में ग्राम दहीकोंगा निवासी फरसू राम बघेल ने अपने 07 वर्षीय बेटे चिराग बघेल के आधार कार्ड नहीं बनने की शिकायत को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर के निर्देश पर ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर ने उनकी शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आधार न बनने की समस्या की जांच की। जांच के बाद पता चला कि उनका आधार कार्ड वर्ष 2020 में ही बन गया था, जिस कारण बार-बार उनका आवेदन रिजेक्ट हो रहा था। यूआईडीएआई में शिकायत दर्ज कराने के बाद पुराने पंजीयन की जानकारी प्राप्त कर उनका मोबाइल नंबर अपडेट किया गया और आधार की प्रति निकाली गई। इसके अलावा विभिन्न मांगों को लेकर कुल 15 आवेदन प्राप्त हुए।

# भगवान परशुराम जयंती पर निकाली गई भव्य शोभा यात्रा, गूंजे जय घोष



**कोण्डागांव,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर कोण्डागांव सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में 29 अप्रैल को एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा कनेरा रोड स्थित ब्राह्मण समाज भवन से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए रायपुर नाका तक पहुंची और फिर ब्राह्मण समाज भवन पहुची, जहां विविध कार्यक्रम आयोजन के पष्चात् भगवान परशुराम जयंती पर आयोजित कार्यक्रम का समापन किया गया। इस शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में सामाजिकजन, महिला-पुरुष, युवक-युवतियां एवं बच्चे शामिल हुए। सभी अपने हाथों में भगवा ध्वज लेकर भगवान परशुराम के जयघोष के साथ नगर भ्रमण करते रहे। शोभा यात्रा के आकर्षण का केंद्र रहे भगवान परशुराम की जीवंत झांकी, जिसने जनमानस को मंत्रमुग्ध कर दिया। ब्राह्मण समाज के गोपाल दीक्षित ने बताया कि जयंती के अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया, जिसमें समाज की प्रतिभाओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए। शाम के समय निकाली गई शोभा यात्रा ने नगर को भक्ति और उल्लास के रंग में रंग दिया। श्रद्धालुओं ने परशुराम जी के जीवन आदर्शों को स्मरण करते हुए समाज में धर्म, न्याय और मर्यादा की स्थापना का संकल्प लिया।

# विधायक लता उसेंडी ने 4 ग्रामों में 3 करोड़ की लागत कार्यों का किया भूमिपूजन



**कोण्डागांव,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। पल्ली, सितली, भोगाड़ी, शामपुर में लगभग 3 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले निर्माण कार्यों के लिए लता उसेंडी द्वारा भूमि पूजन किया गया है। कोंडागांव विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष लता उसेंडी द्वारा विभिन्न ग्रामों का दौरा करके अनेक कार्यों का भूमिभूजन किया गया। जिनमें से ग्राम पल्ली में हाई स्कूल, मरवाबेड़ा में सड़क, पुलिया, सितली में सड़क, नाली, सांस्कृतिक भवन, षामपुर में हाई स्कूल, सड़क पुलिया का भूमिपूजन किया गया। लता उसेंडी ने कहा कि प्रदेश में 15 माह की विष्णु देव की सरकार के कार्यकाल में कोंडागांव की विकास में कोई कमी नहीं आएगी, सरकार से विकास के लिए करोड़ों रुपए मिला है, ये ही विष्णु का सुशासन है, क्योंकि हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे। चाहे व्यक्तिगत विकास हो या गांव का विकास हो, सभी के लिए प्रदेश की भाजपा सरकार लगातार कार्य कर रही है। महतारी वंदन योजना, प्रधान मंत्री आवास, किसान सम्मान निधि, धान खरीदी, सामूहिक विवाह, श्रमिक कल्याण योजना, ऐसे कई व्यक्तिगत योजनाओं का लाभ भी मिल रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति रीता सोरी, दीपेश अरोरा, जितेंद्र सुराना, आकाश मेहता, नंदलाल राठौर, प्रेमसिंह नाग, धन्जू मरकाम, संजू ग्वाल, कृष्ण पोयाम, संजू पोयाम, मेषलाल, जुगवती पोयाम, अंगदराम, भानु ठाकुर, देवेंद्र मरकाम, मोहन ठाकुर, मनहर मरकाम, रेनू राम, दशरथ मरकाम, भारत मरकाम, ममता नेताम, मैनीबाई, रमेश, बीरबल, लखन, तुलजू, तिलक, जुगधर सहित भारी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने समय-सीमा बैठक में योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

**कोण्डागांव**, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने 29 अप्रैल को जिला कार्यालय के सभा कक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक आयोजित कर शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा करते हुए सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की विभागवार समीक्षा कर अधिकारियों को समुचित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए समर कैंप के आयोजन के संबंध में खेल, शिक्षा एवं आयुष विभाग को खेल एवं योग की गतिविधियाँ आयोजित करने के साथ ही शेष बच्चों के अपार आईडी भी शीघ्र बनाने के निर्देष दिए। महिला एवं बाल विकास विभाग के आंगन बाड़ी भवनों व शौचालयों के निर्माण की समीक्षा करने के साथ ही उन्होंने महतारी वंदन योजना के नए आवेदन शीघ्र स्वीकृत करने और हितग्राहियों के आधार लिंकेज पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बाल विवाह की रोकथाम हेतु परियोजना अधिकारियों को सतर्क रहने तथा समय-समय पर निगरानी करने की बात उन्होंने कही। सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत बालिकाओं के खातों के लिए शिविर लगाने हेतु डीपीओ एवं एलडीएम को निर्देशित करने के साथ ही सभी अधिकारियों को आंगन बाड़ी केंद्रों में एक-एक बच्चे की जिम्मेदारी लेते हुए उनके पोषण स्तर की निगरानी और सुपोषण हेतु सहयोग देने और गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान कर विकास खंड स्तर पर विशेषज्ञों की सहायता से शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रधान मंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को सर्वे कार्य शीघ्र पूर्ण करने, क्रेडा द्वारा जिले के विभिन्न शासकीय भवनों में स्थापित सोलर पावर प्लांटों की स्थिति की जांच हेतु संबंधित जनपद सीईओ एवं तहसीलदारों को निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कोण्डागांव में वृहद रक्तदान शिविर आयोजित कर अधिकारियों की सहभागिता सुनिश्चित करने, जिले की सहकारी बैंकों में उद्यानिकी, मत्स्य और पशुपालन विभाग द्वारा प्रेषित केसीसी के लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर त्वरित निराकरण करने और अस्वीकृत प्रकरणों के कारणों सहित रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देष दिए। वहीं सब्जी मंडी निर्माण हेतु उपयुक्त स्थल चिन्हांकन कर प्रस्ताव भेजने के साथ ही श्रम विभाग के अधिकारियों को ई रिक्शा सहायता योजना के क्रियान्वयन के लिए भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**पुलिस अधीक्षक ने नए कानून के बारे में बताया**

बैठक में पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने नवीन आपराधिक कानून के प्रावधानों के बारे में जानकारी देते हुए रिमांड पर रखने के नियम और साक्ष्य अधिनियम सहित विभिन्न नये प्रावधानों के बारे में बताया। वहीं उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से कहा कि अस्पतालों से पीएम की रिपोर्ट समय पर उपलब्ध कराएं। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# नवीन बस स्टैण्ड में बसों की सुचारू आवाजाही के दिए गए निर्देश



**कोण्डागांव,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। कोंडागांव कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार 29 अप्रैल एसडीएम कोण्डागांव अजय उरांव ने जिला परिवहन अधिकारी अतुल असैया एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश डे के साथ नवीन बस स्टैण्ड में बसों के नियमित आवाजाही के बस चालकों को निर्देशित किया गया। साथ ही नवीन बस स्टैण्ड में आबंटित दुकान के संचालकों को भी दुकानें शुरू करने की समझाईश दी गई। बस चालकों को निर्देशित किया गया कि यात्री बसों को बस स्टैण्ड के अलावा अन्यत्र स्थानों पर न रोकें। साथ सड़क सुरक्षा को देखते हुए रात में सड़क किनारे रूकने वाले बसों को भी नवीन बस स्टैण्ड में खड़े करने को कहा गया।

## सपोर्ट पर्सन का इम्पैनलमेंट हेतु रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित

**दंतेवाड़ा,** 30 अप्रैल। कार्यालय महिला बाल विकास विभाग जिला बाल संरक्षण इकाई से जारी विज्ञप्ति अनुसार माननीय सर्वोच्च न्यायालय पारित आदेश दिनांक 30 जुलाई 2024 के अनुक्रम में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा-39 के अधीन सहायक व्यक्तियों के संदर्भ में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा जारी मॉडल गाइडलाइन के क्रियान्वयन हेतु राज्य के सभी जिलों में सपोर्ट पर्सन का इम्पैनलमेंट हेतु रूचि की अभिव्यक्ति के तहत निर्धारित अर्हताओं, अनर्हताओं के प्रकाश में पात्र आवेदकों, संगठनों से 20 मई 2025 तक आवेदन आमंत्रित किए गए है।

# कैपिटल ज़ोन

**उल्टा पुल्टा**

एक नेताजी की गाड़ी पर प्लेट लगी थी, जिस पर लिखा था- हा. हु. प्र...
पुलिस वाले ने ड्राइवर से पूछा- कौन सी पार्टी के हैं ये नेताजी?
ड्राइवर- हारे हुए प्रत्याशी।

## संपादकीय

### शिकारियों से बचाया जाये वन्य जीवों को

*छत्तीसगढ़ अपनी जैव विविधता के लिये तो जाना जाता है पर वह वन्य जीवों के अवैध शिकार के लिये भी अभिशप्त है। रायपुर के मोवा में वन विभाग ने पुलिस की मदद से दो सगे भाइयों को गिरफ्तार कर उनसे 4 लाख रुपये मूल्य के चीतल के सींग बरामद किये हैं। मंगलवार की सुबह वे इसे बेचने वाले थे कि उसके पहले पकड़ में आ गये। पिछले दिनों नगरी का एक व्यक्ति पकड़ाया था, जिसके पास से 50 पोटाश बम, भालुओं के 86 नाखून, तीर-धनुष आदि बरामद हुए थे। ऐसे ही, बलौदाबाजार वन मंडल के सोनाखान रेंज के अंतर्गत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया था जो बिजली का करेंट फैलाकर जंगली पशुओं का शिकार करते थे। कोंडागांव जिले के ओरछा में स्थित टेमरू गांव के वनों में चार लोगों द्वारा एक बाघ की तीरों से हत्या कर दी गयी। खाल, नाखून, दांत आदि रखकर वे उसका मांस पकाकर खा गये। बीजापुर में भी एक बाघ की हत्या की गयी थी। सीतानदी-उदंती वन परिक्षेत्र में एक हाथी शावक पोटाश बम से बुरी तरह घायल हुआ था। 15 दिनों तक तड़पने के बाद उसकी मौत हो गयी थी।*

*पिछले दिनों सुकमा के केरलापाल गांव का एक वीडियो सामने आया था जिसमें कुछ ग्रामीण एक भालू को निर्दयतापूर्वक मार रहे हैं। भालू के नथूने लहूलुहान दिख रहे थे और उसका जबड़ा और पंजे घायल किये गये थे। इसी तरह से सांपों को भी अक्सर देखते ही मार दिया जाता है। इसमें कोई शक नहीं कि आदिवासी क्षेत्रों में रहने वालों को वन्य प्रणियों का हमेशा खतरा बना रहता है। हाथियों को गड्ढे में गिराकर या उन पर हमले कर उन्हें घायल कर दिया जाता है। कई बार वे मारे भी जाते हैं। कोई तेंदुआ यदि बस्ती में घुस जाये तो लोग उन्हें शांतिपूर्वक निकल जाने देने की बजाय उन पर आक्रमण करते हैं। शिकारी बिजली की करेंट वाली तारें बिछाकर अथवा पोटाश बमों से वनों में रहने वाले पशुओं को घायल करते हैं या उन्हें मार देते हैं।*

*घायल पशुओं को शिकारियों द्वारा आसानी से पकड़ लिया जाता है। मारे गये जानवरों के विभिन्न अंगों को निकालकर उन्हें बेच दिया जाता है। तेंदुओं, बाघों आदि की खाल, दांत और नाखून को तंत्र-मंत्र के काम में लिया जाता है। हिरणों और चीतलों का मांस खाया जाता है और उनकी खालें बेच दी जाती हैं। मयूर को उसके पंखों के लिये मार डाला जाता है।*

*प्रदेश के कई वन्य जीवों की संख्या घट रही है और कुछ प्रजातियां विलुप्ति की कगार पर हैं। समय आ गया है कि हर किसी को उनके संरक्षण के बारे में सोचना और उसके उपाय करने चाहिये। सरकार को चाहिये कि शिकारियों से वन्य जीवन को बचाया जाये तथा दोषियों के खिलाफ़ कड़ी कार्रवाई करे।*

# नल खुलने के समय आधे घंटे बिजली बंद करने की मांग

## निगम कमिश्नर ने सीएसईबी को लिखा पत्र

**रायपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में पानी की किल्लत के कारण गुरूवार से सुबह और शाम के वक्त नुल खुलने के दौरान बिजली को आधे घंटे तक बंद करने की मांग कि गई है. इसके लिए निगम आयुक्त विश्वदीप ने बिजली विभाग के अफसरों को पत्र लिखा है।

रायपुर निगम आयुक्त विश्वदीप का कहना है कि गर्मियों में पानी की जरूरत बढ़ने पर लोग टुल्लू पंप का इस्तेमाल करते हैं, इस कारण अंतिम छोर तक पर्याप्त मात्रा में जल आपूर्ति नहीं हो पाती है, जिससे लगातार अस्थायी जलसंकट के संबंध में शिकायते प्राप्त हो रही है. सभी नागरिकों को पर्याप्त मात्रा में जल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जलप्रदाय की समयावधि सुबह 6=15 से 6=45 और शाम 6=15 से 6=45 बजे तक प्रतिदिन 1 मई से 15 जून 2025 तक प्रभावित स्थानों पर विद्युत सप्लाई बंद रखा जाना उचित होगा।



**इन क्षेत्रों में बिजली बंद करने की मांग**

मोचीपारा, सूर्यानगर, डबरापारा, बुनियाद नगर, विजय नगर, सतनामीपारा, बधवा तालाब पार का क्षेत्र, केबिनपारा, रामेश्वर नगर, दीनदयाल नगर, आकाश गैस गोडाउन क्षेत्र, संत कबीरदास वार्ड क्रमांक 03, यतियतन लाल गार्ड वार्ड क्रमांक 04, बंजारी माता यार्ड वार्ड क्रमांक 05, नेताजी कन्हैया लाल बंजारी वार्ड क्रमांक 15, नगर पट्टी शिवानंद नगर, वीर शिवाजी वार्ड क्रमांक 16, ठक्कर बापा वार्ड क्रमांक 17, बाल गंगाधर तिलक वार्ड क्रमांक 18, शंकर नगर वार्ड क्रमांक 30, मदर टेरेसा वार्ड क्रमांक 47, ब्राम्हणपारा वार्ड क्रमांक 44, डॉक्टर विपिन बिहारी सूर वार्ड क्रमांक 64, महंत लक्ष्मी नारायण दास वार्ड क्रमांक 42, आदर्श नगर, महेश कॉलोनी, पुराना श्रीनगर क्षेत्र, दीक्षा नगर, तुलसी नगर, पार्वती नगर, प्रेम नगर, गुढ़ियारी, शिवानंद नगर सेक्टर 03 और 04, अशोक नगर, उपरधारा, हनुमान पारा, दुर्गा नगर, गंगा नगर, न्यू शांति नगर, खम्हारडीह, श्याम नगर, सिविल लाइन, जय काली चौक, बलदाई गली, धोबीपारा सामुदायिक भवन, धोबीपारा, पंचपथ पारा चौक, सारथी चौक, मठपारा कुम्हारा पारा (आदर्श नगर के पास), मठपारा बजरंग चौक, दोमर पारा, गभरापारा (झूमुक लाल महोबिया स्कूल के पास), हनुमान नगर, चन्द्रशेखर नगर, करण नगर, पी एस सिटी नगर, भक्त माता कर्मा वार्ड क्रमांक 67, पण्डित वामन राव लाखे वार्ड क्रमांक 66, डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड क्रमांक 68, मोरेश्वर राय गद्रे वार्ड क्रमांक 59, चन्द्रशेखर आजाद वार्ड क्रमांक 60, शहीद राजीव पाण्डेय वार्ड क्रमांक 62, शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड क्रमांक 63, महामाया मंदिर वार्ड क्रमांक 65, शहीद मनमोहन सिंह वार्ड क्रमांक 23, सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड क्रमांक 24, शहीद नायक वार्ड क्रमांक 03, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम वार्ड क्रमांक 19, रामकृष्ण परमहंस वार्ड क्रमांक 20, माधवराव सप्रे वार्ड क्रमांक 69, कुशाभाउ ठाकरे वार्ड क्रमांक 07, डॉ. भीमराव अंबेडकर वार्ड क्रमांक 11, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्रमांक 51, श्रीराम नगर, शिव नगर, संतोषी नगर क्षेत्र, मठपुरैना क्षेत्र, संजय नगर क्षेत्र, टिकरापारा क्षेत्र, मठपारा क्षेत्र, महंत तालाब क्षेत्र, ज्योति नगर, आम बगीचा क्षेत्र, गोपाल नगर गली नंबर 01 और 02, गोकुल नगर गली नंबर 05, खपरा भट्ठी, भीम नगर, संकल्प वाटिका क्षेत्र, बगीचा क्षेत्र, प्रीतम नगर, छोटा अशोक नगर, बड़ा अशोक नगर, विकास नगर, साईनाथ कॉलोनी, छोटा भवानी नगर, बड़ा भवानी नगर क्षेत्र, सत्यम विहार कॉलोनी की गली नंबर 01 से 05 तक, यादव कॉलोनी, शिवाजी नगर, द्वारिका विहार, दया नगर, दुबे कॉलोनी, कापा बस्ती, ब्रम्हदेव नगर एवं सूरज नगर।

# 10वीं-12वीं के छात्रों को मिलेंगे बोनस अंक

**रायपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)।प्रदेशभर के स्वयंसेवी शिक्षक के रूप में काम करने वाले 10वीं और 12वीं के छात्रों को पहली बार बोनस अंक प्रदान किया जाएगा। छात्रों ने उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत स्वयंसेवी शिक्षक बनकर प्रदेशभर के हजारों निरक्षर लोगों को साक्षर बनाने का काम किया है जो राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा में सफ्ल भी हुए हैं।

**बोर्ड परीक्षा के परिणाम के साथ बोनस अंक**

स्कूल शिक्षा विभाग ने स्वयंसेवी शिक्षक के रूप में काम करने वाले 10वीं और 12वीं के करीब 7000 छात्रों को बोर्ड परीक्षा में बोनस अंक देने के लिए चिन्हित किया है। इसमें 10वीं और 12वीं के क्रमशरू 3500.3500 छात्र.छात्राएं शामिल हैं। विद्यार्थियों को 10.10 अंक बोनस अंक प्रदान किया जाएगा। उल्लास कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रशांत कुमार पांडेय ने बताया कि निरक्षर लोगों को साक्षर बनाने के लिए स्वयंसेवी शिक्षक के रूप में काम करने वाले 10वीं और 12वीं के प्रदेशभर के लगभग 7000 विद्यार्थियों को चिन्हित किया गया हैए जिन्हें बोर्ड परीक्षा में 10.10 अंक बोनस प्रदान




किए जाएंगे। छात्रों की सूची छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल को भेज दी गई है। बोर्ड परीक्षा के परिणाम के साथ बोनस अंक जोड़े जाएंगे।

**राष्ट्रव्यापी परीक्षा में बैठे थे 5 लाख शिक्षार्थी**

राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा का आयोजन 23 मार्च को किया जा रहा था प्रदेशभर के करीब 5 लाख शिक्षार्थी बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान आंकलन परीक्षा में शामिल हुए हैंए जिसमें से करीब 4ण्60 लाख शिक्षार्थी सफ्ल हुए हैं। इन शिक्षार्थियों को स्वयंसेवी शिक्षकों द्वारा निशुल्क अध्यापन कराया गया था।

**1 लाख स्वयंसेवी शिक्षक बनाने का लक्ष्य**

उल्लास कार्यक्रम के तहत प्रदेश के सभी निरक्षर को 2030 तक साक्षर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस वर्ष प्रदेशभर के 10 लाख निरक्षर को साक्षर बनाने का लक्ष्य निर्धारित है इसमें 15 वर्ष अधिक आयु वर्ग के निरक्षर को शामिल किया गया है। साक्षर बनाने के लिए 1 लाख स्वयंसेवी शिक्षक बनाने का भी लक्ष्य है। सभी शिक्षार्थियों का बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान आकलन परीक्षा द्वारा देशव्यापी परीक्षा वर्ष में दो बार सितंबर और मार्च में आयोजित की जा रही है।

## जेल विभाग में बड़ा तबादला

# योगेश क्षत्री बनाए गए रायपुर सेंट्रल जेल के अधीक्षक

**रायपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु) छत्तीसगढ़ में तबादला का दौरा जारी है सभी विभागों में एक.एक कर ट्रांसफर हो रहे हैं इसी कड़ी में राज्य शासन ने जेल विभाग में फेरबदल करते हुए अधीक्षकों और उप अधीक्षकों का तबादला किया है जेल विभाग से जारी आदेश के अनुसार रायपुर, अंबिकापुर, राजनांदगांव और जशपुर के जेलों में पदस्थ अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया है, इसके साथ ही विभागीय आदेश दिनांक 15.03.2024 के द्वारा मोखनाथ प्रधान, उप जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल रायपुर को अधीक्षक चालू प्रभार जिला जेल जशपुर के पद पर किया गया स्थानांतरण निरस्त कर दिया गया है जारी आदेश के अनुसार योगेश सिंह क्षत्री अधीक्षक केन्द्रीय जेल




अंबिकापुर को तत्काल प्रभाव से अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक अधीक्षक केन्द्रीय जेल रायपुर के पद पर पदस्थ करता है योगेश सिंह क्षत्री अधीक्षक केन्द्रीय जेल अंबिकापुर को तत्काल प्रभाव से अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक अधीक्षक केन्द्रीय जेल रायपुर के पद पर पदस्थ किया गया है अमित शांडिल्यए अधीक्षक केन्द्रीय जेल रायपुर को तत्काल प्रभाव से अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक सहायक महानिरीक्षक मुख्यालय जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं नवा रायपुर के पद पर पदस्थ किया गया है अक्षय सिंह राजपूत अधीक्षक जिला जेल राजनांदगांव को तत्काल प्रभाव से अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक प्रभारी अधीक्षक केन्द्रीय जेल अंबिकापुर के पद पर पदस्थ किया गया है उत्तम कुमार पटेल उप जेल अधीक्षक जिला जेल महासमुंद को तत्काल प्रभाव से अस्थायी रूप सेए आगामी आदेश तक प्रभारी अधीक्षक जिला जेल राजनांदगांव के पद पर पदस्थ किया गया है श्याम लाल ठाकुर उप जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल दुर्ग को तत्काल प्रभाव से अस्थायी रूप सेए आगामी आदेश तक प्रभारी अधीक्षकए जिला जेल जशपुर के पद पर पदस्थ किया गया है।

# 5वीं-8वीं के नतीजे घोषित

**रायपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)।छत्तीसगढ़ सरकार ने कक्षा पांचवी और आठवीं की केंद्रीय कृत परीक्षाएं आयोजित की थी जिसके परिणामों की घोषणा आज कर दी गई है_ जिला शिक्षा अधिकारी डॉक्टर विजय कुमार खंडेलवाल ने बताया रायपुर जिले में पांचवी का परिणाम 95.46 प्रतिशत रहा वहीं कक्षा आठवी का रिजल्ट 86.93 प्रतिशत रहा कक्षा पांचवी में 1922 विद्यार्थी पूरक आए वहीं आठवीं में 7637 विद्यार्थी पूरक आए हैं रायपुर डीईओ ने बताया कक्षा पांचवी में 26ए152 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी इसमें में 24,230 विद्यार्थी पास हुए वहीं कक्षा आठवीं में 29,911 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी इसमें से 22,774 विद्यार्थी पास हुए कक्षा पांचवी में 19,684 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी 4287 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी 259 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में पास हुए वहीं आठवी में प्रथम श्रेणी में 16189 द्वितीय श्रेणी में 5570 और तृतीय श्रेणी में 515 विद्यार्थी पास हुए हैं उत्तीर्ण श्रेणी में कक्षा पांचवी में 619 तो वहीं कक्षा आठवी में 3230 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए।

- **रायपुर जिले में पांचवीं में 24,230 और आठवीं में 22,774 विद्यार्थी हुए पास**

# 5 बिंदुओं के तहत होगा बीएड सहायक शिक्षकों का समायोजन

**रायपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। साय कैबिनेट में आज बर्खास्त बीएडधारी शिक्षकों के समायोजन के फैसले के बाद विभागीय आदेश भी जारी हो चुका है। स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय ने आदेश जारी करते हुए 5 अलग-अलग बिंदुओं दिशा निर्देश जारी किया है।

जारी आदेश के अनुसार, हटाए गए बीएड धारी 2621 सहायक शिक्षकों को सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला के राज्य में रिक्त 4422 पदों में समायोजित किया जाएगा। यह समायोजन गैर विज्ञापित पदों पर किया जाएगा।

कला वाणिज्य संकाय से 12वीं उत्तीर्ण सहायक शिक्षकों को निर्धारित अहर्ता पूर्ण करने के लिए 3 वर्ष की अनुमति दी जाएगी। साथ ही इन अभ्यार्थियों को प्रयोगशाला कार्य के संबंध में स्ष्टश्वत्र्क्ष के माध्यम से दो माह का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा अन्य पिछड़ा वर्ग के शेष 335 विद्यार्थियों के लिए पदों का सृजन किया जाएगा। समायोजन के लिए जिलों में प्राथमिकता होगी। राज्य के अनुसूचित क्षेत्रों के जिलों में रिक्त पदों पर सीमावर्ती जिलों के रिक्त पदों पर समायोजन किया जाएगा। इसके बाद अन्य जिलों में किया जाएगा।

**126 दिनों तक चला शिक्षकों का आंदोलन**

बता दें कि 10 दिसंबर 2024 को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक बड़ा फैसला सुनाया था कि सहायक शिक्षक पद के लिए केवल ष्ठ।श्वस्त्र। डिग्रीधारी पात्र होंगे, क्चश्वस्त्र। धारकों की नियुक्ति रद्द की जाए। इस फैसले ने 2621 सहायक शिक्षकों की नौकरी छीन ली थी। इसके बाद बर्खास्त बीएड शिक्षकों ने अलग-अलग अंदाज में प्रदर्शन किया। 18 अप्रैल को शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने सीएम विष्णुदेव साय से मुलाकात की। सीएम के आश्वासन के बाद नवा रायपुर के तूता धरना स्थल में 126 दिनों तक चले आंदोलन को शिक्षकों ने समाप्त किया था।सरकार ने बर्खास्त बीएड शिक्षकों के समायोजन के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कमेटी बनाई थी। इसमें प्रमुख सचिव विधि विभाग, सचिव वित्त विभाग, सचिव स्कूल शिक्षा विभाग और सचिव सामान्य प्रशासन विभाग शामिल थे।

# रीना बाबा कंगाले की मंत्रालय में हुई वापसी

**रायपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। राज्य सरकार ने 4 आईएएस अधिकारियों का तबादला किया है। ढ्ढस्-यशवंत कुमार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बनाए गए हैं। वहीं आईएएस रीना बाबा साहेब कंगाले की मंत्रालय में वापसी हुई है। रीना बाबा साहेब कंगाले, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त सचिव, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण के पद पर पदस्थ किया गया है।

**4 आईएएस अफसरों का तबादला**

आईएएस रीना बाबा साहेब कंगाले द्वारा सचिव खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोका संरक्षण का कार्यभार ग्रहण करने पर आईएएस ऋचा शर्मा, अपर मुख्य सचिव वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग तथा अति।प्रभार अपर मुख्य सचिव, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग में से केवल अपर मुख्य सचिव, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग एवं आईएएस अन्बलगन पी।, सचिव पर्यटन एवं संस्कृति विभाग तथा अति। प्रभार सचिव जनशिकायत निवारण विभाग, सचिव खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग में से केवल सचिव खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के प्रभार से मुक्त होंगे। शेष यथावत रहेगा। आईएएस एस। प्रकाश सचिव, परिवहन विभाग तथा अति प्रभार आयुक्त परिवहन को उनके वर्तमान प्रभारों के साथ-साथ सचिव, संसदीय कार्य विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।आईएएस श्याम लाल धावडे को ग्रामोद्योग विभाग का सचिव बनाया गया है। इसके अलावा वे छत्तीसगढ़ बेवरेजेस कॉर्पोरेशन, छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन, हाथकरघा विकास संघ, और खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड जैसे विभागों के प्रमुख का अतिरिक्त प्रभार भी संभालेंगे।

# जातिगत जनगणना मोदी सरकार का ऐतिहासिक निर्णय : विष्णुदेव साय

**रायपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आगामी जनगणना में जातियों की गणना को भी सम्मिलित करने का निर्णय लिया है।इस पर सीएम विष्णुदेव साय ने कहा, इस निर्णय की जितनी प्रशंसा की जाए वह कम हैसामाजिक सद्भाव और देश के सर्वांगीण विकास की दृष्टि से यह निर्णय अभिनंदनीय है।



श्री साय ने कहा, कांग्रेस पार्टी आजादी के बाद से ही हमेशा जातिगत जनगणना का विरोध करती आई है। आजादी के बाद की किसी भी जनगणना में कांग्रेस ने जातियों की गणना नहीं की यहां तक कि वर्ष 2010 में तत्कालीन कांग्रेसनीत यूपीए सरकार में अधिकांश राजनीतिक दलों में जाति जनगणना पर सहमति थी, लेकिन कांग्रेस ने तब भी इसे होने नहीं दिया था। अब भी वह जातियों को आपस में लड़ाकर केवल अपना राजनीतिक हित साधना चाह रही थी।

विष्णुदेव साय ने कहा, जनगणना केंद्र का विषय है, लेकिन कई राज्यों ने सर्वे के माध्यम से जातियों की जनगणना की है।अनेक राज्यों में यह बिल्कुल राजनीतिक ढंग से किया गया है। ऐसे सर्वे से समाज के सद्भाव को नुकसान पहुंचा है।ऐसी परिस्थितियों में सामाजिक ताना-बाना को मजबूत करने जनगणना के माध्यम से जातियों की गणना को भी सम्मिलित करना ऐतिहासिक निर्णय है।छत्तीसगढ़वासी इस महत्वपूर्ण निर्णय का स्वागत करते हैं।

# संभाग आयुक्त ने लगाई कलेक्टरों की क्लास

## जल संकट दूर करने, लंबित राजस्व मामलों का जल्द निराकरण करने के दिए निर्देश



**रायपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। रायपुर संभाग के संभाग आयुक्त महादेव कावरे ने आज राजधानी स्थित कार्यालय में संभाग के कलेक्टरों के साथ अहम बैठक ली। इस बैठक में क्क॥श्व विभाग के अधिकारी भी मैजूद रहे। शासन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। जल जीवन मिशन और लंबित राजस्व प्रकरणों को लेकर कलेक्टरों से जवाब तलब किया गया है। भीषण गर्मी में बढ़ते जल संकट और सुशासन तिहार के प्रकरणों को लेकर भी चर्चा हुई है और महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए।

बैठक को लेकर महादेव कावरे ने जानकारी देते हुए बताया कि सुशासन तिहार के दूसरे चरण की तैयारियों पर चर्चा की गई है। 10 लाख से ज़्यादा आवेदन आए हैं, जिनमें 3 लाख से अधिक के प्रकरण रायपुर में ही है। इनमें भूमिहीन कृषि योजना, महतारी वंदन, पीएम आवास को लेकर आवेदन हैं, जिनके निराकरण के निर्देश दिये गये हैं।

राजस्व के लंबित प्रकरणों को लेकर उन्होंने कारण बताने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने बताया कि रायपुर ज़िले में 9 हज़ार से अधिक राजस्व प्रकरण लंबित है। आज कलेक्टर्स को अभियान चला कर निराकृत करने के निर्देश दिये गये हैं। वही ख़रीफ़ सीजन को लेकर किसानों की मांग के अनुसार बीच उपलब्धता सुनिश्चित करने कहा गया है।

राजधानी में गहराते जल संकट को लेकर उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन में पानी के सोर्स की समस्या का समाधान निकालने, ख़राब हैंडपंप को दुरुस्त करने और सोकता पिट के निर्माण के निर्देश दिये है। वर्तमान में अवैध बोर खनन पर रोक लगाया गया है।

**संभागायुक्त महादेव कवरे के निर्देश**

राजस्व के समयावधि ख़त्म होने के बाद भी लंबित प्रकरणों के कारण बताने निर्देश, ख़राब हैंडपंपों को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश, ज़िला स्तर पर आत्मानंद स्कूलों की जांच के लिए समिति गठित करने के निर्देश, ख़रीफ़ सीजन में बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश, मल्टी विलेज योजना पर रणनीति तैयार कर जल जीवन मिशन के तहत पानी सप्लाई के निर्देश, स्कूल में पुस्तक और ड्रेस समय में उपलब्ध करने के लिए निर्देश।

एस एम एस के माध्यम से पक्षकार को राजस्व प्रकरण में सूचना दिए जाने के निर्देश, भू-अर्जन के मुआवज़ा राशि प्रकाशित करने और दावा आपत्ति बुलाने के दिए निर्देश।

## कांग्रेस का नेता प्रतिपक्ष विवाद

# 7 में से 5 ने दिया इस्तीफा अब निगम में 3 ही बचे





- **प्रदेश अध्यक्ष पर गंभीर आरोप**

**रायपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। कांग्रेस में नगर निगम रायपुर के नेता प्रतिपक्ष को लेकर चल रहा विवाद थमते दिखाई नहीं दे रहा है । संदीप साहू के पक्ष में कांग्रेस के कुल सात पार्षदों में से पांच ने इस्तीफा दे दिया है।

बता दें कि संदीप साहू को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नेता प्रतिपक्ष बनाने के पद प्रदेश अध्यक्ष ने जिला अध्यक्ष के आदेश को दरकिनार कर आकाश तिवारी को नेता प्रतिपक्ष बना दिया था। इसके विरोध में अब नगर निगम रायपुर में कांग्रेस के कुल 7 में से 5 पार्षदों ने इस्तीफा दे दिया है । जिसके बाद रायपुर नगर निगम में कांग्रेस के सिर्फ तीन ही पार्षद रह गए हैं । संदीप साहू जीते हुए कांग्रेसी पार्षदों में सबसे सीनियर है ,वही आकाश तिवारी ने टिकट नहीं मिलने पर कांग्रेस से बगावत करते हुए निर्दलीय चुनाव लड़ा था। संदीप साहू को सबसे सीनियर होने के नाते नेता प्रतिपक्ष बनाया गया था। वहीं आकाश तिवारी ने भी चुनाव जीता था। कुछ दिन बाद कांग्रेस नेता कुलदीप जुनेजा, एजाज ढेबर, और अन्य नेताओं का समर्थन मिलने पर आकाश तिवारी को वापस कांग्रेस ज्वाइन कराया गया और उसके कुछ ही दिन बाद आकाश तिवारी को नेता प्रतिपक्ष बनाने का आदेश प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने जारी किया ।इसके बाद से ही लगातार कांग्रेस के अंदर विवाद की स्थिति बनी हुई थी। अभी भी नेता प्रतिपक्ष के कमरे में संदीप साहू के नेम प्लेट लगी हुई है। मंगलवार को बुलाई गई विशेष सामान्य सभा में भी संदीप साहू बतौर नेता प्रतिपक्ष शामिल हुए थे। जबकि आकाश तिवारी सभा में नहीं पहुंचे। अर्जुमन ढेबर, आकाश तिवारी और शेख मुशीर के अलावा सभी कांग्रेसी पार्षदों ने संदीप साहू के पक्ष में इस्तीफा दे दिया है। वहीं कांग्रेस के पदाधिकारी इस पूरे मामले में कुछ भी कहने से बच रहे हैं

**आपदा पीड़ित परिवारों को 12 लाख की आर्थिक सहायता**

**बलौदाबाजार**, 30 अप्रैल। प्राकृतिक आपदा से मृत 3 लोगों के निकट परिजनों के लिए प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये के मान से 12 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 29 अप्रैल 2025 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं।



# नक्सली निर्दोष लोगों की हत्या करते है, क्या यह तेलंगाना सीएम को नहीं दिखता : साय



**रायपुर**, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ और तेलंगाना की सीमा पर बसे नक्सलियों के गढ़ करेंगुट्टा पहाड़ी पर देश का सबसे बड़ा एंटी नक्सल ऑपरेशन 9 दिन से जारी है वहीं नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के बढ़ते दबाव के चलते हाल ही में 2 बार शांति वार्ता का प्रस्ताव भी भेजा, लेकिन सरकार ने इससे इंकार करते हुए कहा कि या तो माओवादी आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटे या फिर जवानों के हाथों लड़ते-लड़ते जान गंवा दें। चुनाव उनका है। लेकिन इस पर तेलंगाना की कांग्रेस सरकार ने नक्सलियों की शांति वार्ता का समर्थन दिया है और इस एंटी नक्सल ऑपरेशन में आदिवासियों की जान लेने का आरोप लगाया है छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तेलंगाना सीएम के इस बयान की कड़ी निंदा की है।

सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि तेलंगाना के सीएम का जो बयान है उसका मैं निंदा करना चाहूंगा हम जब से सरकार में आए हैं, तब से नक्सलियों से यह कहते आए हैं कि आप हिंसा और गोली-बंदूक की भाषा छोड़िए, विकास की मुख्यधारा से जुड़िए, आपके साथ सरकार न्याय करेगी। सरकार आपका पुनर्वास अच्छे से कराएगी, आपकी स्किलिंग कराएगी इसका परिणाम भी सामने आया है कि आज सैकड़ों नक्सलियों ने समर्पण भी किया है और सरकार उनके साथ न्याय भी कर रही है।

उन्होंने आगे कहा कि हमने नक्सलियों के लिए अलग से 15 हजार आवास भारत सरकार से सेंशन भी कराए हैं उनको दे भी रहे, स्किलिंग भी करा रहे हैं साथ ही उनके बच्चों को नौकरी भी दे रहे हैं उन्होंने कहा कि सरकार हर तरह से उनके साथ उदार व्यवहार कर रही है। लेकिन बार-बार शांति वार्ता का कोई मतलब नहीं है क्योंकि हम शुरू से ही उनसे बातचीत को तैयार थे।

श्री साय ने कहा कि तेलंगाना मुख्यमंत्री का यह कहना कि नक्सलियों के रूप में आदिवासियों की हत्या की जा रही है, तो यह काफी गलत है।

आज जो तरह-तरह के हथियारों के साथ जो पहाड़ी में छुपे हैं, वे कितनों को मुखबिरी का दोषारोपण कर हत्या करते है। रास्तों में ब्लास्ट करते हैं, जिससे कितने ही निर्दोषों की जान चली जाती है, क्या यह उन्हें दिखता नहीं है?

### करेंगुट्टा में एंटी नक्सल ऑपरेशन के बीच गृहमंत्री शर्मा ने शांति वार्ता को लेकर जताई नाराजगी



छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा ने आज राजधानी रायपुर में प्रेसवार्ता के दौरान तेलंगाना सीमा से लगे करेंगुट्टा की पहाड़ियों में बीते 8 दिनों से जारी एंटी नक्सल ऑपरेशन और शांति वार्ता को लेकर बड़ा बयान दिया है। गृहमंत्री शर्मा ने कहा, आज जब तेलंगाना वाले फंस रहे हैं तो पीड़ा जताई जा रही है, लेकिन जब छत्तीसगढ़ के आदिवासी मारे गए, तब किसी को पीड़ा नहीं हुई। राज्य में नक्सल मुठभेड़ों में अब तक 400 से ज्यादा नक्सली मारे जा चुके हैं, तब कोई वार्ता की बात नहीं कर रहा था। गृहमंत्री शर्मा ने शांति वार्ता का प्रस्ताव रखने वाले संगठनों पर सवाल उठाते हुए कहा, आखिर ये लोग होते कौन हैं? कौन है ये लोग जो वार्ता की बात कर रहे हैं? दाल में जरूर कुछ काला है। शर्मा ने यह भी पूछा कि नक्सली यह स्पष्ट करें कि उनकी तरफ से बातचीत के लिए कौन प्रतिनिधित्व करेगा। छत्तीसगढ़ और तेलंगाना सीमा से लगे करेंगुट्टा की पहाड़ियों में एंटी नक्सल ऑपरेशन बीते 9 दिनों से जारी है। यहां पांच राज्यों के सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के बड़े लीडरों को घेर रखा है। अब तक 5 नक्सलियों के मारे जाने की सूचना है। इनमें से 3 महिला नक्सलियों के शव बरामद किये जा चुके हैं।

# सुबह शाम गरीबों के घर की बिजली बंद वीआईपी एरिया में 24 घंटा बिजली

**रायपुर**, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। निगम आयुक्त विश्वदीप के बिजली विभाग को शहर में सुबह बिजली बंद करने लिखे पत्र पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार रायपुर शहर की जनता को पर्याप्त मात्रा में जल की आपूर्ति नहीं कर पा रही है। बीते 5 वर्ष में शहर में कभी जल की समस्या उत्पन्न नहीं हुई थी। कांग्रेस की सरकार ने निगम को टैंकर मुक्त किया। ट्रिपल इंजन की सरकार बनते ही व्यवस्थाएं सब खराब हो गई है जल आपूर्ति करने में असफल ट्रिपल इंजन सरकार के आयुक्त विश्वदीप बिजली विभाग को पत्र लिखकर सुबह 6:15 बजे से 6:45 बजे तक एवं शाम को 6:15 बजे से 6:45 बजे तक सिविल लाइन एवं ऑफीसर कॉलोनी को छोड़कर पूरे शहर में बिजली बंद करने पत्र लिखना, जल देने में असफल होने का प्रमाण है। निगम के द्वारा पत्र में टुल्लू पम्प से ज्यादा पानी लेने का जो आरोप लगाया गया है यह बेहद निंदनीय और आपत्तिजनक है। यह वीआईपी एरिया को छोड़कर पूरे शहर के नागरिकों को पानी लेने में घपला बाजी का आरोप मढ़ रहे है शहर के नागरिकों का अपमान कर रहे हैं ट्रिपल इंजन की सरकार को इसके लिए शहर की जनता से माफी मांगना चाहिए।

### जल आपूर्ति में असफल निगम का तुगलकी फरमान : कांग्रेस

श्री ठाकुर ने कहा कि निगम आयुक्त ने जो पत्र लिखा है की संध्या के समय 6.15 बजे से 6:45 बजे तक शहर की लाइट बंद रखी जाए जबकि सूर्यास्त के समय लोग घरों में दिया बत्ती करते हैं लाइट जलाते हैं रोशनी करते हैं। यह हमारे परंपरा में है संस्कृती में है और निगम लाइट बंद करके कहीं न कहीं उस परंपरा को रोक रहे हैं अगर निगम सही समय पर जल आपूर्ति की बाधा को दुरुस्त कर लेता जिन इलाकों में गर्मी के दिनों में पर्याप्त जल नहीं पहुंचता उस स्थान पर बाधा को दूर कर लेता तो इस प्रकार से तुगलकी फरमान जारी करने की आवश्यकता नहीं पड़ती। निगम का दायित्व है आम जनता को पर्याप्त मात्रा में जल की आपूर्ति पहुंचाना न कि जल आपूर्ति को रोकने के लिए बिजली बंद करना।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि रायपुर शहर में आरडीए बीएसयू का कई फ्लैट्स है वहां के जनता टुल्लू पंप से ही पानी अपने घर तक लेकर जाती है।नल जब खुलता है तब घरों में टुल्लू पंप से छत के ऊपर बने पानी की टंकी में पानी चढ़ाया जाता है और बिजली बंद रहेगी और जब नल बंद होगा तब बिजली आएगी तो जनता पानी कहां से टंकी में पानी भर पायेगी। निगम का यह फरमान अव्यवहारिक है।

# सर्वाइकल कैंसर के जड़ से ख़ात्मे के लिए माहेश्वरी समाज संकल्पित

**रायपुर**, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। छग माहेश्वरी समाज ने महिलाओं मे होने वाली सर्वाइकल कैंसर को जड़ से ख़त्म करने की पहल करते हुए टीकाकरण अभियान की शुरुआत की है।प्रदेश अध्यक्ष सुरेश मुँधडा, ज़िला अध्यक्ष पवन करणानी, ज़िला सचिव आशीष पुंगलिया ने बताया कि 4 मई रविवार को महेश छात्रावास जी.ई रोड मे सुबह से टीका लगाया जायेगा।समाज की 9 वर्ष की बच्चियों से 26 वर्ष की आयु की महिलाओं को दक्ष डॉक्टर्स की टीम द्वारा टीकाकरण किया जाएगा ।टीकाकरण डॉ सतीश राठी,डॉ अशोक भट्टर,डॉ साधना चाँडक, डॉ रवि राठी , डॉ अमित मोहता के सानिध्य मे होगा।

**टीकाकरण पूर्णतः निःशुल्क होगा**

माहेश्वरी महिला समिति(गोपाल मंदिर),महेश महिला समिति एवं गुढ़ियारी माहेश्वरी महिला समिति एकजुट होकर ज़्यादा से ज़्यादा महिलाओं तक पहुँचते हुए रजिस्ट्रेशन करवा रही है ।सर्वाइकल कैंसर का दूसरा डोज़ छह माह बाद लगेगा।माहेश्वरी सभा अध्यक्ष संपत काबरा, नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश तापड़िया, महेश सभा के अध्यक्ष पवन झंवर एवं गुढ़ियारी माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष बसंत राठी ने सभी परिवारों से संयुक्त अपील की है समाज की 9-26 वर्ष की सभी महिलायें टीका लगवाकर सर्वाइकल कैंसर के प्रति समाज की जागरूकता को गति दे ।अभी तक लगभग 100 महिलाओं का पंजीयन हो चुका है ।बुधवार को पंजीयन की अंतिम तिथि है ।उपरोक्त जानकारी प्रदेश के मीडिया प्रभारी विष्णु सारडा ने दी।

# सरयूपारीण ब्राह्मण सभा ने परशुराम जन्मोत्सव में किया मठा वितरण



**रायपुर**, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। ब्राम्हण कुल गौरव भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का अवतरण दिवस सरयूपरीण भवन स्थित तुलसी कक्ष में सरयूपारीण ब्राह्मण सभा छत्तीसगढ़ के द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर भगवान परशुराम की पोटो पूर माल्यार्पण कर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। साथ ही सरयूपारीण समाज के आधारस्तम्भ विश्व प्रसिद्ध ग्रन्थ रामचरित मांनस के रचईता तुलसी दास की पूजा एव आरती की गई। सरयूपारी ब्राह्मण समाज की महिला मंडल द्वारा भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाते हुए भवन के बाहर मुख्य द्वार के पास पंडाल लगा के मठा एव शीतल जल का वितरण किया गया।

इस अवसर पर डॉ सुरेश शुक्ला अध्यक्ष एवम समाज के एस परोहा,कैलाश तिवारी,विजय कांत मिश्रा राजेन्द्र प्रसाद दुबे, एन डी तिवारी चन्द्रशेखर द्विवेदी,अभय तिवारी,भागवत तिवारी,कृपाशंकर शुक्ला,संगमलाल त्रिपाठी,लक्ष्मण प्रसाद मिश्रा,व्ही के मिश्रा, शिवम त्रिपाठी,राजीव मिश्रा उमाकांत पांडे,राज कुमार पांडे,रामनिवास शुक्ला, राजेश त्रिपाठी, अपर्णा तिवारी, सीमा पांडे, कुसुम त्रिपाठी, पदमा ओझा किरण तिवारी बृजेश त्रिपाठी, ममता शर्मा ममता तिवारी, पुष्पा मिश्रा, शशि द्विवेदी आदि उपस्थित थे।

# सुधांशु महाराज का 70वां जन्म महोत्सव 2 मई को



**रायपुर**, 30 अप्रैल। विश्व जाग्रति मिशन रायपुर मंडल के तत्वाधान मे सुधांशु महाराज का 70 वा जन्म महोत्सव 2 मई को मनाया जाएगा। विश्व जाग्रति मिशन रायपुर मंडल के मीडिया प्रभारी अश्विनी विग ने जानकारी दी कि 2 मई को विश्व जाग्रति मिशन के संस्थापक गुरुदेव सुधांशु महाराज का 70 वा जन्म महोत्सव के रूप में मनाया जायेगा।इस अवसर सुबह प्रभात फेरी का आयोजन किया गया है जो साधक विजय सचदेव के निवास आनंदम वर्ल्ड सिटी , कचना रायपुर से 6ः30 बजे प्रारंभ होगी जो सद्गुरु सुधांसु महाराज के बताये जा रहे जनकल्याण की बातो का प्रचार करेंगे और साधकगण गुरु वंदना कर सदगुरू को पुष्प अर्पित करेंगे ।इसी दिन शाम को 5 से 7 बजे ब्रह्मलोक आश्रम में उत्सव संध्या का आयोजन किया गया है और जिसमे साधको द्वारा चरण पादुका पूजन, गुरु पूजन, गुरु वंदना और गुरु आरती की जायेगी । विश्व कल्याण के लिए 5 माला महामृत्युंजय मंत्र व5 माला गायत्री मंत्र का जाप किया जायेगा।सत्संग और दिल्ली से सुधांसु महाराज जी द्वारा प्रवचन भी किया जायेगा जिसका लाइव प्रसारण भी किया जायेगा और विश्व शांति के लिये प्रार्थना की जायेगी।

### सेना को खुली छूट देखकर मोदी ने किया बड़ा काम : रवि सिन्हा



**राजनांदगांव**, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के पार्षद एवं शासकीय शिवनाथ महाविद्यालय के अध्यक्ष रवि सिन्हा ने कहा की पहलगांव में आतंकी हमला कराकर पाकिस्तान ने अपने कायरता का सबूत दे दिया है वह हमेशा पीछे से वार करना जानता है सामने से युद्ध करना उसकी औकात नहीं है पूर्व में भी इसी तरह के कृत्य कर चुका है उसके बाद भी पाकिस्तान की आंखें नहीं खुली अब भारत ने यह ठान लिया है कि पाकिस्तान को नेस्तानाबूद करके ही मानेंगे, सिंधु नदी समझौता को तोड़कर खुले जंग की चेतावनी पाकिस्तान को दे दी गई है, भारत में रहने वाले पाकिस्तानी नागरिकों को वापस जाने कह दिया गया है, पाकिस्तानी नागरिकों को वीजा देना बंद कर दिया गया है और भारत में रहने वाले पाकिस्तानी अधिकारियों को वापस जाने कह दिया गया है, खुले जंग की चेतावनी को सहन करना पाकिस्तान की फितरत में नहीं है वह हमेशा छुपकर वार करना जानता है अब भारत ने उसे ललकार कर कहा है की खुले रूप में आओ निर्दोष आम नागरिकों की हत्या पाकिस्तान के अमानवीय सोच का नतीजा है, भारत में वह ताकत है कि वह ऐसे हर अमानवीय कृत्य का जवाब खुले रूप से दे सकता है।

## निधन

### कमलिनी बढे



**दुर्ग**, 30 अप्रैल। पद्मनाभपुर निवासी कमलिनी बढे 84 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे पराग, मिलिंद बढे की माता जी थी।

# गुढ़ियारी कॉलेज में मेगा निःशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर आयोजित

**रायपुर**, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। शासकीय नवीन महाविद्यालय, गुढियारी, संस्कृत महाविद्यालय, रायपुर एवं एस.के. केयर हॉस्पिटल, पचपेड़ी नाका, रायपुर तथा श्रेयास एण्ड जी.एस. ओझो फॉउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में आज गुढियारी कॉलेज रायपुर में मेगा निःशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 180 छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण करवाया। परीक्षणोपरांत रोग ग्रस्त छात्र-छात्राओं को दवा का वितरण किया गया। शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर, हिमोग्लोबिन का निःशुल्क परीक्षण किया गया।

एस.के. केयर के विशेषज्ञ डॉ. जया बाजपेयी (डी.एन.बी. मेडिसिन) डॉ. पीयूष शुक्ला अपनी पूरी टीम जिसमें ललित सेठी, सेवक साहू, तुगेंद्र साहू, शीतल साहू, सिस्टर नैना साहू, राज किरन साहू आदि शामिल थे ने छात्रों का उत्साहपूर्वक स्वास्थ्य परीक्षण किया। ज्ञात हो कि एस के केयर हॉस्पिटल, रायपुर समाज सेवा के क्षेत्र में हमेशा अग्रसर रहा है। इसी तारतम्य में उन्होंने आज महाविद्यालय के छात्र-छात्रओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर चिकित्सा परामर्श प्रदान कर दवा का भी निःशुल्क वितरण किया। शिविर को संबोधित करते हुए डॉ. जया बाजपेयी ने कहा कि छात्र अभी टीन एज से युवावस्था की ओर अग्रवर होते हैं ऐसे में छात्र एवं छात्राओं में अलग-अलग तरह की समस्याओं के दर्शन होते हैं। इस समय हमारा आध्यात्मिक स्वास्थ्य, सामाजिक स्वास्थ्य सभी प्रभावित होता है। 17 से 22 की उम्र में इमोशनल स्ट्रेस इतना बढ़ जाता है जिसके कारण कुछ गलत आदतें भी पड़ जाती है जिससे हमें बचना है। इसके लिए हमें खानपान पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है हमें बाहर का जंक फूड तो बिल्कुल भी नहीं खाना चाहिए। बाहर का खाना स्वास्थ्य के लिए बहुत घातक है। इस उम्र में लडकों एवं लड़कियों में बहुत हारमोनल चेंज होते हैं। लड़कियों को विशेष रूप से अपने स्वास्थ्य एवं हायजिन का ध्यान रखना चाहिए। इसी उम्र में आर.डी.एच. हार्ट की बीमारी तथा बहुतेरी अनुवांशिक बीमारियां उभरने लगती हैं जिसका समय रहते चेक अप करने से पता चल जाता है और हम गंभीर बीमारी की चपेट में आने से बच जाते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. शुक्ला ने छात्र-छात्राओं को अपनी एकाग्रता में अभिवृद्धि करने के लिए कुछ एक्सर साइज भी बतायी जैसे गेंद को एक ही जगह बैठे या खड़े होकर उछाले, दूसरा उंगली को चारों तरफ घुमाकर आंखों को उसकी ओर देखते रहें, तीसरा एक ही जगह खड़े होकर जम्प करें इससे आपकी एकाग्रता में अभिवृद्धि होगी।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मधुलिका अग्रवाल ने कहा कि स्वास्थ्य की जीवन का सार है स्वास्थ्य ठीक नहीं है तो आप कुछ भी अच्छे तरीके से नहीं कर सकते। आपकी आधी उर्जा बीमारी से लडने में ही खर्च हो जाएगी, इसलिए स्वास्थ्य की और विशेष ध्यान देना चाहिए। इसीलिए हमने बच्चों के लिए परीक्षा और इस गर्मी के समय में होने वाली विभिन्न बीमारियों से बचने के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन करवाया। इस अवसर पर महाविद्यालय के नौनिहालों में गजब का उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कुसुम चंद्राकर ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. राजवंश कोहली ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ डॉ. वंदना कुमार, श्री पदमेश नाग, श्रीमती मधु उर्वशा, सुश्री नीतु सिंह, डॉ. स्मिता वर्गे, डॉ. शुभ्रा मिश्रा एवं संस्कृत महाविद्यालय से डॉ. मनोज शुक्ला, योगा टीचर श्री रविशंकर साहू विशेष रूप से उपस्थित थे।

# मेयर इन कौंसिल की बैठक में मच्छरों पर चर्चा

**रायपुर**, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर निगम की मेयर इन कौंसिल की आज हुई बैठक में फिल्टर प्लांट के 80 एवं 150 एमएलडी जल संयंत्र के वार्षिक संचालन एवं संधारण हेतु निविदा दर 1 करोड़ 75 लाख 82 हजार 717 रू. को स्वीकृति प्रदान की गई। पंडित आर डी तिवारी उच्चतर माध्यमिक शाला में विविध विकास कार्य करवाने निविदा दर 1 करोड़ 53 लाख 92 हजार स्वीकृत किए गए। निगम के 13 कर्मचारियों को चिकित्सा प्रतिपूर्ति हेतु 6 लाख 19 हजार 432 रू. की स्वीकृति दी गई। निराश्रित पेंशन के 198 तथा परिवार सहायता के 61 नये प्रकरण स्वीकृत किए गए।





### महत्वपूर्ण प्रस्तावों को हरी झंडी

निगम मुख्यलाय में महापौर श्रीमती मीनल चौबे की अध्यक्षता में हुई मेयर इन काउंसिल की बैठक में स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही से वार्डों में मच्छरजनित रोगों एवं मच्छरों के कारगर नियंत्रण हेतु एंटी लार्वा व फॉगिंग अभियान के संबंध में जानकारी ली गई। महापौर ने राजधानी के अनुरूप जनहित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा हेतु सभी वार्डों में मच्छरों पर नियंत्रण हेतु प्रभावी तरीके से गुणवत्ता युक्त एंटी लार्वा एवं फॉगिंग अभियान को गति देने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी एवं सभी जोन स्वास्थ्य अधिकारियों को दिये। नगर निगम के सेवानिवृत्त कार्यपालन अभियंता विमल कुमार शर्मा एवं सेवानिवृत्त सहायक राजस्व निरीक्षक श्रीमती रोशन शर्मा को 1 वर्ष की संविदा नियुक्ति देने की अनुशंसा करते हुए स्वीकृति हेतु नियमानुसार प्रकरण राज्य नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को प्रेषित करने के निर्देश सामान्य प्रशासन विभाग को दिये गये।

बैठक में निगम कमिश्नर विश्वदीप, एमआईसी सदस्यगण श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर, श्रीमती सुमन अशोक पाण्डेय, श्रीमती संजना हियाल, डॉ. अनामिका सिंह, मनोज वर्मा, दीपक जायसवाल, अमर गिदवानी, संतोष सीमा साहू, भोलाराम साहू, अवतार भारती बागल, महेन्द्र खोडियार, खेम कुमार सेन, नंद किशोर साहू, अपर कमिश्नर राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, यू.एस. अग्रवाल, पंकज के. शर्मा, विनोद पाण्डेय, श्रीमती कृष्णा खटीक, मुख्य अभियंता यू.के. धलेन्द्र, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, संजय बागड़े, निगम सचिव सूर्यकांत श्रीवास्तव समेत सभी जोन कमिश्नर तथा कार्यपालन अभियंतागण उपस्थित थे।

# गोस्वामी समाज 4 मई को जगत गुरु शंकराचार्य जन्मोत्सव मनाएगा



**रायपुर**, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज के द्वारा 4 मई रविवार को राजधानी रायपुर के शहीद स्मारक भवन में भगवान श्री आद्य जगतगुरु शंकराचार्य जन्मोत्सव की धूमधाम से मनाने की तैयारी में प्रदेश स्तर के गोस्वामी समाज के पदाधिकारी जूटे हुए हैं कार्यक्रम मंत्रोच्चार के साथ सुबह 10रू00 बजे से शुरू होगा पूजा अर्चना पश्चात शंकराचार्य पर केन्द्रित ब्याख्यान होगा अतिथि स्वागत होगा द्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अरुण सावए अध्यक्षता महापौर मीनल चौबे ी एवम रामसुंदर दास महाराज मंडलेश्वर एवम पीठाधीश्वर दुधाधारी मठ विशिष्ठ अतिथि होंगे श्री श्री 1008श्री महंत विवेक गिरी महाराज थानापति गौर कांपा आश्रम ;मुंगेली विशिष्ठ अतिथि एवम सच्चिदानंद गिरी राष्ट्रीय अध्यक्ष दिल्ली विशिष्ट अतिथि होंगे अतिथि महंत गण होंगे द्य कार्यक्रम को सफ्ल बनाने प्रदेश अध्यक्ष मोहन पुरी कोषाध्यक्ष सुधीर बन महासचिव संजय गिरी कार्यक्रम संयोजक प्रभाकर बन जिला अध्यक्ष वेदपुरी गोस्वामी कोषाध्यक्ष रमेश पुरी सचिव योगेन्द्र पुरी प्रचार सचिव हेमंत बन कपिल पुरी संरक्षक लिल्लार पुरी चित्रसेन गिरी हरभूशन गिरी एवम सभी जिलो द्वारा वृहद् स्तर से तैयारी की जा रही है।

# कांग्रेस के दबाव में मोदी सरकार जातिगत जनगणना कराने बाध्य हुई : दीपक बैज

**रायपुर**, 30 अप्रैल। केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा जातिगत जनगणना करवाने के निर्णय पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि हाल ही में कांग्रेस ने अपने राष्ट्रीय अधिवेशन में जातिगत जनगणना के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था। इसी के चलते मोदी सरकार बाध्य हुई है। मोदी सरकार तो 2021 में होने वाली आम जनगणना को 4 साल से रोक रखा है, अंततः कांग्रेस के दबाव में जातिगत जनगणना को आगामी जनगणना में शामिल करवाने को बाध्य हुई है।

पिछले तीन दशकों में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अलावा अन्य पिछड़े वर्ग और सामान्य वर्ग के भी आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों को शिक्षा और सार्वजनिक क्षेत्र में रोज़गार में आरक्षण दिया जा चुका है। पर अभी भी हमें यह ठोस जानकारी उपलब्ध नहीं है कि वो कौन-कौन सा समुदाय हैं जो आरक्षित वर्गों में आते हैं और उनकी जनसंख्या तथा असली हालात क्या हैं? सामाजिक न्याय को पूरी तरह से तभी स्थापित किया जा सकता है जब हमें इन समुदायों की जनसंख्या स्पष्ट रूप से पता हो। इसीलिए जाति की गिनती ज़रूरी है। जाति जनगणना का और एक फ़ायदा है कि यह आरक्षित समूहों के बीच आरक्षण के लाभों का समान वितरण करने में भी काम आयेगा।

दीपक श्री बैज ने कहा कि कांग्रेस ने देश में जातिगत जनगणना कराने की मांग को लेकर लगातार संघर्ष किया। मोदी, शाह सहित आरएसएस और भाजपा के तमाम नेता हमारे जिस मांग को देश को बांटने की साज़िश बता रहे थे, जिस विषय में विपक्ष का उपहास उड़ाते थे, अब उसी विषय पर मोदी सरकार घुटनों पर आ गई है। हमने पहले भी कहा कि ओबीसी इस देश का सबसे बड़ा वर्ग है, बहुत अधिक विभिन्नताएं हैं, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक तौर पर विभिन्नताएं हैं। जातिगत जनगणना किए बिना सरकारी योजनाओं को सही तरीके से लागू करना संभव ही नहीं है, सामाजिक न्याय के लिए यह अति आवश्यक कदम है। कांग्रेस की यह मांग है कि केवल जातिगत जनगणना को आगामी आम जनगणना में शामिल करने की घोषणा मात्र से काम नहीं चलेगा, जातिगत जनगणना करवा के तत्काल आंकड़े जारी करें सरकार।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि लगभग दो सौ साल की गुलामी के बाद आज़ाद हुए भारत के सामने कई चुनौतियां थीं। इसके चलते जाति आधारित गिनती सन 1951 से नहीं हुई। केवल अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की गिनती हर जनगणना में नियमित रूप से होती रही है। पिछली जनगणना सन 2021 में होनी थी लेकिन मोदी सरकार ने लगातार इसको टाला है। इस कारण सरकार के पास अन्य जातियों को तो छोड़ ही दें एससी और एसटी की जनसंख्या कितनी है, इसकी भी जानकारी नहीं हैं। सन् 2011 में जब यूपीए की सरकार थी तब 25 करोड़ परिवारों को शामिल करते हुए सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना आयोजित की गई थी। जिसमें इन परिवारों का जातिय, सामाजिक और आर्थिक डेटा इकट्ठा किया गया था। सामाजिक-आर्थिक डेटा का उपयोग अब कल्याणकारी कार्यक्रमों के लिए किया जाता है लेकिन जाति से जुड़ी जानकारी और डेटा मोदी सरकार द्वारा कभी प्रकाशित ही नहीं किया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि जाति जनगणना के साथ-साथ हमें यह जानना भी आवश्यक है कि आर्थिक विकास का समाज पर क्या प्रभाव पड़ा है -हमारा अनुभव ये रहा है कि विकास का फ़ायदा कोई और उठा रहा है और क़ीमत कोई और चुका रहा है। देश के सभी संसाधनों के न्यायपूर्ण बंटवारे के लिए सर्वे करके यह पता लगाना ज़रूरी है कि देश के संसाधनों और शासन चलाने वाली संस्थाओं पर आखिर किसका क़ब्ज़ा है। इसीलिए जाति जनगणना के साथ-साथ देश की संपत्ति और सरकारी संस्थाओं का सर्वे करना भी आवश्यक है ताकि हम समय-समय पर नए आंकड़ों के आधार पर सुधार करते रहें और प्रभावी नीतियों का निर्माण कर सामाजिक और आर्थिक न्याय के सपने को साकार किया जा सके।



# संघर्ष करने वालों की कभी हार नहीं होती

## बीएड शिक्षकों को हड़ताल अवधि का कुछ मानदेय मिले

**रायपुर**, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। आज अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस 1 मई शहादत व खून देकर बलिदानी मजदूरों का दिवस है। प्रदेश के 3 माह से आंदोलनरत सहायक शिक्षक डीएड प्रदेश के आदिवासी समाज के शिक्षित सहायक शिक्षकों को सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला में समायोजित करने का मंत्री परिषद का निर्णय उनके संघर्ष की जीत है। कर्मचारी नेता विजय कुमार झा ने कहा है कि मजदूर आंदोलन का इतिहास गवाह है कि संघर्ष करने वालों की कभी हार नहीं होती है। उन्होंने मांग की है कि आंदोलन अवधि में वे हड़ताली सहायक शिक्षक गरीबी रेखा में आ चुके हैं लाखों रुपए खर्च और संघर्ष कर चुके हैं। ऐसी स्थिति में आंदोलन अवधि का प्रति माह कुछ मानदेय सम्मान निधि स्वरूप देकर, उनके विरुद्ध थानों में दर्ज प्रकरणों को वापस लेने का निर्णय लेकर आज मजदूर दिवस में उनको सम्मानित करना चाहिए। इसके साथ ही उनकी सेवाएं आज 1 मई अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस से गणना करते हुए उनके आंदोलन व उनके श्रम का सम्मान किया जाना चाहिए। श्री झा ने कहा है कि आज प्रतिवर्ष अनुसार रायपुर ट्रेड यूनियन काउंसिल के तत्वाधान में फाफाडीह टेलीफोन एक्सचेंज में संध्या 5 बजे मई दिवस की सभा रैली होगी ?। जिसे ट्रेड यूनियन कौंसिल संयोजक एचपी साहू, सुधाकर चिलमवार, सुख दास बंजारे, संजय शर्मा सहित मजदूर नेता रैली का नेतृत्व करते हुए सभा को संबोधित करेंगे।

### आज मई दिवस से सेवा की गणना हो : विजय झा

# पहले चालान कटेगा या नंबर प्लेट लगेगी?

## नए नियम से कार, बाइक वाहन मालिक हो रहे परेशान




**रायपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट एसएचआरपी तमाम कोशिशों के बाद अब तक 80 फीसदी वाहनों में नहीं लग पाई है। इसे लगाने के लिए तमाम झमेले को देखते हुए अधिकांश वाहन चालक ऑनलाइन आवेदन करने के साथ ही आरटीओ कार्यालय और परिवहन सेवा केंद्र के चक्कर लगा रहे हैं। वहीं दूसरी तरफराज्य पुलिस वाहनों की सख्ती से जांच कर रही है। मोटरयान अधिनियम की आड़ में आरसी डीएल हेलमेट के साथ ही नंबर प्लेटों की जांच कर रही है। इसके लिए प्रदेशभर में अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही चालानी कार्रवाई की जा रही है। साथ ही एसएसआरपी लगाने सख्ती से समझाइश दी जा रही है। जबकि प्रदेशभर में 1 अप्रैल 2019 के पहले के करीब 31 लाख वाहनों में इसे लगाया जाना है। लेकिनए इस समय करीब 1 लाख ही लग पाए हैं और 50000 आवेदन मिले है। प्रदेश में 80 लाख से ज्यादा वाहन परिवहन विभाग में पंजीकृत हैं। इनमें से 8 लाख वाहनों को कंडम और सड़कों से बाहर होने की आशंका जताई जा रही है। ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने के लिए चेसिस नंबरए रजिस्ट्रेशन नंबर आधार कार्ड और मोबाइल नंबर जैसे विवरण दोबारा देना होता है। लेकिनए एक बॉक्स में 500 शब्दों की सीमा है। वहींए ई.मेल से शिकायत करने की सुविधा नहीं होने के बाद भी ई मेल जरूर मांगा जाएगा और उसमें आने वाले ओटीपी को दर्ज करें तो एरर बता रहा है।

### आरटीओ तक दौड़

उक्त सभी के बाद भी कोई तकनीकी खामी बताने पर शिकायत आसानी से दर्ज नहीं हो पाती। इसे देखते हुए वाहन चालक परेशान हैं कि पहले चालान कटेगा या पहले नंबर प्लेट लगेगी। एचएसआरपी के लिए आवेदन की प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया गया है। इसमें मोबाइल नंबर और आरसी बुक अनिवार्य दस्तावेज हैं। आवेदन फॉर्म अंग्रेजी में कई चरण में होने के कारण अधिकांश लोगों की समझ में नहीं आ रहा है।

### अपडेट करने के लिए वीडियो जारी

मोबाइल नंबर अपडेट नहीं है तो लिंक सीधे सेंट्रल सर्वर से जोड़ा जाता है। इसे अपडेट करने के लिए तीन मिनट का एक वीडियो आरटीओ के पेज पर अपलोड किया गया है। लेकिन वही हिस्सा गायब है जहां वाहन मालिकों को वास्तविक समस्या आ रही है। मोबाइल नंबर अपडेटए लंबा चेसिस व इंजन नंबर भरने और आधार ओटीपी जनरेट करने के बाद अंत में पूछा जाता है कि पुराने नंबर के स्थान पर कौन.सा नया नंबर जोड़ा जाए।

### एचएसआरपी में इस तरह का झमेला

समस्या यह है कि पुराने वाहन पंजीकरणों में अधिकांश आरसी बुक में मोबाइल नंबर दर्ज ही नहीं किए गए थे। वहींए कई आरसी बुक ऐसे हैं जिनमें यह भी दर्ज नहीं है कि वाहन का जीवनकाल कितने साल का है। इसके चलते ऑनलाइन आवेदन रिजेक्ट होने के साथ ही वेबसाइट में सलाह डिस्प्ले होती है कि आरटीओ दफ्तर जाएं। विभाग द्वारा सहायता के लिए 8 मोबाइल नंबर व वेबसाइट जारी किया गया है। लेकिनण् छोटे कारोबारी ऑटो चालक और अन्य लोग इसके जरिए आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। इसके लिए परिवहन सेवा केंद्र और आरटीओ तक दौड़ लगाने के साथ ही अतिरिक्त राशि और समय जाया करना पड़ रहा है। परिवहन विभाग के सचिव एस प्रकाश ने बताया कि एचएसआरपी लगाने के लिए विभाग की ओर से गली.मोहल्ले से लेकर कॉलोनियोंए शासकीय दफ्तरों और अन्य स्थानों में कैंप लगाया जा रहा है। जहां तत्काल पंजीयन कर समस्या का निराकरण किया जा रहा है।

# बोर्ड स्टूडेंट्स के अजब-गजब सवाल

## छात्रों ने कहा- मैं फेल हो सकता हूं, पास करवा दोगे क्या



**हेल्प सेंटर में पैरेंट्स ने भी पूछे बेतुके सवाल**

**रायपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ बोर्ड के 10वीं और 12वीं बोर्ड के नतीजे जल्द ही जारी हो जाएंगे। परिणामों की घोषणा से पहले छात्रों और उनके अभिभावकों की सहायता के लिए बोर्ड ने एक हेल्प डेस्क सेंटर शुरू किया है। इसके लिए हेल्पलाईन टोल फ्री नंबर 18002334363 जारी किया गया है। यहां बच्चों और पैरेंट्स के अलग.अलग तरह के सवाल आ रहें है जिनमें से कुछ अजब.गजब भी है।

**फेल हो सकता हूं पास करवा दोगे क्या:** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित हेल्पलाइन सेंटर में एक छात्र ने पूछा कि मेरा नंबर बढ़ जाएगा क्य दूसरे विद्यार्थी ने पूछा कि पास हो गया हूं या फेल दो विषय में फेल हो सकता हूं पास करवा दोगे क्या एक और विद्यार्थी ने सवाल करते हुए कहा फोन आ रहा मैं फेल हो गया हूं कह रहे हैं पास करने के लिए पैसे मांग रहे हैंए क्या पैसे देने पर पास कर देंगे वहीं बच्चों के अलावा उनके पैरेंट्स भी अपने सवालों के साथ हेल्प सेंटर में कॉल कर रहे हैंण् एक अभिभावक ने पूछा कि रिजल्ट में कुछ अपन डाउन होता है तो ऐसी स्थिति में क्या कर सकते हैं।

माध्यमिक शिक्षा मंडल के सचिव पुष्पा साहू ने कहा कि परीक्षा परिणाम के पूर्व विद्यार्थियों के मन में परीक्षा परिणाम के भय से होने वाले तनाव का प्रबंधन किया जा रहा है। विषय कैरियर चयन पुनर्मूल्यांकन और पुनर्गणना संबंधी मार्गदर्शन के लिए हेल्पलाइन सेंटर बनाया गया है। मनोवैज्ञानिक मनोचिकित्सक कैरियर काउंसलर मण्डल के अधिकारी मार्गदर्शन करेंगे।

# अक्षय तृतीया पर घट स्थापना



**रायपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। वैशाख शुक्ल पक्ष तृतीया को अक्षय तृतीया का पर्व श्री दूधाधारी मठ एवं श्री जैतू साव मठ में श्रद्धा भक्ति पूर्वक मनाया गया। सुबह 9.30 बजे घट स्थापना करके भगवान लक्ष्मी नारायण जी की विधिवत पूजा अर्चना की गई। आरती संपन्न होने के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज ने अपने संदेश में कहा कि. अक्षय तृतीया का पर्व प्रत्येक वर्ष वैशाख शुक्ल पक्ष तृतीया को मनाया जाता है इस दिन किया गया प्रत्येक कार्य अक्षय होता है इसलिए इस तिथि को दान पुण्य का विशेष महत्व है। अक्षय तृतीया के दिन सुबह स्नान ध्यान से निवृत होने के पश्चात घट स्थापित करके भगवान श्री हरि एवं माता लक्ष्मी जी की विधिवत पूजा अर्चना करनी चाहिए। अजय तिवारी ने कहा कि अक्षय तृतीया के पर्व को भगवान श्री परशुराम जी के प्रकटोत्सव के रूप में भी मानते हैं इस दिन कृषि कार्य के शुभारंभ की भी सनातन परंपरा है। इस विशेष पूजा अर्चना के अवसर पर महेंद्र अग्रवाल चंद्रकांत यदु राम मनोहर दास रामदेव दास रामप्रिय दास राम भूषण दास राम लोचन दास जय शुक्ला निर्मल दास वैष्णव सहित अनेक गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ में सीजीएमएससी घोटाला पार्ट-2!

**रायपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। सीजीएमएससी ने बगैर मांग के गरियाबंद जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में लाखों की दवा खपाई है. इसका खुलासा जनपद सदस्य माखन कश्यप ने पंचायत बॉडी के साथ उरमाल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया तब हुआ. कश्यप ने कहा, यह सीजीएमएससी के 550 करोड़ के चर्चित घोटाले की तरह पार्ट 2 घोटाला हो सकता है. इस मामले में कलेक्टर ने जांच टीम गठित कर हफ्तेभर के भीतर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है.



- बगैर मांग के स्वास्थ्य केंद्रों में लाखों की दवाएं डंप
- कलेक्टर ने बनाई जांच टीम हफ्तेभर में मांगी रिपोर्ट

दो दिन पहले जिले के उरमाल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण जनपद सदस्य माखन कश्यप ने ग्राम सरपंच पंच के साथ किया था. केंद्र के पास में मौजूद आयुर्वेदिक अस्पताल के अंदर के बरामदे में 50 से ज्यादा बंद कार्टून और 20 से ज्यादा लूज कार्टून में दवाओं का ढेर पड़ा मिला. रखे गए दवाओं में आई की फ्लूट और पीलिया के मरीजों को दी जाने वाली दवाओं की मात्रा ज्यादा थी. इसके अलावा अन्य सिरप, केनुला और ग्लब्स पड़े हुए मिले. जनपद सदस्य माखन कश्यप ने इसका वीडियो बनाकर अधिकारियों को भेजा और सोशल मीडिया पर भी पोस्ट किया.

इस मामले में प्रथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी सनत कुंभकार ने बताया कि नेशनल चालिटी एस्वेयर स्टेंडर्ड का मूल्यांकन होना है, जिसके चलते अस्पताल की साफ सफाई जिला अफसरों की अनुमति से करा रहे हैं. जरूरत से ज्यादा दवाएं हैं, जिसे सफाई तक रखने के लिए आयुर्वेद अस्पताल संस्थान से लिखित सहमति ली गई थी. उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि बारिश के कारण कुछ दवाएं भीग गई है.

**सालभर बाद भी खत्म नहीं होगी दवाएं :** इस मामले में जनपद सदस्य माखन कश्यप ने जिले के ज्यादातर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में बगैर मांग के इसी तरह करोड़ से ज्यादा कीमत के दवाएं मार्च के पहले सीजीएमएससी द्वारा खपाने का आरोप लगाया है. उन्होंने यह भी कहा कि यह सीजीएमएससी के चर्चित घोटाले की तरह पार्ट 2 घोटाला हो सकता है. माखन कश्यप ने कहा कि दवाओं के भंडार में ज्यादातर ऐसी दवाएं इतनी मात्रा में भेजी गई है जो इस केंद्र में सालभर बाद भी खत्म नहीं होंगी. कश्यप का आरोप है कि इसमें ब्लॉक से लेकर जिलेभर का सारा तंत्र मिला हुआ है.

### जांच टीम गठित, मौके पर पहुंचे एसडीएम

इस मामले में बड़े आरोप लगते ही कलेक्टर भगवान सिंह उईके ने जांच के निर्देश दिए हैं. जांच दल के प्रमुख देवभोग एसडीएम तुलसी दास को बनाया गया है. कलेक्टर के निर्देश के बाद टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है.

# होटल बुकिंग और रिव्यु टास्क के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी

**रायपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। रायपुर के गोल बाजार क्षेत्र में रहने वाले 36 वर्षीय प्रतीक खण्डाईतमेहर के साथ ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है टेलीग्राम पर होटल बुकिंग और रिव्यू के टास्क के नाम पर प्रतीक से 11 लाख 22 हजार 382 रुपये की धोखाधड़ी की गई पीड़ित ने गोल बाजार थाने में शिकायत दर्ज कराई जिसके आधार पर पुलिस ने धारा 318;4 भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रतीक ने पुलिस को बताया कि 11 जनवरी 2025 को एक अज्ञात नंबर से ज्योति नाम की महिला ने उनसे संपर्क किया और कंपनी के लिए ऑनलाइन टास्क करने का ऑफर दिया् इसमें बिना किसी निवेश के प्रतिदिन 500 से 1000 रुपये कमाने का लालच दिया गया इसके बाद प्रतीक को टेलीग्राम पर नामक से जोड़ा गया जिसने उन्हें लिंक पर रजिस्ट्रेशन करने को कहा प्रतीक ने अपने नाम मोबाइल नंबर ईमेल और इंडसइंड बैंक खाते की जानकारी देकर रजिस्ट्रेशन पूरा किया रजिस्ट्रेशन के बाद प्रतीक को टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा गया जहां उन्हें होटल और फ्लाइट बुकिंग के रिव्यू टास्क दिए गए शुरुआत में 14 जनवरी 2025 को 16 टास्क पूरे करने पर उन्हें 779 रुपये मिले जिससे उनका भरोसा बढ़ा इसके बाद 15 जनवरी से 20 जनवरी 2025 के बीच विभिन्न टास्क के लिए उनसे बार.बार पैसे जमा करने को कहा गया प्रतीक ने अलग.अलग बैंक खातों में कुल 11 लाख 22 हजार 382 रुपये जमा किए जिसमें 1.5 लाख 2 लाखए 51 हजार और 1 लाख जैसी राशियां शामिल थीं ये राशियां भगवती लाल जाट, गौरव नायक, धग्गा राम, अरबाज खान, सपना भावा, और निर्मल टाक जैसे खाताधारकों के खातों में स्थानांतरित की गई प्रतीक को 120 बोनस और डेढ़ गुना लाभ का लालच दिया गया लेकिन टास्क पूरे होने के बाद भी उन्हें कोई रिटर्न नहीं मिला उल्टा उनसे 8 लाख और फिर 4 लाख रुपये जमा करने का दबाव बनाया गया जब प्रतीक ने और पैसे देने से मना किया तो उन्हें धमकी दी गई 23 जनवरी 2025 को प्रतीक ने साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज की और 29 अप्रैल 2025 को गोल बाजार थाने में लिखित आवेदन दिया। प्रतीक ने बताया कि उन्होंने यह राशि परिवार व्यापारियो और पर्सनल लोन से जुटाई थी और अब वह मानसिक रूप से परेशान हैं उन्होंने ठगों से अपनी राशि वापस दिलाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है गोल बाजार थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टेलीग्राम गुप्रऔर संबंधित बैंक खातों की जांच कर रही है साइबर क्राइम सेल की मदद से आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं

# पुरानी रंजिश में चाकू से हमला



**हाफमर्डर केस में बदमाश गिरफ्तार**

**रायपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। रायपुर में पुरानी रंजिश में चाकू से हमला हुआ है। जिसमें 17 साल का नाबालिग गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि वारदात के दौरान नाबालिग आरोपी की मां से पुरानी रंजिश को लेकर माफी मांगने गया था। तभी उस पर आरोपी ने हमला किया। मामला देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र का है। देवेंद्र नगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मन तांडी ने पुलिस को बताया कि वह अपने मामा के नाबालिग बेटे और एक दोस्त के साथ दुर्गा नगर के पास गया था। इस दौरान इस दौरान गणेश यादव अपनी मां के साथ वहां पहुंचा। गणेश की इनके साथ पुरानी रंजिश थी। नाबालिग पुरानी रंजिश को खत्म करने के लिए गणेश और उसकी मां के पास गया। वह माफी मांगने लगा।

**सीने और हाथ में मारा चाकू :** इस बात से अचानक गणेश नाराज हो गया। वह गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगा। फिर उसने अपने पास रखे चाकू से नाबालिग पर हमला कर दिया। चाकू सीने और हाथों पर लगा जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। इस घटना के बाद आसपास लोगों ने घायल को मेकाहारा अस्पताल में भर्ती करवाया। पुलिस ने आरोपी गणेश यादव को हाफमर्डर के मामले में अरेस्ट कर लिया है।

# नकली सोना थमा असली सोना ले गई दो महिलाएं



**धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज**

**रायपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। उरला मेन रोड स्थित मां बंजारी ज्वेलर्स के मालिक शांतिलाल जैन के साथ दो अज्ञात महिलाओं ने नकली सोना देकर 4 लाख 8 हजार 60 रुपये की धोखाधड़ी की घटना 28 अप्रैल 2025 की शाम 5.50 बजे की है जब दोनों महिलाएं दुकान पर ग्राहक बनकर आईं और सोने के आभूषण खरीदने की बात कही शांतिलाल जैन के अनुसार महिलाओं ने 47 ग्राम वजन के सोने के आभूषण जसमें एक हार एक चैन दो मंगलसूत्र और तीन जोड़ी इयररिंग्स शामिल थे चुने जिनकी कीमत 4 लाख 60 रुपये थी इसके बदले उन्होंने 69 ग्राम का पुराना सोना देने की बात कही जैन ने उनके सोने के बदले आभूषण और 80 हजार रुपये नकद दिए महिलाओं के जाने के बाद जब जैन ने उनके दिए सोने की जांच की तो उसमें मात्र 2 प्रतिशत सोने की मात्रा पाई गई जो नकली निकला इस धोखाधड़ी से जैन को 47 ग्राम असली सोने के आभूषण और 80 हजार रुपये नकद का नुकसान हुअ शांतिलाल जैन ने उरला थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई जिसके आधार पर पुलिस ने धारा 318;4 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है पुलिस अज्ञात महिलाओं की तलाश में जुटी है और सीसीटीवी फुटेज की मदद से उनकी पहचान करने की कोशिश कर रही है

# आज गरज-चमक के साथ बारिश के आसार

**मौसम विभाग ने ओलावृष्टि की भी जताई संभावना**

**रायपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में आज भी लोगों को गर्मी से राहत बने रहेगी। पिछले कुछ दिनों से अधिकांश क्षेत्रों में बारिश गरज.चमक और ओलावृष्टि हुई। इससे तापमान में गिरावट हुई है। मौसम विभाग ने अगले 5 दिनों तक प्रदेश में अधिकतम तापमान में कोई विशेष बदलाव नहीं होने की संभावना जताई है। आज भी कई जिलों में अंधड़ चलने व्रजपात और ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है। बीते 24 घंटों में सबसे अधिकतम तापमान दुर्ग में 39.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के अनुसारए एक उत्तर दक्षिण द्रोणिका उत्तर पश्चिम मध्य प्रदेश से उत्तर तमिलनाडु 1.5 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है। उत्तर.दक्षिण द्रोणिका उत्तर.पश्चिम मध्य प्रदेश और उसके आसपास के क्षेत्रों से ऊपरी हवा के चक्रवाती परिसंचरण से विदर्भ मराठवाड़ा आंतरिक कर्नाटक तमिलनाडु होते हुए दक्षिण तमिलनाडु तक औसत समुद्र तल से 0.9 किमी ऊपर स्थित है। जिसके चलते आज कुछ इलाकों में हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। साथ ही गरज चमक के साथ अंधड़ चलने वज्रपात होने और ओलावृष्टि होने की संभावना है। वहीं कुछ स्थानों पर गरज.चमक के साथ तेज हवा ;40.50 किमीध्प्रति घंटे चलने की संभावना है। पिछले 24 घंटों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियस दुर्ग में और सबसे कम न्यूनतम तापमान 18.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**रायपुर में गरज.चमक के साथ बौछारें:** रायपुर में आज आकाश आंशिक मेघमय रहने तथा बादल गरजने और चमकने के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। अधिकतम 39 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है।

# घर बैठे पैसे कमाने का नुस्खा के नाम पर ठगी

**झांसे में आकर मजदूर ने गंवाए 10 लाख, शिकायत दर्ज**

**रायपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। वाट्सऐप में घर बैठे पैसे कमाने का मैसेज पढ़कर एक युवक साइबर ठगों के झांसे में आ गया। ठगों ने पैसे लगाने पर युवक को भारी मुनाफा होने का आश्वासन दिया। युवक उनके झांसे में आकर 10 लाख की ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गया। इसकी शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम बेलटुकरी निवासी उमेश मांडे मजदूरी करता है। उनके वाट्सऐप पर ग्लोबल ई.कामर्स वेबसाइट का मैसेज आया। इसमें घर बैठे ऑनलाइन निवेश करके भारी मुनाफा कमाने का झांसा दिया। युवक ने उसमें दिए मोबाइल नंबर पर कॉल किया। इशिता नाम की युवती ने उनसे बात की। इसके बाद उन्हें आईडी और पासवर्ड बनाने को कहा। इसके बाद उन्हें कुछ पैसे जमा करने के लिए कहा।

**भरोसे का दाना फेंककर जाल में फंसाया:** युवक ने जितनी राशि बताई थी उतना जमा कर दिया। जमा राशि के बदले उन्हें बढ़ी हुई राशि मिली। इससे युवक को ठगों पर भरोसा हो गया। इसके बाद उसने राशि बढ़ाकर जमा करना शुरू कर दिया। पहले अपने घर और बचत के 5 लाख रुपए ठगों के बताए अलग.अलग बैंक खातों में जमा किए। इसके बाद बाद 5 लाख रुपए कर्ज लेकर जमा किया। इस तरह कुल 10 लाख रुपए जमा कर दिए। इसके बाद पीड़ित ने अपनी जमा राशि वापस मांगी तो उनसे 8 लाख रुपए और मांग करने लगे। इसके बाद पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ। पीड़ित ने इसकी शिकायत थाने में की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफधोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

# अनुकंपा नियुक्ति पर हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी, कहा- यह अधिकार नहीं, रियायत है

**याचिका को किया खारिज**

**रायपुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। हाईकोर्ट ने अनुकंपा नियुक्ति को लेकर बड़ी टिप्पणी की है, कोर्ट ने चतुर्थ श्रेणी पद में अनुकंपा नियुक्ति स्वीकार करने के बाद पद परिवर्तन या पदोन्नति की मांग को लेकर प्रस्तुत याचिका पर कहा कि अनुकंपा नियुक्ति अधिकार नहीं एक रियायत है. पद स्वीकृति के बाद पद परिवर्तन या पदोन्नयन का दावा नहीं किया जा सकता है. ऐसे मामलों में न्यायिक समीक्षा सीमित है. इसके साथ कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया.

याचिकाकर्ता अभिनय दास मानिकपुरी के पिता घनश्याम दास लोक निर्माण विभाग धमतरी में चौकीदार के पद में कार्यरत थे. 14 मार्च 2018 को सेवाकाल के दौरान पिता घनश्याम दास के निधन के बाद याचिकाकर्ता ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए लोक निर्माण विभाग में आवेदन दिया. विभाग ने आवेदन पर कार्रवाई करते हुए उसे माली के पद पर नियुक्ति देने आदेश दिया. इस पर याचिकाकर्ता ने चालक के पद पर नियुक्ति देने की मांग की एवं विभागाध्यक्ष ने इसकी अनुशंसा की. विभाग ने रिक्त पद को देखते हुए याचिकाकर्ता को माली के पद पर नियुक्त करने आदेश जारी किया.

याचिकाकर्ता ने 2020 में माली के पद में कार्यभार ग्रहण किया. याचिकाकर्ता ने योग्यता के आधार पर पद परिवर्तन कर चालक के पद पर नियुक्ति दिलाए जाने की मांग को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की. जस्टिस राकेश मोहन पांडेय की कोर्ट में सुनवाई हुई.

उल्टा पुल्टा

एक नेताजी की गाड़ी पर प्लेट लगी थी, जिस पर लिखा था- हा. हु. प्र... पुलिस वाले ने ड्राइवर से पूछा- कौन सी पार्टी के हैं ये नेताजी?

ड्राइवर- हारे हुए प्रत्याशी।

संपादकीय

## शिकारियों से बचाया जाये वन्य जीवों को

*छत्तीसगढ़ अपनी जैव विविधता के लिये तो जाना जाता है पर वह वन्य जीवों के अवैध शिकार के लिये भी अभिशप्त है। रायपुर के मोवा में वन विभाग ने पुलिस की मदद से दो सगे भाइयों को गिरफ्तार कर उनसे 4 लाख रुपये मूल्य के चीतल के सींग बरामद किये हैं। मंगलवार की सुबह वे इसे बेचने वाले थे कि उसके पहले पकड़ में आ गये। पिछले दिनों नगरी का एक व्यक्ति पकड़ाया था, जिसके पास से 50 पोटाश बम, भालुओं के 86 नाखून, तीर-धनुष आदि बरामद हुए थे। ऐसे ही, बलौदाबाजार वन मंडल के सोनाखान रेंज के अंतर्गत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया था जो बिजली का करंट फैलाकर जंगली पशुओं का शिकार करते थे। कोंडागांव जिले के ओरछा में स्थित टेमरू गांव के वनों में चार लोगों द्वारा एक बाघ की तीरों से हत्या कर दी गयी। खाल, नाखून, दांत आदि रखकर वे उसका मांस पकाकर खा गये। बीजापुर में भी एक बाघ की हत्या की गयी थी। सीतानदी-उदंती वन परिक्षेत्र में एक हाथी शावक पोटाश बम से बुरी तरह घायल हुआ था। 15 दिनों तक तड़पने के बाद उसकी मौत हो गयी थी।*

*पिछले दिनों सुकमा के केरलापाल गांव का एक वीडियो सामने आया था जिसमें कुछ ग्रामीण एक भालू को निर्दयतापूर्वक मार रहे हैं। भालू के नथूने लहूलुहान दिख रहे थे और उसका जबड़ा और पंजे घायल किये गये थे। इसी तरह से सांपों को भी अक्सर देखते ही मार दिया जाता है। इसमें कोई शक नहीं कि आदिवासी क्षेत्रों में रहने वालों को वन्य प्रणियों का हमेशा खतरा बना रहता है। हाथियों को गड्ढे में गिराकर या उन पर हमले कर उन्हें घायल कर दिया जाता है। कई बार वे मारे भी जाते हैं। कोई तेंदुआ यदि बस्ती में घुस जाये तो लोग उन्हें शांतिपूर्वक निकल जाने देने की बजाय उन पर आक्रमण करते हैं। शिकारी बिजली की करेंट वाली तारें बिछाकर अथवा पोटाश बमों से वनों में रहने वाले पशुओं को घायल करते हैं या उन्हें मार देते हैं।*

*घायल पशुओं को शिकारियों द्वारा आसानी से पकड़ लिया जाता है। मारे गये जानवरों के विभिन्न अंगों को निकालकर उन्हें बेच दिया जाता है। तेंदुओं, बाघों आदि की खाल, दांत और नाखून को तंत्र-मंत्र के काम में लिया जाता है। हिरणों और चीतलों का मांस खाया जाता है और उनकी खालें बेच दी जाती हैं। मयूर को उसके पंखों के लिये मार डाला जाता है।*

*प्रदेश के कई वन्य जीवों की संख्या घट रही है और कुछ प्रजातियां विलुप्ति की कगार पर हैं। समय आ गया है कि हर किसी को उनके संरक्षण के बारे में सोचना और उसके उपाय करने चाहिये। सरकार को चाहिये कि शिकारियों से वन्य जीवन को बचाया जाये तथा दोषियों के खिलाफ़ कड़ी कार्रवाई करे।*

## दिव्यांगजनों के लिए व्यवसायिक प्रशिक्षण सीआरसी सेंटर में

### आने-जाने नि:शुल्क बस सेवा

**दुर्ग**, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। दिव्यांगजन कौशल विकास पुनर्वास और सशक्तिकरण हेतु संचालित समेकित क्षेत्रीय केन्द्र सी.आर.सी. ( कम्पोजिट रीजनल सेंटर ) ग्राम ठाकुर टोला (सोमनी के पास) जिला राजनांदगांव में संचालित है।

यह केन्द्र सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय व्यक्तियों के अधिकारिता विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण में वर्ष 2016 से कार्य कर रहा है। जिसके तहत दिव्यांगजनों हेतु सम्पूर्ण कौशल विकास हेतु विभिन्न प्रकार थैरेपी जैसे.विशेष शिक्षा, व्यवसायिक चिकित्सा शिक्षा, नैदानिक मनोविज्ञान चिकित्सा, फिजियोथैरेपी, स्पीच थैरेपी, व्यवसायिक प्रशिक्षण आदि की सुविधा नि:शुल्क रूप से प्रदान किया जाता है।

दुर्ग जिले के दिव्यांग व्यक्ति सी.आर.सी. सेंटर पहुंचकर इस सुविधा का लाभ ले सकते हैं। इसके लिए जिले द्वारा 1 मई से नि:शुल्क बस सेवा की सुविधाएं की गई है। दिव्यांगजन प्रत्येक मंगलवार और गुरुवार को दिव्यरथ बस सेवा का उपयोग कर सकते हैं, जो उन्हें सी.आर.सी.केंद्र तक पहुंचाने और वापस लाने की सुविधा प्रदान करेगी। इस बस सेवा का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को आने.जाने में किसी प्रकार की असुविधा से बचाना है। यह बस सेवा विभिन्न प्रमुख स्थानों से शुरू होकर सी.आर.सी. केंद्र तक जाएगी।

**दिव्यरथ बस की समयसारणी**

खुर्सीपार चौक भिलाई से 10:45 बजे, खुर्सीपार चौक भिलाई से सुबह 10:50 बजे, पावरहाउस चौक भिलाई से सुबह 11 बजे, पावरहाउस चौक भिलाई से सुबह 11:05 बजे, सुपेला घड़ी चौक भिलाई से सुबह 11:25 बजे, सुपेला घड़ी चौक भिलाई से सुबह 11:30 बज, नेहरू नगर भिलाई से सुबह 11:35 बजे, नेहरू नगर भिलाई से सुबह 11:40 बजे, मालवीय नगर चौक दुर्ग से सुबह 11:45 बजे, मालवीय नगर चौक दुर्ग से सुबह 11:50 बजे, बस स्टैंड दुर्ग से सुबह 11:55 बजे, बस स्टैंड दुर्ग से दोपहर 12 बजे, मिनीमाता पुलगांव चौक दुर्ग से दोपहर 12:10 बजे, मिनी माता पुलगांव चौक दुर्ग से दोपहर 12:15 बजे, अंजोरा से दोपहर 12:20 बजे, अंजोरा से दोपहर 12:25 बजे, नया सी.आर.सी. ठाकुरटोला से दोपहर एक बजे, नया सी.आर.सी. ठाकुरटोला से दोपहर 3 बजे, खुर्सीपार चौक भिलाई से शाम 4 बज, खुर्सीपार चौक भिलाई से शाम 4 बजे, नया सी.आर.सी.ठाकुरटोला से शाम 5 बजे रहेगी।

## छग स्टेट मिनी सब जूनियर फिड़े रेटिंग शतरंज चैंपियनशिप बेमेतरा में 15 से



■ अंडर 7, 9, 11 एवं 13 आयु वर्ग की राष्ट्रीय स्पर्धाओं में प्रदेश का प्रतिनिधित्व हेतु राज्य चयन स्पर्धा

**दुर्ग**, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज द्वारा एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा के सहयोग से 15 मई से 19 मई 2025 तक बेमेतरा के एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में छत्तीसगढ़ राज्य सब जूनियर फिड़े रेटिंग शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी के मार्गदर्शन में उक्त चैंपियनशिप में अंडर 7, 9, 11 एवं अंडर 13 आयु वर्ग के दो बालक एवं दो बालिकाओं का चयन राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए किया जाएगा। यह सभी चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। 15 एवं 16 मई को अंडर 7, 9, 11 आयु वर्ग के खिलाड़ियों के बीच अंतरराष्ट्रीय नियमों के आधार पर स्विस लीग पद्धति से सात चक्रों में मैच खेला जाएगा जिसमें अंडर 7, 9 एवं अंडर 11 के बालक एवं बालिका वर्ग में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं चौथे पांचवें एवं छठवें स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को मोमेंटो प्रदान किया जाएगा। उक्त चैंपियनशिप में प्रवेश शुल्क 500 रुपए तथा बस्तर एवं सरगुजा संभाग के खिलाड़ियों के लिए 250 रुपए निर्धारित है। प्रतियोगिता में प्रवेश की अंतिम तिथि 8 मई तक निर्धारित है। भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को मेडल एवं ई सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया जाएगा।

**छत्तीसगढ़ में पहली बार अंडर 13 की फिड़े रेटिंग स्पर्धा आयोजित** : प्रदेश शतरंज संघ द्वारा एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा के सहयोग से छत्तीसगढ़ में पहली बार अंडर 13 की फिड़े रेटिंग शतरंज चैंपियनशिप आयोजित की जा रही है। जो कि 17 मई से 19 मई तक 8 चक्रों में खेली जाएगी। छत्तीसगढ़ के मिनी सब जूनियर / अंडर 13 / के शतरंज खिलाड़ियों के लिए सुनहरा अवसर है जिससे वे अपनी रेटिंग में इजाफा कर सकते हैं वहीं नए खिलाडियों को अपनी रेटिंग बढ़ाने का अवसर मिलेगा। उक्त चैंपियनशिप के बालक एवं बालिका वर्ग में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं चौथे से आठवें स्थान प्राप्त करने वाले

➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए शिविरों का आयोजन

■ 2 से 14 मई तक विभिन्न स्थानों में आयोजित होंगे शिविर

**दुर्ग**, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 एवं केन्द्रीय मोटरयान नियम 1989 के दिये गये प्रावधानों के साथ अतिरिक्त उच्च न्यायालय द्वारा समय.सयम पर जारी अन्य निर्देशों के पालन में प्रदेश में वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह लगाया जाना अनिवार्य किया गया है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में आम जनता/कार्यालीयीन अधिकारी, कर्मचारियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित कर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाये जाने की कार्यवाही संबंधित कंपनी यथा रोसमेरटा सेफ्टी सिस्टम लिमि. के कर्मचारी द्वारा की जा रही है।

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी एस.एल.लकड़ा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 2 मई तथा 5 मई तक कलेक्ट्रेट परिसर दुर्ग में, 6 मई तथा 7 मई को जिला न्यायालय परिसर दुर्ग में शिविर आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार 9 मई को जिला पंचायत परिसर दुर्ग में, 10 मई 2025 तथा 11 मइ को बस स्टैण्ड दुर्ग में और 13 मई व 14 मई को नगर पालिक निगम परिसर दुर्ग में शिविर आयोजित की जाएगी। उक्त शिविर में आवेदक अपने वाहन का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड के साथ उपस्थित होकर निर्धारित शुल्क जमा कर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट हेतु आर्डर कर सकते है।

## महापौर ने इंदिरा मार्केट से शिवम माल तक के मार्ग को एलईडी लाईट से किया रौशन



■ लागत 39 लाख, 39 पोल, 86 लाईट

दुर्ग, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत 15वें वित्त आयोग निधि से इंदिरा मार्केट से लेकर शिवम शॉपिंग मॉल तक में ट्यूबलर नए पोल में लगी लाइट का मेयर अलका बाघमार ने 39 पोल में 86 लाइट व 110 वाट की एलईडी को बटन दबाकर चालू किया गया। इसके साथ ही 39 लाख से इंदिरा मार्किट से श्री शिवम तक सडक़ मार्ग रौशन हुआ। मेयर ने कहा कि वार्डो में बन्द पड़ी स्ट्रीट लाइट को लगातार बदलवाने का कार्य जारी है। उन्होंने कहा शेष बचे हुए स्ट्रीट लाइट व सौंदर्गीकरण निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये गए है।

इंदिरा मार्केट कुँआ चौक के पास शुभारंभ कार्यक्रम में उपस्थित सभापति श्याम शर्मा, आयुक्त सुमित अग्रवाल, विद्युत व यांत्रिकी प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकर, एमआईसी देवनारायण चन्द्राकर, नीलेश अग्रवाल, मनीष साहू, लीलाधर पाल की मौजूदगी रही। इंदिरा मार्केट व्यापारी संघ के दिलीप मारोटी, गोपाल यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

## आबकारी विभाग ने जप्त की महुआ शराब व लाहन



**दुर्ग**, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। आबकारी जी.के भगत व प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी सी.आर. साहू के मार्गदर्शन में 30 अप्रैल को प्रात: गश्त के दौरान आबकारी विभाग जिला दुर्ग के द्वारा वृत.दुर्ग आंतरिक दक्षिण के अन्तर्गत ग्राम घोरारी में अवैध शराब के निर्माण विक्रय/ की शिकायत पर कार्यवाही कर 200 लीटर महुआ शराब तथा 4 हजार लीटर किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया है। इसका बाजार मूल्य 2 लाख 30 हजार रूपये है। खेत के रास्ते अज्ञात आरोपीगण भाग निकले मौके पर 15 भट्टियां मिली, जिसे नष्ट किया गया।

सहायक आयुक्त आबकारी से मिली जानकारी अनुसार प्रकरण में अज्ञात के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर आबकारी उप निरीक्षक अरविन्द साहू द्वारा विवेचना में लिया गया है। इस प्रकरण में सहायक जिला आबकारी अधिकारी निर्मला ठाकुर, आबकारी उप निरीक्षक प्रियंक ठाकुर, हरीश पटेल, भोजराम रत्नाकर, गीतांजलि ताराम मुख्य आरक्षक संतोष दुबे, प्रहलाद राजपूत, आरक्षक देव प्रसाद पटेल, अशोक वर्मा, संदीप तिर्की एवं ड्राइवर राजू धनराज, दुर्गेश का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## अब निगम में एल्डरमेन की नियुक्ति को लेकर सरगर्मी

**दुर्ग**, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। नगरीय निकाय के विभिन्न चुनाव संपन्न हो जाने के बाद अब एल्डरमेन की नियुक्तियों को लेकर भाजपा के भीतर कवायदें शुरू हो गई है। एल्डरमेन बनने के इच्छुक दावेदार निगम महापौर, सभापति से लेकर पार्टी के सीनियर नेताओं के आगे पीछे घूमने लगे है। अभी भाजपा प्रदेश कार्यालय व जिला कार्यालय ने किसी लेवल पर आवेदन पत्र अथवा सिफारिश आमंत्रित नहीं की है मगर अंदर की खबर माने तो लगभग आधा सैकड़ों लोग जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक को अपनी मंशा से अवगत करा चुके है।

मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम में 9 एल्डरमेन की नियुक्तियां की जानी है। नगर निगम में भाजपा का ही बहुमत है और जाहिर तौर पर सभी एल्डरमेन भाजपा से ही बनाये जायेगें। एक जानकारी के अनुसार पार्टी इस मामले में पार्टी के प्रति पूरी तरह निष्ठावान ऐसे व्यक्तियों का चयन करने जा रही है जो पार्षद बनने की पात्रता तो रखते थे मगर उन्हें टिकिट नहीं मिली। पार्टी अब इनमें से योग्य लोगों का चयन करेंगी। जिस परिवार से वर्तमान में कोई एक सदस्य पार्षद है उस परिवार के दूसरे सदस्य को एल्डरमेन नहीं बनाया जायेगा। वे समाज जिनके नगर निगम में अपेक्षित प्रतिनिधित्व नहीं मिला ऐसे समाज और वार्डों को भी प्राथमिकता दी जा सकती है।

इन दिनों भाजपा व नगर निगम गलियारों में जिन नामों को लेकर चर्चा की जा रही है उनमें प्रमुख तौर पर नरेश तेजवानी, ध्रुव सचदेव, नरेन्द्र चंदेल, ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## परशुराम जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए योगेश तिवारी

**बेमेतरा**, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। आज भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्व हिन्दू सनातन संगठन एवं भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने बेमेतरा में आयोजित कार्यक्रमों में सहभागिता कर भगवान परशुराम को श्रद्धासुमन अर्पित किए। आशीर्वाद लिया उन्होंने समाज के लोगों के साथ परशुराम जयंती की महत्ता पर चर्चा करते हुए कहा कि भगवान परशुराम त्याग, तपस्या और शौर्य के प्रतीक हैं, जिनके आदर्शों पर चलकर समाज में समरसता और न्याय की स्थापना की जा सकती है।



बेमेतरा में आयोजित समारोह में योगेश तिवारी ने ब्राह्मण समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान किया और युवाओं को भगवान परशुराम के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। रायपुर के कार्यक्रम में भी उन्होंने सामाजिक एकता और संस्कृति के संरक्षण पर बल दिया। इस दौरान समाज के अनेक गणमान्य नागरिक, युवावर्ग एवं ब्राहमण समाज के प्रतिनिधि मौजूद रहे। योगेश तिवारी की उपस्थिति से आयोजनों में विशेष उत्साह देखने को मिला और उन्हें समाज के लोगों ने सम्मानित भी किया। कविता ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## पार्षद ने विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत



बेमेतरा, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। आज वार्ड में स्थित शासकीय नवीन पूर्व माध्यमिक शाला बेमेतरा में 6वीं एवं 7वीं के विद्यार्थियों को अंकसूची वितरण कर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं पार्षद नीतू कोठारी ने पुरस्कृत कर सभी विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रधान पाठक श्रीमति संध्या शर्मा व समस्त शिक्षक- शिक्षिका एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

## निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत सभी शासकीय एवं अर्धशासकीय भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने के निर्देश



■ लोककर्म प्रभारी चंद्राकर ने बैठक कर अन्य निर्णय भी लिए

**दुर्ग,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर निगम महापौर अलका बाघमार के मार्गदर्शन में आज बुधवार को प्रभारी नगरीय नियोजन एवं लोक कर्म समिति में बैठक आयोजित की गई। इसके अलावा अन्य कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये।

निगम सीमा अंतर्गत वार्ड के पार्षदों से राय लेकर 1 लाख तक बी.टी. रोड़ पेंच रिपेयरिंग कार्य कराए जाने हेतु प्रस्ताव पारित किया गया। निगम सीमा अंतर्गत समस्त शासकीय एवं अर्द्धशासकीय भवनों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने निर्देश दिये गए। इसके अलावा दुर्ग निगम क्षेत्रांतर्गत जितने भी भवन बनाए जाते हैं, उनमें रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित होने के पश्चात् ही भवन पूर्णता प्रमाण पत्र देने के नियम को सख्ती से लागू करने कहा गया। इस मामले में बिजली विभाग को पत्र लिखा जाएगा कि बिना भवन पूर्णता प्रमाण पत्र एवं टैक्स की रसीद के स्थायी बिजली मीटर न दिया जाए। नये विकसित होने वाले क्षेत्र हेतु कंटूर प्लान तैयार किया जाएगा।

दुर्ग शहर सीमा अंतर्गत राजस्व विभाग से विभिन्न शासकीय जगहों की सूची प्राप्त कर इन स्थानों पर वृक्ष लगाकर फेंसिंग कार्य किया जाएगा। निगम सीमा अंतर्गत जहा आवश्यक होए वहां पर बारिश के पहले डस्ट डालने हेतु प्रस्ताव बनाया जाएगा।

बैठक में नगरीय नियोजन एवं लोक कर्म समिति सदस्य संजय कोहले, कुलेश्वर साहू, कमल देवांगन, गुलाब वर्मा, गोविंद देवांगन, लोकेश्वरी ठाकुर, आशीष चंद्राकर, सरस निर्मलकर, कार्यपालन अभियंता वीपी मिश्रा, आरके जैन, भवन अधिकारी गिरीश दीवान, सहायक अभियंता संजय ठाकुर उपस्थित थे।



## एक शाम मन्ना डे के नाम आज



भिलाईनगर, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। महान गायक मन्ना डे के 106 वीं जन्म जयंती के अवसर पर एक शाम मन्ना डे के नाम संगीतमय कार्यक्रम 1 मई गुरुवार को शाम 7 बजे से रिसाली के रिसाली लड्डू गणेश मैदान में आयोजित है। इस दौरान रिसाली लड्डू गणेश मैदान में मंच का भी शुभारंभ किया जाएगा। इस कार्यक्रम के अतिथि के रूप में रिसाली नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती शशि सिन्हा, एमआईसी सदस्य अनुप डे, पार्षद जमुना ठाकुर आदि मौजूद होंगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ गायक श्यामल गोस्वामी और नैवेद्य एण्ड ग्रुप द्वारा मन्ना डे की गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। यह कार्यक्रम नि:शुल्क आयोजित किया जायेगा।

# दोषमुक्ति प्रकरणों पर आईजी ने की समीक्षा बैठक



भिलाईनगर, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। दोषमुक्ति प्रकरणों की समीक्षा हेतु अभियोजन अधिकारियों की बैठक लेकर पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग ने महत्वपूर्ण चर्चा कर आरोपी द्वारा बार बार स्थगन लेने पर आपत्ति व्यक्त की गई। इस संबंध में अभियोजन अधिकारियों से बैठक की गई। 29 अप्रैल को पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग की अध्यक्षता में पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय के सभागार कक्ष में दोषमुक्ति प्रकरणों की समीक्षा एवं विश्लेषण हेतु उप संचालक अभियोजन तथा लोक अभियोजन अधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान न्यायालयों द्वारा आपराधिक प्रकरणों में आरोपियों को दोषमुक्त किए जाने के कारणों की गहन समीक्षा की गई। अभियोजन पक्ष द्वारा इस पर प्रकाश डाला गया कि विवेचना के दौरान तथ्यान्वेषण की त्रुटियाँ, साक्ष्य संकलन में लापरवाही तथा गवाहों, प्रार्थियों के पक्षद्रोही हो जाने जैसी परिस्थितियाँ दोषमुक्ति के प्रमुख कारण हैं। इस पर पुलिस महानिरीक्षक द्वारा बताया गया कि विवेचकों को प्रकरणों के प्रार्थी एवं गवाहों से निरंतर संवाद बनाए रखते हुए उन्हें उनके पूर्व कथनों पर दृढ़ रहने हेतु प्रेरित किया जाए, ताकि वे न्यायालय में निर्भीक एवं स्वतंत्र रूप से साक्ष्य प्रस्तुत कर सकें। इससे अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी अभियोजन सुनिश्चित हो सकेगा। पुलिस महा निरीक्षक श्री गर्ग ने यह भी स्पष्ट कहा कि नवीन आपराधिक प्रक्रिया संहिता के तहत अभियोजन अधिकारी किसी भी प्रकरण में आरोपी द्वारा बार.बार स्थगन लेने पर आपत्ति व्यक्त करने हेतु अभियोजन अधिकारियों से चर्चा की गई है। जिसमे आरोपियों द्वारा पेशी तारीखें बढ़वाने का प्रयास किया जाता है या पेशी में अनुपस्थित रहते है, तो अभियोजन पक्ष को न्यायालय के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करनी होगी, जिससे प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में उपस्थित अधिकारी में संयुक्त संचालक अभियोजन दुर्ग एस.एस. ध्रुव उप संचालक दुर्ग श्रीमती अनुरेखा सिंह, उप संचालक बालोद प्रेमेंद्र बैसवाड़े, उप संचालक बेमेतरा श्रीमती कंचन पाटिल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दुर्ग श्रीमती पद्मश्री तंवर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालोद अशोक जोशी, उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती शिल्पा साहू, उप पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्रीमती कौशल्या साहू, उप निरीक्षक राजकुमार प्रधान, डाटा एंट्री ऑपरेटर श्रीमती तेजस्वी गौतम तथा पुलिस पी,आर,ओ प्रशांत कुमार शुक्ला उपस्थित रहे।

## विश्व जागृति मिशन महिला कल्याण समिति ने मनाई अक्षय तृतीया



भिलाईनगर, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। पूज्य गुरुदेव के आशीर्वाद से आज बुधवार को अक्षय तृतीया के अवसर पर विश्व जागृति मिशन महिला कल्याण समिति द्वारा आम्रपाली कॉलोनी परिसर में मनाया गया। इस अवसर पर कल्याण समिति की महिलाओं द्वारा चना और शरबत का वितरण किया गया। इस भरी गर्मी में राहगीरों ने ठंडा शरबत पीकर अपनी प्यास बुझाई एवं सभी भक्तों का धन्यवाद किया। आज के कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं का विशेष धन्यवाद जिन्होंने शामिल होकर अपना श्रमदान दिया एवं कार्यक्रम को सफल करने में अपनी अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम में चमनलाल, विपिन, रुपिन, शिवम, ट्विंकल, कौशल, कविता, अजय, मंजू बंसल, शशि, सीता, प्रेमलता, रूपा, बीना सरला, गोल्डी अग्रवाल उपस्थित रहे। उक्त जानकारी देते हुए समाज सेवी विपिन बंसल ने बताया कि विश्व जागृति मिशन महिला कल्याण समिति द्वारा समय-समय पर सामाजिक कार्यक्रम आयोजित कर समाज कल्याण का कार्य करती है।

## संगीत महाविद्यालय में व्यक्तित्व विकास पर कार्यशाला



भिलाईनगर, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालय में व्यक्तित्व विकास पर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। दिनांक 28 अप्रैल से सभी आयु वर्ग के लिए आयोजित यह कार्यशाला रचनात्मकता और व्यक्तित्व विकास का एक अनूठा मिश्रण प्रदान कर रही है। जिसके अंतर्गत सुगम संगीत का मूल ए भरतनाट्यम का आधार और अभिनय के माध्यम से भाषा और संवाद सम्प्रेषण के माध्यम से विकास पर कार्य किया जा रहा है। दुर्ग शहर के प्रसिद्ध कलाकार माधव राम सिन्हा द्वारा आरंभ में सरगम का अभ्यास कराया गया और साथ ही सुगम गायन की विशेषता बताई गयी। गुलशन कुमार ने टेबल में संगीत दी सप्राचार्य डॉ ऋचा ठाकुर द्वारा भरतनाट्यम नृत्य की आधार मुद्राओं को बताया गया। युवा रंगकर्मी केवेंद्र साहू ने अभिनय कौशल की बारीकियो को बताया। कार्यशाला के दूसरे दिन विभिन्न गतिविधियों के साथ साथ अन्तराष्ट्रीय नृत्य दिवस के अवसर पर सुप्रसिद्ध नर्तक एवं संस्कृत नाटको के सिद्धहस्त कलाकार प्रेमचंद होम्बल को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। होम्बल ने कलाक्षेत्र चेन्नई से श्रीमती रुक्मिणी अरुन्डेल से नृत्य ग्रहण की एवं बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय उनकी कर्मस्थली रही। देश विदेश में आपने संस्कृत नाटकों को भरतनाट्यम शैली में प्रस्तुत किया। यशवंत साहू ने प्रेमचंद की कलायात्रा

## विद्युत जोन को उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला शिरोमणि पुरस्कार



भिलाईनगर, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। संयंत्र में आयोजित शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह में विद्युत जोन से उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शित करने वाले अधिकारियों तथा कर्मचारियों को पाली में कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य महाप्रबंधक विद्युत टी के कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। संयंत्र के ऐसे कार्मिक, जो अपने कार्यक्षेत्र में उपलब्ध संसाधनों से ही सुरक्षा के सम्पूर्ण मापदंडों का पालन करते हुए कंपनी के लक्ष्यों को पूर्ण करने के लिए, अपने कार्य में नवीनता का प्रदर्शन करते है। उन्हें प्रबंधन द्वारा शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। कार्यक्रम में जुलाई से सितम्बर 2024 तिमाही में उत्तम कार्य प्रदर्शन हेतु सहायक प्रबंधक सीआरएमई के श्रीनिवास राव को पाली शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में माह अक्टूबर 2024 के लिए पवन कुमार गुप्ता, जूनियर इंजिनियरिंग एसोसिएट माह नवम्बर 2024 के लिए नरेन्द्र कुमार, इंजीनियरिंग एसोसिएट माह दिसम्बर 2024 के लिए कांता प्रसाद चंद्रा, चार्जमेन कम वरिष्ठ तकनीशियन माह जनवरी 2025 के लिए राकेश्वर सिंह कंवर, इंजीनियरिंग एसोसिएट माह फरवरी 2025 के लिए अतुल तारे, चार्जमेन कम मास्टर तकनीशियन तथा मार्च 2025 के लिए प्रबोध कुमार मल्लिक, जूनियर इंजिनियरिंग एसोसिएट को कर्म शिरोमणि पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक प्रकाश, महाप्रबंधक पी के पाढी, महाप्रबंधक आर आर ठाकुर, रविन्द्र कुमार व बेंसी जार्ज, महाप्रबंधक एम ए सिद्दकी, महाप्रबंधक सुश्री एस लक्ष्मी, महाप्रबंधक अक्षय कुमार नायक, महाप्रबंधक कुंतल बघेल तथा उप महाप्रबंधक अनुरोध डारहे उपस्थित रहे। उपस्थित अतिथियों ने पुरस्कार विजेताओं को प्रवीणता प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह और कार्मिक के जीवनसाथी हेतु प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया एवं पुरस्कार विजेताओं के कार्यस्थल में योगदान एवं उल्लेखनीय उपलब्धियों की सराहा। कार्यक्रम का समन्वय श्रीमती नवनीता चौहान ने तथा संचालन एवं आभार प्रदर्शन अनुभाग अधिकारी सुश्री डामेश्वरी बेलसर ने किया।

## प्रधानमंत्री आवास योजना का लॉटरी से मकान मिला



भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में अक्षय तृतीया के अवसर पर लॉटरी का आयोजन किया गया। जो हितग्राही पहले से आवेदन जमा किए हैं और मकान का 10 प्रतिशत अंशदान की राशि जमा किए हैं। उनको आज की लॉटरी में शामिल किया गया है। जिसमें 27 पात्र हितग्राहियों को आज ड्रा के माध्यम से उनका मकान नंबर उन्हे प्राप्त हो गया है। श्रीमती सुनीता बेलदार के आंखो में एक अलग ही प्रसन्नता थी। उन्होंने बताया कि हमारे परिवार के लिए बहुत ही शुभ होगा। अब हम परिवार सहित अपने स्वयं के मकान में रहेंगी। प्रमुख स्थल एनार स्टेट खम्हरिया के 4 मकान, सूर्या विहार के पीछे खम्हरिया के 4 मकान, कृष्णा इंजीनियरिंग के पीछे खम्हरिया के 18 मकान एवं माईट स्टोन स्कूल के पीछे खम्हरिया के 1 मकानों का आबंटन खुली लाटरी पद्धति के माध्यम से किया गया। जिसमें से 6 हितग्राही परदेशी साय, बासन नायक मंजू जैन, भागवत प्रसाद, चन्द्रशेखर जनबन्धु , पी महालक्ष्मी को मकान आबंटित किया गया। आवास आबंटन के दौरान अधीक्षण अभियंता डी. के.वर्मा, कार्यपालन अभियंता विनिता वर्मा, प्रभारी अधिकारी आवास विद्याधर देवांगन, सीएलटीसी आदित्य ठाकुर, उत्पल शर्मा, किरण चतुर्वेदी, नम्रता सिंह ठाकुर, जी मोहन राव, जागेश्वर साहू, महेत्तर सोनी आदि उपस्थित रहे।

## थाना प्रभारियों का तबादला

भिलाईनगर, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। नवी मोनिका पांडेय छावनी, अंबर सिंह भारद्वाज पुरानी भिलाई, वंदिता पनिकर खुर्सीपार्स प्रमोद रसिया साइबर सेल के प्रभारी, 3 उपनिरीक्षक चेतन चंद्राकर पुलिस लाइन में तैनात कर दिया गया है। 30 अप्रैल को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने यह आदेश जारी किया है। लंबे समय से छावनी थाने का कार्य भार संभाल रहे उप निरीक्षक चेतन चंद्राकर को पुलिस लाइन भेजा गया है पद्मनाभपुर थाने में तैनात उप निरीक्षक महेश्वर लाल देवांगन को प्रभारी जिला विशेष शाखा का कार्यभार सौंपा गया है। उल्लेखनीय है कि एक दिन पूर्व ही जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने भिलाई-3 थाने के थाना प्रभारी को लाईन अटैच कर दिया गया था। वही मोनिका पाण्डेय को इसके पूर्व भी छावनी थाने में प्रभारी के रुप में रही चुकी है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से जारी किया गया है।

## सेंट थॉमस द्वारा दिव्यांग की भूमिका पर व्याख्यान



भिलाईनगर, 29 अप्रैल (देशबन्धु)। विकसित भारत के निर्माण में दिव्यांग व्यक्तियों की भूमिका पर समान अवसर प्रकोष्ठ द्वारा सेंट थॉमस महाविद्यालय रुआबांधा में आनलाइन अतिथि व्याख्यान का आयोजन आज 29 अप्रैल को हुआ। जिसका लक्ष्य सभी व्यक्तियों को साथ लेकर भारत को विकास के पथ पर चलना है। कार्यक्रम में बच्चों एवं प्राध्यापकों ने सहर्ष सहभागिता ली है। कार्यक्रम की शुरुआत समान अवसर प्रकोष्ठ की समन्वयक डॉ. ज्योत्सना गड़पायले के कार्यक्रम के बारे मे उद्बोधन के साथ प्रारंभ हुआ। इसके उपरांत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.एम. जी. रोईमान ने कहा कि समृद्ध विकसित समाज के लिए, दिव्यांगजनों की समानता हमारी मूलभूत आवश्यकता है एवं हमारे संविधान में बहुत ही अच्छे से व्याख्या की गयी है। देश में सरकार के द्वारा दिव्यांगजनों के लिए अनेक सुविधाएं प्रदान की गई हैं। सिर्फदिव्यांगजनों को सुविधाएं पता है यह जरूरी नहीं, लेकिन देश में एक जिम्मेदार नागरिक होने के कारण हमें यह भी देखना है कि ये सुविधाएं सही समय तक सही लोगों तक पहुंच रही हैं या नहीं। महाविद्यालय के प्रशासक फादर डॉ. पी. एस. वर्गीस ने कहा कि देश के विकास में सभी का साथ होना अनिवार्य है, क्योंकि जब तक सब साथ नहीं देंगे तब तक भारत का विकास कैसे हो सकता है। हमारी सरकार ने दिव्यांगजनों के लिए विशेष अधिकार दिए हैं, जिनके द्वारा उन्हें समाज की मुख्य धारा में जोड़ा जा सकता हैं। महाविद्यालय की अकादमिक डीन डा. देवजानी मुखर्जी ने कहा कि कार्यक्रम छात्रों में समान जागरूकता का बीज बोते हैं एवं इससे एक अच्छे विकसित समाज की शुरुआत होगी। कार्यक्रम में कल्याण महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डा. एन. पापा राव ने दिव्यांगता को विस्तृत रूप से परिचित कराया एवं उनको विकसित भारत में इनकी भागीदारी बढ़ाने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिए है तथा प्रमुख दिव्यांग व्यक्तियों से परिचय कराया। नोडल अधिकारी डॉ. अमित ताम्रकार ने कहा की ए.आइ. तकनीकी एवं छह इंद्रियों के माध्यम से दिव्यांगजन उच्च सफलता प्राप्त कर सकते है। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापिका डॉ. नीलम गांधी ने किया है। कार्यक्रम के संचालन में समान अवसर प्रकोष्ठ के सदस्य डॉ. सोनिया पोपली, डॉ. प्रीति जैन एवं डॉ. अदिति आचार्य ने अपना सम्पूर्ण सहयोग प्रदान किया है। कार्यक्रम सह समन्वयक डॉ. कन्हैया पाण्डेय ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया है।

## गुम हुआ पर्स मोबाइल मिलने पर महिला के चेहरे पर आई राहत



भिलाईनगर, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा लगातार नेशनल हाईवे एवं अन्य प्रमुख मार्गो में खड़ी वाहनों को हटाने एवं नो पार्किंग में खड़ी वाहनों पर कार्यवाही की जा रही है। इस हेतु नेशनल हाईवे में लगातार पेट्रोलिंग कराई जा रही है। नेहरुनगर में पेट्रोलिंग के दौरान गुरुद्वारा तिराहा पर एक लेडिस पर्स सड़क पर लावारिश हालत में पड़ा मिला। पेट्रोलिंग द्वारा पर्स यातायात मुख्यालय में जमा किया गया और वायरलेस सेट से सभी बीट पॉइंट, पेट्रोलिंग थाना को सूचित किया गया। रंजनी साहू कैंप 1 का मोबाइल के माध्यम से पता कर यातायात कार्यालय बुलाकर पर्स उसके सुपुर्द किया गया। गुम हुए मोबाइल और पर्स मिलने पर उक्त महिला के चेहरे पर राहत की मुस्कान आई और महिला द्वारा यातायात पुलिस दुर्ग को धन्यवाद दिया गया। यातायात पुलिस द्वारा की गई इस नेक पहल की चर्चा आज नगर में रही। वहीं यातायात पुलिस द्वारा की जा रही पेट्रोलिंग पर भी लोगों ने सराहना की जा रही है।

## 103 शराब सेवन कर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई



भिलाईनगर, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। बीति देर रात्रि नेशनल हाईवे एवं भीड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर अव्यवस्थित खड़ी वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के अन्तर्गत छावनी क्षेत्रान्तर्गत 1, पुरानी भिलाई से 3, कुम्हारी से 2, जामुल से 3 एवं भिलाई भट्टी क्षेत्र से 1 भारी वाहनों जो नेशनल हाईवे एवं सार्वजनिक भीड़ वाले मार्ग पर अव्यवस्थित खड़े होना तथा इससे दुर्घटना की पर्याप्त संभावना को देखते हुए उपरोक्त सभी 10 वाहनों ट्रक, ट्रेलर, हाईवा के चालकों के विरूद्ध संबंधित थानों से धारा 285 बीएनएस के अन्तर्गत कार्यवाही कर प्रकरण न्यायालय प्रस्तुत किया गया है। वाहन चालकों से अपील की है कि वे अपनी वाहनों को नेशनल हाईवे, सार्वजनिक मार्गों में दुर्घटना की संभावना को देखते हुए खड़ी न कर निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही वाहन पार्क करें। ज्ञात हो कि यातायात पुलिस द्वारा लगातार सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण में से एक रात्रि के समय शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले चालकों पर कार्यवाही करने हेतु ऑपरेशन सुरक्षा अभियान के तहत प्रतिदिन शाम 6 से देर रात तक जिले के प्रमुख मार्गो पर अलग-अलग चेकिंग पॉइंट बनकर वाहन चेकिंग की जा रही है जिसमें वहां से गुजरने वाले संदिग्ध वाहन चालकों एवं नशे में प्रतीत होने वाले वाहन चालकों को ब्रिथ एनालाइजर मशीन से चेक किया जा रहा है यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा 27 दिनों में ऐसे कुल 103 वाहन चालकों के वाहन जप्त कर अग्रिम कार्यवाही हेतु न्यायालय प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा प्रत्येक वाहन चालकों पर 10,000 अर्थदंड से दंडित करते हुए कुल 10 लाख 30 हजार रुपये समंस शुल्क वसूल किया गया। साथ ही सभी वाहन चालकों के लाइसेंस सस्पेंड करने हेतु परिवहन विभाग को भी भेजा गया है। ज्ञात हो कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिया है, जिसके तरह वाहनों चैकिंग की जा रही है।

## विभिन्न ब्राह्मण समाज नें मनाया परशुराम का प्राकट्योत्सव



भिलाईनगर, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। अक्षय तृतीय के अवसर पर सेक्टर 6 जगन्नाथ मंदिर में भगवान परशुराम का प्राकट्योत्सव मनाया गया जिसमें सरयू पारीण ब्राम्हण समाज, कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज, ब्रम्हभाट ब्राम्हण समाज, उत्कल ब्राम्हण समाज, महाराष्ट्रियन ब्राम्हण समाज, राजस्थानी ब्राम्हण समाज, सनाढ्य ब्राम्हण समाज, गौड़ ब्राम्हण समाज, बंगाली ब्राम्हण समाज, गुजराती ब्राम्हण समाज, पंजाबी ब्राम्हण समाज सहित ब्राम्हण समाज के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य पुजारी पंडित केशव शर्मा द्वारा सारी पूजा अर्चना, आरती विधिवत संपन्न कराई गई मुख्य यजमान गजेंद्र पंडा एवं श्रीमती राजलक्ष्मी पंडा थे। कार्यक्रम राष्ट्रीय सर्व ब्राम्हण समाज के प्रदेश सचिव राकेश शुक्ला, अध्यक्ष लक्ष्मी कांत तिवारी, राम लखन मिश्र, प्रभुनाथ मिश्र, अतुल अवस्थी, संजय शर्मा, सरोज चौबे, शेष नारायण शर्मा, देवी चक्रवर्ती, अरुण पंडा, लक्ष्मी नारायण विश्वा, अवधेश पांडे, प्रकाश दास, बी पी मिश्र, सोमेश त्रिवेदी, दिनेश मिश्र, नर्मदा प्रसाद मिश्र, राधा कृष्ण पांडे, आचार शशि भूषण मोहंती, हेमंत नाइक, आदित्य रथ, पुष्पांजलि पंडा, सागरिका रथ, किरण मिश्र, विविक प्रकाश शर्मा, अरविंद पांडे, राजेंद्र पंडा, ओ पी मिश्र, सी पी शर्मा, रजेश तिवारी, डॉ. गणेश पांडे, स्वीटी कौशिक, अनुपमा शुक्लाए प्रमिला दुबे, आदित्य रथ, विनती शर्मा, नूतन पांडे, प्रदीप भट्टाचार्य, मुरारी लाल।

## भक्त को किसी प्रकार की परेशानी में नहीं देख सकते भगवान

भिलाईनगर, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। कहते है कि भगवान के प्रति सच्ची भक्ति हो तो भगवान आपका हर कार्य आपके सोचने के पहले ही कर देते है और वहाँ पहुँच कर व्यवस्था बना देते है ताकि भक्त को किसी प्रकार की परेशानी न हो और भगवान के प्रति भक्त का विश्वास सदैव बनी रह। संत सेन जी महाराज प्रत्येक जीव में ईश्वर का ही दर्शन करते थे। वे सत्य, अहिंसा एवं प्रेम का संदेश जीवन भर देते रहे। सेन महाराज का व्यक्तित्व इतना प्रभावशाली था कि लोग स्वत: उनकी ओर खिचे चले आते थे। उक्त बाते ग्राम सेमरिया में आयोजित संत शिरोमणि सेन महाराज जी की 725 वीं जयंती पर साजा विधानसभा के विधायक ईश्वर साहू ने दुर्ग जिला उमरे सेन समाज द्वारा आयोजित ग्राम सेमरिया सेन चौक की 25 वां स्थापना दिवस के अवसर पर कहा। इस अवसर सुश्री मोना सेन अध्यक्ष केशशिल्पी बोर्ड छत्तीसगढ़ शासन ने कहा कि सेन समाज की महिलाएं अब विकास और उन्नति की राह में चल पड़ी है। समाज की लड़कियां मेडिकल एवं इंजीनियरिंग की पढाई कर रही है। समाज की बहुत सी महिलाएं स्कूल कालेज में अच्छे पद पर कार्य कर रही है। मुझे यह जानकर खुशी है की सेमरिया लिटिया उमरे परिवार की बिटिया फॉरेंसिक साइंस एवं आर्टिफिसियल इंटेलीजेंस की पढाई कर रही है यह समाज के लिए गर्व की बात है। बेटी पढ़ेगी तो समाज ही क्या देश भी बढ़ेगी इसलिए समाज के हर बेटी को अच्छी शिक्षा व संस्कार देना हम सबका कर्तव्य है। परिवार और समाज में नशा को जगह न दे। कार्यक्रम में जितेन्द्र साहू अध्यक्ष तेलघानी विकास बोर्ड, दिनेश उमरे, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ उमरे सेन समाज, नंदकुमार सेन, केश शिल्पी, पवन वर्मा उपाध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग, बिरबल पटेल भाजपा मंडल अध्यक्ष बोरी, कृष्णा पटेल पूर्व मंडल अध्यक्ष, हेमकरण वर्मा सरपंच ग्राम.पंचायत लिटिया, श्रीमती रुखमणि हेमंत वर्मा जनपद सदस्य धमधा, श्रीमती धर्मेश्वरी अनिल साहू सरपंच ग्राम.पंचायत सेमरिया, राहुल नेताम सरपंच ग्राम.पंचायत जोगिगुफा, भीखम सेन अध्यक्ष जिला सेन समाज दुर्ग सहित सभी अतिथिओं ने पारिवारिक एवं सामाजिक एकता बनाये रखने पर जोर दिया, इससे समाज मजबूती से आगे बढ़ रहा है। समारोह के पूर्व उमरे सेन समाज की महिलाओं द्वारा शोभा यात्रा निकाली गई। गांव परिक्रमा पश्चात् चौक में पधारे संत शिरोमणि सेन जी महाराज की मूर्ति की पूजा अर्चना कर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष दिनेश उमरे, एडवोकेट हिरेन्द्र उमरे, ओंकार उमरे, दुर्ग वार्ड पार्षद श्रीमती सुरुचि उमरे, गोपाल उमरेए पाटन ब्लॉक सेन समाज के अध्यक्ष नरेश श्रीवासए मनू महहरण उमरेए तना उमरेए प्रभु उमरे, तुकाराम उमरे, अजय उमरे, नील कंठ उमरे, बलराम उमरे, हितेश उमरे, श्रीमती विद्या उमरे, गमल उमरे, घनश्याम उमरे, राहुल उमरे, मीनू उमरे, योगेश उमरे, संतोष उमरे, देवीदीन उमरे, श्रीमती ममता उमरे, हेमंत उमरे, सागर उमरे सहित छत्तीसगढ़ उमरे सेन समाज के महिला पुरुष सदस्य उपस्थित थे।



## मोबाईल रिपेयरिंग एवं नेक बैंक खरीदने पर दिया धोखा



भिलाईनगर, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। सुपेल पुलिस ने धोखा देकर रुपये ट्रांसफर करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 21 अप्रैल को संध्या प्रार्थी अरविन्द कुमार मिश्रा की आकाशगंगा सुपेला स्थित दुकान में एक लड़का नितिन प्रार्थी को मोबाईल रिपेयरिंग व नेक बैंक खरीदने संबंधी बात करते हुए कि उसके पिता मार्केट में फंस गए है, मैं पैसा लाकर देता हूँ कहकर धोखा देकर 20000 रूपये ट्रांसफर करवा लिया और फरार हो गया। आरोपी व्दारा इसी प्रकार विभिन्न स्थलों पर इसी प्रकार अपराध कारित करते रहता है। 26 मार्च को प्रार्थी अरविन्द कुमार मिश्रा की इस रिपोर्ट पर थाना सुपेला में दर्ज कराई। जिस पर सुपेला पुलिस ने अपराध क्रमांक- 474/2025 धारा 318 (4) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। सुपेला पुलिस व्दारा आरोपी की पतासाजी कर आरोपी नितिन सोनी को गिरफ्तार कर नियमानुसार जेल दाखिल किया गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक राजेश मिश्रा, थाना प्रभारी सुपेला, उप निरीक्षक दीपक चौहान, आरक्षक सूर्यप्रताप की भूमिका उल्लेखनीय रही।

## आपदा पीड़ित परिवारों को 12 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार,** 30 अप्रैल। प्राकृतिक आपदा से मृत 3 लोगों के निकट परिजनों के लिए प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये के मान से 12 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 29 अप्रैल 2025 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं।

# गंडई नगर में ट्रैफिक व्यवस्था बदहाल, जाम लगने से लोग परेशान

**गंडई पंडरिया,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। गंडई नगर में ट्रैफिक व्यवस्था दिनों-दिन बदहाल होती जा रही है। मुख्य सड़कों पर रोजाना जाम लगने वाले से लोगो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सुबह और शाम के समय जाम की स्थिति और भी भयावह हो जाता है।

गौरतलब है कि गंडई नगर, क्षेत्र में व्यापारिक केंद्र है। जहां आसपास के जिलों सहित नजदीकी राज्य मध्यप्रदेश से भी व्यापारी और आमजन व्यापार व्यवसाय करने आते है। नगर के सब्जी फल मंडी व्यापार करने कई जिलों और राज्यों से बड़ी संख्या व्यापारी भरी वाहनों में आते है। गंडई नगर कई जिलों और राज्यों को जोड़ने वाला जंक्शन है। यहां कई राज्य और महा नगरों से यात्री बसों का पूरे दिन आना जाना लगा रहता है। जिस वजह से दिन में कई बार जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। सुबह 10 और शाम 4 बजे कार्यालय कर्मचारी, स्कूल के दिनो में स्कूली बच्चे और बाजार में खरीदी करने वाले आम नागरिक जाम में फंसे रहते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़कों के किनारे अव्यवस्थित तरीके से गाड़ियां खड़ी कर देते है, मेन चौक में सड़क के किनारे ठेले लगने और सड़क के किनारे दुकान लगना समस्या को और गंभीर बना रही है। त्यौहारों के सीजन में बाजार इलाकों में तो हालात और भी खराब हो जाते हैं, जहां पैदल चलने तक की जगह नहीं बचती। शहर की सड़कों पर पर्याप्त ट्रैफिक पुलिस की तैनाती नहीं होने के कारण जाम को नियंत्रित करना मुश्किल हो जाता है। कई बार एंबुलेंस और आपातकालीन सेवाओं के वाहन भी जाम में फंस जाते हैं, जिससे मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाना चुनौती बन जाता है। नगरवासियों ने प्रशासन से यातायात व्यवस्था सुधारने, अवैध पार्किंग पर कार्रवाई करने और मुख्य चौक पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती सुनिश्चित करने की मांग की है।

**बोले नगरवासी**

नगर में लगातार जाम की समस्याएं बढ़ रही है. लोगों को सड़क पर चलना मुश्किल हो रहा है. जाम को नियंत्रण करने के लिए सुबह 10 बजे से और शाम 4 बजे नियमित रूप से मुख्य चौक पर पुलिस की तैनात करने की व्यवस्था किया जाना चाहिए।

– **लियाकत अली** (प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक विभाग छत्तीसगढ़)

मुख्य चौक और सड़क के किनारे दो पहिया वाहनों को अस्त व्यस्त खड़ा कर दिया जाता है। जिस वजह से मुख्य सड़क सकरी हो जाती है







**सड़क पर चलना हुआ मुश्किल**

और जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। पुलिस की मदद से वाहन पार्किंग व्यवस्था को दुरुस्त किया जाना चाहिए।

– **खलील खान** (फल व्यापारी)

नगर पंचायत कार्यालय सामने से लेकर मुख्य चौराहे तक सड़क के दोनों तरफ फुटपाथ ठेले पर व्यवसाय किया जाता है जिसकी वजह से सड़क में जाम लग रही है। फुटपाथ पर व्यवसाय करने वाले को व्यवस्थित करे और पुलिस की तैनात किया जाना चाहिए।

– **कैलाश तिवारी** ( तिवारी वाच )

नगर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए मुख्य चौक और मुख्य बाजार में सड़क किनारे लगे स्ट्रीट फूड ठेलों और पसारा व्यवस्था को सुधारना पड़ेगा जिससे ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार आ जायेगा।

– **निखिल सिंघानिया**

गंडई में रास्ते काफी चौड़े हैं और ट्रैफिक की अवस्था यह स्वयं का निर्मित है। एक वर्ष पूर्व जब शिव महापुराण हुआ था उस समय आज से हजार गुना ज्यादा ट्रैफिक थी। फिर भी निर्विवाद रूप से आवागमन होता था। क्या वजह है कि आज ट्रैफिक जाम हो रहा है इसको शासन प्रशासन को देखना चाहिए। यदि थोड़ी सावधानी बरती जाए और तिराहे पर जो अनावश्यक रूप से ठेला लगाकर खड़े होते हैं उनको व्यवस्थित किया जाए तो ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार आएगी। जिस प्रकार से शिव महापुराण के समय पुलिस प्रशासन सक्रियता दिखाई थी आज उसी प्रकार सड़क के किनारे खड़े वाहनों एवं अनावश्यक व्यापार करने वालों पर चलने करवाई कर दी जाए तो ट्रैफिक जाम लगना बंद हो जाएगा। थाना के सामने रोड की चौड़ाई लगभग 80 फिट है जो एक फोर लाइन सड़क के बराबर है। और 80 फीट चौड़े सड़क पर जाम लगा यह दुर्भाग्य की बात है। साथ ही मुख्य बाजार में डिवाइडर के ऊपर लगाए जाने वाले पसरा को यदि व्यवस्थित किया जाए तो बाजार में भी ट्रैफिक की व्यवस्था सुधारी जा सकती है।

– **शयमपाल ताम्रकार** (उपाध्यक्ष नगर पंचायत गंडई)

शासन की मंशा है कि फोर लाइन बने जब फोर लेन होगा तो रोड अपने आप चौड़ी हो जाएगी जितने भी अतिक्रमणकारियों द्वारा अतिक्रमण किया गया है 13 मीटर के दायरे में आते हैं वे स्वस्फूर्त हट जायेंगे। हम तो चाहते हैं कि जल्द से जल्द फोर लाइन का निर्माण हो। इस फोर लाइन को बजट में लिया गया है स्थानीय सांसद और विधायक अपने राजनीतिक प्रभाव का प्रयोग करें और अमली जामा पहनाया जाए। नगर पंचायत को रोज पुलिस बल दे दिया जाए या ट्रैफिक व्यवस्था समुचित करें। एसपी इस अपने संज्ञान में लें और ट्रैफिक अवस्था को सुधार करने में नगर पंचायत का सहयोग करें। हमारे पूर्वजों द्वारा दान में दी गई संपत्ति जो आम बाजार के प्रयोजन के लिए दी गई थी आज वो बाजार आम बाजार न होकर पिछले तीन पंचवर्षी में कंक्रीट करके आम बाजार को खास बाजार बना दिया गया है। नगर में सिटी प्लान होनी चाहिए मैंने अपने बजट 2025-26 में 55 करोड़ का बजट का प्रावधान किया है इसमें यह सारी समस्याएं अपने आप हल हो जाएंगी। सरकार और प्रशासन से मेरा आग्रह है इस व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए तत्काल मुझे राशि का प्रबंध करें और 5 एकड़ में न्यू मार्केट विकसित करने का प्रावधान करें।

– **लाल टारकेश्वर शाह खुसरो** (अध्यक्ष नगर पंचायत गंडई)

मेन चौक में बाजार के दिन अक्सर ज्यादा भीड़ हो जाता है। जिसमें हम लोग नियमित रूप से बाजार और चौक में पुलिस बल लगाते हैं। कभी कभार बाल की कमी रहती है तो नहीं लग पाता है। वीआईपी मोमेंट होती है एवं शाम के समय जब भीड़ भाड़ होती है तो पुलिस बल लगाया जा रहा है।

– **भीमसेन यादव**
(थाना प्रभारी गंडई)

## किसान मोर्चा द्वारा नरेश टिकैत का पुतला दहन किया गया



**राजनांदगांव,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के राष्ट्रीय एवं प्रदेश आव्हान पर, भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की दिशानिर्देश पर तथाकथित किसान नेता नरेश टीकैत का किसान मोर्चा द्वारा आज बुधवार को दोपहर 12 बजे मानव मंदिर चौक पर पुतला दहन किया गया। किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष हीरेंद्र साहू ने बताया कि टिकैत द्वारा दिया गया बयान पाकिस्तान परस्त और देशद्रोह की श्रेणी में आता है, भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा इस बयान का पुरजोर विरोध करती है और देश के हित में नरेश टिकट के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग करती है। पुतला दहन के बाद राष्ट्रपति महोदया के नाम से जिलाधीश महोदय को ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से महापौर मधुसूदन यादव, संतोष अग्रवाल,हिरेंद्र साहू,घासी साहू, दादू सोनकर, पारस वर्मा,मनीष सोनी, मोहर दास साहू, सुकृत साहू,दिलीप साहू, प्रखर श्रीवास्तव, गोलू गुप्ता, अशोकआदित्य श्रीवास्तव, बलवंत साब, प्रिंस भाटिया, सुमित अजमानी, दामू भूतड़ा, प्रवीण शुक्ला, गीतेश गुप्ता, जीवन चतुर्वेदी, रवि सिन्हा, राजा मांखीजा,शैंकी बग्गा, शिव वर्मा, विजय राय, दिलेश्वर प्रसाद साहू,संतोष साहू,दिग्विजय साहू, खिलावन साहू, हृदय राम चंद्रवंशी, दिलेश्वर मानिकपुरी, सहित बड़ी संख्या में किसान मोर्चा के लोग उपस्थित थे।

## परपोड़ी मंडल अध्यक्ष के द्वारा थाना में सौंपा गया ज्ञापन



**परपोड़ी,** 30 अप्रैल। नगर पंचायत परपोड़ी के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, परपोडी भाजपा मंडल अध्यक्ष नारद वर्मा के नेतृत्व में पहलगाव में हुए आतंकी हमले के बाद संज्ञान में लेते हुए थाना पहुंचकर ऐसे चिन्हित बाहर से आए हुए रोहिंग्या , पाकिस्तानी, बांगलादेशी, मुसलमानों के जांच के लिए थाने में ज्ञापन सौंपा गया। परपोड़ी नगर सहित अंचल में बाहर से आए हुए कई घुसपैठी बस गए है , जहां नगर परपोड़ी की बात किया जाए तो लगभग ऐसे 200 से अधिक रहवासी है , जिनका आज नगर से आज उनका राशन कार्ड ओर आधार कार्ड बन चुका है और नगर पंचायत प्रशाशन मेहरबान है , अब इनका राशन कार्ड ओर आधार कार्ड किस हिसाब से बना है ये एक बहुत बड़ा जांच का विषय है।

आज के ज्ञापन परपोड़ी भाजपा मंडल अध्यक्ष नारद वर्मा के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया जिसमें नगर पंचायत देशुराम साहू , उपाध्यक्ष शिवबती साहू , पार्षद गण भूप सिंग मरकाम , संजय गोस्वामी , ढ़ालू राम पटेल , विजय वैष्णव , गिरिजा देवांगन , भाजपा जिला महामंत्री महेश्वरदास मानिकपुरी , परपोड़ी मंडल महामंत्री सतीश जैन , परपोड़ी मंडल मीडिया प्रभारी राजेश देवांगन , किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष हेमंत कौशल , परपोड़ी शाला विकाश समिति अध्यक्ष संतोष निषाद , भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता सुभाष तिवारी , दिनेश साहू , राजेंद्र सिंग साहू ( क्र.स.स.) की उपस्थिति में थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा ओर त्वरित कारवाही की मांग मंडल अध्यक्ष नारद वर्मा के द्वारा किया गया।

### नवनिर्मित सरपंच ने पदभार ग्रहण किया

**परपोड़ी,** 30 अप्रैल। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में निर्वाचित ग्राम पंचायत जानो के नवनिर्वाचित सरपंच श्रीमति लता हेमन्त कौशल ने पंचायत के समस्त चल अचल संपत्ति का पदभार ग्रहण किया जिसमें बहिर्गामी सरपंच विनोद कुमार पटेल ने सभी पंचों ग्राम वासियों की उपस्थिती में प्रभार दिया दिया , नवनिर्चित सरपंच लता हेमन्त कौशल ने कहा कि गांव में पेयजल की समस्या को बहुत गंभीरता से हल किया जा रहा है और गांव में जरूरत के हिसाब से विकाश कार्य कराने की बात कही।



## छेड़िया के भाठापारा में पेयजल की समस्या होगी दूर



**गुरुर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम छेड़िया में जल्द ही ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से निजात मिलेगी। गांव में सबसे ज्यादा पेयजल की समस्या भाटापारा वासियों को हो रहा है। थत ट्यूबवेल से पानी नहीं मिलने के कारण भाटापारा वासियों को लगभग 300 मीटर दूर सांहडा चौक के पास से पानी की व्यवस्था करना पड़ रहा है। भाटापारा वासियों को पेयजल के लिए एक वार्ड से दूसरे वार्ड तक भटकना पड़ा है ऐसे में पेयजल की समस्या को दूर करने के लिए ग्राम पंचायत द्वारा विशेष पहल की जा रही है।

**पाइपलाइन के बाद होगी पानी टंकी की व्यवस्था**

पंचायत द्वारा पाइपलाइन बिछाने के बाद भाटापारा में प्राथमिक शाला के सामने पानी टंकी स्थापित की जाएगी। इस समस्या के निवारण के लिए रविवार को कार्य प्रारंभ किया गया। भाटापारा में पानी टंकी लगने के बाद गर्मी के दिनों में काफी हद तक पेयजल की समस्या से निजात मिलेगी। गर्मी के दिनों में पेयजल की समस्या को देखते हुए गांव के विभिन्न वार्डों में भी पेयजल की समस्या दूर करने रूपरेखा तैयार की जाएगी, ताकि ग्रामीणों को पेयजल के लिए भटकना करना पड़े।

## सेना को खुली छूट देखकर मोदी ने किया बड़ा काम : रवि सिन्हा



**राजनांदगांव,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के पार्षद एवं शासकीय शिवनाथ महाविद्यालय के अध्यक्ष रवि सिन्हा ने कहा की पहलगांव में आतंकी हमला कराकर पाकिस्तान ने अपने कायरता का सबूत दे दिया है वह हमेशा पीछे से वार करना जानता है सामने से युद्ध करना उसकी औकात नहीं है पूर्व में भी इसी तरह के कृत्य कर चुका है उसके बाद भी पाकिस्तान की आंखें नहीं खुली अब भारत ने यह ठान लिया है कि पाकिस्तान को नेस्तानाबूद करके ही मानेंगे, सिंधु नदी समझौता को तोड़कर खुले जंग की चेतावनी पाकिस्तान को दे दी गई है, भारत में रहने वाले पाकिस्तानी नागरिकों को वापस जाने कह दिया गया है, पाकिस्तानी नागरिकों को वीजा देना बंद कर दिया गया है और भारत में रहने वाले पाकिस्तानी अधिकारियों को वापस जाने कह दिया गया है, खुले जंग की चेतावनी को सहन करना पाकिस्तान की फितरत में नहीं है वह हमेशा छुपकर वार करना जानता है अब भारत ने उसे ललकार कर कहा है की खुले रूप में आओ निर्दोष आम नागरिकों की हत्या पाकिस्तान के अमानवीय सोच का नतीजा है, भारत में वह ताकत है कि वह ऐसे हर अमानवीय कृत्य का जवाब खुले रूप से दे सकता है।

## वार्ड क्र. 8 दुर्गा मंदिर कंडरापारा में पेयजल हेतु प्रथम पानी टंकी का शुभारंभ



**बेमेतरा,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। वार्ड क्रमांक 8 बेमेतरा में बेमेतरा के लोकप्रिय विधायक भाई दीपेश साहू जी के सहयोग से पार्षद श्रीमती चांदनी रोशन दत्ता के प्रयासों से रायपुर रोड स्थित मां दुर्गा मंदिर परिसर के बाहर एन एच 30 पर 2000 लीटर पेयजल क्षमता युक्त पानी टंकी का शुभारंभ वार्ड के वरिष्ठ नागरिकों एवं वार्ड पार्षद द्वारा मिलकर किया गया इस दौरान वार्ड वासियों ने वार्ड पार्षद का श्रीफल देकर पुष्पगुच्छ से स्वागत किया वार्ड वासियों ने कहा है कि भीषण पेयजल की समस्या में वार्ड पार्षद के द्वारा विगत दो माह से निरंतर पेयजल की व्यवस्था नगर पालिका परिषद के माध्यम से की जा रही है जबकि यह मोहल्ला ड्राई पैच वार्ड में गिना जाता है ऐसे में पेयजल की भारी समस्या से निजात दिलाने का काम वार्ड पार्षद के द्वारा लगातार किया जा रहा है जिसकी वार्ड वासियों ने मुक्त कंठ से सराहना की इस अवसर पर अक्षय तृतीया शुभ तिथि एवं भगवान श्री परशुराम जी का प्राकट्य दिवस को देखते हुए पानी टंकी के शुभारंभ से पार्षद एवं वार्ड वासियों ने आम जनता को मुंह मीठा कराते हुए शरबत का वितरण किया इस दौरान वार्ड की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थिति रही जिसमें श्रीमती चमेली मरकाम श्रीमती परनिया यादव श्रीमती अंजू पीटर प्रेमीन यादव सुनीता यादव मुन्नी मरकाम अनीता यादव कुंती यादव श्रीमती मधु मानिकपुरी सुनीता यादव संतोषी यादव गीता रजक श्रीमती राखी वर्मा श्रीमती माना यादव सुमित्रा मरकाम सीमा मरकाम कुमारी फिजा कुमारी काजल यादव कुमारी भानु यादव सहित रमेश रजक मानिकपुरी भैया एवं अन्य वार्ड वासी उपस्थित रहे।

## लालबाग थाना परिसर में ओपन जिम रेंज आईजी ने किया लोकार्पण



**राजनांदगांव,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। लालबाग थाना परिसर में ओपन जिम का लोकार्पण किया गया है ।ओपन जिम प्रारंभ करने में प्रशिक्षु भापुसे ईशु अग्रवाल एवं समस्त थाना स्टाफ का विशेष योगदान रहा है। तत्कालिन थाना प्रभारी प्रशिक्षु भा.पु.से. ईशु अग्रवाल के नेतृत्व में समस्त थाना स्टाफ के सहयोग से थाना लालबाग परिसर में ओपन जिम का निर्माण किया गया। नवनिर्मित ओपन जिम का लोकार्पण दिनांक 30/04/25 को मुख्य अतिथि अभिषेक शांडिल्य पुलिस महानिरीक्षक , रेंज एवं विषेश अतिथि मोहित गर्ग पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव, आई0एफ0एस0 अभिषेक अग्रवाल के कर कमलों से किया गया कार्यक्रम में पुष्पेन्द्र नायक नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव, प्रशिक्षु भा0पु0से0 ईशु अग्रवाल, थाना प्रभारी लालबाग राजेश कुमार साहू एवं समस्त थाना स्टाफ लालबाग उपस्थित रहे ।

## स्कार्पियो ने मासूम को रौंदा, हालत नाजुक

**नाबालिग चला रहा था तेज रफ्तार गाड़ी, हादसे के बाद फरार**

**डोंगरगांव,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। बुधवार शाम एक दर्दनाक हादसे में तेज रफ्तार स्कार्पियो ने छह वर्षीय मासूम बच्ची को रौंद दिया। घटना उस समय हुई जब बच्ची खुशिका कुंभकार अपनी बहन के साथ सदर लाइन में पास की पुस्तक दुकान से पेन कापी खरीदने जा रही थी। सीजी 08 एवाई 1831 नंबर की स्कार्पियो एक तंग गली से तेज रफ्तार में गुजर रही थी, जिसे प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक नाबालिग लड़का चला रहा था।

हादसे के बाद आरोपी नाबालिग वाहन सहित मौके से फरार हो गया। इस दुर्घटना में बच्ची को गंभीर चोटें आई हैं और उसे सांस लेने में तकलीफ हो रही है। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक इलाज के बाद उसे राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

**स्कार्पियो ने की कई गाड़ियों से टक्कर**

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि स्कार्पियो ने भागते समय एक तीन चक्का ऑटो और सुभाष कुमार सोनी की हुंडई अल्काजार (सीजी 08 एटी 2550) को भी घसीटते हुए नुकसान पहुँचाया। यह स्पष्ट करता है कि गाड़ी बेहद तेज रफ्तार में थी और चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका।

**मालिक पर आरोप-बचाव में जुटा है रसूखदार**

सूत्रों के अनुसार स्कार्पियो का मालिक पुलिस कार्रवाई से बचने और नाबालिग चालक को बचाने के प्रयास में जुटा है। वह एक अन्य व्यक्ति को ड्राइवर बताकर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है और घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज समेत अन्य साक्ष्य खंगाल रही है।

## निधन

### कमलिनी बढे



**दुर्ग,** 30 अप्रैल। पद्मनाभपुर निवासी कमलिनी बढे 84 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे पराग, मिलिंद बढे की माता जी थी।

## प्रादेशिकी का शेष...

### छग स्टेट मिनी...

खिलाड़ियों को मोमेंटो प्रदान किया जाएगा। तथा समस्त भाग लेने वाले खिलाड़ियों को मेडल एवं इ सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया जाएगा। अंडर 13 आयु वर्ग में भाग लेने हेतु प्रवेश शुल्क 800 रुपए तथा बस्तर एवं सरगुजा संभाग के खिलाड़ियों के लिए 400 रुपए तथा प्रवेश की अंतिम तिथि 10 मई तक निर्धारित है। उक्त चैंपियनशिप में भाग लेने हेतु खिलाड़ी प्रदेश शतरंज संघ के सचिव हेमंत खूंटे, इंटरनेशनल आर्बिटर एवं टूर्नामेंट के चीफआर्बिटर अनीस अंसारी फिड़े आर्बिटर रॉकी देवांगन तथा सीनियर नेशनल आर्बिटर ओम प्रकाश एवं सीनियर नेशनल आर्बिटर अनिल शर्मा व ईश्वर सिंह राजपूत से संपर्क कर सकते हैं।

### अब निगम में एल्डरमेन ...

उमेश यादव, बानी सोनी, कृष्णा निर्मलकर, महेश सार्वा इत्यादि के नाम शामिल है। एल्डरमेन की नियुक्ति में सांसद विजय बघेल, पूर्व सांसद सरोज पाण्डेय, विधायक गजेन्द्र यादव, ललित चंद्राकर, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक के अलावा जिला प्रभारी राजीव अग्रवाल की पसंद को भी तवज्जों दी जायेगी।

### परशुराम जयंती कार्यक्रम...

लेखमणि पांडे कौशल शर्मा कविता शर्मा सौम्या शुक्ला अजय मिश्रा दीपक तिवारी अशोक तिवारी यमुना शर्मा महेश शर्मा संदीप त्रिपाठी संजय दुबे जितेंद्र शुक्ला शरद शर्मा रोशन दत्त लोकेश्वर शुक्ला अजय मिश्रा और समाज के प्रमुख लोग उपस्थित थे।

## उप पुलिस अधीक्षक कमल नारायण शर्मा व उप निरीक्षक विपत राम साहू, सउनि राजेन्द्र राजपूत एवं प्रधान आरक्षक जमादार बैठा को दी गई विदाई

**बेमेतरा,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। बेमेतरा जिले के पुलिस विभाग में कार्यरत उप पुलिस अधीक्षक कमल नारायण शर्मा, उप निरीक्षक श्री विपत राम साहू, सहायक उप निरीक्षक राजेन्द्र राजपूत एवं प्रधान आरक्षक श्री जमादार बैठा के सेवानिवृत्त होने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा में उन्हें भाव पूर्ण विदाई दी गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने उप पुलिस अधीक्षक श्री कमल नारायण शर्मा, उप निरीक्षक श्री विपत राम साहू, सहायक उप निरीक्षक राजेन्द्र राजपूत एवं प्रधान आरक्षक जमादार बैठा के स्वस्थ्य एवं सुदीर्घ जीवन की कामना की। वे अब अपने परिवार को भरपूर समय दे पाएंगे। उल्लेखनीय है कि उप पुलिस अधीक्षक श्री कमल नारायण शर्मा, उप निरीक्षक श्री विपत राम साहू, सहायक उप निरीक्षक राजेन्द्र राजपूत एवं प्रधान आरक्षक जमादार बैठा ने पुलिस विभाग में लगभग क्रमशः 35, 41, 36 एवं 30 अपनी सेवाएं दी। इस दौरान जिला नरसिंहपुर, बस्तर, दुर्ग एवं बेमेतरा जिले के विभिन्न थाना/चौकी में अपनी सेवा प्रदान की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने श्रीफल, शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका सम्मान किया। *एसएसपी बेमेतरा रामकृष्ण साहू (ढ्ढक्क) ने कहा कि* पुलिस विभाग में सेवा के दौरान अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। अपने सेवा के दौरान उप पुलिस अधीक्षक श्री कमल नारायण शर्मा, उप निरीक्षक श्री विपत राम साहू, सहायक उप निरीक्षक श्री राजेन्द्र राजपूत एवं प्रधान आरक्षक श्री जमादार बैठा ने मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी निभाई सेवा के दौरान अपनी कार्यकुशलता का परिचय देते हुए कार्य किये। ज्ञात हो कि उप पुलिस अधीक्षक श्री कमल नारायण शर्मा सन 1990 में उप निरीक्षक के पद पर जिला नरसिंहपुर एवं उप निरीक्षक श्री विपत राम साहू सन 1983 में आरक्षक के पद पर जिला दुर्ग, सहायक उप निरीक्षक श्री राजेन्द्र राजपूत सन 1988 में आरक्षक के पद पर जिला दुर्ग, प्रधान आरक्षक श्री जमादार बैठा सन 1995 में आरक्षक के पद पर जिला दुर्ग में भर्ती हुए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा मनोज तिर्की, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेरला विनय कुमार, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू एवं रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो ने कहा कि* उप पुलिस अधीक्षक श्री कमल नारायण शर्मा, उप निरीक्षक श्री विपत राम साहू, सहायक उप निरीक्षक श्री राजेन्द्र राजपूत एवं प्रधान आरक्षक श्री जमादार बैठा ने पुलिस विभाग में शालीन एवं मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी निभाई गृह विभाग में संवेदनशील होकर ड्यूटी करनी पड़ती है। इसका उन्होंने बखूबी निर्वहन किया। पुलिस परिवार की ओर से हम उनके स्वस्थ्य, दीर्घायु एवं सुखमय जीवन की कामना करते है। उप पुलिस अधीक्षक श्री कमल नारायण शर्मा, उप निरीक्षक श्री विपत राम साहू, सहायक उप निरीक्षक श्री राजेन्द्र राजपूत एवं प्रधान आरक्षक श्री जमादार बैठा ने अपने सेवाकाल के दौरान अपने खट्टे मीठे अनुभव को साझा किया। उन्होंने कहा कि अपने वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं स्टाफ से मिले भरपूर सहयोग से अपनी ड्यूटी तत्परतापूर्वक निभाई इसके लिए उन्होंने अपने स्टाफ का धन्यवाद ज्ञापित किया।



इस अवसर पर निरीक्षक प्रमोद शर्मा, सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, मुख्यलिपिक उप निरीक्षक (अ) हरिओम विश्वकर्मा, उप निरीक्षक प्रदीप देशमुख, स्टेनो सउनि (अ) अजय कुमार देवांगन, सउनि (अ) संतोष सोनवानी एवं सेवानिवृत्त उप निरीक्षक विपत राम साहू की पत्नी श्रीमती सुरेखा साहू, भाई कुमार साहू, बहू श्रीमती पूर्णीमा साहू व सेवानिवृत्त सउनि राजेन्द्र राजपूत की पत्नी कांती राजपूत, बेटा मुकेश राजपूत, बहू श्रीमती अपूर्वा राजपूत, बेटी माधवी क्षत्री, दमाद तेज प्रताप सिंह, नाती मनन क्षत्री, नतनीन मिस्टी क्षत्री, नाती शिवाय राजपूत सहित पुलिस कार्यालय के अधि./कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सोनपुरी में हुए हत्या के मामले में फरार आरोपी की गिरफ्तारी के दिए सख्त निर्देश



**बेमेतरा,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। पुलिस चौकी संबलपुर क्षेत्रांतर्गत सोनपुरी गांव में घटित जघन्य हत्या की घटना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय में राजपत्रित अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक के दौरान फरार संदेही आरोपी सोहन राजपूत उम्र 30 साल की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु सभी संभावित पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। एसएसपी श्री साहू ने जांच दल को निर्देशित किया कि वे हर संभव प्रयास कर आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करें तथा प्रकरण की विवेचना नया कानून 2023 के प्रावधानों के तहत पूर्ण कर शीघ्र न्यायालय में प्रस्तुत करें। इस उच्चस्तरीय बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह, उप पुलिस अधीक्षक श्री कमल नारायण शर्मा, एसडीओपी बेमेतरा श्री मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला श्री विनय कुमार, डीएसपी श्री राजेश कुमार झा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू, रक्षित निरीक्षक श्री प्रवीण खलखो तथा प्रभारी सायबर सेल उप निरीक्षक श्री मयंक मिश्रा उपस्थित रहे।

# परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार जो ब्राह्मण होने के साथ महान योद्धा थे उनके शिष्य भीष्म और कर्ण जैसे पराक्रमी रहे



**बेमेतरा,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। आज बेमेतरा परशुराम चौक स्थित परशुराम परिसर में परशुराम जयंती पर स्वामी ज्योतिर्मयानंद ने कहा कि भगवान परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार थे और वे एक महान योद्धा थे। उन्होंने यह भी कहा कि भगवान परशुराम ने पृथ्वी को 21 बार आतताईयों से मुक्त किया था और ब्राह्मणों को भूमि दान में दी थी।

दंडी स्वामी ज्योतिर्मयानंद के अनुसार, परशुराम जयंती एक महत्वपूर्ण त्योहार है जो भगवान परशुराम के जन्म का सम्मान करता है। वे सभी से इस दिन भगवान परशुराम की पूजा करने और उनकी शिक्षाओं से प्रेरित होने का आग्रह करते हैं।

स्वामी ज्योतिर्मयानंद ने यह भी कहा कि भगवान परशुराम ने हमें कर्म और धर्म के महत्व के बारे में सिखाया है। उन्होंने हमें यह भी सिखाया है कि हमें हमेशा सच्चाई का पालन करना चाहिए और अन्याय के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए।

छ.ग. सर्व ब्राह्मण समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष लेखमणी पाण्डेय ने कहा हिंदू धर्म मान्यता में भगवान परशुराम भगवान विष्णु का छठा अवतार है जिनका जन्म वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को हुआ था जिसे अक्षय तृतीया के रूप में मनाया जाता है ।भगवान परशुराम न केवल एक ब्राह्मण योद्धा थे बल्कि धर्म साहस और शक्ति के प्रतिक भी थे ।अक्षय तृतीया के दिन परशुराम के जन्मोत्सव के साथ ही वृंदावन में भगवान बांके बिहारी के श्री विग्रह के चरणों के दर्शन होते हैं।आज के दिन ही श्रीकृष्ण ने चीर बढ़ाकर द्रौपदी की रक्षा की थी और युधिष्ठिर को अक्षय पात्र प्राप्त हुआ।भगवान श्रीकृष्ण के बालसखा सुदामा श्रीकृष्ण से द्वारका जाकर अक्षय तृतीया के दिन ही मिले थे ।

परशुराम जन्मोत्सव पर अजय शर्मा ब्राह्मण समाज, जितेंद्र शुक्ला जिलाध्यक्ष और दीपक पाण्डेय प्रदेश प्रचार सचिव छग सर्व ब्राह्मण समाज ने भी अपने उद्गार रखे।

अब समय आ गया है जहां ब्राह्मण समाज को एक जुटता के साथ समाज के प्रति देश के प्रति कार्य करना होगा ।समाज से ही एकता है और एकता में बल हैअन्य समाज की तरह हमें भी अपने समाज को मजबूत बनाना होगा।

अंत में, दण्डि स्वामी श्रीमज्जोतिर्मयानंद सरस्वती सहित सभी समाज प्रमुखों ने परशुराम जयंती मनाने और भगवान परशुराम की शिक्षाओं का पालन करने का आग्रह किया आज के कार्यक्रम में अशोक तिवारी अजय मिश्रा महेश शर्मा राकेश मोहन शर्मा मनिषा शर्मा,रघुनंदन तिवारी युगल तिवारी दीपक तिवारी लोकेश्वर शुक्ला और ब्राह्मण समाज के बच्चे सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल रहे।

### सुशासन तिहार 2025

# आवेदनों के निराकरण की हुई समीक्षा

**बेमेतरा,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। सुशासन तिहार 2025 के तहत आज अपर कलेक्टर श्री अनिल बाजपेयी ने विकासखंड साजा के ग्राम पंचायत सहसपुर में ग्रामीणों से प्राप्त समस्याओं, मांगों और शिकायतों के आवेदनों के निराकरण की समीक्षा की।



■ दो महिलाओं को राशन कार्ड बनाकर सौपा

समीक्षा शिविर में लोक स्वास्थ यांत्रिकी, विद्युत, समाज कल्याण, खनिज, स्वास्थ्य, कृषि, खाद्य, शिक्षा, राजस्व, महिला एवं बाल विकास, आदि संबंधित विभागों के अधिकारियों ने क्रमवार ढंग से अपने -अपने विभागों से संबंधित आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी दी।

आवेदनों की समीक्षा के दौरान श्रीमती माया बाई सिन्हा और श्रीमती प्रिया खिलवाड़े को राशन कार्ड सौपा । श्रीमती प्रिया खिलवाड़े की शादी एक वर्ष पूर्व और श्रीमती माया बाई की शादी पाँच वर्ष पहले हुई है।

अपर कलेक्टर श्री अनिल बाजपेयी आवेदनों का सही निराकरण करने कहा । उन्होंने कहा कि लोगों के आवेदनों का अधिकारी त्वरित समाधान करें ।

उन्होंने कहा कि 5 मई से 31 मई 2025 तक जिलेभर में समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में जनकल्याणकारी और हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों को दी जाएगी।

समाधान शिविर में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री टेकचंद्र अग्रवाल, एसडीएम सुश्री पिंकी मनहर,सरपंच सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि सुशासन तिहार 2025 के प्रथम चरण में, 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक जिले के सभी पंचायत निकायों में समाधान पेटियां स्थापित की गई थीं, जिनमें नागरिकों द्वारा विभिन्न प्रकार के आवेदन डाले गए थे।

# विधायक ईश्वर साहू ने शोकाकुल परिवार से की भेंट कर संवेदना व्यक्त की



थान खमरिया, 30 अप्रेल (देशबन्धु)। साजा विधानसभा क्षेत्र के विधायक ईश्वर साहू ने हाल ही में दिवंगत भाजपा कार्यकर्ता दीपक बंसल के पिता लीलाधर अग्रवाल के निधन पर उनके निवास पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की। विधायक ने परिवार को ढांढस बंधाते हुए गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा, 'दुख की इस घड़ी में हम आपके साथ हैं।' उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिवार को इस असीम पीड़ा को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर उन्होंने स्व. लीलाधर अग्रवाल के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इसके पश्चात विधायक साहू ने डॉ. सुशील बांगली के निधन पर उनके निवास पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. बांगली का निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।

इस शोक अवसर पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, राजेश ठाकुर, अनिल सिंघानिया, दीपक बंसल, हरि अग्रवाल, चंद्रशेखर राजपूत, आदर्श जोशी, शरद बांगली, आशीष बंसल ,दिनेश बंसल, मोटू बंसल सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# शासकीय नवीन महाविद्यालय बेरला में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह

■ विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल

**बेमेतरा,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। शासकीय नवीन महाविद्यालय, बेरला में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन उत्साह और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के माननीय विधायक श्री दीपेश साहू जी थे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में बेरला नगर पंचायत अध्यक्ष श्री विशाल देशलहरा, उपाध्यक्ष श्री संतोष साहू तथा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रेमलता गौरे मंचासीन रहीं। कार्यक्रम में यतीश द्विवेदी, बलराम सिवारे, लक्ष्मी लता वर्मा, मानक चतुर्वेदी, जीतेंद्र जैन, रमा बाई गौतम सहित समस्त पार्षदगण की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। छात्रा कविता गजेंद्र द्वारा सरस्वती वंदना, हेमा एवं तनु पाटिल द्वारा स्वागत गीत तथा छत्तीसगढ़ राज्य गीत की प्रस्तुति ने वातावरण को भावविभोर कर दिया। प्राचार्य डॉ. प्रेमलता गौरे ने स्वागत भाषण में महाविद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं अन्य उपलब्धियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।



समारोह में साहित्य, खेल, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मंचस्थ अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि विधायक श्री दीपेश साहू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, च्शिक्षा ही किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने की पहली सीढ़ी है। यदि संघर्ष और लगन साथ हो, तो सफलता सुनिश्चित है।ज्ज उन्होंने अपने जीवन संघर्ष साझा करते हुए बताया कि 2018 में शिक्षक की नौकरी छोड़कर उन्होंने जनसेवा का मार्ग अपनाया और जनता के विश्वास से आज वे जनप्रतिनिधि के रूप में कार्यरत हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों को मोबाइल, सोशल मीडिया और व्यर्थ की गतिविधियों से दूर रहकर शिक्षा में मन लगाने की सलाह दी। उन्होंने कहा, दुनिया केवल सफलता देखती है। सपनों को पूरा करने के लिए उन्हें स्पष्ट रूप से देखना और उस दिशा में लगातार प्रयास करना आवश्यक है।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. आस्था तिवारी एवं श्री युवराज पावले द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर के पार्षदगण, महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, कार्यालयीन कर्मचारी श्री मोतीलाल साहू, श्री अविनाश सिंह राजपूत, श्री कीर्तन ध्रुव, श्री रामरतन बंजारे, श्री राकेश सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

यह समारोह विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन और उनके सर्वांगीण विकास हेतु एक प्रेरणादायी पहल सिद्ध हुआ ।

# विधायक ने किया 82.65 लाख की सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन



**थान खमरिया,** 30 अप्रेल (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम पंचायत दर्री-गुवारा में मंगलवार को सड़क निर्माण कार्य हेतु 82 लाख 65 हजार रुपए की लागत से बनने वाली सड़क का भूमि पूजन विधायक ईश्वर साहू के मुख्य आतिथ्य में विधि-विधान से संपन्न हुआ। पूजा अर्चना एवं नारियल फोड़कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने पारंपरिक अंदाज़ में अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि परमेश्वर वर्मा, जनपद अध्यक्ष साजा जितेन्द्र साहू, राजेश ठाकुर मंचासीन रहे। ग्राम पंचायत सरपंच, पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन कार्यक्रम में उपस्थित थे।

निर्माण कार्य के तहत लगभग 1000 मीटर सड़क निर्माण के साथ-साथ दोनों ओर नाली निर्माण भी किया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता सर्वोपरि होगी, ठेकेदार द्वारा किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। मापदंड के अनुसार निर्माण कार्य होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा, 'हमने जो वादे चुनाव पूर्व किए थे, उन्हें निभाया है—चाहे वह 3100 रुपए में धान खरीदी हो, महतारी वंदन योजना हो या आवास योजना। हमारी सरकार जनता के हित में कार्य कर रही है और आपकी सेवा में तत्पर है। साजा विधानसभा क्षेत्र को विकास के पथ पर ले जाना हमारा संकल्प है।' इस अवसर पर ग्राम सरपंच श्रीमती सावित्री पुन्नी यादव, तोरण यादव, सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष हेमंत साहू, अनिल सिंघानिया, गिरधारी निर्मलकर, तोषू सिंह वर्मा, जनपद सदस्य रवि निषाद, मिथुन पटेल, हेमंत साहू, राजेन्द्र वर्मा, बल्लू नोहर पाल, आदर्श जोशी, चंद्रशेखर राजपूत, टेकन साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# खर्रा मोड़ के पास ट्रक से बाइक टकराने के बाद हुआ विवाद

**गुरुर,** 30 अप्रैल (देशबंधु)। थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम खर्रा में मोड़ के पास ट्रक चालक से वाद विवाद एवं मारपीट का मामला सामने आया है। घटना की शिकायत के बाद पुलिस द्वारा अब जांच की जा रही है। गुरुर थाना से जानकारी के मुताबिक यह घटना 26 अप्रैल को दोपहर की है। पुलिस के मुताबिक ट्रक ड्राइवर जागेश्वर साहू ने जानकारी दी है कि घटना दिनांक को वह दोपहर मे खर्रा मोड़ के पास पंहुचा था। तभी ट्रक को मोडते समय पास में खड़ी एक बाइक से जा टकराया जिसके बाद देवेंद्र साहू, दुष्यंत साहू एवं अगेश्वर साहू पहुंच कर विवाद करने लगा।




■ तीन के खिलाफ मामला दर्ज

तीनों व्यक्ति उनके साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ, मुक्का से मारपीट की, जिसके चलते उनके सिर में चोट लगा है। घटना के दौरान देवराज निषाद लोकेंद्र साहू ने बी बचाव किया है। प्रार्थी के अनुसार घटनास्थल पर मोड होने की वजह से इस तरह घटना हुआ है।

गुरुर थाना से जानकारी के मुताबिक प्रार्थी द्वारा घटना की शिकायत पर तीनों व्यक्तियों के खिलाफ धारा 115 (2) 296, 3-5, 351 (3) के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया गया है।

# भगवान परशुराम जयंती नगर में धूमधाम से संपन्न

**थान खमरिया,** 30 अप्रेल (देशबन्धु)। नगर में ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में भगवान श्री परशुराम जी का जन्मोत्सव श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया गया। जमात मंदिर परिसर में आयोजित इस समारोह में नगर के प्रतिष्ठित नागरिकों एवं विप्र समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।



कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार आचार्य ज्ञान प्रकाश जोशी, विष्णु जोशी के द्वारा विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कराई गई ।पं. ओम प्रकाश जोशी ने भगवान परशुराम जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे भगवान विष्णु के छठे अवतार हैं, जिनका जीवन तप, त्याग और आज्ञापालन का प्रेरणास्त्रोत है।

डॉ. रामवीर प्रसाद शर्मा ने अपने वक्तव्य में गुरु, माता-पिता के आदर्श स्वरूप और उनकी योग्यताओं पर चिंतनपूर्वक आज्ञा मानने की बात कही। जमात मंदिर के महंत बसंत बिहारी दास ने परशुराम जयंती की महत्ता बताते हुए कहा कि इस दिन पूजा करने से शौर्य, कांति और ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है।

शास्त्र और शस्त्र के ज्ञाता भगवान परशुराम को भगवान शंकर द्वारा परशु प्राप्त होने का उल्लेख महेन्द्र विरदी ने किया। श्रवण सिंघानिया ने परशुराम जी को पराक्रम का प्रतीक बताया और कमल किशोर ने उन्हें चिरंजीवी बताते हुए कहा कि वे सृष्टि के अंत तक धरती पर विराजमान रहेंगे।

इस शुभ अवसर पर रामविलास शर्मा, कैलाश शर्मा, गोविंद शर्मा, राजेंद्र शर्मा, विष्णु जोशी, ज्ञान प्रकाश जोशी, सुनील शर्मा, अनिल सिंघानिया, पुरुषोत्तम अग्रवाल, मुकेश सिंघानिया, सुरेश सिंघानिया, राकेश पांडे, जय नारायण शर्मा, विजय शर्मा, राज शर्मा, संजय सिंघानिया,अन्नू जोशी, श्यामा सिंघानिया सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण आयोजन सौहार्द, श्रद्धा और सामाजिक समरसता का प्रतीक रहा।

# वन परिक्षेत्र गुरुर के जंगल में पहुंचा दो दन्तेल हाथी

**गुरुर,** 30 अप्रैल (देशबंधु)। वन मंडल धमतरी की जंगल से निकलकर दो दन्तेल हाथी अब वन परिक्षेत्र गुरुर के जंगल में लौट आया है। वन विभाग से जानकारी के मुताबिक बुधवार को ही यह दोनों दन्तेल हाथी वन परिक्षेत्र गुरुर के जंगल में पहुंचा है जिसे वन विभाग द्वारा रूध्र 2 एवं रूध्र 3 के नाम से जाना जाता है।



वन परिक्षेत्र गुरुर के जंगल में पहुंचने के बाद हाथियों ने क्षेत्र की ग्राम खैरडिगी, ओडेनाडीह एवं बिच्छिबाहरा सहित अन्य गांव में ग्रीष्मकालीन धान की फसलों को नुकसान पहुंचाए हैं।

**दर्जनों गांव मे अलर्ट जारी**

क्षेत्र के जंगल में दन्तेल हाथी की उपस्थिति के बाद वन विभाग द्वारा ग्राम बिच्छिबाहरा, ओडेनाडीह, खैरडिगी, धानापुरी, चुल्हापथरा, करियाटोला, हितेकसा, नगझर, कोसमी, मरकाटोला, टेंगना बरपारा, कपरमेटा जैसे दर्जनों गांव को अलर्ट पर रखा है।

उपरोक्त गांव में मुनादी करके ग्रामीणों को जंगल की तरफ जाने से रोका जा रहा है, ताकि किसी भी प्रकार से कोई जन हानी ना हो। वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा भी दोनों हाथियों पर निगरानी किया जा रहा है। वर्तमान में दोनों दन्तेल हाथी की लोकेशन वन परिक्षेत्र गुरुर एवं वन परिक्षेत्र बालोद के मध्य सीमा क्षेत्र में है। लोकेशन के आधार पर यह दोनों दन्तेल हाथी कभी भी वन परीक्षेत्र बालोद के जंगल में प्रवेश कर सकता है।

# अक्षय तृतीया पर उपमुख्यमंत्री और बाल विकास मंत्री 85 जोड़ों की सामुहिक विवाह में शामिल होकर आर्शीवाद प्रदान किया

**कवर्धा,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। अक्षय तृतीया के शुभ मुहूर्त पर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत सामाजिक रिती-रिवाजों और अभुतपूर्व उत्साह के साथ कबीरधाम जिले के 85 जोड़े एक साथ फेरे लेकर अटूट बंधन में बंध गए। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े गांधी मैदान में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह कार्यक्रम में शामिल होकर परिणय सूत्र में बंधकर नए जीवन की शुरुआत करने वाले नव दाम्पत्य को बधाई और शुभकामनाएं दी। वर एवं वधु को पंडित ने सात वचनों का संकल्प भी दिलाया। नव दंपत्य जोड़ों को उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा और कैबिनेट मंत्री श्रीमती रजवाड़े ने मंच पर आशीर्वाद प्रदान कर 35-35 हजार रूपए का चेकर प्रदान किया। इस अवसर पर सांसद संतोष पाण्डेय, कृषक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, पूर्व विधायक डॉ. सियाराम साहू,, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू, राजेन्द्र चंद्रवंशी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने नव दम्पत्तियों को आशीर्वाद प्रदान किया।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नवदाम्पत वर एवं वधु को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से आज पूरे सम्मान के साथ



कबीरधाम जिले के 85 बेटियों की विवाह पूरे रिती-रिवाज और सामाजिक परंपरा के साथ एक आर्दश विवाह के रूप में संपन्न कराया गया। आज हम सब इस सामुहिक विवाह के साक्षी बने और नवदाम्पत्य जोड़ों को एक साथ, एक स्थान और एक मंच पर उन्हें आशीर्वाद प्रदान करने का अवसर भी हम सबकों मिला। उन्होंने कहा कि अक्षय तृतीया का बहुत शुभ मुहूर्त है और आप सभी जोड़ा को बहुत बधाई और शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना ने प्रदेश की बेटियों के जीवन में नई रौशनी और खुशहाली लाई है। यह केवल एक वित्तीय सहायता योजना नहीं, बल्कि बेटियों के आत्मसम्मान और सामाजिक सुरक्षा का प्रतीक बन चुकी है। इस योजना के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों को विवाह के लिए सम्मानजनक सहयोग प्राप्त हो रहा है, जिससे वे आत्मविश्वास के साथ अपने नए जीवन की शुरुआत कर पा रही हैं। सरकार का प्रयास है कि इस योजना को और अधिक प्रभावी व व्यापक बनाया जाए, ताकि इसका लाभ प्रदेश की हर जरूरतमंद बेटी तक पहुंचे। आने वाले समय में हम इसे और भव्य स्वरूप में आयोजित करने की दिशा में अग्रसर हैं।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि आने वाले वर्ष में बड़ी संख्या में भव्य रूप से किया जाएगा। उन्होंने कहा किस इस तरह के आयोजन में विभिन्न सामाजिक संगठनों की में सहभागिता बढ़ानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अक्षय तृतीया जैसे पावन अवसर पर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत आयोजित सामूहिक विवाह समारोह को आगमी वर्ष में और अधिक भव्यता एवं व्यापकता के साथ आयोजित किया जाएगा। उन्होंने सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं और जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे इस प्रकार के सामाजिक उत्थान के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से पात्र नवविवाहित जोड़ों को वर्तमान में 35 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जा रही है, जिससे उन्हें जीवन की नई शुरुआत में आर्थिक सहारा मिल सके। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बताया कि सरकार का उद्देश्य है कि आगामी वर्षों में इस योजना के दायरे को और अधिक विस्तारित किया जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंद परिवारों को इसका लाभ मिल सके।

# शिक्षक की अभद्रता पर शिक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई, निलंबित

**कवर्धा,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। पँचायत चुनावी ड्यूटी के दौरान रिटर्निंग अधिकरी को गाली-गलौच और धमकी देना शिक्षक को भारी पड़ गया है। शिक्षा विभाग ने कड़ी कार्रवाई करते हुए सहसपुर लोहारा विकासखंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गगरिया खम्हरिया में पदस्थ शिक्षक कमलेश देवांगन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। अब देवांगन का मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बोडला नियत किया गया है।

■ पंचायत निर्वाचन के दौरान रिटर्निंग ऑफिसर को रात में भेजे गाली-गलौच और धमकी भरे मैसेज, जांच में पुष्टि के बाद तत्काल निलंबन

यह कार्रवाई संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा दुर्ग आर.एल. ठीकर के हस्ताक्षर से आदेशित की गई है। विभाग ने शिक्षक के कृत्य को गंभीर कदाचार मानते हुए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियमों के तहत सख्त कदम उठाया है। मामला त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 के दौरान का है, जब जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा के रिटर्निंग ऑफिसर विवेक गोहिया को उनके मोबाइल पर रात करीब आठ बजे दो अलग-अलग नंबरों से गाली-गलौच और धमकी भरे मैसेज और कॉल आए। जांच में यह नंबर शिक्षक कमलेश देवांगन का पाया गया। विभागीय रिपोर्ट में कहा गया कि देवांगन ने न केवल अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया, बल्कि अधिकारी को 'देख लेने' की धमकी तक दी।

शिक्षा विभाग ने तत्काल हरकत में आते हुए देवांगन को कारण बताओ नोटिस जारी किया, लेकिन उनका जवाब असंतोषजनक और गैर-जिम्मेदाराना पाया गया। जांच में पुष्टि हुई कि शिक्षक का यह आचरण न केवल विभाग की छवि को धूमिल करता है, बल्कि छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 का भी खुला उल्लंघन है। जिला शिक्षा अधिकारी कबीरधाम की रिपोर्ट के आधार पर देवांगन को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा, लेकिन मुख्यालय बोडला में रहना होगा।

# कांग्रेस के कतिपय नेता प्रमाणित करे कि वहां मूर्ति मीरा बाई की थी: विक्रांत सिंह

■ भाजपा ने किया प्रेसवार्ता कहा कांग्रेसी नगर के नागरिकों को भ्रमित करने का काम कर रही है

■ जिला भाजपा कार्यालय पिपरिया में हुआ प्रेस वार्ता




**खैरागढ़,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय खैरागढ़ के पिपरिया स्थित भाजपा कार्यालय में 29 अप्रैल मंगलवार को खैरागढ़ में कुछ दिनों से मीरा बाई की प्रतिमा हटाने की खबरे लगातार अखबारों में देखने सुनने को मिल रहा था। जिला भाजपा कार्यालय में जिला पंचायत के उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि सबसे पहले पहलगाम में शहीद हुए 26 लोगों को उन्होंने सादर श्रद्धांजलि अर्पित किया श्री सिंह ने कहा कि कांग्रेस के कुछ कतिपय नेता मीरा बाई की प्रतिमा को हटाने का आरोप लगाया है। कांग्रेस के नेता प्रमाणित करे कि वहां मूर्ति मीरा बाई की थी या नही यदि वहां मूर्ति मीरा बाई की थी तो आज तक कांग्रेसियों ने पुष्प अर्पित क्यों नहीं किया है। कांग्रेसियों ने नगर के लोगों को भ्रमित करने का काम किया है।

**7 वर्षों तक पालिका में रहा कांग्रेस का कब्जा**

जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत ने कांग्रेसियों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि 7 वर्षों तक खैरागढ़ पालिका में कांग्रेस का कब्जा रहा है। भाजपा ने जो नगर हित में विकास कार्य करवाया था। वो आज पूरी तरह खराब हो चुका है। जैसे नगर का सौंदरीकरण स्पोर्टिंग क्लब अटल उद्यान को भाजपा ने सजाने का काम किया था आज वहां काम को कांग्रेस ने उजाड़ने का काम किया है। विक्रांत ने कहा मैं 2009 में नगर पंचायत का अध्यक्ष बना तो नगर का सौंदरीकरण के लिए शहर के लोगों से जनसहयोग मांगा था। मैंने विश्वविद्यालय के एक प्रोफेसर से बात कर वहां पर एक मूर्ति लगवाया था जिसे कांग्रेसी नेता मीरा बाई की बता रहे है। सन् 2009 की वो तस्वीर भी दिखाया गया हमने नगर के स्वरूप को बदलने का काम किया है। हमने राजस्थानी कला को लेकर एक मूर्ति 2010 में बनवाई थी। 2010 से लेकर 2022 तक वहां मूर्ति अटल उद्यान में रखा रहा तत्कालीन सीएमओ ने उस मूर्ति को वहां लगवा दिया कुछ लोगों ने कहा वहां मूर्ति मीरा बाई जैसे दिख रही है। उस दिन से लोगों ने उस चौक को मीरा बाई चौक कहने लगे 17 मार्च 2025 को 38 प्रस्ताव पीआईसी के एजेंडा में रखा गया था। जिसमें चौथे नंबर पर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा लगाने व अटल परिसर बनाने का निर्णय लिया गया। श्री सिंह ने कहा कि कांग्रेसियों ने अटल बिहारी वाजपेयी जी का भी अपमान किया है। जिसे हम बर्दाश्त नहीं करेंगे

**5 वर्षों तक डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा बंद कमरे में रही जिसे हमने सवारने का काम किया है**

जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा नगर के मंगल भवन के बंद कमरे में पांच वर्षों तक पड़ी रही जिसे हमने सवारने का काम किया है। कांग्रेसी केवल लोगों को झूठा परोसने का काम कर रहा है। श्री सिंह ने कहा डॉ.आंबेडकर का भी अपमान कांग्रेसियों ने किया है।

**32 करोड़ के जल आवर्धन योजना में जमकर भ्रष्टाचार**

विक्रांत सिंह ने प्रेस वार्ता में बताया कि कांग्रेस ने जल आवर्धन योजना में भी जमकर भ्रष्टाचार किया है। 32 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला जल आवर्धन योजना पूरी तरह से भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ गया नगर के लोगों को आज तक एक बोतल पानी नसीब नहीं हुआ श्री सिंह ने ये भी कहा कि मिशन संडे को कांग्रेस के कतिपय नेता चला रहे है। मिशन संडे को छुईखदान व गंडई में चलाया जाए खैरागढ़ में नही भाजपा के अध्यक्ष व पार्षद हमेशा जनता के कार्यों में तत्पर रहते है।

**मीरा बाई की प्रतिमा लगा था कहकर नगरवासियों को भ्रमित कर रहे कांग्रेसी नेता : घम्मन साहू**

पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष घम्मन साहू ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि नगर के लोगों को गलत जानकारी परोसने का काम कर रहे है कांग्रेसी नेता श्री साहू ने कहा कि मीरा बाई चौक जैसे नाम प्रस्ताव नहीं हुआ है कांग्रेसियों ने नगर के लोगों को भ्रमित करने के लिए मीरा बाई चौक का नाम दिया है। 5 वर्षों तक प्रदेश में कांग्रेस की सत्ता सरकार रही पर खैरागढ़ के हित में कोई बड़ा विकास कार्य नहीं हुआ कांग्रेस की कथनी और करनी को जनता भली भांति समझ गए है। इस दौरान प्रेसवार्ता में उपस्थित केसीजी जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष घम्मन साहू, पालिका अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर भाजपा जिलाध्यक्ष बिसेशर साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता टीके चंदेल पार्षद अजय जैन, दिलीप राजपूत, मोनिका रजक, शैलेन्द्र वर्मा, रेखा गुप्ता, श्रीमती कोठले, रूपेन्द्र रजक, जिला पंचायत सदस्य दिनेश वर्मा, गोरेलाल वर्मा, यतीश साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा के नेता उपस्थित रहे

# बॉर्डर के जंगल में चल रहा जुआ फड़, बोरतलाव टीआई पर संरक्षण का आरोप

**डोंगरगढ़,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। बोरतलाव थाना के जंगल में इन दिनों नक्सली नहीं बल्कि जुआरियों का जमावड़ा लगने की सूचना मिली है। इसके लिए बकायदा दो राज्यों की सीमा को चुना गया है। बोरतलाव जो छत्तीसगढ़ व चांदसूरज महाराष्ट्र राज्य में है। इन्हीं दो गांव के बीच सीमा पर जुआ की फड़ सज रही है। रोजाना यहां पर छग, महाराष्ट्र व मध्यप्रदेश से बड़े-बड़े जुआरी लाखों की दांव लगानें लग्जरी कारों से पहुंचतें है। लम्बे समय से दो राज्यों की सीमा पर चल रहे इस अवैध कारोबार को बोरतलाव पुलिस का संरक्षण देनें का आरोप है। यहां पर बोरतलाव का स्थानीय निवासी डीयू व महाराष्ट्र का एक युवक मुख्य सरगना है। जो पुलिस से सांठ-गांठ कर जुआ खेला रहे है। यहां पर रोजाना 10 लाख रुपये तक के दांव लग रहे है। मामलें को लेकर क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य व सहकारिता सभापति अनिता मंडावी ने भी बोरतलाव थाना प्रभारी की शिकायत एसपी से की है। उन्होंनें सीधे टीआई उपेंद्र कुमार शाह पर अवैध कारोबार को संरक्षण देनें का आरोप लगाया है और उन्हें बोरतलाव से हटानें की मांग की है। अनिता ने टीआई पर थाना क्षेत्र में महाराष्ट्र की अवैध शराब भी बिकवानें का आरोप लगाया है। क्षेत्र के ग्राम बागरेकसा, बोरतलाव सहित अन्य गांवों में खुलेआम दूसरें राज्य की शराब बिक रही है। इसमें बोरतलाव के डीबी नामक व्यक्ति शामिल है। पुलिस के संरक्षण में अवैध कारोबार जमकर फल-फूल रहा है। छत्तीसगढ़ के राजस्व को नुकसान पहुंचाकर कोचियों को संरक्षण देकर पड़ोसी राज्य की शराब की तस्करी करानें के आरोप पुलिस पर लगें है। जुआरियों के लिए खानें-पीनें की भी व्यवस्था कर रहे-बॉर्डर के जंगल में सजनें वालें जुआ फड़ में यह भी जानकारी मिली है कि जुआरियों के लिए बकरा, मुर्गा, मछली, शराब सहित अन्य तरह के खानें-पीनें की भी व्यवस्था की जाती है। तीन राज्य से बड़े व्यापारी भी दांव लगानें पहुंचतें है। मामलें की शिकायत व पुलिस संरक्षण को लेकर इसकी प्रति मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को भी भेजी गई है। मामलें में बोरतलाव टीआई उपेंद्र कुमार शाह ने बताया कि बोरतलाव थाना क्षेत्र में किसी भी अवैध कारोबार की सूचना मिलनें पर अवश्य कार्रवाई होती है। जंगल में जुआ फड़ चलनें की बात गलत है। बिना सबूत के किसी पर भी आरोप लगाना गलत है।

# आज होगा जिले में प्री पॉलिटेक्निक परीक्षा का आयोजन

**खैरागढ़,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित परीक्षा प्री पॉलिटेक्निक (पीपीटी 25) के आयोजन को लेकर जिले में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में तैयारी पूरी कर ली गई है। यह परीक्षा गुरुवार 1 मई 2025 को प्रात: 9 बजे से दोपहर 12=15 बजे तक आयोजित की जायेगी। जिले के नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर ने बताया कि उक्त परीक्षा में जिले के 356 विद्यार्थी सम्मिलित होंगे। इसके लिए रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। परीक्षा के जिला समन्वयक डॉ. जितेन्द्र कुमार साखरे ने बताया कि परीक्षा की आवश्यक तैयारी पूर्ण कर ली गई है, परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थी अनिर्वाय रूप से मूल पहचान पत्र अवश्य साथ लाएं जिसमें वोटर आईडी, ड्रायविंग लाईसेंस, आधार कार्ड, पेन कार्ड, पासपोर्ट, महाविद्यालय के फोटोयुक्त परिचय पत्र शामिल हैं। साथ ही व्यापम द्वारा जारी प्रवेश पत्र एवं नीला, काला अथवा बाल पेन लेकर निश्चित समय में परीक्षा केन्द्र में उपस्थित रहेंगे। प्रात: 9 बजे के उपरांत व्यापम के निर्देशानु ?सार किसी भी विद्यार्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। सभी परिक्षार्थियों से आग्रह किया गया है कि किसी भी प्रकार की परेशानी न हो जिसके लिए एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का पता कर लेवे।

# पक्षीयो के पानी एवं भोजन की व्यवस्था कर रहे है युवा




**सहसपुर लोहारा,** 30 अप्रेल (देशबन्धु)। गर्मी शुरू होते ही अब जानवरों और खासकर पक्षियों के लिए अब दाना-पानी की समस्याएं शुरू हो गई है। इनके न मिल ने से हर साल कई पक्षियों की मौत हो जाती है। ऐसे मे बिरनपुर चौक में स्थित कम्प्यूटर सेंटर के संचालको एवं छात्र छात्राओं के द्वारा इन पक्षियों को बचाने के लिए एक पहल की है। इसके तहत संस्था द्वारा लोगों को पक्षियों के लिए सकोरे व ज्वार-बाजरा के दाने फ्री में बांटे जा रहे हैं। इस संस्थान के संचालक लालाराम पटेल ने बताया कि इस पहल के तहत घर की छत पर पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करने के उद्देश्य के चलते सकोरे (मिट्टी के बर्तन) और चावल कनकी के दाने का वितरण किया जा रहा है। यह पहल पूर्णत: नि:शुल्क और नि:स्वार्थ है। पक्षियों की भूख और प्यास मिटाकर इस सेवा से जुड़ने की इच्छा रखने वाले नि:शुल्क सकोरे व और दाने ले जा सकते हैं।

# सांसद संतोष पांडे टेड़ेसरा सरपंच खिलेश्वर साहू के घर पहुंचे दी बधाई एवं शुभकामनाएं



**राजनांदगांव,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। सांसद श्री संतोष पांडे जी आज ग्राम टेडेसरा सरपंच श्री खिलेश्वर साहू जी के निवास में आयोजित गृह प्रवेश कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ और परिवारजनों से भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना एवं बधाई व शुभकामनाएं दी। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में गृह प्रवेश में शामिल हुए और बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# सशिसं की विभाग स्तरीय प्रबंधकारिणी बैठक 3 मई को नगर में

**थान खमरिया,** 30 अप्रेल (देशबन्धु)। सरस्वती शिशु मंदिर प्रबंधकारिणी समिति की विभाग स्तरीय एक दिवसीय बैठक सरस्वती शिशु मंदिर थानखम्हरिया में 3 मई को आहूत की गयी है। सरस्वती शिक्षा संस्थान की योजनानुसार उत्कृष्ट विद्यालय के क्रियान्वयन, शैक्षणिक गुणवत्ता में बढ़ोतरी, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिपालन आदि विषयों पर चर्चा हेतु प्रबंधकारिणी समिति की एक दिवसीय विभाग स्तरीय बैठक 3 मई को सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक आयोजित की गयी है। बैठक में दुर्ग विभाग के 23 नगरीय विद्यालयों के लगभग 150 लोग शामिल होंगे। प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, व्यवस्थापक, सह व्यवस्थापक, कोषाध्यक्ष तथा प्राचार्य, प्रधानाचार्य बैठक में अपेक्षित हैं। सशिसं के प्रादेशिक सचिव विवेक सक्सेना, प्रांतीय संगठनमंत्री देवनारायण साहू, प्रांतीय परीक्षा प्रमुख भानुप्रकाश सोनी, विभाग सवन्वयक दीपक सोनी, जिला प्रतिनिधि सुरेश सिंघानिया बैठक में मार्गदर्शन देंगे।

# धान सुखद की भरपाई सरकार करे, संघ ने विधानसभा अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**डोंगरगढ,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ राजनांदगांव मोहला मानपुर खैरागढ़ संयुक्त जिला के पदाधिकारी विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से राजनांदगांव में मुलाकात करके मांग पत्र सोफे है जिसमे बताया गया कि छत्तीसगढ़ सरकार के धान खरीदी नीति के अनुसार नवंबर 24 से धन खरीदी किया गया है जो आज अप्रैल 2025 तक उठाव नहीं हो पाया है। तेज गर्मी के कारण धान खुले आसमान के नीचे पड़े रहने से प्रतिबोरी में दो से तीन किलो धान में वजन कम आ रही है जिसके लिए जिला प्रशासन समिति प्रबंधक को दोषी ठहराकर नोटिस जारी कर रही है जबकि छत्तीसगढ़ सरकार ने 28 फरवरी तक संपूर्ण धान उठाव का वादा किया था। आदेश जारी भी किया था उसके पश्चात सुखद की भरपाई सरकार करेगी ऐसा पत्र जारी कर गत आंदोलन में हमें अस्वस्थ किया गया था और हमसे धान खरीदी करवाया गया धान खरीदी संपन्न होने के बाद आज तक धान का उठाव नहीं हुआ है और वजन शॉर्टेस्ट की भरपाई हमसे करने की नोटिस जारी कर रहे हैं जो सरकार का दोषपूर्ण निर्णय है। सोसाइटी में जो धान वजन कमी आई है उसकी भरपाई सरकार करें। इस दौरान संयुक्त जिला अध्यक्ष ईश्वर श्रीवास राजनांदगांव जिला अध्यक्ष किशुन देवांगन खैरागढ़ जिला अध्यक्ष यशवंत वर्मा संरक्षक रूप नारायण हिरवानी प्रकाश भैसारे महामंत्री संतोष साहू उपाध्यक्ष एवं तीनों जिला के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# सोनाईडोंगरी में दर्जनों किसानों के खेत से केवल वायर की चोरी

**गुरुर,** 30 अप्रैल (देशबंधु) थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सोनाईडोंगरी में खेत खलिहानों से केबल वायर की चोरी का मामला सामने आया है।केबल वायर की चोरी होने के बाद ट्यूबवेल बंद होने से ग्रीष्मकालीन धान की फसल या उड़द, मूंग की फसलों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पाएगा ऐसे में किसानों को आर्थिक एवं मानसिक परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है।



इस संबंध में पीड़ित किसानो द्वारा शीघ्र ही गुरुर थाना में शिकायत की बात कही। यह घटना बीती रात्रि की है। बुधवार को पीड़ित किसान जब फसलों को देखने के लिए खेत की तरफ पहुंचे, तब इस तरह घटना के बारे में जानकारी हुआ।

जानकारी के मुताबिक यहां दुलारू राम साहू, सेवक राम, छबील साहू, भक्त प्रहलाद, सोहन साहू, नूतन किशोर, गिरधारी राम सिन्हा, चंद्रशेखर साहू, दयालू राम के खेत से ट्यूबवेल कनेक्शन का केबल वायर की चोरी किया है।

# बीएसपी विनीत,चंद्रभूषण के खिलाफ लगाए गए आरोप पर श्याम जायसवाल ने किये खेद प्रकट

**दल्लीराजहरा,**30 अप्रैल (देशबन्धु)। युवा नेता श्याम जायसवाल ने मिस्कमनिकेशन के चलते क्व्स्क्क कॉन्टेक्ट सेल के विनीत सिंहा व चंद्रभूषण के खिलाफ लगाए गए आरोप पर श्याम जायसवाल ने खेद प्रकट किया। श्याम जायसवाल ने बताया कि सप्तगिरि पार्क में लेबर कार्य का ठेका क्व्स्क्क द्वारा पुन: आमंत्रित किया गया है। पिछले दिनों इसी टेंडर को लेकर मिस्कमनिकेशन के चलते श्याम जायसवाल ने विनीत सिंहा व चंद्रभूषण पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। जिसके बाद क्व्स्क्क के उच्च अधिकारी हरकत में आए व मामले की गहन जांच कर श्याम जायसवाल को अवगत कराया गया कि विनीत सिंहा व चंद्रभूषण द्वारा कोई भ्रष्टाचार नहीं किया गया है। उस टेंडर में टेक्निकल फॉल्ट के कारण कुछ नियम शर्त नहीं जुड़ पाया था। जिसके कारण टेंडर समय पर नहीं खोला जा रहा था। और मिसकंबिनेशन के कारण विनीत सिंहा द्वारा कोई जवाब नहीं दिया जा रहा था। जिससे नाराज ठेकेदारों ने इसकी शिकायत युवा नेता श्याम जायसवाल से किया था। जिस पर श्याम जायसवाल ने क्व्स्क्क कॉन्ट्रेक्ट सेल पहुंच उस समय वहां उपस्थित अधिकारी विनीत सिंहा से पूरे मामले की जानकारी मांगी गई परंतु अपने उच्च अधिकारी चंद्रभूषण से बात नहीं होने के कारण विनीत सिंहा द्वारा उचित जवाब नहीं दिए जाने के कारण श्याम जायसवाल को इस मामले में भ्रष्टाचार की आशंका होने पर श्याम जायसवाल ने इस पूरे मामले की शिकायत क्व्स्क्क के उच्च अधिकारीयो से किया व जिसमें क्व्स्क्क के उच्च अधिकारियों द्वारा तत्काल पूरे मामले की जांच कर श्याम जायसवाल को अवगत कराया। श्याम जायसवाल ने मिस्कमनिकेशन के कारण किए गए अपने शिकायत पर खेद प्रकट किया।



# सशिमं उ.मा. प्राथमिक विभाग व पूर्व माध्यमिक विभाग का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा

**डोंगरगढ,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्य विद्यालय डोंगरगढ़ में स्थानीय परीक्षाओं का परिणामो की घोषणा की गई, सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक प्राथमिक विभाग व पूर्व माध्यमिक विभाग का परीक्षा परिणाम 100त्न रहा, हाई स्कूल विभाग नवम और एकादश का संयुक्त रूप से परीक्षा परिणाम 90त्न रहा। इस अवसर पर उपस्थित रहे सुनील जैन सरस्वती शिक्षा समिति के अध्यक्ष नीलम चोपड़ा सचिव, प्रकाश गिरधर कोषाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष, प्रकाश यादव प्राचार्य जागेश्वर लाल निषाद प्रधानाचार्य द्यप्राथमिक विभाग के परीक्षा परिणाम की घोषणा परीक्षा प्रमुख सुशील यादव ने किया मिडिल एवं नवम एकादश के परीक्षा परिणाम की घोषणा परीक्षा प्रमुख थैलेश साहू ने किया, कक्षा अरुण में प्रथम नम्रता वर्मा, त्रिशिका साहू ,कुंजल धामगया ,माही कुंभकार ,कामाक्षी पटेल, द्रुति साहू, वासु साहू, उमेश वर्मा, मिथलेश साहू, समीर अरकारा दिव्यांश यादव , 100त्न,दृश्या निषाद ,युग साहू रियांश श्रीवास द्वितीय 99.33त्न,अदिति निषाद, देविका मारकंडे , तृतीय99त्नउदय कक्षा से प्रथम स्थान तेजस्वी साहू ,चंचल निषाद ,कनक टेंबुरकर ,दीक्षा साहू भावना सोनवानी ,डिंपल धामगए, अनुष्का नेताम,गेमिका निषाद, लसीका सिंह वरुण साहू अथर्व वर्मा, भावेश साहू, गगन मंडावी प्रथम 100त्न, चित्रांजलि भगत द्वितीय 99त्न पूर्वी निषाद दुशिका धुर्वे ट्रायांश पटेल तृतीय स्थान 99.33त्नकक्षा प्रथम अ से प्रथम स्थान निहारिका सॉल्वांसी मेघा पांडे लोहिताक्ष ताम्रकार 99.50त्नद्वितीय खेवनिया साहू 98त्नतृतीय ताक्षी नेताम 98त्न कक्षा प्रथम ब प्रथम आस्था सिंह मौर्य 99त्नभूमित यादव द्वितीय 98.50त्न देवेश डडसेना तृतीय97त्न कक्षा द्वितीय आ से प्रथम ट्विंकल विश्वकर्मा, हिमांग मंडावी 100त्न द्वितीय 95.50त्न रिंकी सोनी ,रूही विश्वकर्मा तृतीय 99त्न कक्षा द्वितीय ब प्रथम मीत देवांगन ,सिद्धार्थ साहू 98.50त्नद्वितीय स्थान गीतांजलि निषाद , धनशवी वर्मा 98त्न उमिका सिंहा तृतीय 97त्न कक्षा तृतीय अ से प्रथम तिलक देवांगन 100त्न द्वितीय भाग्यश्री कोराम भावना मानिकपुरी शिवाय शुक्ला99.50त्न तृतीय स्थान गोपाल साहू ,श्लोक हथेल 98.50त्न तृतीय ब से प्रथम काव्या मंडावी 100त्ननेहा यूईके द्वितीय 99.50त्नयुक्ति यादव आयुष यादव तृतीय 99त्न कक्षा चतुर्थ अ से प्रथम आदित्य सिंहा 96त्न द्वितीय थैलेश पड़ौनी 95.50त्नतृतीय अमृता यादव 95त्न कक्षा चतुर्थ ब से प्रथम मोहित साहू 98त्न तौसीत साहू 97त्नद्वितीय ,तृतीय स्थान कीर्ति यादव, दीपांकर सेडे, प्रियांशु सहारे 96त्नकक्षा षष्ठ से प्रथम मांधुर्य देवांगन और निशांत जैन 98.30त्नद्वितीय सोनम सेन 85.60त्नतृतीय मिस्टी डडर्सेना 83.30त्नकक्षा सप्तम से प्रथम प्रिया डोंगरे 92.30त्नद्वितीय विवेक गुप्ता92.50त्न तृतीय यासू साहू 88.10त्न कक्षा नवम से प्रथम प्रतिभा वर्मा और गुलशन साहू त्न97 द्वितीय ऋषभ वाल्दे 96.66त्नतृतीय तुषार वर्मा 96.17त्न , कक्षा एकादश गणित से प्रथम साई कुमार साहू 94त्नद्वितीय नागेश्वर साहू86.40त्न तृतीय मयंक निषाद 82.80त्नएकादश विज्ञान से प्रथम ज्योति देवांगन77.40 द्वितीय आकाश महोबिया 76.20त्नएकादश वाणिज्य काजल साहू 65.60त्न प्रथम, द्वितीय अमन चौरसिया 60.80त्न एकादश कृषि प्रथम खुशी वर्मा 80त्न द्वितीय प्रवीण कुमार 69.60त्न उपस्थित अतिथियों ने उत्तीर्ण्य भैया बहनों का उत्साहवर्धन किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है विद्यालय में आयोजित संस्कृति ज्ञान परीक्षा में प्रवेशीका , मध्यमा उत्तमा, प्रज्ञा आदि में प्राचार्य और प्रधानाचार्य सहित स्थान प्राप्त करने कुमारी पल्लवी भिवगड़े श्रीमती सुषमा शांडिलकर श्रीमती रेवती वर्मा कुमारी मोनिका वाकले तथा सभी उत्तीर्ण आचार्य दीदीयो को पुरस्कार द्वारा सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरे विद्यालय परिवार का सहयोग रहा।



# अक्षय तृतीया पर छोटे बच्चों ने बड़े ही ढंग से विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया

**परपोड़ी** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। अक्षय तृतीया के अवसर पर छोटे बच्चों ने बड़े ही ढंग से विवाह कार्य कम का आयोजन किया है आज के जगह चांद की दुनिया में अक्षय तृतीया का पर्व केवल दिखावे का ही रह गया है पहले यह पर्व किसानों के लिए और बच्चों के लिए बहुत ही उत्तम पर्व होता था लेकिन आज केवल लोग खड़े लेकर दिखावा करते हैं आज के दिन नगर के समस्त जन नगर के सभी छोटे-बड़े मंदिरों में जाकर जल अर्पण करते हैं।

धार्मिक ग्रंथों के अनुसार अबूझ मुहूर्त का अर्थ होता है कि इन तिथियों के दिन पूरे दिन ही शुभ मुहूर्त रहता है इसलिए मुहूर्त देखने की जरूरत नहीं होती है। प्रतिवर्ष पहला चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, दूसरा विजया दशमी और तीसरा अक्षय तृतीया, इस तरह पूरे वर्ष में साढ़े तीन अबूझ मुहूर्त होते हैं। और आधा मुहूर्त कार्तिक शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को रहता है। हालांकि विभिन्न मतांतर से देवप्रबोधिनी एकादशी को भी अबूझ और पवित्र मुहूर्त में शामिल किया जाता है

अत- उपर्युक्त तिथियों को स्वयं सिद्ध मुहूर्त की मान्यता प्राप्त है। इन तिथियों में बिना मुहूर्त का विचार किए नवीन कार्य प्रारंभ किए जा सकते हैं। इसीलिए अक्षय तृतीया पर अधिकतर लोग विवाह करते हैं। ऐसी मान्यता है कि इस दिन से प्रारंभ किए गए कार्य अथवा इस दिन को किए गए दान का कभी भी क्षय नहीं होता।

भविष्य पुराण में वर्णित अक्षय तृतीया की कथा जो युधिष्ठिर के द्वारा भगवान श्रीकृष्ण से पूछी गई थी। अक्षय तृतीया के दिन दान-धर्म करने से अक्षय फल प्राप्त होता है। एक और कथा धर्मदास नामक वैश्य के बारे में है, जो अक्षय तृतीया पर व्रत और दान करता था और अगले जन्म में राजा बना।



अक्षय तृतीया की कथा = भविष्य पुराण में वर्णित इस दिन की कथा अनुसार प्राचीन काल में सदाचारी तथा देव-ब्राह्मणों में श्रद्धा रखने वाला धर्मदास नामक एक वैश्य था। उसका परिवार बहुत बड़ा था। इसलिए वह सदैव व्याकुल रहता था। उसने किसी से इस व्रत के माहात्म्य को सुना।

कालांतर में जब अक्षय तृतीया का पर्व आया तो उसने गंगा स्नान किया, विधिपूर्वक देवी-देवताओं की पूजा की। गोले के लड्डू, पंखा, जल से भरे घड़े, जौ, गेहूं, नमक, सत्तू, दही, चावल, गुड़, सोना तथा वस्त्र आदि दिव्य वस्तुएं ब्राह्मणों को दान की। स्त्री के बार-बार मना करने, कुटुंबजनों से चिंतित रहने तथा बुढ़ापे के कारण अनेक रोगों से पीड़ित होने पर भी वह अपने धर्म-कर्म और दान-पुण्य से विमुख न हुआ।

यही वैश्य दूसरे जन्म में कुशावती का राजा बना। अक्षय तृतीया के दान के प्रभाव से ही वह बहुत धनी तथा प्रतापी बना। वैभव संपन्न होने पर भी उसकी बुद्धि कभी धर्म से विचलित नहीं हुई। अक्षय तृतीया के दिन इस कथा के पढ़ने या सुनने मात्र से मनुष्य को अक्षय पुण्य फल की प्राप्ति होती है।

अक्षय तृतीया को क्या कहते हैं आखातीज = आखा का अर्थ संपूर्ण, छानना छलनी, खुरजी, एक विशेष प्रकार का बर्तन, लेकिन यहां इसका अर्थ कभी न नष्ट होने वाले से है। अविनाशी या अबूझ मुहूर्त।

उल्टा पुल्टा

औरंगजेब- सेनापति! यह बताओ कि हम शिवाजी को क्यों नहीं ढूंढ़ पा रहे हैं?
सेनापति- महाराज, क्योंकि हम मुगल हैं, गूगल नहीं.



# अक्ती में धूमधाम से मनाया गुड्डा-गुड़िया विवाह

## विधायक रोहित साहू को अपने बीच पाकर गदगद हुए बच्चे

**राजिम**, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में हर साल की तरह इस बार भी अक्षय तृतीया धूमधाम से मनाई जिसमें छग की लोक परम्परा अनुसार गुड्डे गुड़ियों का विवाह संपन्न कराया गया। राजिम क्षेत्र के ग्राम कौंदकेरा में अक्षय तृतीया को अक्ती तिहार के रूप में मनाया गया। जहाँ बच्चों द्वारा अक्ति तिहार पर गुड्डा-गुड़िया का ब्याह रचाकर पारम्परिक रीति रिवाज़ को निभाया गया. इस दौरान राजिम क्षेत्र के विधायक रोहित साहू बच्चों के बीच पहुँचकर उनका उत्साहवर्धन किया एवं सभी को अक्ति तिहार की बधाई दी. उन्होंने बच्चों को इस शानदार आयोजन के लिए प्रशंसा की। उन्होंने संबोधित करते हुए आगे कहा कि अक्ती तिहार पर गुड्डे गुड़ियों का विवाह हमारे छग की लोकसंस्कृति के मूल स्वरूप का प्रकटन है, उन्होंने कहा कि बच्चों के असीम प्रेम और उत्साह में आज बाल्यकाल की स्मृतियाँ पुनः जीवंत हो गई। सभी समृद्ध परम्पराओं से परिपूर्ण इस कार्यक्रम में वर-वधू के रूप में स्थापित प्रभु श्रीराम एवं माता सीता के प्रतिरुप में विधायक रोहित साहू एवं अन्य अतिथियों ने टिकावन भेंट किया। छोटे-छोटे बच्चे इसके लिए अनोखे ढंग से विवाह उत्सव को मनाए तथा कई एक दिन पहले बाजे-गाजे के साथ तैयारी में थे। सभी बच्चों ने मंडप सजाया और गुड्डा गुड़िया की शादी को वास्तविक विवाह के रूप में निभाते नजर आए, इस दौरान बच्चों के चेहरे पर अलग ही मुस्कान देखने को मिला। सभी बच्चों के साथ बड़े बुजुर्ग विवाह के उत्सव में डूबे नजर आए। इसके एक हफ्ते पूर्व बच्चों ने विधायक रोहित साहू को उनके घर जाकर आमंत्रित किया था तभी उन्होंने इस कार्यक्रम में शामिल होने का आश्वासन दिया था।



इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि ओंकार साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष हरीश साहू, राजू साहू, भाजपा नेता लेमन साहू, जनपद सदस्य रामेश्वरी कुर्रे, सरपंच राधिका यादव, सरपंच प्रतिनिधि मनोज यादव, मकसूदन साहू, दूजलाल साहू सहित बड़ी संख्या में आयोजक बच्चे तथा ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

# श्री सीमेंट द्वारा आयोजित पथरचुवा ग्राम में जनसुनवाई संपन्न

**बलौदाबाजार**, 30 अप्रैल (देशबन्धु)।30 अप्रैल को श्री सीमेंट कंपनी के ग्राम पथरचुवा मे प्रस्तावित चूना पत्थर खादान 127.098 हैक्टर की पर्यावरण स्वीकृति प्रदान करने के लिए जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिसमे ग्राम भालुकोना, मोहरा, पथरचुवा सहित दर्जनों गांवो की जनता व जनप्रतिनिधि शामिल हुए तथा लोगों ने बारी बारी से कंपनी के खदान के समर्थन मे अपना पक्ष रखा कुछ किसानों ने अपनी जमीन देने के बदले उचित मुआवजा देने व किसान के परिवार जनो को कंपनी मे नौकरी देने की मांग रखी। सैकड़ों लोगों ने आज चूना पत्थर खादान कि जनसुनवाई मे अपने विचार दर्ज कराया।



जनसुनवाई के दौरान स्थानीय लोगों ने सुचना नही देने का आरोप लगाया जबकि विलम्ब से पहुंची जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे ने जानकारी नही देने की बात भी कही। वहीं बाहरी लोगों के द्वारा पहुचकर समर्थन देने पर स्थानीय लोगों ने विरोध किया। जनसुनवाई के दौरान सुरक्षा की कडी व्यवस्था की गई थी। कुल मिलाकर जनसुनवाई समर्थन के साथ सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। ज्ञात हो कि श्री सीमेंट कंपनी के चूना पत्थर खादान को लेकर युवाओं व किसानों ने क्षेत्र मे स्कूल व अस्पताल व रोजगार युवाओं को मिलने की आशा को लेकर आज के जन सुनवाई का समर्थन किया। इस अवसर पर बलौदाबाजार अपर कलेक्टर दीप्ति गौते ने जन सुनवाई पूरी होने व सभी लोगों से आये मांग, विचार व समर्थन को स्वीकृति के लिए पर्यावरण मंडल भेजे जाने की बात कही। आज के जनसुनवाई मे प्रमुख लोगों मे सनम जांगड़े, आनंद यादव, श्रीमती अदिति बाघमार, संतोष यदु, दिलीप वर्मा, के.के. वर्मा इत्यादि ने भी अपना समर्थन दिया।

# महिला आयोग की सदस्य दीपिका ने किया जिला अस्पताल व सखी वन स्टाप सेंटर का औचक निरीक्षण

**महासमुंद**, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। छग राज्य महिला आयोग की सदस्या अधिवक्ता दीपिका शोरी महासमुंद जिला अस्पताल एवं सखी वन स्टाप सेंटर का औचक निरीक्षण किया। जिला अस्पताल में निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रत्येक वार्ड में जाकर मरीजों से उनका हाल जाना व उन्होंने उनसे किसी भी प्रकार की परेशानी हो रही है इस सम्बंध में बात की। भोजन के विषय में व अस्पताल के कर्मचारियों के व्यवहार मरीजो के प्रति कैसे हैं इस विषय पर मरीजों के परिजनों से बात की। अस्पताल के संयुक्त संचालक डॉ बसन्त महेश्वरी को महिला वार्डों पर सफाई एवं सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने हेतु कहा। डॉक्टर महेश्वरी ने बताया कि अस्पताल में सफाई कर्मचारी 35 हैं सुरक्षा को लेकर विशेष चिंता की जाती है। 40 महिला एवं पुरुष सुरक्षा कर्मी हैं जो 24 घण्टे वार्ड की निगरानी करते है इसके अलावा दीपिका ने अस्पताल प्रबंधन से उनकी समस्याओं को भी पूछा व जल्द ही स्वास्थ्य मंत्री से मिलकर उसके निदान हेतु कहा। इसके पश्चात दीपिका जिले के ही सखी वन स्टाप सेंटर पहुंची जहां उन्होंने पूरे केंद्र का निरीक्षण कर वहाँ के दस्तावेजों की भी जांच की व वहां के प्रभारी को आने वाले दिनों में महिला अपराध सम्बंधी अधिक से अधिक मामलों को महिला आयोग प्रदेश कार्यालय रायपुर भेजने हेतु निर्देश भी दिया। दीपिका ने सखी वन स्टाप सेंटर के प्रभारी को आने वाले दिनों में जिले से अधिक से अधिक मामले राज्य कार्यालय महिला आयोग भेजने हेतु निर्देशित करते हुए कहा कि आयोग हमारी पीड़ित महिलाओं के लिए सहज सरल एवं निःशुल्क न्याय मिलने का एक मात्र स्थान है जहाँ कम समय में उचित न्याय मिलता है इसलिए मैं प्रेस के माध्यम से भी अपील करती हूं कि छग की समस्त महिलाएं जो किसी भी प्रकार से पीड़ित है वो राज्य महिला आयोग >> शेष पृष्ठ 9 पर >



# पेशी के लिए अब अस्पतालों व बैंकों में भी होगी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा

**बलौदाबाजार**, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नवीन आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन के सबंध में समीक्षा बैठक ली। बैठक में सभी सम्भागायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े थे। मुख्य सचिव ने नवीन आपराधिक कानूनों के तहत मामले की त्वरित सुनवाई के लिए जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, बैंको एवं जेल में वीडियो कॉन्फ्रेंस रूम स्थापित करने के निर्देश दिये ताकि पेशी के लिए आने-जाने की जरूरत न हो और समय की बचत हो। बैठक में डीजीपी अरुण देव गौतम, अपर मुख्य सचिव गृह एवं जेल मनोज पिंगुआ भी उपस्थित थे।



**मुख्य सचिव ने की नवीन आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन की समीक्षा**

मुख्य सचिव ने कहा कि नये आपराधिक कानूनों का धरातल पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए। सभी जिलों में जिला अभियोजन निदेशालय की साथपना, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला लोक अभियोजन अधिकारी एवं सीएमएचओ के साथ साप्ताहिक बैठक हो। ई-साक्ष्य, ई-समन एवं आईओ मितान का उपयोग सुनिश्चित हो। इसके साथ ही निर्धारित अवधि में चालान पेश करने की कार्यवाही हो। उन्होने नये आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन हेतु निर्धारित समस्त बिदुओ का अनुपालन हर स्तर पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। गौरतलब है कि 1 जुलाई 2024 से देश में भारतीय न्याय संहिता लागू हो गई है। नए कानूनी प्रावधान के अनुसार प्रकरणो की सुनवाई व निराकरण हेतु अधिकारी-कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बैठक में कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते एनआईसी कक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े थे।

## शीशम पेड़ में बिजली गिरने से लगी आग



**राजिम**, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। राजिम पसौद के शीशम पेड़ में बिजली गिरने से आग लग गई पेड़ जल कर राख में तब्दील हो गया। प्रत्यक्षदर्शी कोमल कुमार साहू कृष्ण कुमार साहू ओमप्रकाश साहू ने बताया कि मंगलवार को शाम से अचानक मौसम बदला और अंधी के साथ तेज बारिश हुई इसी दौरान तेज गरजना हुई और बिजली पेड़ पर गिरी और आग लग गई है।

## आत्मानंद स्कूल पहुंच मार्ग निर्माण कार्य का विधायक ने किया भूमिपूजन

**महासमुंद**, 30 अप्रैल (देशबन्धु)। मंगलवार को ग्राम तुमाडबरी स्थित शासकीय आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल पहुंच मार्ग का भूमिपूजन विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। काफी समय से सड़क की मांग की जा रही थी जो अब जल्द ही पूरा होने वाला है। इस दौरान जनपद अध्यक्ष दिशा दीवान, भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, मंडल महामंत्री प्रकाश शर्मा, भाजपा नेता मुन्ना साहू, मीना वर्मा, ग्राम सरपंच पीताम्बर ध्रुव सहित भाजपा के वरिष्ठ नेतागण, पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधि सहित अन्य उपस्थित थें। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि विष्णुदेव के सुशासन >> शेष पृष्ठ 9 पर >





## समिति से खाद बीज का शीघ्र उठाव कर लें किसानः कृषि उप संचालक आशुतोष श्रीवास्तव

**बिलाईगढ़** 30 अप्रैल(देशबंधु)। जिले के समस्त किसानों को सूचित किया जाता है कि खरीफ वर्ष 2025 अंतर्गत फसलों की बोनी की तैयारी हेतु बीज एवं खाद जिले के समस्त सहकारी समितियों में भण्डारित किया जा रहा है। उप संचालक कृषि आशुतोष श्रीवास्तव ने किसान बन्धुओं से आग्रह है कि किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से बीज एवं रासायनिक खाद (यूरिया, डीएपी, सुपर, पोटाश) का उठाव यथाशीघ्र कर लें। अग्रिम उठाव करने पर किसी भी प्रकार का अतिरिक्त ब्याज देय नहीं होगा। जिले के विभिन्न समितियों में 5620.485 मीट्रिक टन रासायनिक खाद का भण्डारण एवं 5070 चिंटल बीज का भण्डारण सहकारी समितियों में किया जा चुका है। किसान अपने आवश्यकतानुसार रासायनिक खाद एवं बीज का अग्रिम उठाव कर लेवें, ताकि समय पर बोनी कर सके।

# पीएमश्री स्कूल कसडोल के बच्चो ने विज्ञान सेंटर, मुक्तांगन और जंगल सफारी का किया भ्रमण

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर पंचायत कसडोल में संचालित पीएमश्री गुरु घासीदास शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के द्वारा शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। जिसमें हिंदी और अंग्रेजी माध्यम के छात्र छात्राओं को छत्तीसगढ़ के रायपुर में स्थित विज्ञान सेंटर और जंगल सफरी का भ्रमण के लिए ले जाया गया। जिसमें उन्हें सर्वप्रथम विज्ञान सेंटर ले जाया गया। जहां उन्होंने हर प्रकार की विज्ञान, भूगोल, भौतिकी, छत्तीसगढ़ संस्कृति से संबंधित विभिन्न प्रकार के संसाधनों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त किया। इसके साथ ही यहां पर तारामंडल एनीमेशन वीडियो के द्वारा ग्रह-नक्षत्रों और सूर्य ग्रहण चांद ग्रहण के बारे में जानकारी प्राप्त किया। उसके बाद सभी बच्चो ने 3 -डी शो के माध्यम से अंतरिक्ष यात्रा के बारे में जानकारी प्राप्त किया कि किस तरह से वैज्ञानिक अंतरिक्ष में कार्य करते है।




आपको बता दे केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु पीएम श्री स्कूल का शुभारम्भ किया गया है। यह एक महत्वपूर्ण योजना है इसी योजना के तहत सभी छात्रों को अत्याधुनिक शिक्षा प्राप्ति होती है। इसी योजना सभी छात्रों को प्रति वर्ष शैक्षिण भ्रमण ले जाना होता है ताकि सभी छात्र छात्राओं को हर प्रकार की जानकारी मिल सके। विज्ञान भवन में अनेक प्रकार की मॉडल जैसे कुटुसर गुफा, अनंत कुआं, आलसी सिक्का, रिंग का भ्रम, थाली पर सिर, जादुई पानी का नल, तैरती गेंद, दर्पण भूलभुलैया जैसे कई आकर्षण केंद्र है। इसके बाद दोपहर में सभी बच्चो को जंगल सफारी ले जाया गया । जहां उन्होंने विभिन्न प्रकार के जंगली जानवरों को देखकर आनंदित हुए। आपको बता दें कि जंगल सफारी नंदनवन जंगल सफारी का पूरा 800 एकड़ क्षेत्र हरियाली से भरपूर है। जिसमें खूबसूरत परिदृश्य हैं। कई देशी पौधों की प्रजातियाँ भी वनस्पति में शामिल होती हैं, जो जानवरों के लिए एक प्रातिकृतिक आवास लबनाती हैं। जिसमें कई प्रवासी पक्षी प्रजातियों को आकर्षित करता है। इस सफारी में सफेद टाइगर, बाघ, चीतल, सांभर, नीलगाय, हिरण, काला हिरण और भालू स्थित हैं। इस शैक्षणिक कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से पीएमश्री स्कूल के प्राचार्य संतोष कुमार वर्मा और समस्त शिक्षकों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# नपा कन्या उच्च.माध्यमिक विद्यालय में शीतल जल प्याऊ घर का उद्घाटन

**भाटापारा,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। शासकीय नगर पालिका कन्या उच्च.माध्यमिक विद्यालय भाटापारा में नगर पालिका अध्यक्ष श्री अश्वनी शर्मा के कर कमलों द्वारा शीतल जल प्याऊ घर का उदघाटन किया गया । अत्यंत हर्ष की बात है कि नगर पालिका कन्या उच्च. माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य श्री राजेन्द्र जोशी के मार्गदर्शन में स्काउट/गाइड दल के सहयोग से प्याऊ घर संचालित किया जा रहा है ।इसका संचालन रानी दुर्गावती गाइड दल एवं प्रभारी शिक्षिका श्री मती सुशीला साहू के सहयोग से आमलोगों को शीतल जल उपलब्ध कराने हेतु यह प्याऊ घर निश्चित ही बस स्टैंड यात्री, रेलवे स्टेशन यात्री गण एवं राहगीरों लाभप्रद सिद्ध होगी क्योंकि वर्तमान में प्याऊ घर विलुप्ति के परिस्थिति में है जिसके कारण राहगीर भीषण गर्मी में पानी के लिए भटकते है ।उस परिस्थिति में यह प्याऊ घर प्यास बुझाने के लिए कारगर सिद्ध होगा ।




कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि द्वारा फीता काटकर एवं श्री फल तोड़कर शीतल जल मटके में डालकर प्याऊ घर का विधिवत उद्घाटन किया गया ।उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से शंकर वार्ड के पार्षद श्री नंदू वैष्णव, पूर्व पार्षद श्री आशीष पुरोहित,श्री मती नीरा साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति एवं समस्त सदस्यगण, स्काउट प्रभारी श्री श्रवण सिंगरौल,विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्री रामजी पाल , बी.आर. सी सी. श्री दुर्गेश शर्मा,श्री मुकेश देवांगन, समन्वयक श्री मती सुशीला वर्मा,प्रधान पाठिका ,श्री नंदकिशोर शर्मा,श्री आनंद शर्मा,श्री संतोष अग्रवाल( दाऊ जी,) एवं शाला परिवार से श्री मती एम.पंसारी,श्री हरनारायण यादव,श्री मती सुनीता देवांगन,श्री मति वर्षा वर्मा सुमित वर्मा ,श्री योगेश्वर यादव श्री मती दलेश्वरी ठाकुर एवं शाला की सभी छात्राएं शामिल रहे। उक्त प्याऊ घर शासन के निर्देशानुसार श्री हिमांशु भारतीय जिला शिक्षा अधिकारी सह जिला आयुक्त एवं श्री सुरज कसार जिला स्काउट समन्वयक की प्रेरणा से प्रारंभ हुआ । कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के श्री टीकाराम साहू व्याख्याता के द्वारा आभार प्रकट किया ।

# अत्ती तिहार पर रचाई गुड्डे-गुड़िया की शादी

**अमेरा/बलौदाबाजार,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। क्षेत्रों में अक्षय तृतिया (आक्ती तिहार) का पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। सुबह से ही ग्रामीण अंचलों में गुड्डे-गुड़िया की शादी रचाई गई। इस दौरान बहुत से घरों में मंडप सजे। विधिवत विवाह की परंपराएं निभाई गईं और गुड्डे-गुड़ियों की शादी की गई। विवाह गीत बजते रहे और बच्चों से लेकर बड़ों तक ने उस पर जमकर डांस किया। शादी के बाद गुड़ियों की विदाई की भी रस्म निभाई गई । फिल्मी गीत में डांस करते नन्हे मुन्हें बराती निकलें। घरातियों ने भी उनका स्वागत किया। इससे पहले बच्चों ने गुड्डे-गुड़ियों के ब्याह का निमंत्रण दिया। गुड़िया की शादी में बच्चों ने चूलमाटी से लेकर हल्दी चढ़ाने की रस्म निभाई। एक आम शादी की तरह ही सभी रस्म पूरी की गई। बच्चों का पक्ष गुड्डे और दूसरा पक्ष गुड़िया के साथ रहा। मंडप तक बरात पहुंचे और विवाह की रस्म पूरी की। बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए परिवारजन और मोहल्लेवासी भी पहुंचे। गुड्डे-गुड़िया को पीले चावल का तिलक लगाते हुए टिकावन भेट किया। फिर मंडप में बच्चों का उत्साहवर्धन करने बड़ों ने टिकावन दिया।



सफलता की कहानी

# सुशासन तिहार में मांग करने पर किसान मनोज कुमार को मिला टुलु पंप

**बिलाईगढ़,** 30 अप्रैल(देशबंधु) ।मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में चल रहे सुशासन तिहार अभियान के तहत जनकल्याणकारी योजनाओं को पारदर्शिता और त्वरित प्रक्रिया के साथ आम जनता तक पहुँचाया जा रहा है। इस दिशा में सार्थक पहल करते हुए, बिलाईगढ़ जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत मिर्चीद के किसान मनोज कुमार को भी इस अभियान का प्रत्यक्ष लाभ मिला है।

मनोज कुमार ने अपने खेतों में सिंचाई सुविधा के लिए ग्राम पंचायत मिर्चीद में सुशासन तिहार के दौरान आवेदन प्रस्तुत किया था। किसान की आवश्यकता को प्राथमिकता देते हुए, कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे के मार्गदर्शन और कृषि विभाग बिलाईगढ़ के तत्पर प्रयास से, शाकम्भरी योजना के अंतर्गत उन्हें एक टुलु पंप प्रदान किया गया। टुलु पंप मिलने के बाद मनोज कुमार के खेतों में अब भरपूर पानी पहुँच सकेगा, जिससे उनकी फसल उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी। अपनी खुशी जाहिर करते हुए मनोज कुमार ने कहा,ज्मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के सुशासन तिहार अभियान से मुझे कृषि विभाग से मदद मिला। अब मेरे खेतों में आसानी से पानी पहुंचेगा और मैं अपनी खेती को और बेहतर कर सकूंगा। मैं प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करता हूँ।

दुलारपाली में 9वीं एवं 11वीं का परीक्षा परिणाम घोषित

# 11वीं विज्ञान में आरती, कला में मनीषा एवं नवमीं में मयंक प्रथम स्थान हासिल की

**सरायपाली** 30 अप्रैल (देशबन्धु)शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुलारपाली में कक्षा ग्यारहवीं और नवमी का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया, इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत दुलारपाली के सरपंच श्रीमती देवकी पटेल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपसरपंच श्रीमती आसमोती साहू,पंचगण मिनकेतन नेताम,दिलीप साहू,गणमान्य नागरिक पारस पटेल,केदार साहू,शाला प्रबंधन व विकास समिति के अध्यक्ष देवेंद्र साहू उपस्थित थे ।अध्यक्षता प्राचार्य प्रेमानन्द भोई ने की ।कक्षा ग्यारहवीं विज्ञान में प्रथम आरती साहू, द्वितीय दिव्या डिंगरे, तृतीय दुर्गेश भारती, ग्यारहवीं कला में प्रथम मनीषा यादव, द्वितीय दुर्योधन निषाद,तृतीय गौरव, कक्षा नवमी में प्रथम मयंक पटेल, द्वितीय तेजस्विनी सिदार एवं विद्या चौहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन विद्यार्थियों को सरपंच श्रीमती देवकी पटेल द्वारा सम्मानित किया गया। उन्होंने उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई दी तथा अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को निराश न होकर सफलता के लिए पुनः प्रयास करने हेतु प्रेरित किया। एसएमडीसी अध्यक्ष देवेंद्र साहू ने कहा कि परीक्षा में सफलता और असफलता केवल विद्यार्थियों की नहीं बल्कि शिक्षकों और पालकों की भी होती है ।कार्यक्रम का संचालन परीक्षा प्रभारी टेकलाल पटेल ने की एवं आभार प्रदर्शन शिक्षक सुशांत प्रधान ने किया ।इस अवसर पर कृष्ण कुमार नायक, दुबेलाल पोर्ते, रोहित कुमार साहू, रूपधर पटेल, राकेश प्रधान, हाराधन चौधरी साहित समस्त स्कूल स्टॉफ एवं पालकगण उपस्थित थे।



# विधायक ने दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को स्मार्टफोन, की-बोर्ड एवं स्मार्ट ईयरफोन प्रदान किया

**महासमुंद** 30 अप्रैल (देशबंधु)। समावेशी शिक्षा को प्रोत्साहन देते हुए महासमुंद जिले में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को स्मार्टफोन, की.बोर्ड और स्मार्ट ईयरफोन वितरित किए गए। यह सहायक उपकरण विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा प्रदान किए गए। जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा, महासमुंद के तत्वावधान में गत दिवस आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम में तीन विद्यार्थियों जिसमें शासकीय हाई स्कूल, लाटादादरए पिथौरा के कक्षा नवमी के छात्र हेमंत भोई, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सलडीह की कक्षा दसवीं की छात्रा तारा निषाद एवं हाई स्कूल, सिंघोड़ा की कक्षा नवमी की छात्रा खिलेश्वरी मिरी को ये सहायक उपकरण प्रदान किए गए। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि दिव्यांगता सफलता में बाधा नहीं है। उन्होंने कहा यदि संकल्प दृढ़ हो तो कोई भी व्यक्ति कठिन परिश्रम से जीवन में ऊँचाइयाँ हासिल कर सकता है। आज अनेक दिव्यांगजन देश.विदेश में उच्च पदों पर कार्यरत होकर समाज को प्रेरणा दे रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई में मन लगाकर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। चयनित विद्यार्थियों को स्मार्ट उपकरणों के प्रभावी उपयोग हेतु 24 से 26 अप्रैल तक ठाकुर प्यारेलाल पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण संस्थान, निमोरा, रायपुर में विशेष प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम को डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सृष्टि चंद्राकर, जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत, जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा सहित अन्य अधिकारियों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में गणमान्य नागरिक, शिक्षा विभाग के अधिकारी और चयनित विद्यार्थियों के अभिभावकगण उपस्थित रहे।



# एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर प्रबुद्ध जनों का हुआ सम्मेलन, सभी ने कहा राष्ट्रहित में वन नेशन वन इलेक्शन

**नवापारा राजिम** 30 अप्रेल (देशबंधु) । भारतीय जनता पार्टी मंडल के द्वारा शहर के श्री राधा कृष्ण मंदिर वृंदावन कुंज में एक राष्ट्र-एक चुनाव विषय पर प्रबुद्धजन सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू,पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक बजाज मुख्य रूप से उपस्थित थे।



अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू ने कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव होना अति आवश्यक है। इससे बार-बार मतदान से होने वाली परेशानियों के साथ अनिश्चितता का दौर समाप्त होगा। एक बार में चुनाव हो जाने से संसाधन का अपव्यय रुकेगा। विधायक इन्द्रकुमार साहू ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव से सुरक्षाबलों पर दबाव कम होगा तथा नागरिकों के समय की भी बचत होगी जिससे सार्वजनिक भागीदारी बढ़ेगी और लोकतंत्र मजबूत होगा।

अशोक बजाज ने कहा कि भारत जैसे विशाल लोकतंत्र के लिए यह लंबी अवधि के लिए समाधान हो सकेगा। उन्होंने एक देश एक चुनाव पर सारगर्भित बाते बताते हुए कार्यकर्ताओं को विस्तृत जानकारी दी ।

भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा ने कहा कि हमारे देश में हर साल किसी न किसी राज्य में विधानसभा या स्थानीय निकाय के चुनाव होते ही रहते हैं ।इससे न केवल सरकारी खर्च बढ़ता है बल्कि सुरक्षा,प्रशासन व संसाधनों पर भी बोझ बढ़ता है।

नगर पालिका अध्यक्ष ओम कुमारी साहू ने कहा कि एक साथ चुनाव कराकर बार-बार चुनाव वाली समस्या से मुक्ति पाई जा सकती है ।और धन की बचत से देश के विकास कार्य को गति मिलेगी ।नगर पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी ने कहा कि एक ही समय पर सभी चुनाव होने पर लाखों करोड़ रूपये की बचत होगी। सन 1951 से 1967 तक चुनाव एक साथ होते थे। इस अवसर पर विधानसभा अभनपुर के अंतर्गत आने वाले चारों मंडल के नवापारा मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा , अभनपुर मंडल अध्यक्ष भारत बैस,चंपारण मंडल अध्यक्ष तोशन साहू,एवं खोरपा मंडल अध्यक्ष किशोर साहू जिला पंचायत सभपति अन्नू तारक,जनपद उपाध्यक्ष खेलुराम साहू, अशोक गंगवाल,रमेश पहाड़िया, परदेसी राम साहू,संजय साहू,छन्नू लाल साहू, सचिन सचदेव,पूजा कंसारी,श्रीमती जीना निषाद,जागेश्वर यादव,श्रीमती धनमति ,प्रभा बांसवार,अंबे कंसारी, राम झड़ी राम पटेल मुकुंद मेश्राम, सिंटू सौरभ जैन, जनक कंसारी,साधना सौरज,,हर्षा कंसारी, विधानसभा के अंतर्गत आने क्षेत्र के सैकड़ो कार्यकर्ता एवं नगर के बुद्धिजीवी, व्यापारीगण उपस्थित थे।

# राजिम नपं. अध्यक्ष महेश यादव की व्यापारियों के साथ बैठक

## बस स्टैंड, थोक सब्जी मंडी, उद्यान और भव्य गौरव पथ बनाने की रखी माग

**राजिम ,** 30 अप्रेल (देशबंधु)। नगर पंचायत राजिम को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव एवं पार्षदों द्वारा नगर के व्यापारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में नगर में साफ-सफाई व्यवस्था, यातायात, नालियों की सफाई, चौक सौंदर्यीकरण, छोटे फुटकर दुकानदारों की व्यवस्था सहित कई विषयों पर चर्चा की गई। उपस्थित व्यापारियों ने नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए नगर के विकास में कंधे से कंधा मिलाकर चलने की बात कही।



**नगर के विकास में व्यापारियों का बहुत बड़ा योगदान-** नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने उपस्थित व्यापारियों से कहा कि नगर के विकास में व्यापारियों का बहुत बड़ा योगदान है। व्यापारियों के सहयोग एवं मार्गदर्शन से नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाना मेरी पहली प्राथमिकता है। नगर के विकास में सभी व्यापारी साथी आगे आएं और नगर के विकास में अपनी सहभागिता अवश्य निभाएं।

उन्होंने कहा कि राजिम नगर बहुत प्राचीन नगर है, यहां प्रतिवर्ष कल्प कुंभ मेला लगता है, यह छत्तीसगढ़ का प्रयागराज है, इसलिए राजिम नगर का विकास होना बहुत जरूरी है। यहां भव्य बस स्टैंड, थोक सब्जी मंडी, उद्यान, भव्य गौरव पथ बनाना बहुत जरूरी है। जिसके लिए नगर पंचायत द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं।

**व्यापारियों ने दिए सुझाव-**उपस्थित व्यापारियों ने अपने सुझाव देते हुए नपाध्यक्ष महेश यादव से नगर में यातायात व्यवस्था सुधारने, सड़क चौड़ीकरण, वाहनों के लिए पार्किंग, सड़क के नीचे गड्ढों पर मुरम डालने, सब्जी मंडी को अन्य स्थान पर रखने, नगर में सड़क किनारे वृक्षारोपण करने, स्वच्छता के लिए जन जागरूकता फैलाने से संबंधित अनेक विषयों पर अपने विचार रखें। जिस पर नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने सभी समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण करने का आश्वासन दिया। साथ ही नगर के विकास के लिए सभी व्यापारी बंधुओं से सहयोग की अपील की।

**बैठक मे ये लोग रहे उपस्थित-** इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा चंद्राकर, पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल, अध्यक्ष आकाश राजपूत, नगर पंचायत इंजीनियर, व्यापारी राजेश सोनकर, हेमंत ठाकुर, अरविंद गुप्ता, दामोदर सेन, भोलाराम साहू, नितिन जैन, अरविंद साहब, राजू महोबिया, संतोष साहू, भोजराज साहू, पवन कुमार गुप्ता, अजय साहू, लालचंद मेघवानी, संतराम सेन, गिरधर साहू सहित अनेक व्यापारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# अवैध शराब विक्रय पर कड़ी निगरानी रखे अधिकारी

- कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक
- सुशासन तिहार में सभी आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया जाए
- शालाओं और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण पूरी पारदर्शिता और नियमानुसार करें



**महासमुंद** 30 अप्रैल (देशबंधु)। कलेक्टर विनय लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में समय.सीमा बैठक लेकर जिले में संचालित प्रमुख योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में सुशासन तिहार,मोर दुआर साय सरकार, आवास प्लस 2०0, पीएम जनमन योजना, युक्तियुक्तकरण सहित योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, एसडीएम सरायपाली नम्रता चौबे,महासमुंद हरिशंकर पैकरा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सृष्टि चंद्राकर,आशीष कर्मा सहित जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वर्चुअल रूप से शामिल रहे। बैठक में कलेक्टर श्री लंगेह ने मोर दुआर.साय सरकार विशेष सर्वेक्षण पखवाड़े के सफल संचालन हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य आवास योजना से वंचित पात्र ग्रामीणों की पहचान कर उन्हें लाभान्वित सुनिश्चित करना है। अभी तक जिले में 1 लाख 28 हजार परिवारों का सर्वेक्षण किया जा चुका है। इसकी आखिरी तिथि 30 अप्रैल है। श्री लंगेह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों का निराकरण करने के पश्चात संबंधित आवेदकों को भी सूचना दें। साथ ही संबंधित पोर्टल पर प्रविष्टि कर 30 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से एंट्री सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जिले में प्राप्त 1 लाख 82 हजार आवेदनों मे से 1 लाख 50 हजार आवेदनों का निराकरण किया गया है शेष 30 हजार आवेदनों का गुणवत्ता पूर्ण निराकरण करें। प्रत्येक विभाग टीम बनाकर आवेदनों का गुणवत्ता पूर्ण और त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा इसका उद्देश्य जन शिकायतों का त्वरित समाधान और योजनाओं की अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। इसके पश्चात 5 मई से समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर श्री लंगेह ने भूमि जल संरक्षण और जल प्रबंधन को लेकर सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए कि वे अपने अधीनस्थ क्षेत्रों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की स्थापना सुनिश्चित करें और जन जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जल संरक्षण के प्रति प्रेरित करें। कलेक्टर श्री लंगेह ने जिले में शालाओं और शिक्षकों की युक्तियुक्तकरण पूरी पारदर्शिता और शासन के नियमानुसार करने के निर्देश शिक्षा विभाग को दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया को समय सीमा में पारदर्शिता के साथ पूर्ण कर लें। शासन के निर्देशानुसार 10 जून तक शिक्षकों की युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। वही स्कूलों का युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया 25 मई तक पूरी होगी, जबकि शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया 10 जून तक पूरी होगी। उन्होंने युक्तियुक्तकरण कार्य को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए हैं। स्कूली शिक्षा में संतुलन और गुणवत्ता सुधार के लिए इस कार्य को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि लोकसेवा गारंटी के अंतर्गत प्राप्त होने वाले आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करे। साथ ही अवैध रेत उत्खनन को लेकर जिन ग्राम पंचायतों से शिकायत प्राप्त हो रही है उन पर कार्रवाई कर एफआईआर दर्ज करें। जिले में अवैध शराब विक्रय पर कड़ी निगरानी रखते हुए जिले के सभी मदिरा दुकानों में अनुविभागीय अधिकारी, थाना प्रभारी और आबकारी उप निरीक्षक मिलकर सतत निरीक्षण करें। उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इस योजना के लक्ष्यों को शीघ्रता से पूरा करें। विशेषकर जाति, आधार, आयुष्मान कार्ड आदि को शत प्रतिशत बनाने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा नशा मुक्ति अभियान की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने विद्युत विभाग को गर्मी की हालात को देखते हुए बिना वजह विद्युत अवरोध को रोकने के निर्देश दिए है ।साथ ही अपने अधीनस्थों को नागरिकों की समस्या को सुनने फोन रिसीव करने के निर्देश दिए। बैठक में ई ऑफिस क्रियान्वयन के संबंध में भी निर्देश दिए गए। साथ ही पीएम पोर्टल, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जन चौपाल, समय सीमा पत्रकों की विस्तार से समीक्षा की तथा उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त मांग एवं शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें।

# देव संस्कृति उमावि का परीक्षा परिणाम घोषित

**महासमुंद** 30 अप्रैल (देशबंधु)। स्थानीय देव संस्कृति उमावि मे शिक्षण सत्र 2024. 25 का वार्षिक परीक्षा फल घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी, संस्था के अध्यक्ष सुश्री शशि प्रभा थिटे तथा देव संस्कृति शिक्षा एवं कल्याण समिति के सदस्य रामकुमार साहू, शांतू लाल साहू, जगमोहन लाल साहू ने विद्या की देवी मां सरस्वती के छायाचित्रो पर पुष्पमाला एवं द्वीप प्रज्वलित करके किया गया । संस्था के प्राचार्य, समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य, पालक गण शिक्षक गण व छात्र.छात्राओं की उपस्थिति में परीक्षा प्रभारी नंदकुमार साहू दोबारा परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। विद्यालय में कक्षा नर्सरी से चौथी, छठवीं, सातवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा तथा कक्षा नवमी का 78.26 प्रतिशत तथा 11वीं का 70.5 प्रतिशत रहा। बच्चों के शैक्षिक गतिविधियों का वार्षिक परिणाम प्रबंधन समिति एवं पालकों की उपस्थिति में घोषित किया गया। वर्ष भर किए गए परिश्रम का परिणाम जानने बच्चे खासे उत्साहित थे। बच्चों के कक्षा में प्रवीण स्थान के अलावा स्टूडेंट ऑफ द ईयर छात्र.छात्राए अधिक उपस्थिति, सक्रिय छात्र, सहयोगी छात्र, उत्साही छात्र का भी चयन किया गया। साथ ही कक्षा में प्रथम आने वाले छात्रों को समिति द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रतीक चिन्ह देकर एवं मुंह मीठा कर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार कक्षावार परिणामो में प्रथम स्थान मे कु पलक नर्सरी, कु तेजस्विनी अरुण, कु जानवी साहू उदय, कु डिंपल विश्वकर्मा पहली, कु महिमा प्रजापति दूसरी, कु सिद्धि साहू तीसरी, कुण् खुशी ध्रुव चौथी, कु रूचि साहू छठवीं, कु यामिनी निर्मलकर सातवी, कु पूर्वा साहू नवमी, सुशांत यादव 11वीं कला, कु पूजा ठाकुर 11वीं विज्ञान कु जया साहू 11वीं वाणिज्य, द्वितीय स्थान मे डेविस चक्रधारी नर्सरी, कु कृतिका साहू अरुण, कु नेहा यादव उदय, भूपेश चंद्राकर पहली, मोहित पटेल दूसरी,कु एकांक्षी ठाकुर तीसरी, कु क्षमा साहू चौथी, कु यामिनी साहू छठवीं, कु योगिता साहू सातवी, चंद कुमार ध्रुव नवमी, कुण् मेघा तारक 11वीं कला, कु सुमन देवांगन 11वीं विज्ञान, कु नेहा साहू 11वीं वाणिज्य, तृतीय स्थान में हिमेश नामदेव नर्सरीए कान्हा अरुणए कुण् ट्विंकल वैष्णव उदयए सचिन बंजारे पहलीए कु झरना साहू दूसरी, कु दामिनी साहू तीसरी, कुण् संस्कृति नामदेव चौथी।



## आपदा पीड़ित परिवारों को 12 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार,** 30 अप्रैल। प्राकृतिक आपदा से मृत 3 लोगों के निकट परिजनों के लिए प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये के मान से 12 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 29 अप्रैल 2025 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं।

# धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

**पलारी,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। अखंड ब्राह्मण समाज पलारी के तत्वावधान में विष्णु अवतार भगवान परशुराम के पावन जन्मोत्सव पर क्षेत्र के समस्त ब्राह्मण समाज सह परिवार सहित मां गायत्री मंदिर पलारी में एकत्रित होकर विधि विधान पूजा अर्चना कर महिला व पुरुष सहित कलश शोभायात्रा निकालकर भगवान परशुराम की झांकी व कीर्तन भजन करते हुए परशुराम भगवान का जयकारा लगाते हुए नगर भ्रमण किया गया जिसमें नगर वासियों द्वारा स्वागत अभिनन्दन व पूजा अर्चना कर अपने परिवार की खुशहाली व नगर की सुख-समृद्धि की कामना की।



नगर भ्रमण पश्चात गायत्री मंदिर में विशेष पूजा अर्चना करने के पश्चात समाज प्रमुखों द्वारा भगवान परशुराम की गाथा बतलाया गया जिसमें भगवान परशुराम छठवें अवतार थे वह महाभारत और विष्णुपुराण के अनुसार परशुराम का मूल नाम राम था किन्तु जब भगवान शिव ने उन्हें अपना परशु नामक अस्त्र प्रदान किया तभी से उनका नाम परशुराम हो गया। पितामह भृगु द्वारा सम्पन्न नामकरण संस्कार के अनन्तर राम कहलाए। वे जमदग्नि का पुत्र होने के कारण जामदग्न्य और शिवजी द्वारा प्रदत्त परशु धारण किये रहने के कारण वे परशुराम कहलाये। आरम्भिक शिक्षा महर्षि विश्वामित्र एवं ऋचीक के आश्रम में प्राप्त होने के साथ ही महर्षि ऋचीक से शार्ङ्ग नामक दिव्य वैष्णव धनुष और ब्रह्मर्षि कश्यप से विधिवत अविनाशी वैष्णव मन्त्र प्राप्त हुआ। तदनन्तर कैलाश गिरिश्रृंग पर स्थित भगवान शंकर के आश्रम में विद्या प्राप्त कर विशिष्ट दिव्यास्त्र विद्युदभि नामक परशु प्राप्त किया। शिवजी से उन्हें श्रीकृष्ण का त्रैलोक्य विजय कवच, स्तवराज स्तोत्र एवं मन्त्र कल्पतरु भी प्राप्त हुए। चक्रतीर्थ में किये कठिन तप से प्रसन्न हो भगवान विष्णु ने उन्हें त्रेता में रामावतार होने पर तेजोहरण के उपरान्त कल्पान्त पर्यन्त तपस्यारत भूलोक पर रहने का वर दिया। वे शस्त्रविद्या के महान गुरु थे। उन्होंने भीष्म, द्रोण व कर्ण को शस्त्रविद्या प्रदान की थी। उन्होनें कर्ण को श्राप भी दिया था। उन्होंने एकादश छन्दयुक्त च्चशिव पंचत्वारिंशनाम स्तोत्रज्ज भी लिखा। इच्छित फल-प्रदाता परशुराम गायत्री है-ज्ज? जामदग्न्याय च विद्महे महावीराय च धीमहि, तन्नो परशुराम॒ प्रचोदयात ।ज्ज वे पुरुषों के लिये आजीवन एक पत्नीव्रत के पक्षधर थे। उन्होंने अत्रि की पत्नी अनसूया, अगस्त्य की पत्नी लोपामुद्रा व अपने प्रिय शिष्य अकृतवण के सहयोग से विराट नारी-जागृति-अभियान का संचालन भी किया था। अवशेष कार्यो में कल्कि अवतार होने पर उनका गुरुपद ग्रहण कर उन्हें शस्त्रविद्या प्रदान करना भी बताया गया है। समाज प्रमुखो द्वारा समाज के संगठन एकता के संदर्भ में बड़ा ही विस्तारपूर्वक बतलाया कि हम सब सभी एक साथ सभी मिलजुल कर कम करें सभी के सुख-दुख मैं हाथ बटाऐ सभी समाजिक कार्य उपस्थित होकर यथासंभव सहयोग करें जिससे हमारी समाज एकत्रित होकर बड़ा सा बड़ा कार्य हो सके इस अवसर पर समाज प्रमुख पं श्याम शुक्ला, सुरेंद्र शर्मा, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा , विश्वहिंदू परिषद अभिषेक तिवारी, मनोज दुबे पलारी समाज प्रमुख उमाशंकर मिश्रा ,अनिरुद्ध मिश्रा, रमाशंकर मिश्रा, राहुल पांडेय दीपक तिवारी , धीरज मिश्रा, मुकेश झा, राजेश शर्मा,एवं यश प्रभा पांडेय महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष, श्वेता देवी पाण्डेय रोशनी शर्मा ज्योति, ऊषा, कीर्ति, सुमन ईश्वरी देवी, प्रगति सुनीता शीला शुक्ला , प्रिती झा पुष्पा तिवारी निधी तिवारी निक्की तन्मय भेनु झा वेदांक तिवारी स्वाति रानू त्रिपाठी सुमीत तिवारी, तोषण प्रसाद चौबे, चिरंजीव तिवारी ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी ऋषभ चौबे शिवकुमार शर्मा रोशन चौबे शिवम् मिश्रा नीलकमल शर्मा दीनानाथ उपाध्याय सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# सशिमं हाई स्कूल आरंग में परीक्षा परिणाम घोषित

**आरंग,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल आरंग मे कक्षा अरुण से लेकर नवम तक परीक्षा परिणाम का घोषणा किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संदीप जैन अध्यक्ष नगर पालिका परिषद आरंग, डॉक्टर हेडगेवार बाल कल्याण समिति के सहसचिव डॉक्टर तेजराम जलक्षत्री,कोषाध्यक्ष गणेश राम साहू, सदस्य कमल नारायण देवांगन एवं सुरेंद्र नशीने कौशल चंद्राकर ने सरस्वती ओम और भारत माता की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुरूआत किया द्य दीप प्रज्वलन के पश्चात संस्था की प्राचार्य श्रीमती नितेश्वरी लोधी ने मुख्य अतिथि श्री संदीप जैन का स्वागत श्रीफल भेंट कर कियाद्य परीक्षा प्रभारी संतोष शंख ने कक्षा अरुण से नवम तक भैया बहनों के परीक्षाफल की घोषणा किया द्य कक्षा अरुण में धनंजय सिंह चौहान प्रथम 99.6 प्रतिशत फाल्गुनी साहू द्वितीय 98.2 द्वितीय,गीतिश साहू तृतीय 97.6 कक्षा उदय में तिथि मण्डल प्रथम 98.6 प्रतिशत,जागृति मण्डल द्वितीय 97.66 व तृतीय साक्षी गिलहरे 95.66,कक्षा प्रथम से जानवी अजगर प्रथम 98,तुषार लोधी द्वितीय 96 व तृतीय मिथलेश साहू 94.5,कक्षा द्वितीय से खुशी साहू प्रथम 98,श्रीष्ठी पाल द्वितीय 94 व तृतीय मोक्षता साहू 91.5,कक्षा चतुर्थ से जागृति साहू प्रथम 98,योगेश यादव द्वितीय 95. 5 देवराज पाल द्वितीय 95.5व तृतीय दिव्यांशु चौहान, मयंक टंडन 94,कक्षा पंचम से पूजा निषाद प्रथम 98जानवी केवट द्वितीय 97 व तृतीय कुणाल कन्नौजे 96, कक्षा षष्ट से रितेश टंडन प्रथम 97,प्रेम प्रजापति द्वितीय 95.83 व तृतीय लीना साहू 94 कक्षा सप्तम से नेहा साहू प्रथम 97.33 रितु निषाद द्वितीय 94.66 व तृतीय तुषार जलक्षत्रि 92.66,कक्षा अष्टम से गोपाल केवट प्रथम 88.83,झरना यादव द्वितीय 87.18 तृतीय स्थान,धनराज धीवर, पूनम देवांगन, कक्षा नवम से नूपुर कन्नौजे 90.5 प्रथम द्वितीय घटा कन्नौजे शैलेशराज परमार 90.3 तृतीय स्थान धनेश्वरी निषाद 87.3 प्रतिशत अंक अर्जित किए। संदीप जैन अध्यक्ष नगर पालिका आरंग ने कहा की शिक्षा के साथ संस्कार आवश्यक है जो केवल शिशु मंदिर की शिक्षा से मिलता है द्य अगर संस्कार न हो तो व्यक्ति सही गलत की पहचान नहीं कर सकता। उन्होंने सभी भैया बहनों को सफलता के लिए बधाई दिया और आगे बढ़ते रहने के लिए पढ़ाई को आवश्यक बताया। डॉ हेडगेवार बाल कल्याण समिति के कोषाध्यक्ष गणेशराम साहू ने सभी परीक्षा परिणाम में सफल भैया बहनो को बधाई देते हुये कहा की जीवन में संस्कार अति आवश्यक है। बहुत पढ़ा लिखा हो लेकिन संस्कार न हो तो वे राह भटक जाते है इशलिये जिस स्कूल में संस्कार दिया जाता है वहाँ अपने बच्चों को पढ़ाए। सरस्वती शिशु मंदिर में शिक्षा के साथ संस्कार दिया जाता है इसलिये यहाँ के बच्चे शिक्षित के साथ संस्कारी होते है द्य प्राचार्य श्रीमती नितेश्वरी लोधी ने सभी सफल हुये भैया बहनो को बधाई देकर आये हुये अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का मंच संचालन आचार्य संतोष शंख ने किया।



# नपा में सामान्य सभा की पहली बैठक



### वार्ड नं 3 स्थित सांस्कृतिक भवन का नामकरण स्व. बलदेव प्रसाद लोधी के नाम पर करने बनी सहमति

**आरंग,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। नगरीय निकाय चुनाव के बाद आरंग नगर पालिका के सामान्य सभा की प्रथम बैठक नगर पालिका अध्यक्ष डॉ संदीप जैन की अध्यक्षता व मुख्य नगर पालिका अधिकारी शीतल चंद्रवंशी की मौजूदगी में संपन्न हुआ। जिसमें नगर पालिका उपाध्यक्ष सहित सभी पार्षद उपस्थित रहे ।इस बैठक में वार्ड नं 03 स्थित सांस्कृतिक भवन को स्व बलदेव प्रसाद लोधी के नाम पर करने हेतु लोधी समाज द्वारा किए गए मांग का सभी पार्षदों ने समर्थन किया। इसके अलावा अकोली रोड स्टेशन के पास अंडर ओवर ब्रिज निर्माण , विधायक कार्यालय एवं पुलिस थाना के मध्य सरकारी जमीन में व्यावसायिक दुकान , पेजयल व्यवस्था , बस स्टैंड निर्माण का जगह परिवर्तन कर बैहार गौठान में बनाने का फैसला ,गौरवपथ का नाम राजीव गांधी गौरव पथ से बदल कर अटल गौरव पथ रखने का फैसला सहित 31 जनहित मुद्दों में पर चर्चा कर निर्णय लिया गया।

# पहलगाम आतंकी हमले के शहीदों की याद में जनपद उपाध्यक्ष के जन्मदिन पर निकला कैंडल मार्च

**पिथौरा,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए देशवासियों को श्रद्धांजलि देने के लिए नगर में निकला कैंडल मार्च बसना विधायक सम्पत अग्रवाल की उपस्थिति में क्षेत्रभर से शामिल सैकड़ो लोगो ने दी श्रद्धांजलि। यह पैदल मार्च देर शाम स्थानीय होटल राधिका बाग़बहरा रोड से शुरू हुआ , जिसमें क्षेत्र भर से लोग शामिल होकर नम आंखों से वीरगति प्राप्त हुए शहीदों को श्रद्धांजलि दी, जिससे इस आयोजन का भावनात्मक महत्व और भी बढ़ गया।



**विधायक के संबोधन ने पाकिस्तान के लिए आक्रोश व्यक्त किया**

सभा में स्थानीय विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने आतंकियों की बर्बरता पर गुस्सा जाहिर किया। उन्होंने कहा, च्चपहलगाम में कोई शादी का जश्न मना रहा था, कोई जन्मदिन, तो कोई अपनी सालगिरह। ऐसे खुशी के मौके पर आतंकियों ने बेकसूर लोगों को मौत के घाट उतार दिया। मरने से पहले आतंकियों ने वहां मौजूद लोगों से कलमा पढ़ने को कहा, जो नहीं पढ़ा उसे मार दिया ।ज्ज उन्होंने आगे बताया कि बंदूक की गोलियों से पाकिस्तान की संलिप्तता का प्रमाण मिला है। डॉ. अग्रवाल ने दावा किया, च्चप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तैयारी पूरी कर ली है। हिंदुस्तानी सेना जल्द ही पाकिस्तान में घुसकर इस घटना का बदला लेगी।

शहीद स्मारक समिति के ठाकुर अनंत सिंह वर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए इस अवसर पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा पहलगाम में हुआ आतंकवादी हमला शर्मनाक है जिसने सभी देशवासियों को झकझोर के रख दिया साथ ही कहाज्यह पहला अवसर है कि कोई जनप्रतिनिधि अपने जन्मदिन पर कुछ दिन पहले हुए आतंकी हमले को याद कर जन्मदिन नहीं मनाने का निर्णय लिया। ब्रह्मानंद पटेल ने अपने शुभचिंतकों के साथ कैंडल मार्च निकालकर शहीदों के सम्मान में श्रद्धांजलि अर्पित की ।ज्ज इस भावुक संबोधन ने उपस्थित लोगों के बीच एकता और संवेदना का संदेश दिया।

**कैंडल मार्च का भावनात्मक पहलू**

ब्रह्मानंद पटेल द्वारा आयोजित इस कैंडल मार्च में शामिल लोग हाथों में मोमबत्तियाँ लेकर चुपचाप मार्च करते रहे। उनकी नम आंखें और मौन श्रद्धांजलि इस बात का प्रमाण थीं कि यह घटना केवल एक समाचार नहीं, बल्कि हर भारतीय के दिल को छूने वाली त्रासदी है। मार्च के अंत में शहीदों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई जारी रखने का संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष नीलकंठ साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष सहर नरेश सिंघल जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि पुरर्षोत्तम घृतलहरे सहित पार्टी पदाधिकारी उपस्थित थे ।

# एक देश, एक चुनाव समय की मांग : विधायक



**आरंग,** 30 अप्रैल। भारतीय जनता पार्टी मंडल मंदिरहसौद द्वारा च्चएक देश, एक चुनावज्ज विषय पर आयोजित संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित छत्तीसगढ़ शासन में केबिनेट मंत्री दर्जा, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि च्चएक साथ चुनाव न केवल संसाधनों की बचत करेगा बल्कि देश को स्थिरता व विकास की नई दिशा देगा ।ज्ज विधायक गुरु साहेब ने कहा कि बार-बार होने वाले चुनावों से देश की ऊर्जा, समय और संसाधनों की अत्यधिक खपत होती है। इससे प्रशासनिक व्यवस्था भी प्रभावित होती है और विकास की गति धीमी पड़ जाती है। च्चएक देश, एक चुनावज्ज प्रणाली को अपनाकर हम इन बाधाओं से मुक्ति पा सकते हैं और लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बना सकते हैं।उन्होंने कहा कि च्चप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में यह ऐतिहासिक कदम देश को नई स्थिरता व नीति-निरंतरता प्रदान करेगा, जो आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है ।ज्ज

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता श्याम नारंग (जिलाध्यक्ष, भाजपा रायपुर ग्रामीण) ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में राम प्रताप सिंह, अशोक बजाज, ध्रुव कुमार मिर्धा, कुलेश्वर बैस, कृष्ण कुमार वर्मा, गोपाल वर्मा, टेश्वन बघेल,देवनाथ साहू, देवकुमार साहू सहित अनेक वरिष्ठ भाजपा नेता, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।कार्यक्रम में सभी ने च्चएक देश, एक चुनावज्ज के पक्ष में एकमत होकर समर्थन व्यक्त किया।

# नपं भखारा में अध्यक्ष व सभी पार्षदों के प्रयास से कई विकास कार्यों के सपने साकार



**भखारा,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर पंचायत में भखारा में अध्यक्ष ज्योति जैन एवं सभी पार्षदों के अथक प्रयास से एक माह में कई विकास कार्य कराकर सपने साकार कर रहे है। नगर पंचायत भखारा की वार्ड क्रमांक- 6 की पार्षद चांदनी चंद्र प्रकाश साहू ने बताया कि 8 मार्च से शपथ ग्रहण होने के बाद से लगातार नगर की छोटी- छोटी सुविधाएं पूर्ण करने हेतु ज्योति हरख जैन के साथ सभी प्रतिनिधि निरंतर सभी वार्डो में घूम-घूम कर नालियों की साफ सफाई,पेयजल एवं बिजली की सुविधा में विशेष ध्यान दिया जा है ।नगर पंचायत भखारा में एक माह के अंदर वार्ड क्रमांक- 2 की तालाब सफाई,वार्ड क्रमांक - 12 की पानी टंकी निर्माण कार्य,अटल चौक का निर्माण कार्य,हमर भखारा-भठेली जिम्मेदारी लाइट,वार्ड क्रमांक - 4 में पानी टंकी निर्माण कार्य,वार्ड क्रमांक - 14 में पानी टंकी निर्माण कार्य सहित पूरे नगर की सभी हैंडपम्प की मरम्मत एवं नहर नाली से पानी भराई का भी कार्य किया जा रहा है इस प्रकार से नगर में लगातार विकास की नदियां बहती रहेगी।

## ग्राम छपोरा में अक्ति पर्व



**तिल्दा नेवरा।** ग्राम छपोरा में अक्ति पर्व मनाया गया। बच्चों के द्वारा जिसमें एक पक्ष के द्वारा गाजे बाजे के साथ बारात निकालकर लड़की पक्ष के घर पहुंचा जिसमें विवाह के पूरे रश्म को पूरा किया गया व रीति-रिवाज के साथ स्वल्पाहार की व्यवस्था लड़की पक्ष द्वारा किया गया।

# अक्ति पर्व का रहा धूम



**जी जामगांव,** 30 (देशबन्धु)। अक्ति पर्व का रहा धूम, आज हर गली मोहल्ले में बच्चों बड़ों ने बड़े धूमधाम से अक्ति पर्व मनाया। सर्वप्रथम ग्रामीणों ने माता शीतला के दरबार मे अपने अपने घर से धान को दोना में ले जाकर अर्पण किया तत्पचात बैगा के द्वारा पूजा अर्चना करके थोड़ा धान माता को समर्पित कर बाकी को वापस ग्रामीणों को दिया जाकर माता से अच्छी फसल की आशीर्वाद मांगा एवम प्रसाद वितरण किया गया ।एक बुजुर्ग ने बताया कि धरती माता को जननी मानते हुए फसल के दाने को आज से ही बीजारोपण किया जाता है,जिसे बच्चों ने पुतरी-पुतरा के रूप में बाजे गाजे के साथ विवाह करते हुए दिखे,चारोओर नाचा गाना होता रहा,बड़ो ने भी खूब आनंद उठाया साथ ही मंडप में दूल्हा दुल्हन का जोड़ा बेहद खुबशुरत नजर आए दिलीप ठाकुर, आकांक्षा, मीनाक्षी, तुलिका, देवेंद्र, घुरूवा, गेंद्रराम, तोमन, गणेश्वरी, नरसिंग, कीर्ति, परमिला, यमुना, पुरुषोत्तम, पल्लवी, पिंटू, गायत्री, आस्था, अवनी आदि इस पर्व में शामिल हुए।

# किरवई फोकटपारा स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित



**राजिम,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम किरवई शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला फोकटपारा का परीक्षा परिणाम 29 अप्मरैल मंलवार को जारी कर दिया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के शाला विकास समिति के अध्यक्ष भोला राम साहू एवं प्रधान पाठक गैंद राम साहू शिक्षक दिनेश्वर साहू के द्वारा किया गया। प्रधान पाठक गैंद राम साहू ने परीक्षा परिणाम प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि इस सत्र 2024-25 जिसमें सभी छात्र- छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा 6 वीं में जागृति प्रथम, हिमांशु द्वितीय, करुणा तृतीय स्थान प्राप्त किया इसी प्रकार कक्षा 7 वीं में देवेन्द्र कुमार प्रथम, योगिता द्वितीय, मोनिका तृतीय स्थान प्राप्त किया । परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद बच्चों प्रगति पत्रक प्रदाय किया गया। इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष भोला राम साहू पंचायत प्रतिनिधि छन्नू साहू ढेलिया बाई दीपक राजपूत यादराम साहू आदि उपस्थित रहे।

# ब्राह्मण समाज द्वारा मनाई गई भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

**आज नेत्र परीक्षण शिविर और 3 को विशाल शोभायात्रा का होगा आयोजन**

**आरंग,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। ब्राह्मण समाज आरंग द्वारा भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव अत्यंत श्रद्धा और भव्यता के साथ ब्राह्मण पारा, आरंग में संपन्न हुआ। आयोजन में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित हुए और भक्ति भाव से भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान परशुराम जी के अभिषेक से हुआ, जिसमें पंचामृत और शुद्ध जल से विधिवत पूजा की गई। समाज के बुजुर्गों, युवाओं और महिलाओं ने सामूहिक रूप से भाग लेकर उत्सव को गौरवशाली बनाया ।इसके पश्चात महिलाओं द्वारा भक्ति रस में डूबे भजनों की प्रस्तुति दी गई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। भजनों के माध्यम से भगवान परशुराम के जीवन, शक्ति, त्याग और धर्म-स्थापना के आदर्शों को प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान समाज के वक्ताओं ने भगवान परशुराम जी के जीवन से प्रेरणा लेने, एकता बनाए रखने और युवाओं को धर्म एवं समाजहित में योगदान देने की बात कही। ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष प्रद्युम्न शर्मा ने बताया कि भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव के अवसर पर 01 मई को ब्राह्मण समाज भवन में विशाल नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा ।वही 03 मई को भव्य शोभायात्रा और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा ।इसमें रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब,नगर पालिका अध्यक्ष डॉ संदीप जैन सहित समाज एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।



## प्रादेशिकी का शेष...

### महिला आयोग की सदस्य दीपिका...

में अपनी शिकायत दर्ज करवाएं व कम समय में उचित न्याय प्राप्त करें। निरीक्षण के दौरान भाजयुमो जिलाध्यक्ष जशराज बाला चंद्राकर,जिला महामंत्री अमन वर्मा,जिला मंत्री दुर्गा शंकर दुबे,मण्डल अध्यक्ष नंदू जलक्षत्री, महामंत्री हीरा साहू,उपाध्यक्ष आकाश पांडे,कोषाध्यक्ष अभिषेक पांडे व जिला कार्यक्रम अधिकारी समीर पांडे एवं समस्त कर्मचारी अधिकारी व जिला अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष नरेंद्र सिन्हा व सदस्य राजेश दीवान उपस्थित रहे।

### आत्मानंद स्कूल पहुंच मार्ग निर्माण...

में प्रदेश का हर एक क्षेत्र में विकास हो रहा है। शहर से लेकर गांव तक विकास कार्यों की सौगात मिल रही है, जिससे जनता में सरकार के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि इस मार्ग से सैकड़ों बच्चे प्रतिदिन स्कूल आना जाना करते हैं। स्थिति को देखते हुए यहां सड़क निर्माण अति आवश्यक हो गई थी। अब सड़क निर्माण के बाद बच्चों को आवागमन में परेशानी नहीं होगी। साथ ही ग्रामीणों को भी इससे राहत मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि बच्चें ही देश का भविष्य हैं उन्हें शिक्षा अर्जन करने में किसी भी प्रकार की कोई समस्या न आए यह सुनिश्चित करना ही हमारा कर्तव्य है।

# एक राष्ट्र एक चुनाव देश की जरूरत : अलका चंद्राकर



**बागबाहरा,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। वन नेशन वन इलेक्शन की अवधारणा समर्थन में बागबाहरा के झलप चौक में व्यापारी बंधुओ के बीच जाकर संवाद करते हुए हस्ताक्षर अभियान चलाए गया इस अवसर पर अलका चंद्राकर ने कहा कि आज एक राष्ट एक चुनाव देश की आवश्यकता है जिससे भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को अधिक प्रभावी पारदर्शी आर्थिक रुप से मजबूत बनाना है बार-बार चुनाव कराने से खर्च संसाधनों की बर्बादी होती है बार-बार आचार संहिता लगने से विकास कार्य रुक जाते हैं चुनाव आयोग राजनीतिक दलों के खर्चों में कमी आएगी गत 2019 की लोकसभा चुनाव में 60000 हजार करोड़ ऊपर खर्चे हुए थे जबकि 2024 के लोकसभा चुनाव में 135,000 लाख करोड़ रु खर्चे हुए जन जागरण समर्थन हेतु बागबाहरा में अभियान चलाए गया इस अवसर पर डिंपल ध्रुव हेमंत तिवारी भोजनाथ देवांगन जानवी साहू गिरीश चक्रधारी हीरा साहू योगेश चिंदा मोगेश चंद्राकर सविता दीवान धनराज साहू अशोक दीप नितेश पांडे अतुल गडेचा मनिंदर सलूजा, नरेश चंद्राकर डिंपल ध्रुव हेमंत तिवारी जाह्नवी साहू मोगेश चंद्राकर गिरीश चक्रधारी हीरा साहू धनराज साहू सविता दीवान अशोक दीप योगेश चिंदा नितेश पांडे अतुल गडेचा आदि उपस्थित थे।

# अक्ति अक्षय तृतीया का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया

**सिमगा,** 30 अप्रैल। अक्ति का पर्व मुख्य रूप से गुड्डे गुड़ियों का विवाह रचाने की प्राचीन परपंरा है । जंहा विवाह की सभी रश्में निभाई जाती है । बच्चों के साथ साथ घर के बड़े भी बच्चों के इस गुड्डे गुड़ियों के विवाह में सम्मिलित होते हैं और उनका उत्साह वर्धन करते हैं। बच्चों के द्वारा संध्या समय घर के आगंन में चौक पुरकर आम के पत्तो से सुदंर मडंप सजाकर गुड्डे गुड़िया को पाटे पर बिठाकर विवाह की परपंरा निभाई गई। बकायदा बाजा गाजा के साथ बारात निकाली गई । पश्चात जयमाला कार्यक्रम भी हुआ। जंहा घर के बड़ों ने टिकावन के रूप में विभिन्न प्रकार के उपहार भी दिये । गुड्डे गुड़ियों के विवाह कार्यक्रम हेतु घरों में कई प्रकार के व्यंजन भी तैयार किए गए थे । अक्षय तृतीया दिन बड़ा ही शुभ होता है अक्षय तृतीया पर किया गया दान धर्म हमेशा अक्षय रहता है। कहते कि आज के दिन विवाह हेतु मुहूर्त नहीं देखा जाता है। लोग आज के दिन ही नये कार्य का शुभारंभ करतें जो शुभ माना जाता है। महिलाओं के द्वारा नये मटके की पूजा करने का भी रिवाज है। आज से मटके का पानी पीया जाता है। अक्षय तृतीया को ही भगवान परशुराम का अवतरण हुआ था।



# अक्षय तृतीया पर गुड्डा-गुड़ियों के विवाह की रस्म निभाने बच्चों में दिख रहा उत्साह



**आरंग,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। आरंग सहित ग्रामीण अंचल में बुधवार को अक्षय तृतीया (अक्ति) पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। बच्चों ने गुडडे व गुडियों की शादी रचाकर अच्छी फसल के लिए अन्नपूर्णा से आशीर्वाद मांगा। इसके लिए आम पत्तों का मंडप सजाया गया। अन्य वर्षो की तुलना में इस साल यह पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। आरंग सहित अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में गुड्डे-गुडियों के बहाने शादी की रस्म अदायगी की गई। तेल-हल्दी चढ़ाकर, मुकुट बांधकर गुड्डा-गुड्डी को मंडप में बिठाया गया। लोक गीत गाए गए, घराती-बाराती की रस्म पड़ोसियों ने निभाई, बुजुर्गों ने बच्चों को आशीर्वाद दिए। इधर गांवों में किसानों ने देवी अन्नपूर्णा की पूजा-अर्चना की। सुबह किसानों ने परसा पेड़ के पत्ते का दोना बनाकर धान को अन्नपूर्णा को अर्पित किया साथ ही बारिश एवं फसल की अच्छी पैदावारी की कामना की। अब होगी शुभ कार्यों की हुई शुरुआत: अक्षय तृतीया को शादी के लिए शुभ मुहूर्त माना जाता है ।मान्यता है कि इस दिन किसी भी काम की शुरुआत की जा सकती है। कोई मुहूर्त, तिथि, पंचांग, दिनवार की जरूरत नहीं होती। इस दिन के सभी कामों का फल अक्षय होता है। ग्रामीण क्षेत्रों में खूब शादियां हुई। इस दौरान ग्रामीणों ने अपना कामकाज बंद कर त्योहार मनाया।

# सशिमं नवापारा सिर्फ विद्यालय नहीं, तीर्थ धाम हैं, मेरा सौभाग्य हैं यहां सेवा का अवसर मिला : पुष्पा साहू

## सशिमं नवापारा में विदाई एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**नवापारा राजिम,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)।सरस्वती शिशु मंदिर नवापारा में विद्यालय की सबसे वरिष्ठ आया दीदी पुष्पा साहू के अपने 34 वर्षों के कार्यकाल के बाद सेवामुक्त होने पर विदाई एवं सम्मान समारोह का कार्यकम आयोजित किया गया।विद्यालय के सचिव प्रफुल्ल दुबे, सहसचिव कोमल साहू, योगिता सिन्हा समाज सेवी,प्राचार्य गौरीशंकर निर्मलकर एवं पुष्पा साहू ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यकम का शुभारंभ किया।



इस अवसर पर प्रफुल्ल दुबे ने कहा कि रिटायरमेंट के बाद जीवन का एक नया सफर शुरू होता हैं। निश्चित ही यह बहुत भावुक पल होता हैं। जहां हम कार्यरत होते हैं उनसे विदा लेने में तकलीफहोती हैं। पुष्पा दीदी सहज -सरल स्वभाव की रही हैं। अपने कार्यकाल में एक भी शिकायत का मौका नहीं दी।

वरिष्ठ शिक्षक नरेश यादव ने कहा कि- पुष्पा दीदी का जीवन विद्यालय के लिए हमेशा समर्पित रहा बच्चों के प्रति उनमें ममता - वात्सल्य और प्रेम का भाव देखा गया। किसी एक स्थान पर लंबे समय तक सेवा देना आपकी त्याग- तपस्या, सद्व्यवहार, और ईमानदार होने का प्रमाण हैं।

### रिटायरमेंट के बाद जीवन का एक नया सफर शुरू होता हैं : प्रफुल्ल दुबे

वाल्मीकि धीवर ने कहा कि- पुष्पा दीदी हंसमुख- मिलनसार और अपने कर्म के प्रति सदैव सजग रही हैं। बच्चों से उन्हें बहुत लगाव रहा अपने जिम्मेदारी का बहुत ही निष्ठा से उन्होंने निर्वहन किया हैं।बच्चे उन्हें दादी कहकर बुलाते हैं।

अपने अनुभव सांझा करते हुए पुष्पा साहू ने कहा कि इस विद्यालय से मुझे हमेशा प्रेम और अपनेपन का भाव मिला, अपनो से बढ़कर सम्मान दिए।एक परिवारिक माहौल मिला पता ही नहीं चला समय कैसे निकला ?दुख- सुख हर परिस्थिति में पूरा विद्यालय परिवार साथ खड़े होते और हिम्मत देते। यह सिर्फविद्यालय नहीं तीर्थ के समान हैं, मै खुद को धन्य मानती हूं यहां सेवा का मुझे अवसर मिला। सहसचिव कोमल साहू एवं योगिता सिन्हा ने भी अपने विचार व्यक्त किए और शुभकामनाए दी। समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं अन्य कर्मचारियों एवं विद्यालय परिवार की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षिका सरोज कंसारी ने एवं आभार प्राचार्य गौरीशंकर निर्मलकर ने किया। पुष्पा दीदी को स-सम्मान,उनके घर तक समस्त आचार्य परिवार जाकर विदाई दिए, इस अवसर पर सभी की आंखे नम हो गई।इस अवसर पर कृष्ण कुमार, दीपक देवांगन, नरेंद्र साहू, नंद साहू, तामेश्वर साहू, वाल्मीकि धीवर, संजय सोनी, परमेश्वर सिन्हा, मंजू,ममता, नेहा सोनकर,देवकी साहू, लोमेश, चेतन साहू, खिलेश साहू, प्रतिभा यादव,हेमनाथ साहू, लव पटेल, जानकी बांसवार, जितेंद्र साहू आदि उपस्थित रहें।

# गौठान निर्माण कार्यों का निरीक्षण



**भाटापारा,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)।नगर पालिका भाटापारा क्षेत्र अंतर्गत संचालित गौठान निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्य की गुणवत्ता, निर्माण की गति और तकनीकी पहलुओं की गहन समीक्षा की गई। यह निर्माण कार्य ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन, जैविक खाद उत्पादन और आजीविका संवर्द्धन के उद्देश्य से किया जा रहा है, जो आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सार्थक पहल है।

गौठान योजना राज्य शासन की प्राथमिकता में शामिल है तथा इसके माध्यम से ग्रामीणों को आर्थिक रूप से सशक्त करने के साथ-साथ स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। निर्माण कार्य समय-सीमा के भीतर पूर्ण हो, इसके लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

निरीक्षण कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्री अश्वनी शर्मा जी की विशेष उपस्थिति रही। उनके मार्गदर्शन में गौठान निर्माण जैसे जनहितकारी कार्यों को गति मिल रही है। इस अवसर पर सभापति श्री मनीष मिश्रा जी, श्री संतीश तलरेजा जी, पार्षद श्री संतीश साहू जी, श्री नंदू वैष्णव जी तथा सब इंजीनियर श्री कमलेश साहू जी भी उपस्थित रहे।

# जन्मदिन पर अजय रोहरा ने दी धमतरी निगम अध्यक्ष जगदीश रोहरा को शुभकामनाएं

**गरियाबंद,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश महामंत्री और धमतरी नगर निगम अध्यक्ष जगदीश रामू रोहरा के जन्मदिन पर जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, भाजयुमो नेता अजय रोहरा और भाजपा आईटी सेल संयोजक सागर मयाणी ने धमतरी विश्राम गृह में उनसे मुलाकात कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी और उनके अच्छे स्वास्थ्य, लंबी उम्र और सफल कार्यकाल की कामना की। इस दौरान अजय रोहरा ने कहा, जगदीश रोहरा कुशल संगठनकर्ता हैं। समाज सेवा में भी उनका योगदान सराहनीय है। उनके नेतृत्व में भाजपा संगठन मजबूत हुआ है। धमतरी का विकास भी तेजी से हो रहा है। जगदीश रोहरा ने सभी का आभार जताया। कहा, वे जनहित और संगठन के लिए हमेशा समर्पित रहेंगे।



# टीबी मुक्त भारत अभियान में गरियाबंद जिला प्रदेश में पहले स्थान पर

**गरियाबंद,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान में गरियाबंद जिले ने उत्कृष्ट कार्य कर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया। मंगलवार को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल ने जिले के अधिकारियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया। उन्होंने कहा कि गरियाबंद में चलाए गए अभियान ने टीबी नियंत्रण में आशाजनक परिणाम दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों और स्वास्थ्य कर्मियों की मेहनत की प्रशंसा की। ज्ञात हो की कलेक्टर के निर्देश और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में टीबी मरीजों को अतिरिक्त पोषण आहार वितरण में जिले ने बेहतर काम किया है।

### स्वास्थ्य मंत्री ने प्रशस्ति प्रदान कर किया सम्मानित




सीएमएचओ डॉ गार्गी यदु ने बताया कि राज्य स्तरीय सम्मान समारोह रायपुर के अटल बिहारी वाजपेयी सभागार, मेडिकल कॉलेज में हुआ। इसमें स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया और मिशन संचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला ने गरियाबंद जिले को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मान मिलने पर कलेक्टर बी एस उइके ने स्वास्थ्य विभाग की टीम को बधाई दी। कार्यक्रम में प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. टी.सी. पात्रे, जिला क्षय अधिकारी डॉ. अमन हुमने, डीपीएम गनपत कुमार नायक, डॉ. योगेन्द्र रघुवंशी, डॉ. शंकर पटेल, डॉ. देवेन्द्र साहू, श्रीमती अन्नू विश्वकर्मा, भूपेश साहू, भारत सिंह ठाकुर, अमृत भोंसले, धीरज कुमार शर्मा, टीकेश साहू, शिव साहू, संतोष साहू, अशोक कंवर, रत्नेश साहू, ललित देवांगन सहित टीबी स्टाफ मौजूद रहा।


# ठाकुरदेव में परसपान के दोना में धान चढ़ाकर की पूजा अर्चना



**राजिम,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)।छत्तीसगढ़ के पहली तिहार अक्षय तृतीया ( अक्ती ) तिहार के पावन पर्व पर ठाकुर देव में परस पान के दोना बनाकर दोना में धान चढ़ा कर पूजा अर्चना किया गया जिसमें नगर में अच्छी फसल, एंव नगर सुख शांति खुसाहली की कामना करते हुए पूजा अर्चना किया गया जिसमें उपस्थित संरक्षक किसान सेवा समिति राजिम राघोबा महाड़िक, अध्यक्ष भागवत साहू, कोषाध्यक्ष राजेश धीवर, सचिव टिकेन्द्र बंजारे, सलाहकार पवन सोनी, पार्षद सुरेश पटेल, भोले साहू, पूर्ण यादव उपस्थित रहे।

# कक्षा पांचवीं में पुष्पांजलि साहू प्रथम

**फिंगेश्वर,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इस वर्ष कक्षा पांचवीं का केन्द्रीकृत बोर्ड परीक्षा आयोजित किया गया था। जिसमें शासकीय प्राथमिक शाला पतोरा संकुल परसदाकला विकासखण्ड फिंगेश्वर जिला गरियाबंद कक्षा पांचवीं में अध्यनरत सभी छात्र छात्राएं अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए हैं कुल 14 छात्र छात्राओं में नौ प्रथम श्रेणी एवं पांच छात्र द्वितीय श्रेणी प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की जिसमें कुमारी पुष्पांजलि साहू पिता चन्द्र प्रकाश साहू 81.5 प्रतिशत के साथ कक्षा में प्रथम स्थान , जानसन बघेल पिता सेन्दुरसाय बघेल 78.5 प्रतिशत लेकर द्वितीय स्थान एवं आदित्य कुमार पिता जितेन्द्र गिलहरे तृतीय स्थान प्राप्त किया।सभी उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को सूरज भारती सरपंच ग्राम पंचायत पतोरा एवं पंचगण,शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य गण, घनश्याम बघेल प्रधानपाठक शिक्षक थानू राम निषाद, परमेश्वर यादव नीरा नायक स्वीपर एवं समस्त ग्रामवासी सभी उत्तीर्ण छात्र छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



# दीपक राठौर और ड्राईवर की सड़क दुघर्टना में मौत, पत्नी भी घायल



**भाटापारा,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। स्थानीय शक्ति वार्ड निवासी दीपक राठौर की सड़क दुघर्टना में मौत हो गई जबकि उसके धर्मपत्नी घायल हो गई जिसका ईलाज जारी है। मिली जानकारी अनुसार शक्ति वार्ड निवासी मृतक दीपक राठौर पिता बौना राठौर उम्र 48 साल जो कि नगरपालिका में सफाई कर्मचारी था दो दिन पूर्व अपने रिश्तेदारों के यहां एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने सपरिवार मलाजखंड गये थे वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद दुर्ग के लिए फोर व्हीलर में आ रहे थे उसमें उसकी पत्नी मिनाक्षी राठौर दुर्गेश मानिकपुरी और रिश्तेदार सहित सात लोग बैठे थे वाहन तेज था बताया जाता है कि ड्राईवर नशे में था जैसे ही उनका वाहन धमधा से कूछ दूरी पर निकला ही था कि गाड़ी अनियंत्रित होकर पेड़ से जबरदस्त टकराई बताया गया कि दीपक राठौर और ड्राईवर की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि पत्नी मिनाक्षी अन्य लोग घायल हो गए घायलों को दुर्ग जिला अस्पताल में दाखिल किया गया जो कि सभी खतरे से बाहर है ईधर जैसे ही दीपक राठौर की मौत की खबर आई कि पूरा-पूरा मोहल्ला शोक में डूबे गये आज शाम चार बजे उनका अंतिम संस्कार के लिए रावणभाठा मैदान ले गए जिसमें बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधुओं सहित अनेक लोग उपस्थित थे गौरतलब हो कि दीपक राठौर नगरपालिका में सफाई कर्मचारी के अलावा वाल्मीकि समाज के वरिष्ठ सदस्य व अपने मुहल्ले में काफी लोकप्रिय थे ।

# अक्षय तृतीया पर सांसद रूपकुमारी चौधरी का सम्मान

**बागबाहरा,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। अक्षय तृतीया शुभ अवसर पर दीदी संसद रूपकुमारी चौधरी का सम्मान कर शुभकामनाएं दी। जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, ओमप्रकाश ध्रुव, भेखराम कैलाश बघेल सरपंच भीमखोज पंचायत, कीर्तनलाल साहू, इंदल बरिहा, चरण यादव उपस्थित थे।हमारा जीवन सचमुच फूल की मानिंद है. और जीवन को फूल की भांति बनाए रखने में हमारे विचारों की भूमिका अहम होती है. एक समुन्नत और विकसित समाज की कल्पना तभी संभव है, जब उस देश के नागरिक वैचारिक दृष्टि से समृद्ध और प्रगतिशील हों. अच्छे विचारों से अच्छे संसार का सृजन होता है. अच्छे विचार रचनात्मक भाव पैदा करते हैं. जहां सकारात्मक विचार हैं, वहां अपनेपन का भाव है, मैत्री का भाव है. आज राष्ट्र अगर सुन्दर, स्वस्थ और समृद्ध है, तो आपके उत्तम विचारों का ही परिणाम है.अक्षय तृतीया की हार्दिक शुभकामनाएं



# विभिन्न वार्डों में स्थित नालों का निरीक्षण

**भाटापारा,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर पालिका भाटापारा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न वार्डों में स्थित नालों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को त्वरित सफाई के निर्देश दिए गए। बरसात पूर्व यह कार्य अत्यंत आवश्यक है, ताकि जलभराव, गंदगी और बीमारियों की स्थिति से नागरिकों को राहत मिल सके तथा स्वच्छता व्यवस्था प्रभावी रूप से बनी रहे।

नगर पालिका परिषद द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी वार्डों में स्थित नालों की समयबद्ध सफाई हो और बरसात के मौसम में नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। यह कार्य स्वास्थ्य विभाग के सभापति सतीश तलरेजा के मार्गदर्शन में तथा स्वास्थ्य निरीक्षक आनंद राठौर की निगरानी में संपन्न किया जाएगा।



निरीक्षण कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि नागरिकों की सुविधा और स्वच्छता के लिए कोई कोताही न बरती जाए। नालों की सफाई के साथ-साथ कचरा निष्पादन की प्रक्रिया को भी सुचारु रूप से संचालित करने की बात कही गई।

इस अवसर पर सभापति मनीष मिश्रा, संतीश तलरेजा, पार्षद संतीश साहू, नंदू वैष्णव, कुंजराम कोशले, बंटी टंडन, सब इंजीनियर कमलेश साहू तथा स्वास्थ्य निरीक्षक आनंद राठौर उपस्थित रहे।


# कलेक्टर ने सुशासन संध्या चौपाल में स्वच्छता व जल संचयन हेतु दिलाई शपथ

**बलौदाबाजार,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)।जिले में सुशासन तिहार अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायतों में सुशासन संध्या चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सुशासन तिहार आयोजन व शासन की योजनाओं को कई माध्यमो से आमजन तक पहुंचाया जा रहा है।इसी कड़ी में कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंधोरा में आयोजित सुशासन संध्या चौपाल में शामिल हुए। अतिथियों द्वारा भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतरी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर सुशासन संध्या चौपाल का शुभारम्भ किया गया।इस अवसर पर कलेक्टर श्री सोनी ने उपस्थित जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीणों को स्वच्छता एवं जल संचायन हेतु शपथ दिलाई।



कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम चरण के तहत प्राप्त आवेदनों का निराकरण किय जा रहा है। सुशासन तिहार के तृतीय चरण में समाधान शिविर चयनित ग्राम पंचायत में आयोजित किये जायेंगे जिसमें आवेदनों के निराकरण की जानकारी देने के साथ ही योजनाओं से लाभान्वित भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत सिंधोरा से 116 आवेदन प्राप्त हुए है जिनका निराकरण किया जा रहा है। कलेक्टर ने ग्राम. पंचायत सिंधोरा को अतिक्रमण मुक्त पंचायत हेतु प्रस्ताव पारित करने पर सराहना करते हुए कहा कि सब की सहभागिता से पंचायत में विकास कार्य को आगे बढ़ाएं।शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने व स्वयं पहल करें। विकास कार्यो के लिए जमीन की आवश्यकता होती है। शासकीय भूमि नहीं होगी तो विकास कार्य भी अवरुद्ध हो जाएगा। उन्होंने गांव में साफ-सफाई, स्वच्छता तथा मोर गांव मोर पानी महाभियान अंतर्गत नलकूपो के पास सोखता गड्ढा निर्माण, जलाशयों की सफाई पर ध्यान देने कहा। इस अवसर पर एसडीएम दीपक निकुंज, जनपद सीईओ पी. एल. धुर्वे, सरपंच दयाल महेश्वर,पंच आस कुमार डहरिया, दुर्गा महेश्वर, तेज राम वर्मा, शम्भू सिंह सहित अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## बर्खास्त सहायक शिक्षकों को वापस सेवा लेने का फैसला सराहनीय



**राजिम,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ने राज्य में 2621 इ.म्क योग्यताधारी सहायक शिक्षकों को विज्ञान सहायक शिक्षक के पद पर समायोजन करने का फैसला राज्य सरकार ने कैबिनेट में लिया है, जो की काफी सराहनीय है। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के रायपुर संभाग के अध्यक्ष रामनारायण मिश्रा ने कहा कि सरकार ने बर्खास्त सहायक शिक्षकों को सेवा में वापस लेने का जो फैसला लिया है वह ऐतिहासिक वह सराहनीय है ,मिश्रा ने कहा कि उक्त निर्णय से जो बेरोजगार हो गए थे ,उन्हें उनका हक वापस मिल गया ।सरकार की उक्त निर्णय का स्वागत करते हुए उन्होंने छत्तीसगढ़ की सरकार को साधुवाद दिया है, तथा बर्खास्त सहायक शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दिए।

# अग्निवीर के लिए चयनित कुलदीप का सम्मान



**कुरुद,** 30 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय सेना अग्निवीर में चयनित होने पर नगर पंचायत भखारा भठेली के युवा कुलदीप पिता पोखराज साहू का सम्मान किया गया । वे फ्रीडम फिजिकल ट्रेनिंग एकेडमी भखारा में प्रशिक्षण ले रहे थे, उनके प्रशिक्षक समीर गौर ने बताया कि कुलदीप नगर पंचायत भखारा भठेली के प्रथम युवा हैं जो अग्निवीर में चयनित हुए हैं। इसके पूर्व भी वह प्रादेशिक सेना भर्ती और एसएससी जीडी की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए थे।कुलदीप भखारा अंचल के युवाओं के लिए आदर्श एवं प्रेरणा स्त्रोत हैं, अब वह ईएमई सिकंदराबाद में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।इस सम्मान समारोह में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष भरत नाहर, विनोद साहू , श्रीमती संतोषी निषाद और नगर के युवा और नागरिक उपस्थित हुए।